(सचित्र) ज्योतिष शिक्षा

द्वितीय (गणित) खण्ड

(प्रथम भाग)

बी० एल० ठाकुर

(सचित्र) ज्योतिष शिक्षा

द्वितीय (गणित) खण्ड

(प्रथम भाग)

लेखक

बी० एल० ठाकुर ज्योतिषाचार्य

सिंहसदन

नरसिंहपुर (म० प्र०)

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली : पटना : वाराणसी

© मोतीलाल बनारसीदास
चौक, वाराणसी
बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली—७
अशोकराजपथ, पटना (बिहार)

प्रथम संस्करण
१९७०
मूल्य २५·००

श्री सुन्दरलाल जैन, मोतीलाल बनारसीदास, चौक, वाराणसी, द्वारा प्रकाशित, तथा भारती मुद्रण एवं प्रकाशन बड़ी पियरी, वाराणसी द्वारा मुद्रित ।

ॐ

उद्देश्य

फलित ज्योतिष में कुंडली का फल कहने के निमित्त प्रथम आवश्यक है कि शुद्ध कुंडली बनाई जाय। क्योंकि कुंडली यदि शुद्ध हुई तो उस पर से बताया हुआ फल ठीक उतरेगा। इस कारण जन्म का शुद्ध फल जानने के लिये शुद्धता पूर्वक जन्म-पत्रिका बनाना जानना चाहिए। इस निमित्त इस गणित खंड में गणित द्वारा शुद्धता पूर्वक पूरी जन्म-पत्रिका बनाना बताया गया है और प्रत्येक गणित करने की रीति बता कर उसका उदाहरण देकर उसमें पूरी गणित क्रिया भी दी गई है जिससे विद्यार्थी को समझने में सरलता हो और अभ्यास बढ़ जाय।

कुंडली बनाने के लिये पहिले शुद्ध इष्टकाल की आवश्यकता है। आज कल जन्म समय घड़ी देख कर लिख लिया जाता है। परन्तु वह समय शुद्ध नहीं है। अक्षांश के अनुसार प्रत्येक स्थान का सूर्योदय का काल होता है। इसी प्रकार प्रत्येक स्थान का पृथक् २ स्थानिक समय होता है। परन्तु घड़ी का समय प्रत्येक देश के स्टेन्डर्ड टाइम (निर्धारित मध्यम समय) के अनुसार होता है। जैसे सम्पूर्ण भारत वर्ष में स्टेन्डर्ड टाइम ८२°–३०′ के अक्षांश का प्रचलित है। उसी के अनुसार अपना घड़ी का समय है। जब कलकत्ते में दिन के ८ बजेंगे तो बम्बई में भी उसी समय ८ बजेंगे। अर्थात् सम्पूर्ण भारत वर्ष में उसी समय अपनी घड़ी के अनुसार ८ बजेगा। परन्तु वास्तव में प्रत्येक स्थानों के स्थानिक समय में अंतर होता है। इस कारण घड़ी के समय को स्थानिक समय में परिवर्तन करना पड़ता है। घड़ी का समय २४ घंटे का माना जाता है परन्तु सूर्य की प्रत्येक दिन की गति घटती-बढ़ती रहती है। इससे घड़ी के समय से परिवर्तित मध्यम स्थानिक समय में भी काल-समीकरण करना पड़ता है अर्थात् बलान्तर का संस्कार करना पड़ता है, तब शुद्ध स्थानिक समय बनता है। उस शुद्ध स्थानिक समय से जन्म का इष्ट काल घड़ी पल में बनाया जाता है। क्योंकि घड़ी का समय घंटा मिनट में आधी रात के उपरांत आरंभ होता है और घड़ी पल सूर्योदय से आरंभ होता है। इस कारण घड़ी से प्राप्त शुद्ध स्थानिक समय को घड़ी पल में परिवर्तन करने से शुद्ध इष्टकाल बनता है।

स्थानिक सूर्योदय जानने के लिये चर निकालना पड़ता है, जिसके लिये सूर्य स्पष्ट में अयनांश मिला कर सायनसूर्य बनाया जाता है और इसके भुजांश निकाल कर गणित

द्वारा चर बनाया जाता है। सायन सूर्य के भुजांश से सूर्य की उत्तर या दक्षिण क्रांति और चर से अपने स्थान का सूर्योदय सूर्यास्त दिनमान आदि प्रगट होता है। किसी स्थान के पलभा या अक्षांश पर से चर खंडा निकाल कर दिनमान-सारिणी भी बनाई जाती है। ये सब बातें और उनका पूरा गणित उदाहरण देकर यहाँ समझाया गया है।

कुण्डली बनाने के लिये सबसे महत्त्व की बात लग्न है। गणित द्वारा लग्न निकालने के लिये अपने स्थान के अक्षांश से पलभा बनाकर उस पलभा पर से चरखंड बनाकर लंका के उदय काल (लंकोदय) में उसका संस्कार कर स्वोदय (अपने स्थान में लग्नों का उदय काल) निकालना पड़ता है और सायन सूर्य के भोग्य-भुक्तांश पर से गणित द्वारा स्वोदय के सहारे लग्न स्पष्ट करना पड़ता है।

उपरान्त इष्टकाल पर से पंचांग में दिये ग्रहों के आधार पर ग्रह स्पष्ट करना पड़ता है। और लंकोदय के सहारे दशम भाव साधन कर, सम्पूर्ण भाव स्पष्ट कर उनकी संधियों को भी स्पष्ट करना पड़ता है। तब ग्रह स्पष्ट भाव स्पष्ट पर से भाव (चलित) कुण्डली बन जाती है। इस सम्बन्ध की सम्पूर्ण बातें और गणित क्रिया उदाहरण देकर इसमें समझाई गई हैं।

ग्रह स्पष्ट करने के लिये गुणन फल चक्र इसमें दिया है जिसके सहारे गोमूत्रिका क्रम गणित द्वारा सरलता से ग्रह स्पष्ट हो जाता है। और भी ग्रह स्पष्ट करने के लिये बड़े परिश्रम से घड़ी पल में लेगार्थिकनिक टेवल (लाग्रतिमक सारिणी) बनाकर इसमें दिया है जिसके सहारे भी शीघ्रता से ग्रह स्पष्ट हो जाता है। लग्न स्पष्ट और दशम स्पष्ट करने के लिये सारिणियाँ भी बना दी हैं और भी इनके बनाने की गणित क्रिया उदाहरण सहित यहाँ दी है। पूरा गणित इस उद्देश्य से दिया है कि इसके सहारे बिना गुरु के कोई भी चलित कुंडली बना सके।

इसके अतिरिक्त विंशोपका बल निकालना, दृष्टि साधन करना और दृष्टि साधन करने को सारिणी, भिन्न-भिन्न प्रकार के होरा द्रेष्काण आदि वर्ग साधन करना और उनकी कुंडलियाँ बनाना, दशवर्ग पर से पारिजातक आदि संज्ञा जानना, अष्टकवर्ग साधन कर उनके भिन्न २ चक्र और कुण्डलियाँ बनाना, ग्रह और भाव के भिन्न २ बल साधन करना, इष्ट-कष्ट बल, उच्च बल, चेष्टाबल, उच्चरश्मि चेष्टा रश्मि साधन, इष्ट-कष्ट दृष्टि साधन, शुभ अशुभ पंक्ति और अनेक प्रकार के आवश्यक चक्र साधन करना इसमें दिया है। फिर भिन्न २ मत से आयुर्दाय साधन करने की रीतियाँ और उनके चक्र दिये हैं। मिश्रायु साधन करना, मिश्रायु की दशा अंतर्दशा साधन करना। विंशोत्तरी, अष्टोत्तरी योगिनी दशा की महादशा, अंतर्दशा, उपदशा, आदि साधन करना बताया है। अर्थात् जन्म पत्रिका बनाने के लिये ऐसा कोई विषय नहीं रह जाता जिसकी

आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी पंचांग से ग्रह साधन करना, नाक्षत्र काल निकालना और नाक्षत्र काल से लग्न और भाव निकालना आदि भी बताया है। इसमें सम्पूर्ण आवश्यक विषयों का समावेश हैं।

यदि पंचांग न मिले तो अहर्गण निकाल कर विना पचांग के ग्रह स्पष्ट करने की अनेक रोतियाँ और सुगमता के लिये उनकी अनेक सारिणियाँ भी दी हैं।

इनके अतिरिक्त इसमें काम पड़ने वाली गणित क्रिया को सम्पूर्ण रोतियाँ अर्थात् गौमूत्रिका क्रम गणित दशमलव का जोड़ घटाना गुणा भाग इत्यादि अनेक प्रकार के गणित करने की रीतियाँ भो इसमें पृथक् दी हैं, जिनको देखकर कोई भी व्यक्ति स्वयं सब गणित करना सीख कर जन्म पत्रिका का पूरा गणित इस ग्रन्थ में बताई रीति उदाहरण और गणित क्रिया देखकर, कर सकता है।

गणित विषय ऐसा है कि जिसमें अंकों की भरमार है। कहीं भो अंक को उतारने आदि में कहीं भूल हुई तो सारा गणित व्यर्थ हो जाता है। छापे में भी भूल हो जाती है इससे प्रार्थना है कि इसमें दी हुई रीति उदाहरण और गणित क्रिया को देखकर गणित की जाँच कर सकते हैं कि गणित में कहाँ भूल हो गई है। भूल होना मानवीय स्वभाव है। इस कारण गणित में कहीं भूल हो गई हो तो कृपा कर उसे सुधार कर सुचना दंगे जिससे भूल सुधार दी जायगी।

गणित विषय कठिन होने से लोगों का मन इसमें नहीं लगता और कुछ सीखने का प्रयत्न करते हैं तो उलझन में पड़ जाते हैं। बहुधा ज्योतिषी लोग जन्म पत्रिका का गणित करने में घबड़ा जाते हैं इस कारण जन्म पत्रिका का गणित करने में सूक्ष्म बातों का ध्यान नहीं रखते और स्थूल रूप से गणित कर पत्रिका में लिख देते हैं और गणित के झंझट से बचने के लिये अनेक चक्र बनाना छोड़ देते हैं।

अधिकतर ज्योतिष के ग्रन्थ संस्कृत में हैं जिनको अच्छी प्रकार समझने के लिये योग्य गुरु को आवश्यकता है। ज्योतिष के ग्रन्थों में जो गणित दिया है उन सबके पूरे उदाहरण न देने से नवीन विद्यार्थी को गणित समझने में बड़ी कठिनाई प्रतीत होती है राष्ट्र भाषा हिन्दी में तो ऐसे ग्रन्थों का अभाव बहुत खटकता है। इस कारण इसकी पूर्ति के लिये एवम् नवीन विद्यार्थियों को समझाने के उद्देश्य से ही बहुत सरल भाषा में, राष्ट्र भाषा हिन्दी में यह ग्रन्थ लिखा गया है। इसमें सुगम रोति से उदाहरण दे २ कर पूरी जन्म-पत्रिका का गणित करना समझाया है। और जहाँ आवश्यक हुआ है गणित की सुगमता के लिये सारिणियाँ चक्र आदि भी दे दिये गये हैं। इसमें गणित क्रिया का उदाहरण देते समय पूरी गणित क्रिया भी दे दी गई है जिसके कारण यह

२३ भाव षड्बल	४६१
२४ उच्चरश्मि, चेष्टारश्मि, और इष्ट काल साधन	४७१
२५ ग्रह के सप्तवर्ग के अनुसार शुभ अशुभ साधन	५१५
२६ आयुर्दाय	६००
२७ आयुत्रिक [पिंडायु, निसर्गायु और जीवायु] साधन	६६१
२८ अष्टक वर्ग द्वारा आयु साधन	७०४
२९ मिश्रायु विचार	७४३
३० मिश्रायु दशा साधन	७६०
३१ दशा साधन	८१३
३२ अष्टोत्तरीदशा साधन	८४३
३३ योगिनी दशा साधन	८७१

ॐ

श्रीगणेशाय नमः

ज्योतिष-शिक्षा

(द्वितीय गणित-खंड)

मंगलाचरण

विमल बुद्धि वर रूप जो, धरूं विनायक ध्यान ॥
वाचा शक्ती शारदा, होहु सहायक ध्यान ॥ १ ॥
सकल सृष्टि सिरजन करे, सब का पालन हार ॥
सौर जगत से विश्व बहु, जाके रोम अपार ॥ २ ॥
ध्याऊं उन्हीं महेश को, जो व्यापक विश्वेश ॥
करुणामय किरपा करहु, काटहु कलिमल क्लेश ॥ ३ ॥
बुद्धि तीव्र विशाल दो, शक्ति सुमति हो व्याप्त ॥
दो बर ऐसा प्रभू हो, पुस्तक शीघ्र समाप्त ॥ ४ ॥

अध्याय १

समय Time (टाइम)

ज्योतिष शास्त्र के विद्यार्थी को सबसे प्रथम समय के विषय में अच्छी प्रकार से समझ लेना चाहिए। क्योंकि इष्ट काल समय से ही बनता है। यदि इष्ट काल शुद्ध नहीं होगा तो कुंडली भी शुद्ध नहीं बनेगी।

समय कई प्रकार का होता है। जैसे :—

(१) स्टेन्डर्ड टाइम Standard time
(२) स्थानिक समय Local time
(३) प्रत्यक्ष समय Apparent time
(४) मध्यम समय Mean time
(५) ग्रीनविच समय Greenwich time आदि।

स्टेन्डर्ड समय Standard time

रेलवे पोस्ट आफिस आदि में जो आजकल समय प्रचलित है इसी समय के

अनुसार अपनी घड़ियां मिली रहती हैं। यहीं स्टेन्डर्ड समय है। सम्पूर्ण भारत वर्ष के लिये एक सा समय इससे प्रगट होता है।

सूर्य के अनुसार प्रत्येक स्थान का समय इससे पृथक्-पृथक् होता है, क्योंकि स्थानान्तर के अनुसार सूर्य के उदय अस्त में अंतर पड़ता है। इस प्रकार प्रत्येक स्थान का पृथक्-पृथक् समय भिन्न-भिन्न स्थानों में यदि कारबार में चालू रहे तो उसके-उसके समझने में बड़ी गड़बड़ी हो सकती है। इस कारण प्रत्येक देशों का पृथक्-पृथक् स्टेन्डर्ड टाइम नियुक्त कर दिया गया है। जैसे पूरे भारतवर्ष के लिये एक ही समय होगा। वरमा का पृथक् स्टेन्डर्ड टाइम है। इस प्रकार प्रत्येक देश का पृथक्-पृथक् स्टेन्डर्ड टाइम रहता है।

स्टेन्डर्ड टाइम से प्रत्येक स्थान का स्थानिक समय Local time निकाला जा सकता है।

प्रत्येक स्थान के पूर्व या पश्चिम दूरी के अनुसार समय में अन्तर पड़ता है। जव ग्रीनविच (इङ्गलेंड) में दोपहर के १२ वजते हैं तो अदन में शाम के ३ बज के ४ मिनट और बम्वई में संध्या के ५ बजकर ५१ मिनट, कलकत्ते में संध्या के ५–३३, सिंगापुर में संध्या के ६–५५, माल्टा में रात के १२–५८ वजते हैं।

इसी प्रकार भारतवर्ष में भी एक स्थान के मध्याह्न काल (दोपहर) से दूसरे स्थान के मध्याह्न काल में पूर्व पश्चिम दूरी के अनुसार अन्तर पड़ जाता है। जव कलकत्ता में १२ बजता है तो बम्वई में १०–५७ ही बजता है। पूना में १०–५३ वजता है। इस प्रकार भिन्न-भिन्न स्थानों का भिन्न-भिन्न स्थानिक समय होता है। इससे बड़ी उलझन पैदा हो सकती है। इसी गड़बड़ी के मिटाने के लिये सम्पूर्ण भारत वर्ष भर का एक स्टेन्डर्ड (मध्यम) समय निर्धारित किया गया है।

यह समय ग्रीनविच के समय से घंटा-मिनट ५–३० आगे समझा जाता है अर्थात् जव ग्रीनविच की घड़ी में दोपहर के १२ बजते हैं तो भारतवर्ष में उस समय संध्या के ५–३० बजते हैं। यह समय रेखांश Longitude के अनुसार बदलता है। भारतवर्ष का स्टेन्डर्ड टाइम ८२॥ रेखांश (देशान्तर) का निर्धारित हुआ है। किसी विशेष स्थान का यह टाइम नहीं है। ८२॥ रेखांश में जितने स्थान पड़ते हैं उन सब का यह स्थानिक समझना चाहिए। इसी के अनुसार भारतवर्ष भर की घड़ियां मिलाई जाती हैं। जव ८२॥ रेखांश के देशों में १२ बजते हैं तो सम्पूर्ण भारतवर्ष की घड़ियों में उस समय १२ बजते हैं। इसके कारण व्यावहारिक रीति से कारबार करने में सुविधा हो गई है कि एक घड़ी में १२ बजेगा तो सारे भारतवर्ष में १२ बजेगा।

तारीख १–७–१९०५ ईस्वी से यह स्टेन्डर्ड टाइम की व्यवस्था यहां की गई है। इसके पहिले ऐसा नहीं होता था, प्रत्येक स्थानों में पृथक्-पृथक् समय प्रचलित था।

जिस प्रकार भारतवर्ष का स्टेन्डर्ड समय निर्धारित हुआ है उसी प्रकार प्रत्येक देश का पृथक्-पृथक् स्टेन्डर्ड टाइम निर्धारित कर दिया गया है और ग्रीनविच टाइम को मध्य मान कर उसके हिसाव से यह टाइम निर्धारित हुआ है। वरमा का स्टेन्डर्ड टाइम ६–३० है, अर्थात् भारतवर्ष के टाइम से एक घंटा बढ़ा हुआ है। दूसरी लड़ाई के समय वरमा में लड़ाई होने के कारण वरमा का स्टेन्डर्ड टाइम सारे भारतवर्ष में प्रचलित कर दिया गया था। अर्थात् पुराने स्टेन्डर्ड टाइम में एक घंटा और आगे बढ़ा दिया गया था जो तारीख एक सितम्बर १९४२ से १५ अक्टूबर १९४५ के २ बजे प्रातः तक प्रचलित रहा था।

प्रत्येक देश का पृथक्-पृथक् स्टेन्डर्ड टाइम आगे वताया है।

भिन्न २ देशों का स्टेन्डर्ड टाइम

ग्रीनविच में जब १२ बजे दोपहर होगा तब नीचे लिखे स्थानों में स्टेन्डर्ड समय इस प्रकार होगा। ± = + या – (ऋण)।

देश	स्टेन्डर्ड टाइम घं० मि० ± दिशा
१. भारत वर्ष	५–३० + पूर्व
२. वरमा	६–३० + ,,
३. न्यूजीलेंड	११–३० + ,,
४. विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स, क्वीन्स लेंड, टासमानिया	१०–० + ,,
५. दक्षिण अस्ट्रेलिया	९–३० + ,,
६. जापान, कोरिया	९–० + ,,
७. पश्चिमी अस्ट्रेलिया, हांग कांग, फिलीपाइन द्वीप, ब्रिटिश उत्तरी बोरनियो लबुअन, मकाओ, पोर्तगीज टिमोर, चाइना कोस्ट, सेबेरिया ९७°-३०′ से ११२°-३०′ पूर्व तक	८–० + ,,
८. स्टेट सेटलमेन्ट	७–० + ,,
९. मारीशस, सेचेलीज	४–० + ,,
१०. इटालियन सोमालीलेंड	३–० + ,,
११. (पूर्व यूरोप) बलगेरिया, रोमानिया, टर्की, ग्रीस, दक्षिण आफ्रिका, इजिप्ट, पोर्तगीज-पूर्वी आफ्रिका, फिनलेंड, पेलिस्टाइन, सीरिया	२–० + ,,
१२. जर्मनी, लैकजेमबर्ग, अस्ट्रिया-हंगरी, डेनमार्क, स्वीडन, नार्वे, स्वीटजरलेंड, इटली, बोसोनिया सर्विया, माल्टा, पोर्तगीज पश्चिमी-आफ्रिका, पोलेन्ड, अलबानिया, जेकोस्लेविया	१–० + ,,
१३. अलजीरिया	
ग्रीनविच ग्रेट ब्रिटेन, आयर–लेंड, फ्रांस, बेल्जियम, स्पेन, पोर्तगाल, जिब्राल्टर, अलजीरिया, फरोई द्वीप	०–०००

देश	स्टेन्डर्डटाइम घं० मि० + दिशा
१. आइसलेंड मडेरिया पोर्तगीज गिनी सियेरा लियोने	१-०-पश्चिम
२. अजोर्स केपवेरडे द्वीप	२-०- ,,
३. ब्रेजिल का पूर्वी भाग	३-०- ,,
४. ब्रिटिश गिनी	३-४५- ,,
५. (अटलांटिक) कनाडा का मारीटाइम प्रांत लीवार्ड द्वीप ब्रेजिल का मध्य भाग	४-०- ,,
६. जमैका पश्चिमी लेबडोर क्यूबेव, ओनटेरियो से ८२° ३०′ पश्चिम तक न्यू ब्रुन्सविक अमेरिका का पूर्वी भाग पनामा पेरू, चाइल,ब्रेजिल का पश्चिमी भाग और अमेरिका	५-०-,,

देश	स्टेन्डर्ड टाइम घं० मि० + दिशा
७. कनाड़ा का मध्य भाग ८८° से १०३° तक	६-०- ,,
८. कनाड़ा और अमेरिका का पर्वतीय भाग	७-०- ,,
९. (पासफिक) ब्रिटिश कोलम्बिया, अमेरिका का पासफिक कीग, ओर का भा कालीफोर्निया वाशिंगटन	८-०-पश्चिम
१०. यूकोन, अलास्का	९-०—,,
११. सेन्डविच द्वीप	१०-३०—,,
१२. समाओ	११-३०—,,

ग्रीनविच से पूर्व में + (धन) अर्थात् ऊपर बताया समय जोड़ना और पश्चिम में – (ऋण) समय है अर्थात् वह समय ग्रीनविच समय में घटाना तो उन स्थानों का ग्रीनविच के अनुसार ठीक समय निकल आयगा। जैसे जापान का स्टेन्डर्ड टाइम ९ घंटा पूर्व है तो ग्रीनविच में जब मध्याह्न के १२ बजेंगे तब जापान देश में १२ + ९ घंटा = २१ घंटा अर्थात् ९ बजे रात होगी। देश पूर्व होने से १२ घंटा में ९ घंटा जोड़ना पड़ा। यह समय जापान देश भर की घड़ियों में मिलेगा। इसी प्रकार पेरू देश का स्टेन्डर्ड टाइम ५ घंटा पश्चिम है तो पश्चिम होने से यह समय ग्रीनविच के समय में घटाना पड़ेगा। जब ग्रीनविच में मध्याह्न के १२ बजेंगे तो पेरू देश में १२–५ = ७ बजे प्रातः काल होगा। इसके विषय में आगे और पढ़ने से समझ में आयगा।

घड़ियों का समय

ऊपर जो स्टेन्डर्ड टाइम बताया गया है उसमें भारतवर्ष का स्टेन्डर्ड टाइम पूर्व घं० मि० ५–३० दिया है अर्थात् ८२॥ अंश पूर्व रेखांश का यह समय है जो समस्त भारत-

वर्ष में प्रचलित है वही टाइम आजकल भारतवर्ष भर की घड़ियां बतलाती हैं। इससे प्रगट हुआ कि यहां की सब घड़ियां किसी स्थान विशेष का ही टाइम बताती हैं। अर्थात् ८२॥ अंश पूर्व रेखांश का ही टाइम इन घड़ियों से प्रगट होता है।

इस पर भी यदि एक घड़ी बंद हुई तो दूसरे की घड़ी से मिलान करने पर २–४ मिनट का अन्तर प्रत्येक घड़ियों में आ ही जाता है। रेलवे या पोस्टआफिस से बहुत कम घड़ियां मिली हुई होती हैं।

इस कारण यदि चालू घड़ियों से जन्म का समय लिख लिया जाता है तो उस घड़ी को रेलवे या पोस्ट आफिस की घड़ी से मिलान कर देख लेना चाहिए कि घड़ी कितनी आगे पीछे है। तब भी जो शुद्ध समय घड़ी से प्रगट होगा वह स्टेन्डर्ड टाइम का शुद्ध समय ही घंटा मिनट में प्रगट होगा। दूसरी लड़ाई के समय बरमा की लड़ाई के कारण बरमा का स्टेन्डर्ड टाइम यहां प्रचलित कर दिया गया था, अर्थात् यहां की घड़ियां एक घंटा आगे बढ़ा दी गई थीं। इस कारण इस प्रकार की घड़ियों के अनुसार जो समय मिलता है, उस समय के अनुसार ही यदि कुंडली बनाई जायगी तो अवश्य अशुद्ध होगी। इस कारण शुद्ध समय की अत्यंत आवश्यकता है।

आजकल जो घड़ियां बनी हैं वे किसी नियमित गति से ही चलती हैं। अर्थात् वह घड़ी एक दिन में जिस गति से चलेगी सदा उसी गति से वह घड़ी चलती रहेगी। अर्थात् १२ घंटा में जिस प्रकार घंटा का कांटा एक बार पूरा घूमकर फिर १२ बजे पर आयगा और उसके लिये जितना समय एक बार पूरे घंटा के कांटा को इस प्रकार घूमने में लगेगा, सदा उतना ही समय प्रतिदिन उस घड़ी में उसी प्रकार (घंटा का कांटा एक बार पूरा घूम जाने में) लगेगा। ऐसा नहीं होता कि कभी १२ घंटा लगा हो कभी ११॥ घंटे में एक बार कांटा पूरा घूम गया हो। इससे प्रगट होता है कि घड़ी की गति (चाल) एक सी बनी रहती है।

अब सूर्य की ओर विचार करो जिसका समय बताने के लिये ये घड़ियां बनी हैं। सूर्य की प्रतिदिन की गति एक सी नहीं रहती कभी दिन भर में ५७ कला गति होती है, कभी वह गति प्रतिदिन क्रमशः बढ़ते-बढ़ते ६१ कला तक हो जाती है और फिर घटने लगती है। इस प्रकार सूर्य की गति घटती बढ़ती रहती है। परन्तु ये घड़ियां ऐसी नहीं बनी हैं जिससे सूर्य की गति के अनुसार कभी घड़ी की गति धीमी या तेज हो जाय। इस कारण वास्तविक सूर्य के अनुसार जो समय होता है और घड़ियों

चित्र संख्या १ अ
किरण वक्रीभवन
जल में डाला पदार्थ
इस प्रकार उठा हुआ दिखता है ।



चित्र संख्या १ ब
किरण वक्रीभवन
सूर्य उदय होने के प्रथम
इस प्रकार दिख जाता है ।



के अनुसार जो समय होता है उस समय में कितना अंतर पड़ सकता है यह समझ में आ गया होगा।

सूर्य की घटती-बढ़ती का मध्यम मान (औसत) निकालने पर एक दिन-रात में औसत समय २४ घंटे का निकलता है। इसी प्रमाण से औसत २४ घंटा बताने वाली ये घड़ियां बनाई गई हैं। इन घड़ियों से जो समय जाना जाता है वह मध्यम मान ही है। अर्थात् घड़ियां मध्यम समय Mean time बतलाती हैं इसका ध्यान रहे।

इस कारण जन्म समय जो घंटा में दिया रहता है उसके शुद्ध करने की आवश्यकता पड़ती है। समय शुद्धि के लिये समय को अच्छी प्रकार समझ लेना चाहिए। समय शुद्ध करना आगे समझाया गया है।

सूर्य का काल Suntime

दिन का प्रमाण=सूर्योदय से अस्त तक दिन का जो समय होता है उस दिन के मान (नाप) को दिनमान कहते हैं।

जब सूर्य किसी स्थान के क्षितिज पर दिखता है तो उसे सूर्योदय कहते हैं। परन्तु जब सूर्य की पहिली किरण क्षितिज पर दिखती है और जब वह सूर्य क्षितिज के ऊपर आ जाता है उसमें ५-६ मिनट का समय लग जाता है।

जब सूर्य क्षितिज के ऊपर दिखाई देता हैं तो वह वास्तव में उस समय क्षितिज के नीचे ही रहता है। वायु मंडल के प्रभाव से सूर्य ऊपर आने के पहिले ही दिखने लगता है। इस बात को समझने के लिए एक बर्तन में खूब पानी भर दो और बर्तन की गहराई अनुमान कर लो कि कितनी होगी। अब उस पानी भरे बर्तन में एक रुपया या डंडा डाल दो तो देखोगे कि वह रुपया या डंडा कुछ ऊपर उठा हुआ दिखेगा। अर्थात् जो गहराई बर्तन की है उससे कम गहराई पर वह रुपया या डंडा दिखेगा। देखो चित्र संख्या १ अ, ब। इसी विज्ञान के सिद्धान्त के अनुसार सूर्य भी क्षितिज के ऊपर आने के प्रथम ही दिखने लगता है और वास्तविक रूप से सूर्य के डूब जाने के कुछ देर तक क्षितिज पर सूर्य दिखाई देता है। इस सिद्धांत को विज्ञान में किरण वक्रीभवन Refraction कहते हैं।

इस प्रकार सूर्य के प्रथम दर्शन के उपरान्त वास्तविक रूप से क्षितिज के ऊपर आने तक लगभग २ मिनट का समय लग जाता है। परन्तु हम इस सूर्योदय की इतनी सूक्ष्मता पर विचार न कर जब सूर्य प्रथम समय क्षितिज पर दिखने लगता है उसे ही सूर्योदय का प्रत्यक्ष काल कहेंगे। इस समय को सूर्य का प्रत्यक्ष (स्पष्ट) समय A. T. (Apparent time of sunrise) मानेंगे।

जब सूर्य अपने स्थान के मध्याह्न रेखा पर आता है तब उस समय को प्रत्यक्ष

मध्याह्न काल A. N. (Apparent noon) कहेंगे। उस मध्याह्न रेखा पर जितने स्थान उत्तर से दक्षिण तक पड़ते हैं उन सब स्थानों पर एक साथ हीं उसी समय मध्याह्न (दोपहर) noon होगा। परन्तु अपनी घड़ियों से जो मध्याह्न काल प्रगट होगा वह केवल ८२।।° पूर्व रेखांश का ही मध्याह्न काल प्रगट होगा। क्योंकि भारतवर्ष का स्टेण्डर्ड टाइम ८२।।° रेखांश का स्थिर कर लिया गया है।

धूप घड़ी के अनुसार जो वहां का समय होगा वही समय वास्तविक रूप से उस स्थान का ठीक समय कहलाता है। धूप घड़ी के समय को स्थानिक समय Local time कहते हैं।

स्थानिक समय भी २ प्रकार का होता है।

(१) प्रत्यक्ष (स्पष्ट) स्थानिक समय Apparent local time.
(२) मध्यम स्थानिक समय Local mean time.
मध्यम और स्पष्ट काल में क्या अंतर है आगे समझाया जायगा।

जो समय ग्रीनविच की घड़ी से सम्बन्ध रखता है वह ग्रीनविच का समय Greenwich time कहलाता है। इस प्रकार ग्रीनविच का भी मध्यम और स्पष्ट काल एवम् मध्यम और स्पष्ट मध्याह्न होता है जिसका कभी-कभी उपयोग होता है। इसलिये यहां समझा देते हैं।

संकेत शब्द जिनका कभी-कभी उपयोग होता है।

A. T.=Apparent time=स्पष्ट समय (काल)=स्प० स०
M. T.=Mean time=मध्यम समय (काल)=म० स०
A. N.=Apparent noon=प्रत्यक्ष मध्याह्न काल = स्प० म०
M. N. = Mean noon = मध्यम मध्याह्न काल = मध्य० म०
G. M. T. = Greenwich Mean time = ग्रीनविच मध्यमकाल (समय) = ग्री० म० का०
G. M. N. = Greenwich mean noon = ग्रीनविच मध्यम मध्याह्न = ग्री० म० मध्य०

जब सूर्य किसी स्थान के सबसे ऊंचे स्थान पर प्रतिदिन आता है तब उस दिन का वह स्थानिक मध्याह्न काल Local meantime होता है और वह मध्याह्न काल (दोपहर) स्थानिक समय (L. T.) के अनुसार ही होता है। परन्तु घड़ियों में जो दोपहर का समय प्रगट होता है वह वहां के ठीक दोपहर का समय नहीं होता। इस कारण यह जानने की आवश्यकता है कि वहां का स्थानिक मध्यम काल L.M. T. क्या होगा। इन सबको आगे बताया है।

प्रत्यक्ष (स्पष्ट) समय और मध्यम समय

सूर्य की गति क्रांति वृत्ति में एकसी नहीं रहती। इस कारण जनता के उपयोग के लिए सूर्य का समय सुभीते का नहीं है। क्योंकि सूर्य का समय प्रत्येक स्थान का पृथक्-पृथक् होता है। इस कठिनाई को दूर करने को ज्योतिदियों ने एक नकली सूर्य आकाश में घूमता हुआ मान लिया है। इस सूर्य को मध्यम सूर्य कहते हैं जो भूमध्य रेखा (निरक्ष देश) पर एक सी गति से घूमते हुए मान लिया गया है और इस मध्यम सूर्य Mean Sun के समय का मिलान सच्चे सूर्य के समय से उस समय होता है जब कि सच्चा सूर्य मेष सम्पात Vernal equinox में होता है और उस समय दिन रात बराबर होता है।

जो समय अपने असली सूर्य से प्रगट होता है उसे स्पष्ट समय या प्रत्यक्ष समय Apparent time कहते हैं। परन्तु मध्यम सूर्य के चलने के कारण जो समय प्रगट होता है वह मध्यम समय कहलाता है। अपनी घड़ियां इसी मध्यम समय को बताती हैं। अर्थात् घड़ी के समय को मध्यम समय कहेंगे। मध्यम समय और स्पष्ट समय के अंतर को वेलान्तर Equation of time कहते हैं। यह अन्तर १६ मिनट से अधिक अंतर नहीं पड़ता।

मध्यम सूर्य का ६ बजे ठीक उगना, १२ बजे दोपहर होना और ६ बजे संध्या को अस्त होना मानते हैं, परन्तु वास्तविक सूर्य के उदय अस्त के समय में प्रतिदिन अंतर पड़ता है। यही अंतर स्पष्ट और मध्यम समय का वेलान्तर है। वेला=समय। दोनों के बीच समय का जो अंतर है वही वेलान्तर है। दोनों समय के मिलान को काल समीकरण कहते हैं। यह विषय आगे दिया है।

ग्रीनविच टाइम Greenwich mean time=G.M.T.

पृथ्वी के देशान्तरों का नाप यूरोपीय पद्धति के अनुसार ग्रीनविच से आरंभ होता है। अर्थात् प्रधान मध्याह्न रेखा ग्रीनविच को मानकर वहां से अंशों का पूर्वी और पश्चिमी नाप देशान्तर का आरम्भ हुआ है। प्राचीन समय में यह नाप उज्जैन से आरम्भ होता था और अब भी भारतवर्ष की प्राचीन पद्धति की ज्योतिष में उज्जैन को ही प्रधान मध्याह्न रेखा मानकर वहां से पूर्व पश्चिम अन्तर देशान्तर का नापा जाता है।

यह पहिले ही बता चुके हैं कि जब ग्रीनविच में १२ बजे दोपहर होता है तब स्टेन्डर्ड टाइम के अनुसार भारतवर्ष में ५-३० बजे संध्या का समय होता है। जब ग्रीन विच का समय दिया हो तो उससे भारत के किसी भी स्थान का समय बना सकते हैं या भारत के स्थानिक समय से ग्रीनविच का समय जान सकते हैं।

अंग्रेज़ी पंचांग या ऐफेमरी में दैनिक ग्रह स्पष्ट वहां की वेधशाला के अनुसार

दिये रहते हैं और वह समय ग्रीनविच के समय के अनुसार होता है। इस कारण उसका उपयोग करते समय उसके समय को अपने यहां के लोकल टाइम बनाने की आवश्यकता होती है।

स्थानिक समय = लोकल टाइम (Local mean time = L.M.T.)

इसका परिवर्तन देशान्तर के प्रमाण से किया जाता हैं। कहीं का देशान्तर यदि प्रगट हो तो उससे स्थानिक समय निकालना नीचे देते हैं।

देशान्तर को घंटा मिनट में परिवर्तन कर स्थानिक समय निकालना।

प्रत्येक गोल वृत्त में ३६० अंश होते हैं। इसी प्रकार पृथ्वी गोल होने से पृथ्वी की परिधि ३६०° में बटी हुई है। पृथ्वी अपनी धुरी पर २४ घंटे में एक वार घूम लेती हैं। अर्थात् २४ घंटे में ३६०° पूरे भुक्त होते हैं तो १ घंटा में $= \frac{३६०}{२४} =$ १५ अंश हुआ। ३६०° में २४ घंटा लगते हैं तो १ अंश में $= \frac{२४}{३६०}$ घंटा $= \frac{२४ \times ६०}{३६०}$ मिनट = ४ मिनट। इससे प्रगट हुआ कि पृथ्वी १ घंटा में १५ अंश घूमती हैं या १ अंश में ४ मिनट लगते हैं।

१५° देशान्तर	= एक घंटा	१ घंटा = १५°	देशान्तर
१° ,,	= ४ मिनट	४ मिनट = १°	,,
१५′ ,,	= १ मिनट	१ मिनट = १५′ कला	,,
१′ ,,	= ४ सेकन्ड	४ सेकन्ड = १′ कला	,,
१५″ ,,	= १ सेकन्ड	१ सेकन्ड = १५″ विकला	,,
१″ ,,	$= \frac{१}{१५}$ सेकन्ड		

इस प्रकार से देशान्तर अंशों के घंटा या घंटा का देशान्तर के अंश बना लो।

यदि देशान्तर अंशों की घड़ी पल बनाना हो तो इस प्रकार से बना लो।

६ अंश देशान्तर	= १ घड़ी	१ घड़ी = ६°	देशान्तर
१ ,, ,,	= १० पल	१ पल = ६′	,,
१ कला ,,	= १० विपल	१ विपल = ६″	,,
६ ,, ,,	= १ पल		
१ विकला ,,	$= \frac{१}{६}$ विपल		

इस हिसाब से कोई देश ग्रीनविच से जितने रेखांश दूरी पर हो उसके घंटा मिनट बना लो। यदि वह देश ग्रीन विच के पूर्व में हो तो ग्रीनविच के समय में जोड़:

दो। यदि पश्चिम में हो तो घटा दो तो वहां का समय निकल आयगा। इस प्रकार से इष्ट देश के समय का अंतर प्रगट हो जायगा। इसी अंतर के प्रमाण से देशान्तर संस्कार होता है, इसे ही देशान्तर संस्कार कहते हैं।

जैसे किसी स्थान का देशान्तर ग्रीनविच से १० अंश पूर्व है तो $१^\circ = ४$ मिनट के हिसाब से $१०^\circ \times ४ = ४०$ मिनट का अंतर वहां (ग्रीनविच से) पड़ेगा। वह देश पूर्व होने से उतना समय ग्रीनविच से अधिक वढ़ा हुआ रहेगा। जैसे ग्रीनविच में जव १२ बजे दोपहर होगी तो १०° पूर्व के देश में ४० मिनट अधिक होगा अर्थात् १२ वजकर ४० मिनट दोपहर के होंगे।

यदि वह देश ग्रीन विच से १०° पश्चिम को हो तो ४० मिनट का अन्तर ग्रीनविच के समय में घटाना होगा। अर्थात् जब ग्रीनविच में १२ बजेगा तो १०° पश्चिम के देश में ४० मिनट कम होगा अर्थात्, ११-२० बजा होगा। यही वहां का स्थानिक समय हुआ

$$\text{L. M. T. (स्थानिक समय)} = \text{G. M. T. (ग्रीनविच समय)} \pm \frac{\text{देशान्तर}}{१५}$$

(देशान्तर पूर्व पश्चिम)
+ −

अब और उदाहरण देकर स्पष्ट करते हैं :—

(१) जवलपुर पूर्व देशान्तर ८०° पर है

$$= \frac{८०}{१५} = \begin{matrix}\text{घं० मि०} \\ +५\text{-}२०\end{matrix} \quad \begin{matrix}\text{पूर्व होने से} \\ +\end{matrix}$$

जब ग्रीन विच में १२ बजेगा तो जवलपुर में दोपहर के उपरान्त की ५-२० संध्या होगी।

(२) नरसिंहपुर पूर्व $७९^\circ - ११'$

$$= \frac{७९-११}{१५} = \begin{matrix}\text{घं० मि० से०} \\ +५-१६-४४\end{matrix}$$

$$१२ \text{ घंटा} + \begin{matrix}\text{घं० मि० से०} \\ ५-१६-४४\end{matrix} = ५-१६-४४ \text{ संध्या}$$

(३) सिंगापुर पूर्व १०३°

$$= \frac{१०३}{१५} = + \begin{matrix}\text{घं. मि.} \\ ६-५२\end{matrix} \quad \begin{matrix}\text{दोपहर} \\ १२\end{matrix} + \begin{matrix}\text{घं. मि.} \\ ६-५२\end{matrix} = \begin{matrix}\text{घं. मि.} \\ ६-५२ \text{ संध्या}\end{matrix}$$

(४) कलकत्ता पूर्व $८८^\circ - ३०'$

$$= \frac{८८-३०}{१५} = + \begin{matrix}\text{घं. मि.} \\ ५-५४\end{matrix} १२ + \begin{matrix}\text{घं. मि.} \\ ५-५४\end{matrix} = \begin{matrix}\text{दोपहर के बाद} \\ ५-५४ \text{ बजा होगा}\end{matrix} \text{।}$$

(५) नेटाल (अफ्रीका) = ३५° - १३′ पश्चिम

$$= \frac{३५\text{-}१३}{१५} = + \overset{\text{घं. मि. से.}}{२\text{–}२०\text{–}५२} \text{ ऋण } \overset{\text{घंटा}}{१२} - \overset{\text{घं. मि. से.}}{(२\text{–}२०\text{–}५२)}$$

घं. मि. से.

(६) जिब्राल्टर = ५° - २५′ पश्चिम = ९ - ३९ - ८ प्रातः के

$$= \frac{५ - २५}{१५} = - \overset{\text{घं. मि. से.}}{० - २१ - ४०} \text{ ऋण} = \overset{\text{घंटा}}{१२} - \overset{\text{घं. मि. से.}}{(० - २१ - ४०)}$$

$$= \overset{\text{घं. मि. से.}}{११ - ३८ - २०} \text{ दोपहर के पहिले ।}$$

(७) बनारस = ८३° - ०′ पूर्व ।

$$\frac{८३\text{-}०}{१५} = + \overset{\text{घं. मि.}}{५ - ३२} = \overset{\text{घंटा}}{१२} + \overset{\text{घंटा मि.}}{(५\text{–}३२)} = \overset{\text{घंटा मि.}}{५ - ३२} \text{ संध्या}$$

(दोपहर के बाद)

(८) उज्जैन = ७५° - ४३′ पूर्व

$$\frac{७५° - ४३′}{१५} = + \overset{\text{घं. मि. से.}}{५ - २ - ५२} = \overset{\text{घंटा}}{१२} + \overset{\text{घंटा मि. से.}}{(५ - २\text{–}५२)}$$

$$= \text{संध्या के } \overset{\text{घंटा मि. से.}}{५ - २ - ५२} \text{ बजे}$$

यदि घंटा मिनट में देशान्तर दिया हो तो उसमें १५ का गुणा कर अंश बना लो। जैसे :—

$$\text{बनारस का देशान्तर (होराश्च)} = \overset{\text{घं. मि.}}{५ - ३२} \text{ है तो ।}$$

$$\overset{\text{घंटा मि.}}{(५\text{–}३२)} \times १५ = ८३° - ० = \text{बनारस का देशान्तर हुआ ।}$$

उज्जैन का देशान्तर जानना।

प्रायः ग्रीन विच से देशान्तर दिया रहता है, परन्तु कभी उज्जैन से देशान्तर जानने की आवश्यकता पड़ जाती है तो ग्रीन और उज्जैन के बीच का देशान्तरों का अन्तर निकालो, वह अन्तर पूर्व के देश में जोड़ने से और पश्चिम के देश में घटाने से उज्जैन से देशान्तर निकल आयगा।

जैसे कलकत्ता ग्रीनविच से ८८° – ०′ पूर्व है और उज्जैन ७५° – ४३′ पूर्व है। दोनों का अन्तर ८८°– ३०′

$$\frac{- ७५ - ४३}{१२ - ४७} = १२° - ४७′$$

मि. से. मि. से.
= ५१ – ८ अन्तर हुआ। उज्जैन से कलकत्ता ५१–८ पूर्व में होने से कलकत्ता का
घंटा मि. से.
टाइम आगे है। जब उज्जैन में १२ बजे मध्याह्न होगा तो कलकत्ता में १२ + ५१ – ८ = १२ बजकर ५१ मिनट ८ सेकेन्ड बजेगा। इस कारण उज्जैन से कलकत्ता का देशान्तर
घं. मि. से.
+ ० – ५१ – ८ उज्जैन से पूर्व में कलकत्ता होने से + हुआ।

बम्बई ७२° – ५४′ पूर्व में है। इससे और उज्जैन के समय में अन्तर जानना है। बम्बई ७२° – ५४′ पूर्व और उज्जैन ७५° – ४३′ पूर्व है। दोनों का अन्तर

७५° – ४३′
— ७२ – ५४
२ – ४९ = २° – ४९′ = ११ – १६ हुआ (मि. से.)। उज्जैन से बम्बई का देशान्तर कम है तो बम्बई पश्चिम में है जानना। पश्चिम में देशान्तर घटाया जाता है। अर्थात्
मि. से.
उज्जैन से बम्बई का टाइम ११–१६ कम होगा। जब बम्बई में १२ बजेगा तो उज्जैन
मि. से. घंटा मि. से.
में १२ बज के ११ – १६ होगा। या उज्जैन में १२ बजेगा तो बम्बई में ११–४८–४४ बजेगा। इस कारण उज्जैन से बम्बई का देशान्तर – २° – ४९′ हुआ।

इस प्रकार पश्चिम देशान्तर में घटाकर और पूर्व देशान्तर में जोड़कर समय जाना जा सकता है। जहां उज्जैन को मध्य रेखा मानकर देशान्तर उज्जैन से दिया हो तो इसी प्रकार उज्जैन के समय से ग्रीनविच का समय बनाया जा सकता है या ग्रीनविच से दिये देशान्तर से उज्जैन का देशान्तर जाना जा सकता है।

यदि काशी से देशान्तर दिया है तो इसी प्रकार काशी से भी अंतर निकाल लो।

घं० मि०
काशी का देशान्तर ८३° – ०′ (५ – ३२ पूर्व) है यदि काशी से देशान्तर निकालना है तो इष्ट स्थल के देशान्तर से काशी के देशान्तर का अंतर निकाल लो। जैसे जबलपुर ग्रीनविच से घं०मि० ५ – २० पूर्व देशान्तर है तो जबलपुर का देशान्तर
घं० मि०
काशी से जानने के लिये काशी और जबलपुर का अंतर निकाला काशी ५ – ३२
जबलपुर ५ – २०
० – १२

=१२ मिनट का अंतर निकला। काशी का समय जबलपुर से अधिक है तो जबलपुर के समय से काशी का समय १२ मिनट अधिक होगा। काशी से जबलपुर का समय कम है तो १२ मिनट कम होगा। अब काशी में १२ बजे दोपहर होगी तो जबलपुर में घं० मि० ११ – ४८ बजेगा। यदि कोई देश काशी से पूर्व हो तो इष्ट देश का अन्तर काशी के समय में जोड़ना पड़ेगा। अर्थात् काशी से पूर्व देशों में जोड़ना और पश्चिम में घटाना पड़ता है।

सिद्धांत यह है कि पूर्व के देशों में शीघ्र सूर्योदय होता है, इसके उपरांत पश्चिम के देशों में सूर्योदय होता है। पूर्व के देशों में जब दोपहर होगी उसके उपरान्त पश्चिम के देशों में सूर्योदय होगा। पूर्व के देशों में पहिले सूर्यास्त होगा, इसके उपरान्त पश्चिम के देशों में सूर्यास्त होगा इस बात का ध्यान देशान्तर करते समय रखना चाहिए। इसी कारण पूर्व के देशों में + (धन) पश्चिम के देशों के लिये – (ऋण) संस्कार करना होता है।

ऊपर बताई विधि से ग्रीनविच के समय को स्थानिक समय में या स्थानिक समय को ग्रीनविच के समय में परिवर्तन कर सकते हैं।

समय-परिवर्तन

आजकल घड़ियां जो समय बतलाती हैं वह स्टेन्डर्ड टाइम का समय है यह पहिले बता चुके हैं। बहुधा लोग जन्म समय घड़ी देखकर लिख लेते हैं। इस कारण उस समय की शुद्धि की आवश्यकता होती है।

स्टेन्डर्ड टाइम से स्थानिक मध्यमकाल बनाना

स्थानिक मध्यम काल = स्टेन्डर्ड टाइम ± स्टेन्डर्ड और स्थानिक
L. M. T. देशान्तर काल का अन्तर

स्थानिक देशान्तर स्टेन्डर्ड से अधिक हो तो + (धन)
" " अल्प " – (ऋण)

घं० मि०
ग्रीनविच से यहां का स्टेन्डर्ड देशान्तर ८२° – ३०′ = ५ – ३० पूर्व है

(१) मान लो इस स्टेन्डर्ड टाइम से जबलपुर का स्थानिक समय निकालना है तो :—

घं० मि०
जबलपुर का देशान्तर ८०° – ०′ = ५ – २० है

	घं० मि०	स्टेन्डर्ड देशान्तर से
स्टेन्डर्ड देशान्तर ८२° − ३०′	= ५ − ३०	जवलपुर का अंतर
जवलपुर ,, ८० − ०	= ५ − २०	निकाला तो १० मिनट
अंतर = − २ − ३०	= ० − १०	का अंतर निकला

जबलपुर का देशान्तर, स्टेन्डर्ड देशान्तर से कम है तो प्रगट हुआ कि जवलपुर स्टेन्डर्ड देशान्तर से पश्चिम में है। स्टेन्डर्ड देशान्तर से यह अंतर घटा देने से जवलपुर का मध्यम स्थानिक समय प्रगट हो जायगा। यहां स्टेन्डर्ड टाइम से जवलपुर का स्थानिक मध्यम समय १० मिनट कम निकला। जव घड़ी में (स्टेन्डर्ड टाइम) १२ वजेगा तो जवलपुर का स्थानिक समय घं० मि० से० ११–५०–० बजे समझना चाहिए।

(२) काशी का देशान्तर ग्रीनविच से ८३° – ०′ पूर्व है = ५ – ३२ घं० मि० है यहां स्टे० टा० का अंतर निकालना है।

काशी का देशान्तर समय	= ५–३२ घं० मि०	यहां काशी का देशान्तर
स्टेन्डर्ड ,,	= ५–३०	अधिक है तो + होगा।
अन्तर	= + ०–२	

जव स्टे० टा० (घड़ी में) १२ वजेगा तो काशी में २ मिनट अधिक होगा अर्थात् १२ वजकर २ मिनट होगा।

इसी प्रकार इष्ट स्थान का देशान्तर और स्टेन्डर्ड देशान्तर का अन्तर निकालकर, इष्ट स्थान यदि स्टेन्डर्ड देशान्तर के पूर्व हो तो +, पश्चिम हो तो – (ऋण) करके घड़ी के टाइम को स्थानिक मध्यम समय बना लेना चाहिए। स्टेन्डर्ड देशान्तर से इष्ट स्थान का देशान्तर अधिक हो तो उसे पूर्व में, कम हो तो पश्चिम में है ऐसा समझ लेना चाहिए।

स्टेन्डर्ड टाइम के सम्बन्ध में ध्यान रहे कि दिनांक १–७–१९०५ ई० से स्टेन्डर्ड टाइम यहां चालू है। इस कारण इसके पहिले का जन्म हो तो यह संस्कार करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

पहिले बता चुके हैं कि घड़ी का समय मध्यम समय है और इससे जो स्थानिक समय निकाला गया है वह भी मध्यम स्थानिक समय ही होगा। इस प्रकार निकाला गया स्थानिक मध्यम समय भी शुद्ध नहीं है। क्योंकि यह समय भी घड़ी के अनुसार निकला है। सूर्य की गति एक सी नहीं रहती परन्तु घड़ियों की गति एक सी रहती है। इस कारण इस मध्यम स्थानिक समय को सूर्य के अनुसार करना पड़ता है। इसमें वेलान्तर संस्कार करने से स्थानिक शुद्ध समय निकलता है। अर्थात् घड़ी के समय को स्थानिक समय में परिवर्तन करने के उपरान्त फिर उसमें वेलान्तर संस्कार करना पड़ता है तब शुद्ध स्थानिक समय निकलता है। उपरान्त इस शुद्ध समय को लेकर इष्ट काल निकाल कर कुंडली बनानी चाहिए तब ही शुद्ध कुंडली बनेगी।

—:०:—

अध्याय २

काल समीकरण Equation of time

सूर्य की गति एक सी नहीं रहती कभी गति अधिक होती है कभी कम होती है। इस कारण सूर्य की गति किस महीने में कितनी कम या अधिक होती है यह जानकर मध्यम समय से उस समय की घटी-बढ़ी का विचार कर एक सारिणी बना ली गई है, जिसे वेलान्तर सारिणी या काल-समीकरण कहते हैं।

स्थानिक मध्यम समय में जो घड़ी के समय पर से बनता है, वेलान्तर सारिणी के अनुसार संस्कार करने से उस स्थान का इष्ट समय (सूर्य के अनुसार) निकल आता है।

वेलान्तर सारिणी से किसी महीने की तारीख का मध्यम मध्याह्न और स्पष्ट मध्याह्न के समय का अन्तर जाना जा सकता है। सारिणी के अनुसार धन ऋण करने से स्पष्ट स्थानिक समय निकल आता है। वेलान्तर सारिणी में जहां – (ऋण) दिया है वहां अपने समय में सारिणी का समय घटाना और जहां + दिया है वहां जोड़ना पड़ता है।

जैसे १४ अक्टूबर को किसी का जन्म हुआ है तो अक्टूबर की १४ तारीख को सारिणी में + १४ दिया है तो उपर्युक्त समय में इसे जोड़ना पड़ेगा।

काशी की घड़ी में (स्टेन्डर्ड टाइम) यदि १२ बजे दोपहर है तो मध्यम स्थानिक समय घंटा–मि० १२–२ हुआ जैसे पहले निकाल चुके हैं। अब इस मध्यम समय में + १४ मिनट जोड़ा तो घंटा–मि० १२–१६ हुआ। यही वहां का स्थानिक स्पष्ट समय हुआ। इसी शुद्ध समय पर से कुण्डली बनानी चाहिए। केवल स्टेन्डर्ड टाइम से बनी कुण्डली अशुद्ध होगी।

इस पर भी यह ध्यान रहे कि यदि यह समय दूसरी लड़ाई के समय का एक घंटा बढ़ा हुआ है तो उसमें से एक घंटा घटा देना पड़ेगा, तब उपर्युक्त शुद्ध समय घं०–मि० ११–१६ होता है।

धूप घड़ी के अनुसार जो समय विदित होता है वही वहां का स्पष्ट स्थानिक समय जानना। काल समीकरण सारिणी आगे दी है।

वेलान्तरसारिणी (काल समीकरण सारिणी) = मिनट में

तारीख	जनवरी १	फरवरी २	मार्च ३	अप्रैल ४	मई ५	जून ६	जुलाई ७	अगस्त ८	सितम्बर ९	अक्टूबर १०	नुवम्बर ११	दिसम्बर १२
१	−३	−१४	−१३	−४	+३	+२	−३	−६	+०	+१०	+१६	+११
२	−३	−१४	−१२	−४	+३	+२	−४	−६	+०	+१०	+१६	+११
३	−४	−१४	−१२	−४	+३	+२	−४	−६	+१	+११	+१६	+१०
४	−५	−१४	−१२	−३	+३	+२	−४	−६	+१	+११	+१६	+१०
५	−५	−१४	−१२	−३	+३	+२	−४	−६	+१	+११	+१६	+१०
६	−६	−१४	−१२	−३	+३	+२	−४	−६	+१	+१२	+१६	+१०
७	−६	−१४	−१२	−२	+३	+१	−५	−६	+१	+१२	+१६	+९
८	−७	−१४	−११	−२	+४	+१	−५	−६	+२	+१२	+१६	+९
९	−७	−१४	−११	−२	+४	+१	−५	−५	+३	+१३	+१६	+८
१०	−७	−१४	−११	−२	+४	+१	−५	−५	+३	+१३	+१६	+७
११	−८	−१४	−१०	−१	+४	+१	−५	−५	+३	+१३	+१६	+७
१२	−८	−१४	−१०	−१	+४	+१	−५	−५	+३	+१३	+१६	+७
१३	−९	−१४	−१०	−१	+४	+०	−५	−५	+४	+१४	+१६	+६
१४	−९	−१४	−१०	+०	+४	+०	−६	−५	+४	+१४	+१५	+६
१५	−९	−१४	−९	+०	+४	+०	−६	−४	+५	+१४	+१५	+५
१६	−१०	−१४	−९	+०	+४	+०	−६	−४	+५	+१४	+१५	+५
१७	−१०	−१४	−९	+०	+४	+०	−६	−४	+५	+१४	+१५	+४
१८	−१०	−१४	−८	+०	+४	−१	−६	−४	+६	+१५	+१५	+४
१९	−११	−१४	−८	+१	+४	−१	−६	−४	+६	+१५	+१५	+३
२०	−११	−१४	−८	+१	+४	−१	−६	−३	+७	+१५	+१४	+३
२१	−११	−१४	−८	+१	+४	−१	−६	−३	+७	+१५	+१४	+२
२२	−१२	−१४	−७	+१	+४	−२	−६	−३	+७	+१५	+१४	+२
२३	−१२	−१४	−७	+२	+३	−२	−६	−३	+७	+१६	+१४	+१
२४	−१२	−१४	−७	+२	+३	−२	−६	−२	+८	+१६	+१३	+१
२५	−१२	−१३	−७	+२	+३	−२	−६	−२	+८	+१६	+१३	−०
२६	−१३	−१३	−६	+२	+३	−२	−६	−२	+८	+१६	+१३	−०
२७	−१३	−१३	−६	+२	+३	−३	−६	−२	+९	+१६	+१३	−१
२८	−१३	−१३	−५	+२	+३	−३	−६	−१	+९	+१६	+१२	−१
२९	−१३	−१२	−५	+३	+३	−३	−६	−१	+९	+१६	+११	−२
३०	−१३	−×	−५	+३	+३	−३	−६	−१	+१०	+१६	+११	−२
३१	−१४	−×	−४	×	+३	×	−६	−०	×	+१६	×	−३

ऊपर जो समय दिया है वह मिनट में है।

स्थानिक स्पष्ट समय से ग्रीनविच का समय बनाना।

जब स्पष्ट स्थानिक समय (धूप घड़ी का समय) विदित हो और ग्रीनविच ऐफेमरी से ग्रह स्पष्ट आदि करने के लिए यदि ग्रीनविच का समय जानना हो तो उसकी रीति आगे दी है। अंग्रेजी पंचांग का उपयोग करते समय या काल समीकरण गणित के लिए ग्रीनविच टाइम बनाने की कभी आवश्यकता पड़ जाती है। इस कारण इसको भी जान लेना चाहिए।

पहले स्थानिक स्पष्ट समय (A. T.) में काल समीकरण के लिए वेलान्तर सारिणी के अनुसार संस्कार करो तो स्थानिक स्पष्ट समय का स्थानिक मध्यम समय बन जायगा। परन्तु वेलान्तर में धन ऋण की क्रिया इसमें विरुद्ध करनी पड़ती है। अर्थात् जहां – (ऋण) हो वह धन करना (जोड़ना) जहां + का चिन्ह हो वहां घटाना। तब उस मध्यम स्थानिक समय पर से ग्रीनविच का मध्यम समय G. M. T. (Greenwich mean time) बन जायगा।

जैसे १४ अक्टूबर को काशी में स्थानिक स्पष्ट समय जन्म का घं०मि० १२–१६ है तो इसका मध्यम स्थानिक समय बनाने के लिए काल समीकरण सारिणी देखो। उसमें १४ अक्टूबर को + १४ दिया है। इसलिए इसके विरुद्ध क्रिया अर्थात् जोड़ने के स्थान में घटाना होगा। घं० मि० १२–१६ में से यह १४ मिनट घटा दिया तो घं० मि० १२–२ शेष रह गया। यही वहां का मध्यम स्थानिक समय हुआ, जो पहिले स्टेन्डर्ड समय पर से देशान्तर संस्कार करने से निकला था।

काशी का देशान्तर ८३°–०' पूर्व है = घं० मि० ५–३२। देशान्तर पूर्व हो तो जोड़ा जाता है, पश्चिम हो तो घटाया जाता है। जब काशी में घं० मि० ५–३२ संध्या का समय था तो उस समय ग्रीनविच में १२ बजे मध्याह्न काल था। काशी का समय घं०मि०५–३२ ग्रीनविच से अधिक है।

काशी का स्थानिक मध्यम समय ऊपर घं० मि० १२–२ निकला था। अब देखना है कि जब काशी में घं० मि० १२–२ था तो ग्रीनविच में क्या बजा होगा? दोनों देशों का अंतर घटाने से ग्रीनविच का समय निकल आयगा। काशी से ग्रीन विच पश्चिम में है, इससे काशी के समय में से वह अन्तर घटाना पड़ेगा।

	घं० मि०	
काशी का समय	१२–२	अन्तर घटाने से ६–३० आया तो उस समय ग्रीन
,, देशान्तर अंतर घटाया	५–३२	घं० मि०
शेष	६–३०	विच में ६–३० प्रातः का बजा होगा।

इसमें स्टेन्डर्ड टाइम का कोई झगड़ा नहीं रहा। क्योंकि जब स्थानिक मध्यम समय प्रगट हो गया तो फिर उससे ग्रीनविच का समय जानने के लिए स्टेन्डर्ड टाइम जानने की आवश्यकता नहीं रही।

जब यह कहा जाय कि काशी का स्थानिक मध्यम समय घं० मि० १२-२ है तो स्टेन्डर्ड टाइम क्या होगा ? (घड़ी में क्या बजा होगा) तो काशी का देशान्तर ८३° और स्टेन्डर्ड देशान्तर ८२°-३०' दोनों में ३०" का अन्तर है = २ मिनट का अंतर पड़ा। काशी का देशान्तर अधिक है यहां विरुद्ध क्रिया की, अर्थात् अधिक देशान्तर में + होता है तो यहां - (ऋण) करना पड़ेगा। यहां काशी का देशान्तर अधिक है तो ऋण करना पड़ेगा। घं० मि० १२-२ में से दो मिनट घटाया तो १२ घंटा बचे। यही यहां का स्टेन्डर्ड टाइम अर्थात् घड़ी का समय हुआ।

गणित द्वारा काल समीकरण के लिये सायन सूर्य की आवश्यकता पड़ती है। इससे सूर्य स्पष्ट कर उससे सायन सूर्य बनाना आगे बताया है।

सूर्य स्पष्ट करना

इष्ट काल का सूर्य बनाने की आवश्यकता आगे बहुत पड़ेगी। इस कारण इसकी रीति जान लेनी चाहिए। स्पष्ट सूर्य से सायन सूर्य बनाया जाता है। सायन सूर्य का बहुत उपयोग होता है।

बहुधा प्रत्येक पंचांग में प्रति-दिन का स्पष्ट सूर्य दिया रहता है, उस पर से अपने इष्ट काल का सूर्य बनाया जाता है। सूर्य स्पष्ट के साथ-साथ सूर्य की गति भी दी रहती है, उस पर से गणित कर, इष्ट समय तक की सूर्य की गति निकाल कर, पहिले दिये हुए सूर्य की गति में जोड़ने से इष्ट काल का सूर्य बन जाता है।

मान लो १ फरवरी १९४४ ई० दिन मंगलवार को ११ बजे किसी का जन्म है, तो जन्म समय का सूर्य स्पष्ट निकालना है।

उस दिन का पंचांग देखा। प्रातः रवि स्पष्ट रा० ९°-१७ - ५८' - २" गति ६१' - ०" दिया है। गति सदा कला विकला में दी रहती है। दिन रात ६० घड़ी में ६१'-०" सूर्य की गति है ऐसा समझना।

जन्म समय ११ बजे दिया है। यह नया टाइम है। पुराना टाइम १० बजे का
घं० मि०
समझो, क्योंकि बढ़ा हुआ १ घंटा दिया। उस दिन सूर्योदय ६-३० पर था इस पर से इष्ट काल बनाया।

जन्म	घंटा १०-०	जन्म के १० घंटा में से ६-३० सूर्योदय के निकाल दिये तो घं० मि०
सूर्योदय -	६-३०	शेष ४-३० जन्म का घंटा हुआ। इसके घड़ी पल बनाये तो
शेष	४-३०	घ० प० ११-१५ यह इष्ट काल हुआ। (स्थूल इष्ट काल)
=	घड़ी पल ११-१५	उदाहरणार्थ इसे ही लिया।

घं० प०

अब ११-१५ इष्टकाल की सूर्य की गति निकालना है।

घं० प०

६० घड़ी में ६१'-०" गति तो ११-१५ में कितनी होगी ?

घ० प०

(६१'-०") × (११-१५) / ६० घड़ी = ६८६' - १५" / ६० = ११'-२६" गति हुई। चालन +

११'-१५"
× ६१
११ | १५
६६ | ६०
६७१ | ६१५ + ६०
+ १५ | = १५
६८६
= ६८६'-१५"

६०) ६८६-१५ (११'
६०
८६
६०
२६ × ६०
१५६० + १५
६०) १५७५ (२६"
१२०
३७५
३६०
१५

पंचांग में दिये हुए सूर्य के आगे का इष्ट है, इससे गति जोड़नी पड़ेगी

रा
प्रातः रवि ६-१७°-५८'-२"
चालन + ०- ०-११-२६
= ६-१८- ६-२८
स्पष्ट रवि

ग० ०

इस प्रकार इष्ट कालीन स्पष्ट रवि ६-१८-६'-२८" हुआ

पंचांग में दिये हुए समय के ग्रह में और भी इष्ट काल तक की गति जोड़नी घटानी पड़ती है उसे चालन कहते हैं। यहां चालन ११-१५ घड़ी है जिसकी गति निकालनी थी। यदि पंचांग में दिये हुए ग्रह के आगे का निकालना है तो चालन + होता है, क्योंकि जो गणित से आगे गति आयगी वह जोड़नी पड़ती है। यदि उसके पहिले का निकालना है तो चालन ऋण होगा, क्योंकि पंचांग में दिये हुए ग्रह से पहिले की गति घटा कर उसके पहिले का स्पष्ट ग्रह बनाना पड़ता है।

दूसरा उदाहरण

घ० प०

मान लो दिनांक २ अगस्त सन् १९४४ को इष्ट काल ३५-४० का सूर्य स्पष्ट करना

रा

है। पंचांग में प्रातः रवि स्पष्ट ३-१५-२७'-३२" दिया है। गति ५७'-१६" दी है। शाके १८६५ है।

घं० प०

६० घड़ी में ५७′-१६″ गति तो ३५-४० में कितनी ?

(चालन धन होगा)

$$\frac{(३५-४०)\times(५७'-१६'')}{६०}=\frac{२०४२'-३०''-४०'''}{६०}=३४'-२''$$ गति हुई +

```
         ५७-१६
       × ३५-४०
  ---------------------
       ।२२८०।६४०
  ---------------------
  २८५        ८०।
  १७१        ४८ ।
  ---------------------
  १९९५    ।२८४०।  ६४० ÷ ६०
  + ४७    ।+ १०।   = ४०
  ----    ।----
  २०४२    ।२८५०।
          ।= ३०।
= २०४२-३०-४० + ६०
६० ) २०४२-३०-४० ( ३४
     १८०
     ---
     २४२
     २४० = ३४′-२″
     ---
       २
```

यहां दोनों अंकों का गुणा गोमूत्रिका क्रम से किया है। दोनों संख्याओं को एक दूसरे के नीचे रख कर ४० का १६ से गुणा किया। फिर ४० का ५७ से गुणा किया। इसके आगे दाहिनी ओर का एक घर छोड़ कर ३५ और १६ से गुणा करने में जो आया उसे रखा। फिर उसके आगे बाईं ओर ३५ और ५७ से गुणा करने से जो आया उसे रखा। उपरांत सब संख्याओं का जोड़ नीचे रख दिया और सब अंकों को ६० से अधिक होने पर ६० से शोधन किया। जैसे ६४० में ६० का भाग दिया शेष ४० बचा, वह उसी घर में रखा लब्धि १० आई वह बाईं ओर के कोठे के योग में जोड़ दिया तो २८५० हुआ। ३० में भी ६० का भाग दिया तो शेष ३० रहा, उसी कोठे में रखा और लब्धि ४७ आई उसे बाईं ओर के कोठे के योग में जोड़ दिया। इस प्रकार सबका योग किया तो २०४२′-३०″-४०‴ यह दोनों का गुणनफल हुआ। इसमें फिर ६० का भाग दिया तो ३४ कला लब्धि में आई। शेष २ बचा उस में ६० का गुणा कर ३० जोड़ा और ६० का भाग दिया तो वही २ विकला आई। इस प्रकार गति ३४′-२″ प्राप्त हुई।

गोमूत्रिका क्रम से गुणा करने की रीति और उदाहरण आगे मिलेगा। इसे अच्छी प्रकार समझ लेना चाहिए। इसका अधिक काम पड़ेगा।

रा

प्रातः रवि स्पष्ट ३-१५°-२७′-३२″ था

चालन + ३४–२

योग ३ – १६ – १ – ३४ इस में अयनांश जोड़ दो तो इष्ट

= इष्ट कालीन सूर्य स्पष्ट काल का सायन सूर्य बन जायगा।

अयनांश बनाना—

रीति = $\frac{\text{शाके} - ४४४}{६०}$

इष्ट शाका १८६५
– ४४४
६०) १४२१ (२३ अंश
१२०
२२१
१८०
४१ कला

= २३ – ४१° अयनांश
रा

निरयन सूर्य ३–१६°–१′–३४″
+ अयनांश २३–४१–०
योग = ४–९–४२–३४ = सायन सूर्य

सायन सूर्य को सायनार्क भी कहते हैं ।

तीसरा उदाहरण :—

मान लो दिनांक ३० अप्रेल १९४२ ई. शाके १८६४ इष्ट काल ४०–१० घड़ी का (घ. प.) सूर्य स्पष्ट निकालना है । पंचांग में मिश्रमान ४६–५१ का सूर्य ०–१६–४८′–८″ (रा ०) गति ५८′–११″ दिया है ।

अपना इष्टकाल पंचांग में दिये हुए मिश्रकाल से कम है। अर्थात् उससे पहिले का है तो चालन ऋण होगा । चालन की जो गति निकलेगी वह घटानी पड़ेगी ।

	घड़ी पल
मिश्रकाल	४६–५१
इष्टकाल	४०–१०
अंतर	६–४१

घ. पल
अब ६ – ४१ की गति निकालनी है
६० घड़ी में ५८′–११″ तो ६–४१ घड़ी में कितनी होगी ?

$$\frac{(५८'–११'')\times(६–४१)}{६०} = \frac{३८८–५१–३१}{६०}$$

= ६′–२८″ ऋण

५८–११
× ६–४१

	५८ २३२	११ ४४
३४८	६६	
३४८ +४०	२४४४ +७	४५१ ÷ ६० = ३१
३८८	२४५१ = ५१	

= ३८८–५१–३१ गुणन फल

६०)३८८–५१–३१(६'
३६०
२८"

= ६'–२८"

रा ०
मिश्रकालीन सूर्य ०–१६–४८'–८"
चालन ऋण – ६–२८
शेष = ०–१६–४१–४०
= इष्ट कालीन सूर्य स्पष्ट

अयनांश शाके १८६४
– ४४४
शेष १४२० ÷ ६०

६०) १४२० (२३
१२०
२२० अंश
१८०
४० = अयनांश २३°-४०
कला

रा ०
इष्टकालीन सूर्य ०–१६–४१'–४०"
+ अयनांश २३–४०
योग १–१०–२१–४०
सायन सूर्य

उपर्युक्त उदाहरण में

रा ०
इष्टकालीन निरयन सूर्य = ०–१६–४१'–४०" हुआ
" सायन " = १–१०–२१–४० हुआ

गणित द्वारा काल समीकरण

पहिले जो काल समीकरण की सारिणी दी है यदि कोई गणित द्वारा वेलान्तर निकालना चाहे तो उसकी रीति यहां दे देते हैं।

गणित द्वारा ठीक मिनट और सेकन्ड स्थानिक देशान्तर के :अनुसार समय निकलता है, परन्तु उपर्युक्त सारिणी द्वारा देशान्तर में कुछ अन्तर पड़ने से बहुत ही कम अन्तर पड़ता है। इस कारण ठीक २ वेलान्तर गणित द्वारा निकाल सकते हैं। जो गणित की खटपट से बचना चाहते हैं वे उपर्युक्त सारिणी द्वारा काम चला सकते हैं।

काल समीकरण E. T. (Equation of time)

यह किसी स्थान के मध्यम M. T. (Mean time) और प्रत्यक्ष समय A. T. (Apparent time) अंतर है।

यदि प्र० स०, मध्यम स० से अल्प है तो म० स० से प्र० स० घटाना
" " अधिक है " प्र० स० " म० स० "

जो अन्तर निकलें वही काल समीकरण है।

म० स० से प्र० स० कम है तो काल समीकरण +

M. T. A. T. अधिक है " E. T. – (ऋण)

किसी स्थान का काल समीकरण जानने को प्रथम उस स्थान के देशान्तर का घंटा मिनट बना लो। फिर इष्ट दिनांक के ६ बजे प्रात: या सायंकाल का मध्यम समय लो। स्मरण रहे मध्यम समय यहां प्रात: काल ६ बजे का ही लिया जाता है।

स्थानिक समय ६ बजे प्रात: काल को ग्रीन विच टाइम G.M. T. बना लो।

$$G.\ M.\ T. = L.\ M.\ T. \pm \frac{\text{Longitude}}{15}$$

ग्रीन० म० स० = स्था० म० स० ± देशान्तर के घंटे [+ देशान्तर पश्चिम में
[— ,, पूर्व ,,

अब ग्री० म० स० (G. M. T.) का सायन सूर्य बना लो। अंग्रेजी दैनिक ग्रह स्पष्ट वाले पंचांग (ऐफेमरी) में ग्रीनविच मध्यम मध्यान्ह (G. M. N.) का सायन सूर्य दिया रहता है।

(ग्री० म० स०)—(ग्री० म० मध्याह्न) = दोनों का अन्तर निकालो तो यह अन्तर
(G. M. T.) (G. M. N.) चालन कहलायगा।

ग्री० म० मध्याह्न से ग्री० म० स० पहिले हो तो चालन – (ऋण)

G. M. N. G. M.T. उपरांत का हो ,, ,, +

यदि ऐफेमरी में सायन सूर्य की गति न दी हो तो उस दिन के सायन सूर्य और उसके प्रथम (अगले) दिन का सायन सूर्य का अन्तर करो। जो अन्तर निकलेगा वही सूर्य की गति २४ घंटे की निकलेगी।

फिर गणित से इष्ट समय के सूर्य की गति निकाल लो। २४ घंटे में इतनी गति तो चालन के समय में (ग्री० म० स० और ग्री० म० मध्याह्न का अन्तर) में कितनी गति होगी। जो उत्तर आवे ग्री० म० मध्याह्न G. M. N. काल के सायन सूर्य में, यदि चालन ऋण हो तो घटाना चालन धन हो तो जोड़ना। इस प्रकार करने से ग्री० म० स० G.M.T. का सायन सूर्य बन जायगा।

फिर ग्री० म० स० G. M. T. का सायन सूर्य किस राशि के कितने अंश में है देखो। केवल अंश नोट करो कला विकला अभी छोड़ दो। फिर भाव सारिणी Table of houses में (यह ऐफेमरी के साथ कभी दिया रहता है या अलग भी मिलता है) दशम भाव के नीचे उस राशि का उतना अंश कहीं पर दिया होगा, खोजो। उसके बांये बाजू उसका नक्षत्र काल दिया हो वह लिख लो और उसके १ अंश आगे

का नाक्षत्र काल Side real time लिख लो। इन दोनों नाक्षत्र कालों का अन्तर निकालो।

फिर गणित से निकालो १° (६० कला) में इतना अंतर तो शेष कला विकला में कितना अन्तर होगा त्रैराशिक से निकालो। जितना उत्तर आवे अल्प अंश के (पहिले वाले) नाक्षत्र काल में, अर्थात् जितना अन्तर निकाला गया था, इन दोनों नाक्षत्र काल में से जो अल्प नाक्षत्र काल हो, उसमें जोड़ दो वह ग्री० म० स० G. M. T. का सायन सूर्य का दशम काल का नाक्षत्र काल होगा। इसी को ध्रुव Right Assession भी कहते हैं। सुविधा के लिये इसे सूर्य का समय (काल) Sun time कहेंगे, क्योंकि यह सायन सूर्य से बनाया गया है।

अब इष्ट दिनांक का ग्री०म० मध्याह्न का नाक्षत्र काल लो जो ऐफेमरी में दिया रहता है। उसके सहारे से ग्री० म० स० G. M. T. का नाक्षत्र काल बना लो।

ग्री० म० मध्याह्न और ग्री० म० काल का जितने घंटे मिनट का अन्तर हो, उतने घंटे का प्रति घंटे १० सेकन्ड के हिसाब से नाक्षत्र काल निकाल कर ग्री० म० मध्याह्न के पहिले का ग्री० म० का G. M. T. हो तो नाक्षत्र काल में घटाना और उपरांत का हो तो जोड़ना तब ग्री० म० का० का नाक्षत्र काल बन जायगा।

इस प्रकार ग्री० म० काल का सूर्य काल और नाक्षत्रकाल अपने को मिल गया। अब इन दोनों का अन्तर निकालो जो अन्तर निकलेगा वही वेलान्तर E. T. होगा।

नाक्षत्र काल से सूर्य काल छोटा है तो वह वेलान्तर ऋण होगा, यदि बड़ा है तो धन होगा। इस प्रकार वेलान्तर का धन ऋण मिनट का समय निकल आयगा।

यह वेलान्तर ग्री० म० काल G. M. T. का हुआ। इसे सूर्योदय के प्रत्यक्ष (स्पष्ट) समय में ऊपर बताये नियम के अनुसार ± (धन या ऋण) करने से सूर्योदय का मध्यम समय Mean time निकल आयगा।

यहां स्पष्ट समय से मध्यम समय निकालना बताया है। यदि मध्यम समय से स्पष्ट समय निकालना है तो ऊपर बताये नियम के विरुद्ध करो। अर्थात् + (जोड़ने) के स्थान में वेलान्तर के लिये घटाना और − (घटाने) की जगह जोड़ना चाहिए।

आगे यही सब बातें उदाहरणदेकर समझाते हैं।

(१) उदाहरण

दिनांक १८ मार्च सन् १९२१ ई० का वेलान्तर निकालना है। स्थान नरसिंहपुर

नरसिंहपुर का देशान्तर ७९–११ पूर्व $= \frac{७९–११}{१५} =$ घंटा० मि० से० ५–१६–४४

घं० मि० से०

स्थानिक प्रात: ६ – ० – ०

देशान्तर पूर्व – ५–१६–४४ घटाया
शेष ०–४३–१६
यह ग्री० म० का G.M.T. हुआ

घं० मि० से०

ग्री० म० मध्याह्न १२–०–०
ग्री० म० काल ०–४३–१६
अन्तर= ११–१६–४४
यह दोनों का अन्तर हुआ।

दिनांक १८ मार्च का ग्री० म० मध्यान्ह का सायन सूर्य = मीन २७°–११′–२७″
" १७ " " " " " " " " २६–२१–४७
दोनों का अंतर निकालने से = गति = ०–५६–४०

दिनांक १७ मार्च की सायन सूर्य की २४ घंटे की गति ५६′–४०″ निकली ग्री० म० काल का गणित करना है। इससे पहिले दिन की सूर्य की गति ली क्योंकि ग्री० म० का० मध्याह्न के पहिले का है।

घं० मि० से०

अब त्रैराशिक से अन्तर ११–१६–४४ की गति निकाली।

घं० मि० से०

२४ घंटा में ५६′–४०″ गति तो ११–१६–४४ में कितनी ?

घं० मि० से०

$$\frac{(११–१६–४४) \times ५६'–४०'' \ (३५८०'')}{२४ \text{ घंटा}} = \frac{४०३७८–२५–२०}{२४} = १६८२''$$

$$= २८'–२''$$

घं० मि० से०

११–१६–४४
× ३५८०″

३९३८०	२१४८०	१४३२०
	३५८०	१४३२०

३९३८०	५७२८०	१५७५२० ÷ ६०
+ ९९८	+ २९२५	= २०

४०३७८५९९०५
= ४०३७८–२५–२० ÷ २४ = १६८२″

चालन ऋण

यह गति हुई
इसको ग्री० म० मध्याह्न में जोड़ना घटाना पड़ेगा। इससे इसे चालन कहते हैं।
दोपहर के पहिले का समय है इससे ऋण

२४)४०३७८(१६८२″
 २४ गति
 १६३
 १४४
 १९७
 १९२
  ५८
  ४८
  १०

दिनांक १८ का
ग्री०म० मध्याह्न का सायन सूर्य
२७°–११′–२७′ मीन
गति (चालन ऋण) २८–२
शेष = २६–५३–२५ मीन
∴ ग्री० म० काल का सायन सूर्य
मीन २६°–५३′–२५″
अब भाव चक्र देखो

अपना सूर्य २६° के आगे का और २६ एवम् २७ अंश के भीतर का है। इस कारण २६° मीन और २७° मीन दोनों का नाक्षत्र काल चक्र से खोजना है कि उनके आगे ऐफेमरी के भावचक्र table of houses में क्या नाक्षत्र काल दिया है।

घं० मि० से०
भाव चक्र के दशम भाव में = २७° मीन = २३–४९–० नाक्षत्रकाल
= २६° ,, = २३–४५–१९ ,, ,,
१° में अंतर = ०–३–४१ = २२१ सेकन्ड

सायन सूर्य मीन २६°–५३–२५″ है और अपने को मीन के २६° का नाक्षत्र घं० मि० से० २३–४५–१९ विदित है। शेष सायन सूर्य की कलादि ५३′–२५″ का नाक्षत्रकाल और जानना है। १०° (६०′) में २२१ से० नाक्षत्रकाल है (जो ऊपर आया है) तो ५३′–२५″ में कितना होगा ?

$$\frac{(५३–२५) \times (२२१ \text{ से०})}{६०'} = \frac{११८०५}{६०} = १९६–४५ \text{ से०}$$

= मिनट–से०

$$३–१६\frac{३}{४}$$

५३′—२५″
×२२१
 ६६३ | ११०५
 ११०५ | ४४२
 ११७१३ | ५५२५ ÷ ६०
 + ९२ | = ५
 ११८०५

६०)५५२५(९२ कला
 ५४०
 १२५
 १२०
 ५ विकला

६०)१९६ से० (३ मिनट
 १८०
 १६ से०

६०)११८०५—५(१९६ से०
 ६०
 ५८०
 ५४०
 ४०५
 ३६०
 ४५

$= १९६\frac{४५}{६०} = १९६\frac{३}{४}$

= ११८०५—५ ÷ ६०

= १९९ $\frac{३}{४}$ से०

= मिनट–से०

३—१६।।। ∴

	घं मि० से०
सायन सूर्य मीन के २६° में ना० काल	= २३-४५-१९
„ „ ५३'—२५" „	+ ३-१६।।।
„ २६°-५३'-२५" का „	= २३-४८-३५।।।

∴ २३–४८–३५।।। यह ना० काल = सूर्य काल Sun time या ध्रुव Right assession हुआ ।

घं० मि० से०

दिनांक १८ मार्च ग्री० म० मध्याह्न का ना० काल = २३-४२-१ (ऐफमिरी के अनुसार) ग्री० म० मध्याह्न और ग्री० म० काल का अन्तर ११-१६-४४ हैं जो आरम्भ में निकाल चुके हैं। प्रति घंटा १० सेकन्ड के हिसाब से इस अन्तर का ना० काल और निकालकर १८ मार्च के मध्याह्न के नक्षत्र में से इसे घटाना होगा ।

(घं० मि० से० — above second value: घं० मि० से०)

		मि० से०
११ घंटा = ११ × १० = ११० सेकन्ड	=	१–५०
१६ मिनट = १६ × $\frac{१}{६}$ = २$\frac{१}{३}$ „	=	+ २$\frac{१}{३}$
	योग	१–५३$\frac{१}{३}$

	घं० मि० से०
१८ मार्च ग्री० म० मध्याह्न का ना० काल	२३–४२–१
अन्तर का नाक्षत्र काल	= ०–१–५३$\frac{१}{३}$ घटाया
शेष	२३–४०–७$\frac{२}{३}$ = ग्री० म० का ना० काल

ऊपर जो म० मध्याह्न और म० काल का अन्तर दिया है उस अंतर का ना० काल निकालने के लिए १ घंटा में १० सेकन्ड या ६ मिनट में १ सेकन्ड या १ मिनट में $\frac{१}{६}$ सेकन्ड के हिसाब से उतने अंतर के समय का ना० का जो निकले उसे लेना केवल घंटा मिनट ११–१६ का यहां ना० काल निकाला है ४४ सेकन्ड छोड़ दिया, क्योंकि उसका ना० काल बहुत सूक्ष्म निकलेगा ।

घं० मि० से०

जो १८ मार्च के मध्याह्न ना० काल ऐफेमरी में २३–४२–१ मिला है। अब

मि० से०

अन्तर का ना० काल १–५३ $\frac{१}{३}$ को इसमें जोड़ने या घटाने को पहिले नियम वता चुके हैं कि ग्री० म० काल यह मध्याह्न पहिले का हो तो घटाना और उपरांत का हो तो जोड़ना। पहिले वता चुके हैं कि ग्री० म० मध्याह्न (घं० मि० से०) १२–०–० है और ग्री० म० काल प्रातः काल का (घं० मि० से०) ०–४३–१६ है। इस कारण मध्याह्न का समय होने से इस अंतर के ना० काल (मि० से०) १—५३ $\frac{१}{३}$ को घटाया है। इस प्रकार घटाने से ना० काल २३–४०–७ $\frac{२}{३}$ जो आया है वह ग्री० म० काल का ना० काल हुआ।

		घं० मि० से०	
ग्री० म० काल का सूर्य काल		२३–४८–३५	= सायन सूर्य का ना० काल
,,	ना० काल	२३–४०–७ $\frac{२}{३}$	
अंतर +		७–२७ $\frac{१}{३}$	= वेलांतर

यह सूर्य काल ना० काल से बड़ा है इसलिए + हुआ। यह वेलांतर १८ मार्च का हुआ। सारिणी में ८ मिनट दिया है।

मि० से०

यहां वेलान्तर + ७ – २७ निकला

	घं० मि० से
स्पष्ट समय A.T. =	६– ०– ० प्रातः ६ बजे
+ वेलान्तर E. T. =	०–७–२७
= मध्यम समय M.T. =	६–७–२७

यदि मध्यम समय M. T. विदित है तो स्पष्ट समय A.T. जानने के लिये इसके विरुद्ध क्रिया करना पड़ेगी। अर्थात् जोड़ने की जगह घटाना होगा।

	घं० मि० से
जैसे मध्यम समय M. T.	६–७–२७
वेलान्तर E.T.	०–७–२७
= स्पष्ट समय A.T. =	६–०–० शेष।

इस उदाहरण में स्पष्ट समय से मध्यम समय बनाने का वेलान्तर + ७·२७ निकला है। परन्तु यदि मध्यम समय दिया है उससे स्पष्ट समय बनाना है तो इसके विरुद्ध होगा। अर्थात् + के स्थान में – (ऋण) – ७ – २७ होगा। अर्थात् मध्यम समय से यह वेलान्तर घटाना होगा। इसी कारण सारिणी में – ८ दिया है।

गणित में अधिक खटपट करना पड़ती है, इस कारण सुविधा के लिये वेलान्तर सारिणी पहिले ही दे दी गई है उससे काम निकाल लो। ये सारिणी कैसे बनी है उसका गणित जानने वालों की जानकारी के लिये यहां इसका पूरा गणित दे दिया है।

(२) दूसरा उदाहरण

२० नवम्बर १९२१ ई० जबलपुर का वेलान्तर जानना है। देशान्तर पूर्व ८०° = घं० मि० है।
५–२०

घं० मि० से०
स्पष्ट प्रात: समय ६ – ० – ०
देशान्तर – ५–२०–० पूर्व होने से
शेष = ग्री०म०काल = ०–४०–० = घटाया

ग्री०म० मध्याह्न घं० मि० से०
१२–०–०
ग्री० म० काल – ०–४०–० घटाया
शेष – ग्री० म० काल = ११–२०–० = M.T.

यह समय मध्याह्न के प्रथम होने के कारण चालन ऋण होगा।

सायन सूर्य दिनांक २१ = २८°–३८′–४६″ वृश्चिक, } ऐफेमरी के अनुसार
" २० = २७–३८–२० } मध्याह्न का
∴ अंतर = गति = १–०–३६
घं०मि०से०

सायन सूर्य ग्री० म० काल ०–४०–० A.M (दोपहर के पहिले का) निकालना है। दिनांक २० को वृश्चिक का सूर्य २७°–३८′–२०″ ऊपर दिया है। अब गति के हिसाब से इसका चालन और करना है।

२४ घंटा में सूर्य की गति १°–०′–३६ है = ३६३६″ तो घं०मि०से उपर्युक्त ग्री० म० काल में कितनी होगी ?

११–२०–०
घं० मि० से०

$$\frac{(११–२०–०) \times ३६३६''}{२४} = \frac{४१२०८ = १७१७''}{२४} = २८'–३७''$$ गति चालन ऋण

घं० मि० से०	६०)७२७२०(१२१२	२४)४१२०८(१७१७
११–२०–०	६०	२४ विकला
× ३६३६	१२७	१७२
३९९९६–७२७२०	१२०	१६८ ६०)१७१७(२८′
+१२१२ =०	७२	४० १२०
४१२०८	६०	२४ ५१७
=४१२०८–० ÷ २४	१२०	१६८ ४८०
	१२०	१६८ ३७″
	०	०

ग्री. म. मध्याह्न का सायन सूर्य = २७°–३८′–२०″ वृश्चिक

गति का चालन ऋण ० –२८ –३७

शेष ग्री. म. काल का सा० सूर्य २७ – ९ –४३

		घं. मि. से.	
सा. सूर्य वृश्चिक का २८° = इसका दशम का नाम काल	=	१५–४२–५७	भाव चक्र के
२७° = ,, ,,	=	१५–३८–४९	अनुसार
= शेष अन्तर	=	०– ४ – ८	

घंटा मि. से.

२७° का १५–३८–४९ ना० काल मिला है सा० सूर्य की कला ९′–४३″ का और चाहिए।

मि. से.

१° = ६०′ में अंतर ४–८ (२४८ सेकन्ड) है तो ९′–४३″ में कितना ?

$$\frac{(९'–४३'') \times २४८ \text{ से.}}{६०} = \frac{२४०९–४४}{६०} = \text{से. } ४०–९ = ४० \text{ सेकन्ड ना० काल}$$

९–४३	६०) १०६६४ (१७७	६०)२४०९–४४(४०	
× २४८	६०	२४० सेकन्ड	
२२३२ | ७४४	४६६	९	
९९२	४२०		
२२३२ | १०६६४ ÷ ६०	४६४		
+१७७ | = ४४	४२०		
२४०९	४४		

		घंटा मि. से.
= २४०९–४४ ÷ ६०	सा. सूर्य २७° वृश्चिक का नाम० का	= १५–३८–४९
	,, ९′–४३″ ,, ,,	+ ० – ० –४०
= ४० सेकन्ड ना० का०	∴ सा. सूर्य वृश्चिक के–,, ,,	= १५–३९–२९

२७–९–४३

दिनांक २० नवम्बर के ग्री. म. मध्याह्न का ना० काल

घं० मि. से.

= १५ – ५५ – ५० ऐफेमरी में दिया है।

घं. मि.

ग्री. म. काल का अंतर ११–२० पहिले निकाल चुके हैं।

यही सूर्य काल = Suntime = Right Assession हुआ

यह अंतर मध्याह्न काल से कम होने के कारण अंतर काल का ना. काल उपर्युक्त ना० का० से घटाना होगा। जो उत्तर बटाने से आयगा वह ग्री. म. काल का ना० काल होगा।

मि. से.

अंतर ११ घं. = ११ × १० से. = ११० से. = १ –५०

२० मि. = २० × $\frac{१}{६}$ = ३ से. + ० – ३

घंटा मि. =

∴ अंतर ११–२० का नाक्षत्रकाल १ –५३

घंटा मि. से.

ग्री. म. काल का ना० काल १५–५३–५७

" सूर्यकाल १५–३९–२९

∴ अंतर ०–१४–२८ = वेलान्तर

घं. मि. से.

उपरोक्त ना. का १५–५५–५०

– अंतर का १–५३

शेष = १५–५३–५७

यह ग्री. म. काल का ना० काल हुआ

यह सूर्य काल ना० काल से छोटा है इस कारण वेलान्तर ऋण हुआ ∴ वेलान्तर

मि. से.

E.T. = – १४–२८ (सारिणी में १४ दिया है) सूर्योदय स्पष्ट समय A. T.

घंटा मि. से.

६ – ०–०

वेलान्तर E.T.– १४–२८

५–४५–३२ = यह जबलपुर के सूर्योदय का मध्यम समय हुआ।

जब यहां पर प्रत्यक्ष (स्पष्ट) समय ६ बजे प्रातः है। अर्थात् मध्यम और स्पष्ट समय में १४–२८ का अंतर है।

यदि मध्यम समय से स्पष्ट समय जानना है तो १४–२८ मध्यम समय में जोड़ना पड़ेगा। अर्थात् वेलान्तर ऋण के स्थान में धन करना होगा। इस कारण पहिले उदाहरण में + ८ आया था उसे – ८ समझना। और दूसरे उदाहरण में – १४ वेलान्तर आया है उसे + १४ समझना।

यह गणित केवल दोनों समय (स्पष्ट और मध्यम समय) का अंतर बताने के लिए है। यहीं अंतर वेलान्तर होता है। यह गणित सूर्योदय जानने के लिए नहीं है।

यहां केवल उदाहरण के लिए सूर्य उदय काल का लिया है। सूर्य का उदय काल चर सारिणी से निकाला जाता है।

जितना सूर्य का उदय चर सारिणी से मिले वह मध्यम सूर्योदय होता है। उसमें वेलान्तर की विरुद्ध क्रिया करने से अर्थात् + के स्थान में – (ऋण) करने से सूर्योदय का प्रत्यक्ष समय होता है।

उपर्युक्त वेलान्तर के गणित के लिए ऐफेमरी का उपयोग किया है। जो कुछ अंग्रेजी जानते हों उन्हें जानकारी के लिए एक ऐफेमरी ले लेनी चाहिए। अब उज्जैन वेध-शाला से भी ऐफेमरी प्रकाशित होने लगी है।

उज्जैन की ऐफेमरी में दैनिक स्पष्ट ग्रह नाक्षत्र काल आदि भारत वर्ष के स्टेन्डर्ड टाइम के अनुसार ही दिये हैं। वह भारत के किसी भी भाग के लिए उपयोगी होगा। उज्जैन का समय स्टेन्डर्ड टाइम में दिया रहने के कारण स्टेन्डर्ड देशान्तर ८२॥ अंश

घं. मि.
या ५ – ३० पर से सब गणित करना होगा। स्टेन्डर्ड टाइम और स्थानिक देशान्तर समय का अंतर निकाल कर गणित करना।

(३) तीसरा उदाहरण—उज्जैन की ऐफेमरी पर से गणित

वनारस ३१ अक्टूबर १९४४ ई० देशान्तर ८३°–०′

घं० मि०।
= ५–३२

अब यहां स्टे० और स्थानिक समय का ही भेद रहा। ग्रीनबिच से कोई सम्बन्ध न रहा। स्टेन्डर्ड देशान्तर ८२°–३०′

= घं. मि० पूर्व है।

५–३०

	घं० मि०
स्थानिक देशान्तर	५–३२ पूर्व
स्टेन्डर्ड „	– ५–३०
अन्तर	०–२

	घं० मि० से०
प्रातः मध्यम	६ – ० – ०
देशान्तर अन्तर	० – ० – २

स्टे० का समय = ५–५९–५८ प्रातः

	घं० मि० से०
स्टेन्डर्ड का मध्याह्न	१२ – ० – ०
स्टेन्डर्ड समय	५–५९–५८
दोनों का अन्तर =	६– ० –२

३१ अक्टूबर का सायन सूर्य वृश्चिक का ७°–४३′–११″

३० „ „ „ „ ६ –४३–११

अन्तर = २४ घण्टे की गति = १ – ०–०

घं० मि० से०

२४ घण्टे में १° अन्तर तो ६–०–२ में कितना ?

$$\frac{१ \times (६–०–२)}{२४} = \frac{६०२}{२४} = ०°–१५'$$ चालन ऋण । दोपहर से पहिले

का होने के कारण चालन ऋण हुआ ।

३१ अक्टूबर को सा० सूर्य ७°–४३′–११″ वृश्चिक
गति (चालन ऋण) –०–१५– ० घटाया
शेष ७–२८–११ = यह स्टेन्डर्ड काल का
सूर्य काल हुआ ।

उपरोक्त सूर्य के अंश के अनुसार भाव चक्र Table of Houses देखा। अपना सूर्य ७° और ८° के बीच है, इससे इन दोनों अंश का नाक्षत्रकाल दशम भाव के आगे जो चक्र में दिया है वह देखा । तो भाव चक्र में :—

घं० मि०
८°–३८′ के आगे ना० काल १४–२५ दिया है
७ –२१ ,, ,, ,, १४–२० ,,
अन्तर १–१७ = ७७ कला = ०–५

अपना सूर्य
७°–२८′–११″ था
७°–२१′ सूर्य का
नाक्षत्र काल
घं० मि०
१४–२० दिया है

शेष ७′–११″ का ना० काल और चाहिए ।

७७ कला में ५ मिनट अन्तर तो सूर्य के शेष ७′—११″ में कितना ?

$$\frac{(७'—११'') \times ५}{७७} = \frac{३५—५५}{७७} = \begin{matrix}\text{मि० से०}\\ ०—२७\end{matrix}$$

७—११
×५
७७)३५—५५(० मिनट
×६०
२१००+५५
७७)२१५५(२७ सेकन्ड
१५४
६१५
५३९
७६

घं० मि० से०
७°—२१′, सूर्य का ना० काल १४-२०-०
०—७′—११″ ,, ,, + ०—२७
∴ ७°–२८′–११″ ,, ,, = १४-२०-२७
= सूर्य काल

घं. मि. से.

३१ अक्टूबर १९४४ ई० का ना० काल मध्याह्न का १७-३७-५२ दिया है।

घं. मि. से.

अंतर ६-०-२ का ना० काल निकालना है।

६ घंटा = ६ × १० = ६० सेकन्ड = १ मिनट। अपना समय मध्याह्न के पहिले का है। इस कारण यह १ मिनट उपर्युक्त ना० काल से घटाना होगा।

	घं० मि० से०
३१ का ना० काल	१४-३७-५२
अन्तर का ,,	-०-१-०
स्टे० काल का ,, =	१४-३६-५२

	घं० मि० से०
स्टे० काल का ना० काल	१४-३६-५२
— सूर्य काल का ,,	१४-२०-२७
दोनों का अन्तर =	-१६-२५
	वेलान्तर ऋण

यहाँ सूर्य काल छोटा है इससे यह अन्तर ऋण हुआ।

सारिणी में १६ मिनट दिया है। यहाँ स्पष्ट समय से मध्यम समय बनाने का गणित है इससे ऋण है। परन्तु मध्यम समय से स्पष्ट समय बनाने में + करना होगा। इसी कारण सारिणी में + दिया है। गणित से केवल आधा मिनट का अन्तर आता है। इस कारण वेलान्तर सारिणी के उपयोग से कोई विशेष अंतर भी नहीं पड़ता और सुगम भी है।

—: ० :—

अध्याय ३

सायन सूर्य के भुज बनाना, चर बनाना, क्रांति निकालना, सूर्योदय और अस्त काल जानना एवम् दिनमान सारिणी बनाना।

गणित द्वारा सूर्य के उदय और अस्त का सूक्ष्म समय निकालना आगे बताया है, क्योंकि जन्म समय घंटा मिनट में लिखा रहता है उस पर से इष्ट काल बनाने के लिए सूर्योदय का ठीक समय जानना चाहिए।

जिस दिन का सूर्योदय या अस्तकाल जानना हो उस दिन का मध्यम सूर्योदय का समय अर्थात् ६ बजे प्रात: काल का निरयन स्पष्ट सूर्य निकालो। प्राय: प्रत्येक पंचांग में प्रात: काल का सूर्य दिया रहता है। परन्तु किसी किसी पंचांग में मिश्र काल का सूर्य दिया रहता है। जहां मिश्र काल का सूर्य दिया हो उसे गणित द्वारा प्रात: काल का सूर्य बना लो। सूर्य की दैनिक गति पंचांग में सूर्य स्पष्ट के साथ २ दी रहती है। इष्ट काल और मिश्र काल का अन्तर निकाल कर उस अन्तर की गति का चालन

निकालो और मिश्रकाल से पहिले का होने के कारण वह अन्तर का चालन घटा दो तो ६ बजे प्रात: काल का स्पष्ट सूर्य निकल आयेगा।

सूर्य स्पष्ट करना पहिले समझा चुके हैं और भी ग्रह स्पष्ट विषय में दिया है उदाहरण देखने से समझ में आ जायगा।



भुज दर्शक चित्र संख्या २

इस निरयन सूर्य में अयनांश मिला देने से सायन सूर्य बन जाता है। अयनांश निकाल कर सायन सूर्य बनाना पहिले बता चुके हैं और आगे भी बताया गया है।

इस सायन सूर्य का भुज बनाना पड़ता है। भुज बनाने की रीति नीचे दी है।

सूर्य का भुज बनाना

भुज = सबसे समीप सम्पात विन्दु से सूर्य के अंतर को भुज कहते हैं।

भुज ३ राशि = ९०° से कभी अधिक नहीं होता। देखो भुज दर्शक चित्र संख्या २

सायन सूर्य के अंश बना लो

(१) सा० सूर्य का अंश ० से ९०° तक = (जो अंश है वही भुज होगा) = भुज
(२) ,, ,, ९० से १८०° ,, = (१८०°—सायन सूर्यांश) = भुज
(३) ,, ,, १८० से २७०° ,, = (सा० सूर्यांश—१८०°) = भुज
(४) ,, ,, २७० से ३६०° ,, = (३६०—सा० सूर्यांश) = भुज

या (१) सायन सूर्य ० से ३ राशि तक = यही भुज होगा = भुज
(२) „ ३ राशि से ऊपर ६ राशितक = (६ राशि–सा०सूर्य) = भुज
(३) „ ६ राशि „ „ ९ राशि „ = (सा०सूर्य–६ राशि) = „
(४) „ ९ राशि „ „ १२ राशि „ = (१२राशि–सा०सूर्य) = „

उदाहरण

(१) मान लो सायन सूर्य २रा—१०°—१२′—२५″ है।

यह ३ राशि या ९०° से कम है तो पहिले नियम के अनुसार भुज बनाना होगा अर्थात् यही भुज होगा इसके अंश बनालो तो उसे भुजांश कहेंगे।

सा० सूर्य २रा—१०°—१२′—२५″
×३०
६० + १० = ७०°—१२′—२५″ भुजांश

यहां सायन सूर्य के भुजांश बनाए तो भुजांश ७०°–१२′–२५″ हुए।

(२) मानलो सायन सूर्य ३रा—५°—६′—१२″ है। यह ३ राशि से अधिक है और ६ राशि के भीतर है तो दूसरे नियम के अनुसार भुजांश बनाना होगा अर्थात् ६ राशि में से इसे घटाना होगा। यदि सबके अंश बने हैं तो ६ राशि के अंश १८०° में से इसे घटाना होगा।

राशि–अंश–क०, वि
६—०—०—०
सा०सू०३—५—६—१२ घटाया
शेष २–२४–५३—४८ = भुज

२रा–२४°–५३′—४८″
×३०
६० + २४ = ८४°-५३′-४८″ हुआ
∴ भुजांश ८४-५३′-४८″ हुआ

सायन सूर्य ३रा–५°–६′–१२″ के अंश बनाये
×३०
९० + ५=९५°–६′–१२″
= सायन सूर्यांश = ९५°–६′–१२″
इसे १८०° में से घटाने से भुजांश होगा।
१८०°–०′–०″
— ९५—६—१२ घटाया
८४—५३–४८ = भुजांश

दोनों रीति से एक ही उत्तर आता है।

(३) मानलो सायन सूर्य ८रा-४°-२०′-३″ है। यह ६ राशि से अधिक है और ९ राशि के भीतर है। इस कारण तीसरे नियम के अनुसार गणित करेंगे अर्थात् सायन सूर्य से ६ राशि घटाना होगा।

रा
सायन सूर्य ८–४°–२०′–३″
६–०—०–०
शेष २–४–२०–३ = भुज

रा
२–४°–२०′–३″
× ३०
६० + ४ = ६४°–२०′–३″
इसका भुजांश ६४°–२०′–३″ हुआ

रा
सायन सूर्य ८–४°–२०′–३″
× ३०
२४० + ४ = २४४°–२०′–३″
सायन सूर्यांश = २४४°–२०′–३″
१८०–०–० घटाये
शेष ६४–२०–३ = भुजांश

रा
(४) मान लो सायन सूर्य ११–२°–४′–६″ है यह ६ राशि से अधिक है और १२ राशि के भीतर ही है तो चौथे नियम के अनुसार गणित करना होगा अर्थात् १२ राशि से सायन सूर्य घटाना होगा।

रा० अं० क० वि०
१२–० – ० – ०
सा० सूर्य ११–२ – ४ – ६
शेष ०–२७–५५–५४ = भुज
इसके अंश बनाये।
= २७°–५५–५४ भुजांश हुआ।

रा
सा० सूर्य ११–२°–४′–६″
× ३०
३३० + २ = ३३२°–४′–६″
३६०°–०′–०″
३३२–४–६ सा० सूर्य के अंश
शेष २७–५५–५४ = भुजांश

इस प्रकार दोनों रीति से एक ही उत्तर आता है। भुजांश बनाने का काम आगे बहुत पड़ेगा। इसलिये इस के चारों नियमों को अच्छी प्रकार समझ लेना चाहिए।

चरखंड बनाना

चर खंड Ascessionald ifferences

सूर्योदय और अस्त जानने के लिये चर निकालना पड़ता है और चर निकालने के लिये सायन सूर्य का भुजांश निकालना पड़ता है। उस भुज का खंड निकाल कर चरखंड बनाना पड़ता है।

सूर्योदय = (१२ घंटा – दिनार्द्ध घंटा) } दिनार्द्ध घड़ी पल के घंटा मिनट
अस्त = (१२ घंटा + दिनार्द्ध घंटा) } बनाकर जोड़ना घटाना।

या दिनमान की घड़ी पल के घंटा मिनट बनाकर आधा कर लेना तो दिनार्द्ध घंटा होगा।

सूर्य का उदय अस्त जानने के लिये उस दिन का सायन सूर्य बनाकर उसके भुज बनाकर भुजांश बना लेना चाहिए। इससे चर बनाया जाता है।

भुजांश में ३०° का भाग दो तो जो लब्धि होगी उससे प्रगट होगा कि भुजांश कौन से खंड में है ।

(१) पहिला खंड = भुजांश यदि ३०° से कम हो = आदि खंड = आदि चर खंड
(२) दूसरा ,, = ,, ,, ३० से अधिक ६०° तक = मध्य खंड = मध्य ,,
(३) तीसरा ,, = ,, ,, ६० ,, ,, ९० तक = अंत्य खंड = अंत्य ,,

ऊपर जो सायन सूर्य का भुजांश बनाया है उसमें कौन सा खंड है यह जानने को ही उसमें ३० का भाग देते हैं। क्योंकि ३०° की एक राशि होती है और भुज में ३ राशि से (९० अंश से) अधिक नहीं होते। इस कारण भुजांश में अधिक से अधिक ३ खंड में हो सकते हैं।

३० का भाग देने से जितने वार भाग जावे उसे लब्धि कहते हैं। जो लब्धि प्राप्त हो (मिले) उसे गत खंड जानना। जो शेष बचता है उसे आगे का खंड समझो। इसका गणित करना पड़ता है कि ३०° में आदि, मध्य, या अन्त का इतना चरखंड है तो शेष में कितना होगा। जो उत्तर आयेगा उसे गत खंड में जोड़ना पड़ता है। जैसे ३० का भाग देने से लब्धि २ आया तो २ गत खंड समझना और शेष जो बचा वह तीसरे खंड का भाग हुआ।

जैसे भुजांश ७४°–३७′–०″ है यह ६० और ९०° के बीच में है तो तीसरा खंड (अन्त का खंड) हुआ। इसमें

३०)७४°–३७′(२ गत खंड ६० शेष १४–३७ तीसरे खंड का	३० का भाग दिया तो लब्धि २ आया इससे २ गत खण्ड हुआ। तीसरे खण्ड का शेष १४°–३७′ बचा।

प्रत्येक के चरखण्ड का आदि मध्य अन्त्य चर खण्ड का चक्र आगे दिया है और उसमें प्रत्येक अक्षांश के अनुसार चरखण्ड ३ प्रकार के दिये हैं, उससे देखना पड़ता है कि तीनों खण्ड कौन कौन हैं।

मान लो २३ अक्षांश पर अपना स्थान है, उसका गणित करना है तो चक्र देखा (जो आगे दिया है)

पहिला चरखंड ५०·९० = ५१ है दूसरा ,, ४०·७२ = ४१ है तीसरा ,, १६·९६ = १७ है आगे दी हुई चर खंड सारिणी के अनुसार	अब अपना गत खंड २ निकला था तो यहां दूसरा अर्थात् ४१ चरखंड हुआ और तीसरा १७ चर खंड हुआ।

अब ३० का भाग देने पर उपरोक्त प्राप्त लब्धि २ गत खंड था और तीसरे खंड का शेष १४°–३७′ बचा था, उससे गणित कर देखना है कि इसमें कितना चरखंड पड़ता है। तीसरा चरखंड का यह शेष है। तीसरा चरखंड १७ पल है।

३०° में १७ पल चरखंड होता है तो १४°–३७′ में कितना होगा ?

$$\frac{(१४^{\circ}–३७') \times १७ \text{ पल}}{३०^{\circ}} = \frac{२४८'२९}{३०} = ८ \text{ पल (तीसरे खंड का भाग)}$$

१४–३७	६०)६२९(१०
×१७	६०
९८ | २५९	२९
१४ | ३७	शेष
२३८ | ६२९÷६०	३०)२४८–२९(८
+१० | =२९	२४० पल
२४८	८
=२४८–२९÷३०	

पहिले बता चुके हैं कि गत खंड २ था इस कारण उपरोक्त दूसरा चरखंड ४१ लिया। इसमें तीसरे चरखंड का ८ जोड़ा तो ४१+८=४९ हुआ। अब इसमें शेष गत खंड अर्थात् पहिला चरखंड भी जोड़ दो। पहिला चर खंड ५१ है। ४९+५१ =१०० पल हुआ। यही चर हुआ।

यहां सायन सूर्य के भुजांश के अनुसार जितने खण्ड निकले हैं उन सबको जोड़ने से जो प्राप्त होता है वह चर होता है। यहां अन्त का अर्थात् तीसरा चरखण्ड पूरा नहीं था शेष १४°–३७′ ही था। इस कारण इसके अनुपात से जितना चरखण्ड पड़ा उतना ही जोड़ा गया।

आदि मध्य और अन्त चरखण्डों को जोड़ने से जो आता है उसे ही चर कहते हैं। उपरोक्त उदाहरण में गत खण्ड २ निकला था। इससे पहिला और दूसरा दोनों चरखण्डों का जोड़ गत खण्ड २ हुआ। पहिला चरखण्ड ५१+दूसरा ४१ था दोनों को मिलकर ९२ हुआ। यही गत खण्ड २ हुआ। अब इसमें तीसरे खण्ड का गणित से निकला (अनुपातिक भाग) ८ है। ९२+८=१०० हुआ। यही चर हुआ। गणित करने में अनुपात से अर्थात् अपने प्रमाण से जो भाग निकलता है उसे आनुपातिक भाग कहते हैं जैसे ऊपर निकाला है कि ३०° में १७ पल तो इसी अनुपात से १४°–३७′ का ८ पल निकला। यही अनुपातिक भाग हुआ।

आगे चरखण्ड सारिणी दी है उसमें आदि मध्य और अन्त्य ३ प्रकार के चरखण्ड दिये हैं। प्रत्येक अक्षांश के पृथक्-पृथक् चरखण्ड दिये हैं उसके द्वारा इष्ट अक्षांश का चरखण्ड सारणी से देखकर इस प्रकार खण्ड बना लेते हैं।

(१) पहिला खण्ड=आदि खण्ड=पहिला चरखण्ड
(२) दूसरा खण्ड=(आदि+मध्य खण्ड)
(३) तीसरा खण्ड=(आदि+मध्य+अन्त्य खण्ड)

इन्हीं खण्डों द्वारा चरखण्ड बनाये जाते हैं और चरखण्ड से (ऊपर बताई रीति से) चर बनाया जाता है। यहां खण्ड तो केवल जोड़ने के लिये बताया है। चरखण्ड चक्र के अनुसार लेना पड़ता है जो आगे दिया है।

चर खंड सारिणी

क्रमांक	आदि चरखंड पल	मध्य चरखंड पल	अन्त्य चरखंड पल	क्रमांक	आदि चरखंड पल	मध्य चरखंड पल	अन्त्य चरखंड पल
	चरखंड				चरखंड		
१	२·१०	१·६८	०·७३	३१	७२·१०	५७·६८	२४·३३
२	४·४०	३·३६	१·४०	३२	७५·००	६०·००	२५·००
३	६·३०	५·०४	२·१०	३३	७७·९०	६२·३२	२५·९६
४	८·४०	६·७२	२·८०	३४	८०·९०	६४·७२	२६·९६
५	१०·५०	८·४०	३·५०	३५	८४·००	६७·२०	२८·०
६	१२·६०	१०·०८	४·२०	३६	८७·१०	६९·६८	२९·०३
७	१४·७०	११·७६	४·९०	३७	९०·४०	७२·३२	३०·१३
८	१६·९०	१३·५२	५·६३	३८	९३·७०	७४·९६	३१·२३
९	१९·००	१५·२०	६·३३	३९	९७·२०	७७·७६	३२·४
१०	२१·२०	१६·९६	७·०६	४०	१००·६०	८०·४८	३३·५३
११	२३·३०	१८·६४	७·७६	४१	१०४·३०	८३·४४	३४·७३
१२	२५·५०	२०·४०	८·५०	४२	१०८·००	८६·४०	३६·००
१३	२७·००	२१·७०	८·८०	४३	१११·९०	८९·५२	३७·३०
१४	२९·९०	२३·९२	९·९६	४४	११५·८०	९२·६४	३८·६०
१५	३२·१०	२५·६८	१०·७०	४५	१२०·०	९६·०	४०·०
१६	३४·४०	२७·५२	११·४६	४६	१२४·२०	९९·३६	४१·४०
१७	३६·६०	२९·२८	१२·२०	४७	१२८·७०	१०२·९६	४२·९०
१८	३९·००	३१·२०	१३·००	४८	१३३·३०	१०६·६४	४४·४३
१९	४१·३०	३३·०४	१३·७६	४९	१३८·००	११०·४०	४६·००
२०	४३·७०	३४·९६	१४·५६	५०	१४३·००	११४·४०	४७·६६
२१	४६·००	३६·८०	१५·३३	५१	१४८·२०	११८·५६	४९·४०
२२	४८·५०	३८·८०	१६·१६	५२	१५३.५०	१२२·८३	५१·१७
२३	५०·९०	४०·७२	१६·९६	५३	१५९·२०	१२७·३६	५३·०६
२४	५३·४०	४२·७२	१७·८०	५४	१६५·२०	१३२·१६	५५·०६
२५	५५·९०	४४·७२	१८·६३	५५	१७१·३०	१३७·०४	५७·१०
२६	५८·५०	४६·८०	१९·५०	५६	१७७·९०	१४२·३२	५९·३०
२७	६१·१०	४८·८८	२०·३६	५७	१८४·६०	१४७·८४	६१·६०
२८	६३·८०	५१·०४	२१·२६	५८	१९२·००	१५३·६०	६४·००
२९	६६·५०	५३·२०	२२·१६	५९	१९७·७०	१५९·७६	६६·५६
३०	६९·३०	५५·४४	२३·१०	६०	२०७·८०	१६६·२४	६९·२४

उपरोक्त जो चरखंड दिया है उसका अनुपात प्रायः इस प्रकार है ।

(१) पहिला चरखंड···१० गुना
(२) दूसरा ,, ··· ८ गुना
(३) तीसरा ,, ···$\frac{१०}{३}$ गुना

ऊपर पल दशमलव में दिया है जैसे २ दशमलव १०=२·१० अर्थात् लगभग ३ हुआ ।

चरखंड सारिणी अन्य प्रकार से

अक्षांश	चरखण्ड पहिला	दूसरा	तीसरा	अक्षांश	चरखंड पहिला	दूसरा	तीसरा	अक्षांश	चरखंड पहिला	दूसरा	तीसरा
	१	२	३		१	२	३		१	२	३
अं० क०	असु	असु	असु	अं० क०	असु	असु	असु	अं० क०	असु	असु	असु
६°–०'	७४	५९	२४	१७°–०'	२१४	१७३	७१	२८°–०'	३७३	३०४	१२५
६–१५	७७	६१	२५	१७–१५	२१८	१७६	७२	२८–१५	३७७	३०७	१२५
६–३०	८०	६४	२६	१७–३०	२२१	१७९	७३	२८–३०	३८१	३१०	१२८
६–४५	८३	६६	२७	१७–४५	२२५	१८१	७४	२८–४५	३८५	३१३	१३०
७–०	८७	६८	२९	१८–०	२२८	१८४	७५	२९–०	३८९	३१७	१३१
७–१५	८९	७१	३०	१८–१५	२३१	१८७	७६	२९–१५	३९३	३२०	१३२
७–३०	९२	७५	३०	१८–३०	२३४	१९०	७८	२९–३०	३९७	३२४	१३३
७–४५	९५	७७	३१	१८–४५	२३८	१९३	७९	२९–४५	४०१	३२७	१३५
८–०	९८	८०	३२	१९–०	२४१	१९६	८०	३०–०	४०६	३३०	१३६
८–१५	१०१	८३	३३	१९–१५	२४५	१९९	८२	३०–१५	४०९	३३४	१३८
८–३०	१०५	८४	३४	१९–३०	२४८	२०१	८३	३०–३०	४१३	३३८	१३९
८–४५	१०८	८६	३६	१९–४५	२५१	२०४	८३	३०–४५	४१७	३४१	१४१
९–०	१११	८९	३७	२०–०	२५५	२०७	८५	३१–०	४२१	३४५	१४३
९–१५	११४	९२	३७	२०–१५	२५८	२१०	८६	३१–१५	४२५	३४९	१४४
९–३०	११७	९५	३८	२०–३०	२६२	२१२	८७	३१–३०	४३०	३५२	१४५
९–४५	१२०	९८	४०	२०–४५	२६५	२१५	८८	३१–४५	४३४	३५६	१४७
१०–०	१२३	१००	४१	२१–०	२६९	२१८	८९	३२–०	४३८	३६०	१४८
१०–१५	१२६	१०२	४२	२१–१५	२७२	२२१	९१	३२–१५	४४२	३६३	१५०
१०–३०	१३०	१०४	४३	२१–३०	२७६	२२४	९२	३२–३०	४४७	३६६	१५२
१०–४५	१३३	१०७	४४	२१–४५	२८०	२२७	९३	३२–४५	४५१	३७१	१५३

११—०	१३६	११०	४५	२२—०	२८३	२३०	९४	३३—०	४५५	३७५	१५४
११—१५	१३९	११३	४६	२२—१५	२८७	२३४	९५	३३—१५	४६०	३७८	१५६
११—३०	१४२	११६	४७	२२—३०	२९०	२३७	९५	३३—३०	४६५	३८१	१५७
११—४५	१४५	११८	४८	२२—४५	२९४	२४०	९७	३३—४५	४६९	३८५	१५९
१२—०	१४९	१२०	४९	२३—०	२९७	२४२	९९	३४—०	४७३	३८९	१६१
१२—१५	१५२	१२२	५०	२३—१५	३००	२४५	१०१	३४—१५	४७७	३९४	१६३
१२—३०	१५५	१२६	५१	२३—३०	३०४	२४८	१०२	३४—३०	४८२	३९७	१६४
१२—४५	१५८	१२८	५२	२३—४५	३०८	२५१	१०३	३४—४५	४८६	४०१	१६६
१३—०	१६२	१३०	५३	२४—०	३१२	२५४	१०४	३५—०	४९१	४०५	१६८
१३—१५	१६५	१३३	५४	२४—१५	३१५	२५७	१०६	३५—१५	४९५	४०९	१७०
१३—३०	१६८	१३६	५५	२४—३०	३१९	२६०	१०७	३५—३०	५००	४१३	१७१
१३—४५	१७१	१३९	५६	२४—४५	३२२	२६४	१०८	३५—४५	५०५	४१७	१७३
१४—०	१७५	१४१	५७	२५—०	३२६	२६७	१०८	३६—०	५१०	४२१	१७४
१४—१५	१७८	१४४	५८	२५—१५	३३०	२७०	११०				
१४—३०	१८१	१४७	५९	२५—३०	३३४	२७३	१११	५३—०	६४०	८१४	३६१
१४—४५	१८४	१५०	६१	२५—४५	३३८	२७५	११३				
१५—०	१८८	१५२	६२	२६—०	३४२	२७८	११४				
१५—१५	१९१	१५५	६३	२६—१५	३४५	२८१	११६				
१५—३०	१९४	१५७	६५	२६—३०	३४९	२८५	११७				
१५—४५	१९७	१६०	६६	२६—४५	३५३	२८८	११९				
१६—०	२०१	१६२	६७	२७—०	३५७	२९१	१२०				
१६—१५	२०४	१६५	६८	२७—१५	३६१	२९५	१२१				
१६—३०	२०७	१६९	६८	२७—३०	३६५	२९८	१२२				
१६—४५	२१०	१७१	१७३	२७—४५	३६९	३०१	१२४				

टिप्पणी—भारतवर्ष में अक्षांश ६° से ३६° तक है। इस कारण इनका ही असु दिया है। इसमें जो अक्षांश दिये हैं उससे समीप का लेना। जैसे २३°–७०′ का चाहिए तो २३°–७५′ लेना। अर्थात् इसमें जो दिया है उसके समीप का लेना चाहे कुछ कम या ज्यादा हो। १० विपल या ४ सेकण्ड का १ असु होता है जिसका कि इसमें चरखण्ड का प्रमाण दिया है।

चर निकालने का उदाहरण

८ जुलाई १९४३ ई० अक्षांश २३° उत्तर का दिनमान सूर्योदय आदि जानने के लिये चर निकालना। चरखण्ड सारिणी में २३° अक्षांश के आगे चरखण्ड इस प्रकार दिये हैं।

चरखण्ड २३° अक्षांश का	(१) आदि ५०·९० पल =५१ खण्ड पहला =५१	(२) मध्य ४०·७२ पल =४१ दूसरा (आदि + मध्य) ५१ + ४१ =९२	(३) अन्त्य १६·९६ पल =१७ तीसरा (आदि + मध्य + अन्त्य) ५१ + ४१ + १७ =१०९

उस दिन प्रातः रवि स्पष्ट रा० अं० २–२१–४२′–२२″ पंचांग में दिया है इसका सायन सूर्य बनाने के लिये इसमें अयनांश जोड़ना पड़ेगा। सन् १९४३ का शाके १८६५ है इस पर से अयनांश बनाया।

$$\frac{\text{शाका} - ४४४}{६०} = \text{अयनांश}$$

शाके १८६५
  − ४४४
६०) १४२१ (२३ अंश
  १२०
  २२१
  १८०
  ४१ कला
= २३°–४१′ अयनांश

ग्रह लाघवमत के अनुसार अयनांश
२३–४१′ आया

रा
प्रातः रवि स्पष्ट २–२१°–४२′–२२″
+ अयनांश ०–२३ –४१ –० जोड़ा
= सायन सूर्य = ३–१५–२३–२२
रा
इसके अंश बनाये ३–१५°–२३′–२२″
×३०
९० + १५ = १०५°–२३′–२२″
= सायन सूर्यांश = १०५°- २३′–२२″
सायन सूर्यांश = के भुज बनाये।

सूर्य के अंश ९० और १८०° के बीच में है। तो दूसरे नियम के

अनुसार १८०°–०′–०″
– १०५–२३–२२ सूर्यांश घटाया
शेष ७४–३६–३८ = सूर्य का भुजांश हुआ।

इसमें विकला को जो आधे से ज्यादा है इससे १′ माना तो ७४°–३७′ भुजांश हुआ। भुजांश ७४°–३७′ है यह ६० और ९०° के बीच है तो तीसरा खण्ड हुआ। इसमें ३० का भाग दिया तो

३०) ७४°–३७′ (२ गत खण्ड
६०
१४–३७ शेष तीसरे खण्ड का

लब्धि २ गत खण्ड हुए और तीसरे खण्ड का शेष १४°–३७′ आया।

गत खण्ड २ है इससे इसमें आदि और मध्य उपरोक्त चर खण्ड जोड़ा। आदि ५१ + मध्य ४१ = ९२ यह दूसरा खण्ड का सम्पूर्ण चर हुआ। अब देखना है तीसरे खण्ड के पूरे १७ चरखण्ड में से अनुपातिक चर कितना मिलता है। अपना तीसरे खण्ड का शेष १४°–३७′ था।

त्रैराशिक गणित से निकला ३०° में तीसरा चरखण्ड १७ है तो १४°–३७′ में कितना ?

$$\frac{(१४^\circ–३७')\times १७}{३०} = \frac{२४८ – २९}{३०} = ८\ \frac{८}{३०}\ \text{पल} = ८\ \text{पल चर}$$

उपरोक्त गत खंड के चर ९२ में तीसरे खंड का प्राप्त चर ८ जोड़ा तो ९२ + ८ = १०० पल चर आया = घड़ी – पल ऊपर गणित के लिये चर खंड लिया
१ – ४०
था और जोड़ने के लिये खंड लिया है इसका ध्यान रहे। यह ऊपर के उदाहरण से समझ में आजायेगा।

सूर्य का उदय अस्त आदि जानना

जब चर निकल गया तो उससे निम्न रीति से सूर्योदय आदि निकाल सकते हैं।

१५ घटो ± चर = दिनार्द्ध घटी = सायन सूर्य उत्तर गोल (मेष से कन्या तक) + धन
" दक्षिण " (तुला से मीन तक) ऋण

दिनार्द्ध × २ = दिनमान घटी पल

(६० घटी – दिनमान) = रात्रिमान

(१२ घंटा – दिनार्द्ध घंटा) = सूर्योदय घंटा
(१२ घंटा + दिनार्द्ध घंटा) = सूर्यास्त घंटा
} दिनार्द्ध घटी पल के घंटा मिनट बना कर जोड़ना या घटाना

उदाहरण

घ. प.
अपना चर १०० पल = १ – ४० आया इसे चरफल भी कहते हैं।

दिनार्द्ध = घटी चर घ. पल १५ + १ – ४० = १६–४० घ. प. दिनमान = दिनार्द्ध × २ = ३३ – २० १६ – ४० घ. प. रात्रिमान = ६० घटी (३३–२०) = २६–४०	रा ० = सायन सूर्य ३ – १५ (कर्क) है यह मेषादि (उत्तर गोल) है तो + किया मेषादि = मेष से कन्या तक तुलादि = तुला से मीन तक

घ. प. घ. मि.
दिनार्द्ध १६ – ४० = ६ – ४०

सूर्योदय = १२ घंटा – दिनार्द्ध घंटा घ. मि.
दोपहर ६ – ४० = ५ – २०

घ. मि.
सूर्यास्त = १२ घंटा + (६ – ४०) दिनार्द्ध घंटा = ६ – ४० संध्या

अब सूर्य की उत्तर या दक्षिण क्रांति के अनुसार चर को जोड़ या घटा कर उदय अस्त का समय निकालना आगे वताया है। इसमें चर पल के मिनट बना कर घंटा मिनट में उदय अस्त निकाला है।

सूर्य क्रांति दक्षिण में = दक्षिण गोल २३ सितम्बर से २१ मार्च तक सायन सूर्य तुला से मीन राशि तक	सूर्य क्रांति उत्तर में = उत्तरगोल २१ मार्च से २३ सितम्बर तक सायन सूर्य मेष से कन्या राशि तक
सूर्योदय = ६ घंटा + चर मिनट सूर्यास्त = ६ घंटा – चर मिनट	सूर्योदय = ६ घंटा – चर मिनट सूर्यास्त = ६ घंटा + चर मिनट

सूर्योदय = (१२ घंटा – सूर्यास्त)

दिनमान घंटा = १२ घंटा ± (चर फल मिनट में × २) = उत्तर क्रांति दक्षिण क्रांति
+ —

दिनमान घटी = ३० घटी ± (चर फल पल × २) = + —

दिनार्द्ध घंटा = ६ घंटा ± (चर फल मिनट) = + —

दिनमान घड़ी = दिनार्द्ध घंटा × ५

= सूर्यास्त घंटा = दिनमान घटी पल ÷ ५

उपरोक्त चर ८ जुलाई १९४३ ई० का निकाला था

उत्तर क्रांति है। चर १ घ.४० पल निकाला था इसके मिनट बनाये।

१ घड़ी = २४ मि. ४० पल = १६ मि. ४० मिनट	तो ४० मिनट हुए।

	घ. मि०	घंटा सूर्यास्त घ. मि.
सूर्योदय = ६ घंटा − चर ४० मिनट =	५ − २०	१२ − ६ − ४० = ५ − २०
सूर्यास्त = ६ घंटा + चर ४० मिनट =	६ − ४०	१२ − सूर्योदय = ६ − ४०
		५ − २०

घं. मि. घ. पल

दिनार्द्ध घंटा = ऊपर ६ − ४० दिया है = १६ − ४०

सूर्यास्त = १२ घंटा + दिनार्द्ध घंटा = घंटा − मि.

६ − ४० ६ − ४०

चर निकालने का दूसरा उदाहरण

रा.

मान लो सायन सूर्य ०−१०°−१५′−१८″ (सूर्य उत्तर गोल) है सायन सूर्य के भुजांश बनाना है। सूर्य १०° − १५′ − १८″ है यह ९०° के भीतर है इस कारण यही भुज हुआ।

इस भुज में ३० का भाग दिया तो लब्धि० आया तो गत खंड कुछ नहीं है शेष १०° − १५′ − १८″ यह पहिला खंड हुआ।

मान लो २२ अक्षांश का चर निकालना है। चरखंड सारिणी में देखा। २२ अक्षांश का पहिला चरखंड ४८·५० = ४९ पल है। आगे के और चरखंड की आवश्यकता नहीं है इसलिये उनको छोड़ दिया। अब देखना है त्रैराशिक से अनुपातिक चरखंड शेष १०°−१५′−१८″ का कितना निकलता है। शेष की १८ विकला ३० से कम है तो उसे छोड़ दिया केवल १०° − १५′ लिया।

३०° में ४९ पल चरखंड तो शेष १०° − १५′ में कितना होगा ?

पल विपल मि० से०

$$\frac{(१०° - १५') \times ४९}{३०} = \frac{५०२° - १५}{३०} = १६ - ४४ \text{ चर} = ६ - ४१$$

```
  १०−१५        ६०) ७३५ (१२ ३०) ५०२−१५ (१६ पल
   ×४९            ६०           ३०                मि. से
४९०  | १३५        १३५         २०२         १६ पल = ६−२४
     | ६०         १२०         १८०         ४४ वि. = −१७−३६
                   १५         २२×६०            ६−४१−३६
४९० | ७३५÷६०                  १३२०+१५          = ६−४१
+१२ | = १५              ३०) १३३५ (४४          मिनट से०
५०२                          १२० विपल           चर
= ५०२−१५                     १३५
                             १२०
                              १५
```

इसमें गत खंड कुछ नहीं है इससे इसमें कुछ भी जोड़ना नहीं पड़ा। पहिले खंड से भी चर निकला है। सूर्य क्रांति उत्तर है तो सूर्यास्त के लिये चर + होगा।

	घं. मि. से.	१२–०–०
सूर्यास्त = घंटा ६ + ६ – ४१ चर मिनट	= ६ – ६ – ४१	–६–६–४१
सूर्योदय = (१२ घंटा – ६ – ६ – ४१ अस्त)	= ५–५३–१९	५–५३–१९
		सूर्योदय

सूर्य की क्रांति निकालना आगे बताया है। किसी-किसी पंचांग में सूर्य की क्रांति दी रहती है और यह भी लिखा रहता है कि क्रांति उत्तर है या दक्षिण।

घ. प. वि. घंटा मि. से.

दिनार्द्ध = १५ घड़ी + १६–४४ चरपल = १५–१६–४४ = ६–६–४१ (अस्त घंटा).

(यहां चर + होने से जोड़ा)

घ. प. वि. घ. प. वि.

दिनमान = दिनार्द्ध १५–१६–४४ × २ = ३०–३३–२८

चर निकालने का तीसरा उदाहरण

रा

मान लो सायन सूर्य ५–४–६′–१०″ है सूर्य उत्तर गोल अक्षांश २१ है।

सायन सूर्य के अंश बनाये = १५४°–६′–१०″ इसका भुजांश बनाये। यह ९० और १८०° के बीच में है तो दूसरे नियम के अनुसार १८०° में से इसे घटा दो।

१८०°–०′–०″	अब देखना है कि भुजांश २५°–५३′–३०″
१५४–६–१० सूर्यांश	में कितने गत खंड हुए हैं ईसमें ३० का भाग दिया तो
= २५–५३–५० = भूजांश	लब्धि शून्य होने से गत खंड कुछ नहीं है। शेष

२५°–५३′–५०″ हुआ। ५०″ आधे से अधिक है इससे १′ मान कला में बढ़ा दिया तो शेष २५°–५४′ हुआ। यह पहिला चरखंड हुआ।

२१ अक्षांश में पहिला चरखंड ४६·०० = ४६ पल है।

३०° में ४६ पल तो शेष २५°–५४′ में कितना ?

प० वि०

मि० से०

$$\frac{(२५–५४) \times ४६}{३०} = \frac{११९१–२४}{३०} = ३९–४२ \text{ चर} = १५–५२$$

```
 २५–५४
   × ४६
 १५०  | ३२४
 १००  | २१६
 ११५० | २४८४ ÷ ६०
 + ४१ | = २४
 ११९१
 = ११९१–२४ ÷ ३०
```

```
६०)२४८४(४१
   २४० अंश
     ८४
     ६०
     २४
    कला

३०)११९१(३९
   ९०   पल
   २९१ शेष में ६० का गुणा करके
   २७० ३० का भाग देने के बदले
    २१ शेष को दुगना कर देना
   × २ चाहिए ।
    ४२ विपल
```

पल वि॰ घ॰ प॰ वि॰ घ॰ मि॰ से॰

दिनार्द्ध = १५ घटी + चर ३९–४२ = १५–३९–४२ = ६–१५–५२

सूर्योदय = १२ घंटा–दिनार्द्ध घंटा–मि॰से॰ ६-१५-५२ = घ॰ मि॰से॰५-४४-८

सूर्योदय = ६ घंटा–चर मिनट १५–५२ = ५–४४–८

उत्तर गोल होने से यहां चर ऋण हुआ ।

चौथा उदाहरण चर निकालने का

रा

मान लो सायन सूर्य ७–१०°–४′–६″ है । सूर्य दक्षिण गोल अक्षांश २४ है । सूर्य ६ और ९ राशि के बीच में है तो ६ राशि घटाने से सूर्य की भुज निकल आयगी ।

```
        रा
सा. सू. ७–१०°–४′–६″
       —६–० –० –०
शेष १–१० –४ –६ भुज
    रा
    १–१०°–४′–६″
  × ३०
  ३० + १० = ४०°–४′–६″
            भुजांश
३०)४०–४–६(१ गत खंड
   ३०
शेष १०–४–६
```

फिर भुज के भुजांश बनाये । भुजांश ४०°–४′–६″ हुए । इसका कौन खंड है जानने को ३० का भाग दिया १ बार भाग गया तो गत खण्ड १ हुआ शेष १०°–४′–६″ दूसरे खंड का भाग हुआ । २४ अक्षांश का पहिला चरखण्ड ५३·४० = ५४ और दूसरा खंड ४२·७२ = ४३ है। गत खंड १ का ५४ चरखंड हुआ । अब दूसरे खंड का कितना अनुपातिक चर निकलता है, देखते हैं ।

३०° में दूसरा चरखंड ४३ है तो शेष १०°–४′–६″ में कितना ?

यहाँ ६″ को छोड़ दिया । शेष केवल १०–४′ ही लिया ।

प० वि०

$\frac{(१०°\text{-}४') \times ४३}{३०} = \frac{३३२\text{-}५२}{३०} = १४\text{-}२५$

१०–४ ३०)४३२–५२(१४ पल
×४३ ३० पल
४३० | १७२ ÷ ६० १३२ = १४-२५-४४
+२ | = ५२ १२०
४३२ १२–५२
=४३२–५२÷३० ×२
२५–४४

पल वि०
गत खंड का चर ५४–०
दूसरे ,, का ,, १४–२५
शेष = चर ६८–२५

पल वि० घ० प० वि०
∴ चर ६८–२५ = १–८–२५
= मिनट से०
२७ – २२

दक्षिण गोल होने से चर + हुआ। घ० मि० से०

सूर्योदय = ६ घंटा + चर मिनट २७–२२ = ६–२७–२२

दिनमान सूर्योदय आदि जानने के लिये सूर्य क्रांति निकालना।

पहिले इष्ट दिन का सायन सूर्य वनालो फिर उस सायन सूर्य से सूर्य की क्रांति निकालो। कई पंचांगों में प्रतिदिन की सूर्य की क्रांति दी रहती हैं। यदि क्रांति, पंचांग में न दी हो तो स्थूल रूप से सूर्य की क्रांति नीचे बताई रीति से निकाल लेना।

स्थूल सूर्य क्रांति साधन

$\frac{\text{सायन रवि भुजांश}}{१५}$ = लब्धि = पहिला अंक (इस अंक तक सब अंक जोड़ो = अंक योग

शेष = शेषांक

लब्धि + १ = अग्रिम अंक = ऐष्य अंक (आगे का अंक)

$\frac{\text{अग्रिम अंक} \times \text{शेषांक}}{१५}$ + अंक योग = अंशादि स्थूल क्रांति उत्तर या दक्षिण।

क्रम	१	२	३	४	५	६
ध्रुव अंक	६	६	५	४	२	१

उदाहरण

मान लो सायन रवि २–१४°–७'–४८" है। इसके भुज बनाये। यह ३ राशि से कम है तो यही भुज हुआ। अब इस सूर्य भुज के भुजांश बनाये तो ७४°–७'–४८"

रा
सूर्य भुज २–१४°–७'–४८"
×३०
६० + १४ = ७४°–७'–४८"
भुजांश
१५) ७४–७–४८–४८ (४ लब्धि
६०
शेष १४–७–४८

हुए। इसमें १५ का भाग दिया = ४ बार भाग गया = लब्धि ४ हुई। शेष १४–७–४८ = शेषांश हुआ। यहां लब्धि ४ है तो क्रम ४ तक सब ध्रुवांकों को जोड़ो तो ६ + ६ + ५ + ४ = २१ इस प्रकार चारों अंकों का योग २१ हुआ। लब्धि ४ थी = ४ + १ = ५ अग्रिम अंक अर्थात् लब्धि के आगे का अंक हुआ। ५ का ध्रुवांक २ है = अग्रिम अंक २

$$\frac{\text{अग्रिम अंक २ × शेषांक १४°–७′–४८″}}{\text{१५}} + \text{२१ अंक योग}$$

$$= \frac{\text{२८–१५–३६}}{\text{१५}} + \text{२१} = (\text{१°–१५′–२″}) + \text{२१} = \text{२२°–१५′–२″ उत्तर क्रांति}$$

१५) २८–१५–३६ (१ अंश
     १५
     १३ × ६०
     ७८० + १५
१५) ७९५ (५३′
     ७५
      ४५
      ४५
       ०
१५) ३६ (२″
     ३०
      ६

यहां सायन सूर्य मिथुन का है = मेषादि है। मेषादि में उत्तर क्रांति होती है।
= सूर्य क्रांति २२°–१५′–२″ उत्तर

सूर्य क्रांति निकालने की उपरोक्त रीति का स्पष्टीकरण—

सायन सूर्य के भुजांश बनालो फिर केवल अंशों में १५ का भाग दो जो लब्धि मिले उसके क्रम (नंबर) तक चक्र में जितने अंक दिये हों सबको जोड़ डालो। जो योग होगा वह अंक योग हुआ और १५ का भाग देने से जो शेष अंक कला विकला आदि बचा वह शेषांश कहलाया। लब्धि में १ और मिलाया तो जो प्राप्त हुआ उस क्रम के नीचे जो अंक हो वह अग्रिम अंक हुआ। फिर त्रैराशिक गणित से निकालो १५ में अग्रिम अंक इतना हुआ तो शेषांश में कितना होगा ? शेषांश में अग्रिम अंक का गुणा कर १५ का भाग दो। भाग देने से जो अंश कला विकलादि आवें उसमें अंक योग जोड़ दो तो सायन सूर्य की क्रांति निकल आवेगी। सूर्य क्रांति उत्तर या दक्षिण जानना पहिले बता चुके हैं।

सायन सूर्य मेषादि (मेष से कन्या तक) हो तो उत्तर क्रांति और तुलादि (तुला से मीन तक) में दक्षिण क्रांति होती है। क्रांति साधन के लिये सदा सायन सूर्य लेना चाहिए।

गणित करने की अड़चन से बचने के लिए और ठीक-ठीक क्रांति जानने के लिये आगे एक क्रांति-सारिणी दी है उससे ठीक-ठीक क्रांति निकल आती है।

आगे दी हुई क्रांति-सारिणी में ऊपर सायन सूर्य की राशियां दी हैं। बाईं ओर आरंभ की खड़ी पंक्ति में उन राशियों के अंश दिये हैं। नीचे जो सायन सूर्य की राशियां दी हैं उनके अंश दाहिनी ओर छोर में खड़ी पंक्ति में नीचे से ऊपर को दिये हैं। जिस राशि अंश की सोध में सूर्य की क्रांति के अंश कलादि प्राप्त हों वही सूर्य की क्रांति जानना।

क्रांति सारिणी

सायन सूर्य अंश	०राशि ६राशि अं. क. वि.	१राशि ७राशि अं. क. वि.	२ राशि ८ राशि अं. क. वि.	सायन सूर्य अंश
०	० ० ०	११ २८ ४८	२० ९ ४८	३०
१	० २३ ५४	११ ४९ ४८	२० २२ १८	२९
२	० ४७ ५४	१२ १० ३६	२० ३४ ३०	२८
३	१ ११ ४२	१२ ३१ १२	२० ४६ १८	२७
४	१ ३५ ३०	१२ ५१ ४२	२० ५७ ४२	२६
५	१ ५९ १८	१३ ११ ४८	२१ ८ ४२	२५
६	२ २३ ६	१३ ३१ ४८	२१ १९ १८	२४
७	२ ४६ ४८	१३ ५१ ३०	२१ २९ ३६	२३
८	३ १० ३६	१४ १० ०	२१ ३९ २४	२२
९	३ ३४ १८	१४ ३० १८	२१ ४८ ५४	२१
१०	३ ५७ ४८	१४ ४९ २४	२१ ५८ ०	२०
११	४ २० २४	१५ ८ १२	२२ ६ ३६	१९
१२	४ ४४ ४८	१५ २६ ४२	२२ १४ ४८	१८
१३	५ ८ १२	१५ ४५ ०	२२ २२ ३०	१७
१४	५ ३१ ३०	१६ ३ ६	२२ २९ ४८	१६
१५	५ ५४ ४८	१६ २१ ०	२२ ३६ ३६	१५
१६	६ १८ ०	१६ ३८ ३०	२२ ४३ ०	१४
१७	६ ४० ५४	१६ ५५ ३६	२२ ४९ ०	१३
१८	७ ३ ५४	१७ १२ २४	२२ ५४ ४२	१२
१९	७ २६ ४२	१७ २९ ०	२२ ५९ ५४	११
२०	७ ४९ ३०	१७ ४५ १२	२३ ४ ४३	१०
२१	८ १२ ०	१८ १ १२	२३ ९ ०	९
२२	८ ३४ २४	१८ १६ ४८	२३ १२ ४८	८
२३	८ ५६ ४८	१८ ३२ ६	२३ १६ ६	७
२४	९ १८ ५४	१८ ४७ १२	२३ १९ ६	६
२५	९ ४१ ०	१९ १ ४८	२३ २१ ३६	५
२६	१० २ ५४	१९ १६ १२	२३ २३ ३६	४
२७	१० २४ ३६	१९ ३० ०	२३ २५ १२	३
२८	१० ४५ ५४	१९ ४३ ४२	२३ २६ २४	२
२९	११ ७ ४८	१९ ५६ ५४	२३ २७ ६	१
३०	११ २८ ४८	२० ९ ४८	२३ २७ १८	०
सायन सूर्य अंश	५ राशि ११ राशि	४ राशि १० राशि	३ राशि ९ राशि	सायन सूर्य अंश

क्रांति सारिणी देखने की रीति :—

ऊपर जो राशियां दी हैं उनके अंश बाईं ओर दिये हैं और जो नीचे राशियां दी हैं उनके अंश दाहिनी ओर नीचे से ऊपर को दिये हैं। उनके सीध में सूर्य की क्रांति दी है।

रा

जैसे २-१४°-७′-४८″ सायन सूर्य की क्रांति निकालना है तो २ राशि ऊपर दी है उसके नीचे और बाईं ओर दिये हुए १४° के सीध में क्रांति २२°-२९′-४८″ दिया है। यही उत्तर क्रांति हुई। क्योंकि सा० सूर्य मिथुन का है जो मेषादि है।

यदि सा० सूर्य ६°-२५′ है तो ६ राशि ऊपर दी है उसके बाईं ओर २५° के सीध में और ६ राशि के नीचे ९°-४१′-०″ क्रांति दी है। तुला के सूर्य हैं। तुलादि होने से दक्षिण क्रांति हुई।

रा

सा० सूर्य ३-२५° हैं तो ३ राशि नीचे दी है। इस के दाहिनी ओर २५° के सीध में ३ राशि के

ऊपर २१° – ८′ – ४२″ क्रांति दी है। कर्क का सूर्य है मेषादि है। उत्तर क्रांति हुई।

रा

सा० सूर्य ९–२५° है ९ राशि नीचे दी है। दाहिनी ओर के २५° लिये। २५° के सीध में और ९ राशि के ऊपर २१°–८′–४२″ दिया है। यही क्रांति हुई। सूर्य मकर के हैं तुलादि हैं तो दक्षिण क्रांति हुई।

इस प्रकार सायन सूर्य के केवल राशि ओर अंश के अनुसार अभी क्रांति मिली है। यदि सायन सूर्य की शेष कला विकला की भी क्रांति निकालना आवश्यक हो तो जिस अंश से क्रांति निकाली है उसके अंशादि क्रांति और उसके आगे के अंश की क्रांति लो फिर दोनों क्रांति का अन्तर निकालो। उपरान्त त्रैराशिक से निकालो कि ६० कला (एक अंश) में इतना अंतर क्रांति में पड़ता है तो इतने कला विकला में कितना अंतर पड़ेगा ? जो उत्तर आवे उसे आई हुई क्रांति में ± करना अर्थात् यदि आगे की क्रांति बड़ी हो तो जोड़ना, यदि छोटी हो तो घटाना। तब जो प्राप्त हो वही अंश कलादि सायन सूर्य की क्रांति होगी।

रा

जैसे पहिले उदाहरण में सा० सू० २–१४°–७′–४८″ लिया था। २ रा० १४ अंश की क्रांति २२°–२९′–४८″ निकाल चुके हैं अब ७′–४८″ की और चाहिए। इसमें विकला २८ आवे से ज्यादा है तो १′ माना। शेष ७′ को ८′ हो गई। ८ कला की क्रांति और चाहिए।

१४° की क्रांति २२–२९–४८
१५° „ „ २२–३६–३६

२२°–३६′–३६″
—२२ –२९ –४८
दोनों का अंतर ० – ६ –४८ +

आगे की क्रांति बड़ी होने से इसे जोड़ना पड़ेगा।

६०′ में ६′–४८″ अंतर है तो ८ में कितना ?

८×(६–४८) / ६० = ५४-२४ / ६० = ०′-५४″ क्रांति

+ प्राप्त १४° की क्रांति २२°–२९′–४८″
८′ „ + ० – ० –५४
रा = २२ –३० –४२

∴ सा० सू० २–१४°–८′ की क्रांति २२°–३०′–४२″ हुई

दूसरा उदाहरण

रा

सा० सू० ९–२०–१०'–१५'' है। ९ राशि नीचे दी है। दाहिनी ओर के २०

रा

अंश के सामने और ९ राशि के ऊपर देखा तो ९–२०° की क्रांति =२१°–५८'–०'' मिली। अब १०'–१५'' की और चाहिए। १५'' आधे से कम है तो छोड़ दिया। केवल १०' लिया। यदि पूरे १०'–१५'' का ही निकालना हो तो उसका भी निकाल सकते हो।

२०° = की क्रांति = २१°–५८'–०''
२१° = ,, ,, २१–४८–५४
दोनों का अंतर = ०–९ –६ ऋण
(आगे की क्रांति छोटी होने से ऋण)
६०'' में ९–१६ अंतर तो १०'–१५'' में कितना ?

(९–६) × (१०–१५) / ६० = ९३–१६–३० / ६० = १'–३३''

रा
९–२०° की क्रांति = २१°–५८'–०''
१०'–१५'' ,, = ०–१ –३३ घटाया
शेष = २० –५६ –२७

रा
∴ ९–२०°–१०'–१५'' की क्रांति = २०°–५६'–२७'' हुई।

९'–६''
× १०–१५
| १३५ | ९०
९० | ६० |
९० | १९५ | ९० ÷ ६०
+३ | +१ | = ३०
९३ | १९६
= १६
= ९३–१६–२० ÷ ६०
६०) ९३–१६–२० (१'
६०
३३''

वाईं ओर के अंशों में क्रांति क्रमशः बढ़ती है इस कारण इसमें जोड़ना परन्तु दाहिने ओर के अंशों में क्रांति क्रमशः घटती है इस कारण घटाना पड़ता है।

भुजांश पर से क्रांति साधन करने की स्थूल व सरल सारिणी

भुजांश	क्रांति अंश	क्रांति कला	भुजांश	क्रांति अं०	क्रांति क०	भुजांश	क्रांति अं०	क्रांति क०
०	०	०	३०	१२	०	६०	२१	०
१	०	२४	३१	१२	१२	६१	२१	८
२	०	४८	३२	१२	४०	६२	२१	१६
३	१	१२	३३	१३	०	६३	२१	२४
४	१	३६	३४	१३	२०	६४	२१	३२
५	२	०	३५	१३	४०	६५	२१	४०
६	२	२४	३६	१४	०	६६	२१	४८
७	२	२८	३७	१४	२०	६७	२१	५६
८	३	१२	३८	१४	४०	६८	२२	४
९	३	३६	३९	१५	०	६९	२२	१२
१०	४	०	४०	१५	२०	७०	२२	२०
११	४	२४	४१	१५	४०	७१	२२	२८
१२	४	४८	४२	१६	०	७२	२२	३६
१३	५	१२	४३	१६	२०	७३	२२	४४
१४	५	३६	४४	१६	४०	७४	२२	५२
१५	६	०	४५	१७	०	७५	२३	०
१६	६	२४	४६	१७	१६	७६	२३	४
१७	६	४८	४७	१७	३२	७७	२३	८
१८	७	१२	४८	१७	४८	७८	२३	१२
१९	७	३६	४९	१८	४	७९	२३	१६
२०	८	०	५०	१८	२०	८०	२३	२०
२१	८	२४	५१	१८	३६	८१	२३	२४
२२	८	४८	५२	१८	५२	८२	२३	२८
२३	९	१२	५३	१९	८	८३	२३	३२
२४	९	३६	५४	१९	२४	८४	२३	३६
२५	१०	०	५५	१९	४०	८५	२३	४०
२६	१०	२४	५६	१९	५६	८६	२३	४४
२७	१०	४८	५७	२०	१२	८७	२३	४८
२८	११	१२	५८	२०	२८	८८	२३	५२
२९	११	३६	५९	२०	४४	८९	२३	५६

यहाँ क्रांति अंश कला में दी है विकला छोड़ दिया है।

चक्र की बनावट

भुजांश ०°–३१° तक में = + २४′
" ३०–४५ " " = + २०′
" ४५–६० " " = + १६′
" ६०–७५ " " = + ८′
" ७५–८९ " " = + ४′

सायन भुजांश कोष्टक में शेष कलादि की भी क्रांति निकालने का गणित :—

सा० भुजांश
० से १४ तक = २४ ध्रुवांतर
१५ से २९ " = २४ "
३०—४४ " = २० "
४५—५९ " = १६ "
६०—७४ " = ८ "
७५—८९ " = ४ "

गणित

सा० भुजांश
० से १४ तक = शेय × २४ ÷ ६
= शेष × २/५
१५–२९ " = शेष × २४ ÷ ६०
= शेष × २/५
३०–३४ " = शेष × १/३
४५–५९ " = शेष × १६ ÷ ६०
= शेष × ४/१५
६०–७४ " = शेष × ८ ÷ ६०
= शेष × २/१५
७५–८९ " = शेष × ४ ÷ ६०
= शेष १/१५

ऊपर बताये भुजांश के सामने जो क्रांति दी है वह लेना। यदि भुजांश की शेष कला विकला का भी निकालना हो तो ऊपर बताई रीति से गणित फल जोड़ देना तब क्रांति प्राप्त होगी।

ऊपर रीति में बताया है ० से १४° तक सायन सूर्य के भुजांश हो तो भुजांश की शेष कलादि में २ का गुणा कर ५ का भाग देना और ७५° से ८९° तक में १ का गुणा कर १५ का भाग देना तो जो अनुपातिक फल प्राप्त होगा उसे पूर्व प्राप्त क्रांति में जोड़ देना तो पूरी क्रांति निकल आवेगी।: इसी प्रकार उपरोक्त गणित क्रिया दी है उसे समझ लेना।

उदाहरण ७४°–७′–४″ भुजांश की क्रांति निकालना है। ७४° की ऊपर दी है=२२°–५२′ शेष ७′–४८″ की और चाहिए। ७४० का गणित शेष × २/१५ दिया है अर्थात् शेष में २ का गुणा कर १५ का भाग देना।

शेष (७′–४८″)/१ × २/१५ = (१५–३६)/१५ = १′–२″   १५) १५–३६ (१′
                                         १५
७४° का = २२°–५२′   ०

७′–४८″ = +   १–२   १५) ३६ (२″
= क्रांति   २२–५३–२   ३०
= क्रांति २२°–५३′–२″ आई।   ६

यह कुछ स्थूल रीति है। इसमें बहुत थोड़ा अंतर पड़ता है क्योंकि ऊपर सारिणी में क्रांति की विकला छोड़ दी है। इस से विकला में थोड़ा अंतर पड़ जाता है। परन्तु विकला छोड़ देने से गणित में कोई अधिक अंतर नहीं पड़ता। यह रीति सरल है और इसकी गणित क्रिया भी सरल है।

आगे सूक्ष्मरीति से क्रांति निकालने की सारिणी दो है जिसमें अंशकला विकला में क्रांति दी है।

सायन सूर्य के भुजांश पर से क्रांति सारिणी (सूक्ष्म रीति)

भुजांश	क्रांति अं.	क.	वि.	भुजांश	क्रांति अं.	क.	वि.	भुजांश	क्रांति अं.	क.	वि,
१	०	२४	०	३१	१२	२	२४	६१	२०	४६	४८
२	०	४८	०	३२	१२	२२	४८	६२	२०	५७	३६
३	१	१२	०	३३	१२	४३	१२	६३	२१	८	२४
४	१	१६	०	३४	१३	३	३६	६४	२१	१९	१२
५	२	०	०	३५	१३	२४	०	६५	२१	३०	०
६	२	२४	०	३६	१३	४४	२४	६६	२१	४०	४८
७	२	४८	०	३७	१४	४	४८	६७	२१	५१	३६
८	३	१२	०	३८	१४	२५	१२	६८	२२	२	२४
९	३	३६	०	३९	१४	४५	३६	६९	२२	१३	१२
१०	४	०	०	४०	१५	६	०	७०	२२	२४	०
११	४	२४	०	४१	१५	२४	०	७१	२२	३१	१२
१२	४	४८	०	४२	१५	४२	०	७२	२२	३८	२४
१३	५	१२	०	४३	१६	०	०	७३	२२	४५	३६
१४	५	३६	०	४४	१६	१८	०	७४	२२	५२	४८
१५	६	०	०	४५	१६	३६	०	७५	२३	०	०
१६	६	२४	०	४६	१६	५४	०	७६	२३	७	१२
१७	६	४८	०	४७	१७	१२	०	७७	२३	१४	२४
१८	७	१२	०	४८	१७	३०	०	७८	२३	२१	३६
१९	७	३६	०	४९	१७	४८	०	७९	२३	२८	४८
२०	८	०	०	५०	१८	६	०	८०	२३	३६	०
२१	८	२२	१२	५१	१८	२१	०	८१	२३	३८	२४
२२	८	४४	२४	५२	१८	३६	०	८२	२३	४०	४८
२३	९	६	३६	५३	१८	५१	०	८३	२३	४३	१२
२४	९	२८	४८	५४	१९	६	०	८४	२३	४५	३६
२५	९	५१	०	५५	१९	२१	०	८५	२३	४८	०
२६	१०	१३	१२	५६	१९	३६	०	८६	२३	५०	२४
२७	१०	३५	२४	५७	१९	५१	०	८७	२३	५२	४८
२८	१०	५७	३६	५८	२०	६	०	८८	२३	५५	१२
२९	११	१९	४८	५९	२०	२१	०	८९	२३	५७	३६
३०	११	४२	०	६०	२०	३६	०	९०	२४	०	०

सारिणी देखने की रीति :—

सायन सूर्य के भुजांश बनालो इस भुजांश की क्रांति यहां खोजो।

रा

जैसे सा० सू० २–१४°–७′–४८″ है। इसके भुजांश ७४°-७′-४८″ हुए ७४° भुजांश = २२°–५२′–४८″ क्रांति हुई अब शेष ७′–४८″ की भी क्रांति जानना है तो इसके आगे के भुजांश की क्रांति से अंतर करो तो ध्रुवांतर निकलेगा।

१° (६०′) में इतना ध्रुवान्तर तो शेष कलादि में कितना ?

अंतर × शेष कलादि / ६० = शेष की क्रांति।

इसे पूर्व प्राप्त क्रांति में जोड़ दो तो स्पष्ट क्रांति होगी।

जैसे ७४° = २२°–५२′–४८″

७५ = २३–०–०

दोनों का अंतर २३–०–०

२२–५२–४८

अंतर शेष ०–७–१२

(७–१२ × ७–४८) / ६० = (५६′–९″) / ६०

= ०′–५६″ क्रांति शेष की।

पूर्व क्रांति २२°–५२′–४८″

शेष की ,, + ०–५६

२२–५३–४४

= २२°–५३′–४४″ क्रांति मेषादि होने से उत्तर क्रांति।

उपरोक्त सारिणी बनाने की रीति

अंक	अंतर अंश		सम्मिलित ध्रुव अं० क०		प्रथम ध्रुवांक अं० क० वि०
१ =	४०	÷१०	=४–०	÷१०	=० २४ ०
२ =	४०	÷१०	=४–०	÷१०	=० २४ ०
३ =	३७	÷१०	=३–४२	÷१०	=० २२ १२
४ =	३४	÷१०	=३–२४	÷१०	=० २० २४
५ =	३०	÷१०	=३–०	÷१०	=० १८ ०
६ =	२५	÷१०	=२–३०	÷१०	=० १५ ०
७ =	१८	÷१०	=१–४८	÷१०	=० १० ४८
८ =	१२	÷१०	=१–१२	÷१०	=० ७ १२
९ =	४	÷१०	=०–२४	÷१०	=० २ २४

ग्रह लाघव के अनुसार ९० भुजांश के ९ अंक दिये हैं। उनके आगे बताया है कि एक दूसरे से कितने अंतर पर हैं। इस प्रकार एक अंक के अंतर अंश में एक बार १० का भाग दो जो उत्तर आयगा फिर उसमें दुबारा १० का भाग दो। जो उत्तर आवे वह एक से १०° तक भुज का ध्रुवांक होगा।

(१) का ध्रुवांक ०°–२४′–० =१ से १० तक में जोड़ते जाना
(२) ,, ,, ० –२४ –० =११ से २० तक में ,, ,,
(३) ,, ,, ० –२२ –१२ =२१ से ३० ,, ,, ,,
(४) ,, ,, ० –२० –२४ =३१ से ४० ,, ,, ,,
(५) ,, ,, ० –१८ –० =४१ से ५० ,, ,, ,,
(६) ,, ,, ० –१५ –० =५१ से ६० ,, ,, ,,
(७) ,, ,, ० –१० –४८ =६१ से ७० ,, ,, ,,
(८) ,, ,, ० –७ –१२ =७१ से ८० ,, ,, ,,
(९) ,, ,, ० –२ –२४ =८१ से ९० ,, ,, ,,

इस प्रकार सारिणी वन जायगी।

आगे चर क्रांति सारिणी दी है जिसमें अक्षांश और क्रांति पर से मिनट सेकन्ड में चर निकल आता है।

चर क्रांति सारिणी (मिनट सेकन्ड में)

क्रांति अंश

अक्षांश	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	
१	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	मि०
	४	८	१३	१७	२१	२५	३०	३४	३८	४२	४६	५१	५५	०	४	९	१३	१८	२२	२७	३२	३७	४२	४७	से०
२	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	३	३	३	३	मि०
	८	१७	२५	३४	४२	५०	५८	८	१६	२४	३३	४२	५१	०	८	१७	२६	३६	४५	५५	४	१४	२४	३४	से०
३	०	०	०	०	१	१	१	१	१	२	२	२	२	३	३	३	३	३	४	४	४	४	५	५	
	१३	२५	३८	५०	३	१६	२८	४१	५४	७	२०	३३	४६	०	१६	२६	४०	५४	८	२२	३७	५१	६	२०	
४	०	०	०	१	१	१	१	२	२	२	३	३	३	४	४	४	४	५	५	५	६	६	६	७	
	१७	३४	५०	७	२४	४१	५८	१५	३२	५०	७	२४	४२	०	१८	३६	५४	१२	३१	५०	९	२८	४८	८	
५	०	०	१	१	१	२	२	२	३	३	३	४	४	५	५	५	६	६	६	७	७	८	८	८	
	२१	४२	३	२४	४५	६	२८	४९	१०	३२	५४	१६	३८	०	२२	४४	७	३०	५४	१८	४२	६	३१	५६	
६	०	०	१	१	२	२	२	३	३	४	४	५	५	६	६	६	७	७	८	८	९	९	१०	१०	
	२५	५०	१६	४१	६	३२	५८	२३	४९	१४	४१	७	३४	०	२७	५४	२२	४९	१८	४६	१५	४४	१४	४४	
७	०	०	१	१	२	२	३	३	४	४	५	५	६	७	७	८	८	९	९	१०	१०	११	११	१२	
	२९	५७	२८	५८	२८	५८	२७	५७	२७	५८	२८	५९	३०	१	३२	४	३६	९	४२	१५	४८	२१	५३	२६	
८	०	१	१	२	२	३	३	४	५	५	६	६	७	८	८	९	९	१०	११	११	१२	१३	१३	१४	
	३४	८	४१	१५	४९	२३	५७	३२	६	४१	१६	५१	२६	२	३८	१४	५१	२८	६	४४	२२	१	४१	२१	
९	०	१	१	२	३	३	४	५	५	६	७	७	८	९	९	१०	११	११	१२	१३	१३	१४	१५	१६	
	३८	१६	५४	३२	१०	४९	२७	६	४५	२४	३	४३	२३	३	४४	२४	६	४८	३०	१३	५६	४०	२५	१०	
१०	०	१	२	२	३	४	४	५	६	७	७	८	९	१०	१०	११	१२	१३	१३	१४	१५	१६	१७	१८	
	४२	२४	७	५०	३१	१४	५८	४१	२४	८	५१	३६	२०	५	५०	३६	२२	८	५५	४३	३२	२०	१०	०	
११	०	१	२	३	३	४	५	६	७	७	८	९	१०	११	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१८	१९	
	४६	३३	२०	७	५४	४१	२८	१६	३	५१	४०	२८	१७	७	५६	४७	३८	२९	२१	१४	७	१	५६	५२	

१२	०	१	२	३	४	५	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१८	२०	२१
	५१	४२	३३	२४	१६	७	५९	५१	४३	३६	२८	२१	१५	९	४	५८	५४	५०	४४	४५	४३	४२	४२	४३
१३	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३
	५५	५०	४६	४२	३८	३४	३०	२७	२३	२०	१७	१५	१३	१२	११	११	१२	१४	१७	२०	२४	३०	३७	४६
१४	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२३	२४	२५
	०	०	०	०	०	०	१	२	३	५	७	९	१२	१५	१९	२३	२९	३५	४१	४७	५७	८	१८	३०
१५	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२१	२२	२३	२४	२६	२७
	४	८	१३	१८	२२	२७	३२	३८	४४	५०	५६	४	११	१९	२८	३८	४७	५८	१०	२२	३६	५२	७	२४
१६	१	२	३	४	५	६	८	९	१०	११	१२	१३	१५	१६	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२६	२७	२९
	९	१८	२६	३६	४५	५४	४	१४	२५	३६	४७	५९	११	२४	३८	५२	७	२३	४०	५८	१६	३७	५८	२०
१७	१	२	३	४	६	७	८	९	११	१२	१३	१४	१६	१७	१८	२०	२१	२२	२४	२५	२६	२८	२९	३१
	१३	२७	४०	५४	८	२२	३६	५१	६	२२	३८	५४	१२	२९	४८	७	२७	४८	११	३४	५७	३३	५०	१९
१८	१	२	३	५	६	७	९	१०	११	१३	१४	१५	१७	१८	१९	२१	२२	२४	२५	२७	२८	३०	३१	३३
	१८	३६	५४	१२	३१	५०	९	२८	४८	८	३०	५०	१२	३५	५९	२३	४८	१४	४२	८	३७	१०	४२	२०
१९	१	२	४	५	६	८	९	११	१२	१३	१५	१६	१८	१९	२१	२२	२४	२५	२७	२८	३०	३१	३३	३५
	२३	४५	८	३१	५४	१८	४२	६	३०	५५	२१	४६	१४	४१	१०	३९	९	४१	१४	४८	२४	५९	३७	१६
२०	१	२	४	५	७	८	१०	११	१३	१४	१६	१७	१९	२०	२२	२३	२५	२७	२८	३०	३२	३३	३५	३७
	२७	५५	२२	५०	१८	४६	१५	४४	१३	४३	१४	४५	१८	५०	२३	५५	३०	८	४७	२७	८	४०	३३	१८
२१	१	३	४	६	७	९	१०	१२	१३	१५	१७	१८	२०	२१	२३	२५	२६	२८	३०	३२	३३	३५	३७	३९
	३२	४	३७	९	४२	१५	८	२२	५६	३२	७	४३	२०	५८	३६	१६	५६	३७	१९	२	५०	४१	३०	२२
२२	१	३	४	६	८	९	११	१३	१४	१६	१८	१९	२१	२३	२४	२६	२८	३०	३१	३३	३५	३७	३९	४१
	३७	१४	५१	२८	६	४४	२३	१	४०	२०	१	४२	२४	८	५२	३७	२३	१०	५८	५०	४१	३५	३०	२७
२३	१	३	५	६	८	१०	११	१३	१५	१७	१८	२०	२२	२४	२६	२७	२९	३१	३३	३५	३७	३९	४१	४३
	४२	२४	६	४८	३१	१४	५७	४१	२५	१०	५६	४२	३०	१८	७	५८	४९	४२	३७	३३	३०	२७	३५	३५
२४	१	३	५	७	८	१०	१२	१४	१६	१८	१९	२१	२३	२५	२७	२९	३१	३३	३५	३७	३९	४१	४३	४५
	४७	३४	२१	८	५६	४४	३२	२१	१०	०	५२	४३	३६	३०	२४	२०	१९	२०	२१	२३	२५	२९	३४	४७

२५.	१	३	५	७	९	११	१३	१५	१६	१८	२०	२२	२४	२६	२८	३०	३२	३४	३६	३९	४१	४३	४५	४७
	५२	४४	३६	२८	२१	१४	८	२	५६	५२	४८	४५	४३	४२	४३	४४	४७	५१	५८	५	१५	२६	४०	५३
२६	१	३	५	७	९	११	१३	१५	१७	१९	२१	२३	२५	२७	३०	३२	३४	३६	३८	४०	४३	४५	४७	५०
	५७	५४	५२	४९	४७	४५	४३	४३	४३	४४	४६	४८	५२	५६	०	९	१८	२८	४०	५४	१०	२८	४८	१०
२७	२	४	६	८	१०	१२	१४	१६	१८	२०	२२	२४	२७	२९	३१	३३	३५	३८	४०	४२	४५	४७	४९	५२
	२	५	७	१०	१३	१७	२१	२६	३१	३७	४४	५२	१	१२	२३	३६	५०	७	२५	४५	७	३२	५८	२७
२८	२	४	६	८	१०	१२	१४	१७	१९	२१	२३	२५	२८	३०	३२	३५	३७	३९	४२	४४	४७	४९	५२	५४
	७	१५	२७	३१	४०	४९	५८	८	१९	३१	४४	५७	१२	२८	४६	४	२५	४९	१२	३६	२	३०	४	३८
२९	२	४	६	८	११	१३	१५	१७	२०	२२	२४	२७	२९	३१	३४	३६	३९	४१	४४	४६	४९	५१	५४	५७
	१३	२६	४०	५३	७	२२	३६	५२	९	२६	४४	४	२४	४६	१०	३५	१	३०	०	३२	८	४६	२६	९
३०	२	४	६	९	११	१३	१६	१८	२०	२३	२५	२८	३०	३३	३५	३८	४०	४३	४५	४८	५१	५३	५६	५९
	१८	३७	५६	१५	३५	५५	१६	३७	५९	२२	४६	१२	३८	५	३४	७	४०	१५	५२	३१	१३	५८	४६	३५
३१	२	४	७	९	१२	१४	१६	१९	२१	२४	२६	२९	३१	३४	३७	३९	४२	४५	४७	५०	५३	५६	५९	६२
	२४	४८	१३	३८	३	२९	५६	२२	५०	२०	५०	२१	५४	२८	४	४१	२०	२	४६	३२	२०	१२	६	२
३२	२	५	७	१०	१०	१५	१७	२०	२२	२५	२७	३०	३३	३५	३८	४१	४४	४६	४९	५२	५५	५८	६१	६४
	३०	०	३०	१	३२	४	३६	९	४३	१८	५४	३२	११	५२	३३	१७	३	५२	४२	३५	३१	३०	३३	३७
३३	२	५	७	१०	१३	१५	१८	२०	२३	२६	२९	३१	३४	३७	४०	४२	४५	४८	५१	५४	५७	६०	६३	६७
	३६	१२	४८	२४	१	३९	१८	५७	३८	१८	०	४४	३०	१६	५	५६	४९	४४	४१	४१	४४	४९	५४	४
३४	२	५	८	१०	१३	१५	१९	२१	२४	२७	३०	३२	३५	३८	४१	४४	४७	५०	५३	५६	६०	६३	६६	६९
	४२	२४	६	४९	३२	१२	०	४६	३१	१९	८	५८	५०	४४	३९	३६	३६	३८	४३	५१	१	१५	३३	५४
३५	२	५	८	११	१४	१६	१९	२२	२५	२८	३१	३४	३७	४०	४३	४६	४९	५२	५५	५९	६६	६५	६९	७२
	४८	३६	२५	१४	३	५३	४४	३६	२८	१२	१७	१२	१३	१३	१५	२०	२७	३६	४७	०	२२	४४	१०	४०
३६	२	५	८	११	१४	१७	२०	२३	२६	२९	३२	३५	३८	४१	४४	४८	५१	५४	५७	६१	६४	६८	७१	७५
	५४	४९	४४	३९	३४	३१	२८	२६	२६	२७	२८	३२	३८	४४	५४	६	२०	३७	५७	२०	४६	१७	५१	३०
३७	३	६	९	१२	१५	१८	२१	२४	२७	३०	३३	३६	४०	४३	४६	४९	५३	५६	६०	६३	६७	७१	७४	७८
	१	२	३	५	७	१०	१४	१९	२५	३२	४६	५२	४	१९	३६	५५	१७	४१	९	४०	१५	५४	३७	२५

चर क्रांति सारिणी देखने की रीति—

इस चर क्रांति सारिणी में केवल अपने स्थान का अक्षांश और सूर्य की क्रांति पर से मिनट सेकन्ड में चर विदित हो जाता है।

जैसे अक्षांश २३ का चर निकालना है। इष्ट दिन के सायन सूर्य पर से उस दिन की सूर्य की क्रांति निकाली। मान लो सा० सूर्य २–४°–१०′–०″ है। क्रांति सारिणी में देखा २ राशि के नीचे, बाईं ओर के ४° के सामने २०°–५७′–४२° क्रांति दी है = २०°–५८′ क्रांति हुई। चर क्रांति सारिणी देखा २३ अक्षांश के सामने और २०° के नीचे ३५–३३ (मि० से०) चर दिया है। आगे के २१° के नीचे ३७–३० (मि० से०) दिया है।

दोनों का अंतर २१° = ३७–३० (मि० से०) किया १ – ५७ (मि० से०) चरांतर मिनट हुए।

२० = ३५–३३

मि०से० १–५७ = ११७ सेकन्ड

१°(६०′) में १–५७ अंतर तो ५८′ शेष क्रांति में कितना ?

(= ११७ से०)

$\frac{११७ \times ५८}{६०} = \frac{६७८६}{६०} = ११३$ सेकन्ड

= मि० से०

मि० से० = १ – ५३

२०° का चर ३५–३३

+५८′,, १–५३

३७–२६ चर मिनट (सायन सूर्य मेषादि है)

∴ चर ३७–२६ मिनट ऋण सूर्योदय के लिये।

सूर्योदय = ६ घंटा – (चर मिनट) = घं० मि० से०

३७–२६ ५–२२–३४

```
   ११७
  ×५८
  ----
   ९३६
  ५८५
६० ) ६७८६ ( ११३ सेकन्ड
     ६०
     --
      ७८
      ६०
      --
      १८६
      १८०
      ---
        ६
```

```
  ६–०–०
– ०–३७–२६ चर घटाया
  ---------
  ५–२२–२४ सूर्योदय
```

दूसरा उदाहरण

मानलो अक्षांश २३°–५७′ और सायन सूर्य १० रा – २६° – १५′ – ४″ का चर निकालना है। अक्षांश की कला ५७′ आधे से अधिक है तो २४° मान लिया।

रा. १०–२६° सूर्य की क्रांति १२°–५१′–४२″ है। क्रांति की कला ५१′ आवे से ज्यादा है तो क्रांति १३° मान लिया। २४ अक्षांश के सामने १३ क्रांति के नीचे सारिणी में

मि० से०

चर २३–३६ मिला। यह कुछ स्थूल निकला।

यदि सूक्ष्म रूप से चर निकालना है तो गणित से निकाल लो जैसा ऊपर बता चुके हैं।

तीसरा उदाहरण

मान लो अक्षांश २०″–४०′ है और सायन सूर्य की क्रांति २०°–४१′ है। यहाँ क्रांति की कला आधे से अधिक है तो १° मान कर सब क्रांति २१° मान लो। यदि कला आधे से कम हो तो उस कला को छोड़ कर केवल अंश लेना।

	मि० से०	
२० अक्षांश में २१° क्रांति का चर	३२–८	३३–५०
२१ ,, ,, ,, ,, ,,	३३–५०	३२–८
दोनों चर का अंतर	=०–४२	०–४२

६०′ में ४२ सेकन्ड अंतर तो अक्षांश की शेष कला ४० में ?

$$\frac{४० \times ४२}{६०} = \frac{२ \times ४२}{३} = २ \times १४ = २८ \text{ सेकन्ड चर हुआ}$$

मि० से०

२० अक्षांश का चर ३२–८

४०′ ,, ,, + २८

=३२–३६ चर

मि० से०

यह २०°–१४′ अक्षांश का चर ३२–२६ हुआ

चर निकालने का अन्य प्रकार—

$$\frac{\text{रवि क्रांति} \times \text{अक्षांश}}{५} = \text{चर पल}$$

उदाहरण—

अक्षांश २०° – ४०′ क्रांति २०° – ४१′

पल वि०

$$\frac{(२०–४०) \times (२०–४१)}{५} = \frac{४१४–८}{५} = ८५–२९ \text{ चर}$$

प. वि. मि. से. मिनट से.

= चर ८५ –२९ = ३४ – ११ = ३४ – ११

२० – ४०

× २० – ४१

	२०	४१
	८०	१६०
४००	८००	
४००	१६२१	१६४१
+२७	+२७	=२१
४२७	१६४८	
	=२८	

इस रीति से कुछ अन्तर पड़ जाता है। ठीक २ स्पष्ट चर निकालने को चरखंड सारिणी के आधार पर इष्ट अक्षांश का चरखंड बनाकर चरखंड पर से चर बना लेना चाहिए जैसा पहले बना चुके हैं।

=४२७·२८
५) ४२७·२८ (८५
४० पल
२७
२५
२×६०+२८
५) १४८ (२९
१०
४८ वि०
४५

चर सारिणी का उपयोग—

चर निकल जाने पर इस पर से दिनमान सूर्योदय सूर्यास्त निकाल सकते हो।

यद्यपि पहिले भी बता चुके हैं परन्तु और समझने को इसकी रीति फिर भी देते हैं।

ग्रह मेषादि हो तो = उत्तर क्रांति
,, तुलादि ,, = दक्षिण ,,

दिनमान = ३० घड़ी ± (चर नि × २॥) ५२ = घड़ीपल उत्तर क्रांति +
= ३० घड़ी ± (चर × ५) = घड़ी पल दक्षिण ,, −
या १२ घंटा ± (चर मिनट × २) = घंटा मिनट

रात्रिमान = (६० घड़ी − दिनमान घड़ी)

सूर्योदय और सूर्यास्त निकालना।

उत्तर क्रांति में = सूर्योदय = (६ घंटा − चर मिनट) | सूर्यास्त = ६ घंटा + चर मि.
दक्षिण ,, = ,, = (६ घंटा − चर मिनट) | ,, = ६ घंटा − चर मि.

सूर्यास्त घंटा = (दिनमान घड़ीपल ÷ ५)

सूर्योदय घंटा = (रात्रिमान घटीपल ÷ ५)

सूर्यास्त घंटा = (१२ घंटा − सूर्योदय घंटा)

दिनमान घड़ीपल = (सूर्यास्त घंटा मि० × ५)

रात्रिमान ,, = (सूर्योदय घंटा मि० × ५)

उदाहरण—

अक्षांश २२° और सूर्य क्रांति मान लो दक्षिण क्रांति ६° -- ०′ है। २२ अक्षांश के सीध में ६ क्रांति के नीचे—९ मि० ४४ से० चर मिला।

दिनमान = ३० घड़ी − (चर × ५) = ३ घंटा − (४८ − ४०) = क्रांति दक्षिण
९ − ४४ होने से ऋण

३० – ० – ० = २९ – ११ – २० दिनमान

०–४८ – ४०

२९–११ – २०

सूर्योदय = ६ घंटा + चर ९ – ४४ दक्षिण क्रांति होने से +

= ६ – ९ – ४४ घंटा ।

घं. मि. से.

सूर्योदय = ६ – ९ – ४४

× ५

रात्रिमान = ३० – ४८ – ४०

६० – ० – ०

रात्रिमान–३०–४८–४० घटाया

= २९–११–२०

घंटा

१२ – ० – ०

सूर्योदय ६ – ९ – ४४ घटाया

सूर्यास्त=५ – १०–१६

घं. मि. से.

सूर्यास्त = दिनमान ÷ ५ = ५ – ५० – १६

२९ – ११ – २० घंटी

दिनमान

५) २९ – ११ – २० (५ घं.

२५

४ × ६०

२४० + ११

५) २५१ (५ मि.

२५

१ × ६० + २०

५) ८० (१६ से॰

५

३०

३०

×

चर और दिनमान सारिणी बनाने की रीति

विद्यार्थी को चाहिए कि अपने स्थान की एक चर पल सारिणी बनाकर रख वह दिनमान सारिणी भी बन जायगी ।

यह चर सारिणी इष्ट अक्षांश पर से बनाने की रीति यहाँ देते हैं । पलभा और और चरखंड बनाना आगे समझाया गया है । यहाँ समझ में न आवे तो आगे और भी दिया है समझ लेना । जहाँ की सारिणी बनानी है वहाँ के अक्षांश से या पलभा से तीनों चरखंड निकालो । चरखंड अंगुल, प्रत्यंगुल और तत्प्रति अंगुल में होंगे, परन्तु उनको पल विपल मान लो नरसिंह पुर का अक्षांश २२°–५७′ है ।

अ॰ प्र॰ तत्प्र॰

अक्षांश २२°–५७′ का पलभा ५ – ४ – ४३ है । (पलभा विषय आगे देखो

अ॰ प्र॰

जहाँ नरसिंह पुर की पलभा निकाली गई है) । इस पलभा को ५ – ५ मान लो क्योंकि ४३ तत्प्रति अंगुल आधे से अधिक है इसे १ मान लिया ।

अ० प्र० पल मि०

अब ५-५ को ५ - ५ मान लिया और इसके चरखंड बनाये।

(१) चरखंड = पलभा × १०	(२) चरखंड = पलभा × ८	(३) चरखंड = पलभा × १०/३
,, = (प.वि.) × १० (५-५)	,, = (प. वि.) × ८ (५ - ५)	,, = (प. वि.) × १०/३ (५ - ५)
,, = प. वि. ५०-५०	,, = प. वि. ४०-४०	,, = ५०-५० / ३ पल
(१) चरखंड (५०-५०) ÷ ३० प० वि० अनु	(२) चरखंड(४०-४०) ÷ ३० प. वि.	,, = १६-५६-४०
(१) = चर ध्रुव १-४१-४०	(२) = चरध्रुव १-२१-२०	(३)चरखंड(१६-५६-४०) ÷ ३० पल
		(३०) = चरध्रुव ०-३३-५३-२१

चर पल बनाना

सायन सूर्य के भुजांश में इस प्रकार उपरोक्त चर ध्रुवांक जोड़ना।

१° से ३०° तक = (१) चर ध्रुव को १° के नीचे कोष्ठक में रखकर आगे वही ध्रुव ३०° तक सारिणी में जोड़ते जाना।

३१ से ६०° तक = ३०° के आगे जो जोड़ हो उसके आगे + (२) ध्रुव को ६०° तक जोड़ते जाना।

६०° से ९०° तक = ६०° के आगे जो योग हो उसके आगे + (३) ध्रुव को ९०° तक जोड़ते जाना।

मेषादि = (मेष से कन्या तक) राशियों के भीतर = चरपल + होगा।

तुलादि = (तुला से मीन तक) ,, ,, ,, = ,, - होगा।

सारिणी बनाने के लिये १ से ९०° तक भरने को ९० कोठा बनाओ जैसा आगे बनाकर बताया है। उनके नीचे चरपल लिखते जाओ। अर्थात् ऊपर बताये जो ३ प्रकार के चर ध्रुव निकाले हैं उनके जोड़ने से (ऊपर बताई रीति से) जो चरपल बने लिख दो।

दिनमान बनाना

	घड़ी		घड़ी प० वि० अ०	
१° से ३०° तक	= ३०±[(१)	ध्रुव × २]	= ३०±(३-२३-२०)	मेषादि में + (जोड़ते जाना
३१ से ६०°	,, = ३०±[(२)	ध्रुव × २]	= ३०±(२-४२-४०)	तुलादि में -
६१ से ९०	,, = ३०±[(३)	ध्रुव × २]	= ३०±(१-७-४६-४०	(घटाने जाना

रात्रि मान = (६० - दिनमान)

टिप्पणी—

जो दिनमान मेषादि में १ से ३०° तक होगा वही रात्रिमान तुलादि के उन्हीं अंशों में होगा
,, ,, ३१ से ६० ,, ,, ,, ,, ,,
,, ,, ६१ से ९० ,, ,, ,, ,, ,,

जो रात्रिमान मेषादि में १ से ३०° तक होगा वही दिनमान तुलादि के उन्हीं अंशों में होगा
,, ,, ३१ से ६०° ,, ,, ,, ,, ,,
,, ,, ६१ से ९०° ,, ,, ,, ,, ,,

सारिणी बनाकर देखना शुद्ध बनी है या नहीं इस की परीक्षा के लिये नीचे लिखी बातों पर ध्यान दो।

१ से ३०° तक भरने के उपरान्त ३०° के नीचे ३० घड़ी±(१ ध्रुव × ३०)=३०घड़ी± (१ चरखंड × २) पल

३१ से ६० ,, ,, ,, ६० ,, ३० के नीचे जो आया है±(२ ध्रुव × ३०) या (२ चरखंड × २)

६१ से ९० ,, ,, ,, ९० ,, ,, ६० ,, ,, ,, ±(३ ध्रुव × ३०) या (३ चरखंड × २)

जैसे :—

पल घ०प० वि०

१ से ३०° में = ३०° के नीचे ३० घड़ी ±(१ चरखंड ५०-५० × २) = ३०±(१-४१-४०)

घ० प० वि०
= मेषादि में + = ३१–४१–४०
तुलादि में – = २८–१८–२०

घ० प०

३१ से ६०° में = ६० के नीचे जो आया +[चरखंड २] = ३३–३
घ० प० वि०[प०] मेषादि में
+ (२ चरखंड × २) = (३१-४१-४०)[(४०-४०) × २]
[= १–२१–२०]

–(,, ,,) = (२८-१८-२०)–(चरखंड २ × २) = २६-५७-०
(= १-२१-२०) तुलादि में

घ० प० वि०

६० से ९० में = ९० के नीचे = ६० के नीचे का + (३ चरखंड × २) = ३३–३–०+
[३ चरखंड × २] = ३३–३६–५३–२०
+ [= (१६–५६–४०) × २] मेषादि में
[= ३३–५३–२०]

पल
= ६० के नीचे का + (३ चरखंड × २)=२६–५७–०–३३–५३–२०

घ० प० वि०
= २६–२३–६–२० तुलादि में

सारिणी बनाने में केवल घड़ी पल विपल दिनमान में लिया गया है शेष को छोड़ दिया है। परन्तु चर में पल विपल अनुपल तक सारिणी में लिया है।

इस प्रकार अंतिम ९०° के नीचे जो अंक आया है वह तीनों चरखंड के जोड़ को दुगना किया फिर ३० घड़ी और जोड़ दिया जाय तो सबका योग जो होगा वही आना चाहिए। जैसे तीनों चरखंड

प० वि०
५०–५०
४०–४०
१६–५६–४०

घ० प० वि०
(१–४८–२६–४०) × २ = ३–३६–५३–२० होता है
घड़ी प० वि०

	घ० प० वि०	घ० प० वि०	
मेषादि में = ३० घड़ी±	(३–३६–५३–२०)	= ३३–३६–५३–२०	आना
तुलादि में = ,,	,,	= २६–२३–६–४०	चाहिए

पल वि०
दिनमान = ३०±(चरपल × २)=९०° में चरपल=१०८–२६–४०

घ० प० वि० घ० प० वि०
= (१–४८–२६–४०) × २ = ३–३६–५३–२०

घ० प०
९०° पर = ३०±(३–३६–५३–२०) यह वही आया जो ऊपर निकाल चुके हैं।

इस प्रकार द्विगुणित कर चर को ३० घड़ी में मेषादि में जोड़ने से और तुलादि में घटाने से दिनमान होता है।

चर और दिनमान सारिणी देखने की रीति

सायन सूर्य का भुजांश बनाकर देखो सायन सूर्य मेषादि या तुलादि है। फिर भुजांश के नीचे जैसा सारिणी में मेषादि तुलादि हो उसके अनुसार ± चर होगा और सारिणी के अनुसार दिनमान होगा। चर ± करने और भुजांश बनाने के विषय में प्रथम समझा चुके हैं।

यदि भुजांश के अतिरिक्त भुजांश की कला विकला का भी आनुपातिक चर या

दिनमान निकालना हो तो दोनों चरों का अंतर करना (वह आगे का चर या दिनमान बड़ा हो तो +, कम हो तो — ऋण होगा)

(अंतर × भुज कलादि) ÷ ६० = आनुपातिक चर पल आदि ।

प्राप्त चर या दिनमान ± आनुपातिक चर पल या दिनमान घटो

रा

= सानुपात चर या दिनमान ।

मान लो सा० सूर्य ४–२०°–३४′–३८″ है

इसके भुजांश बनाये

१८०–०–०

१४०–३४–२८ सर० सूर्यांश

शेष = ३९–२५–३२ = भुजांश

भुजांश ३९° = पल० वि० चर

६३–२–०

„ ४० = ६४–२३–२० „

दोनों का अन्तर = १–२१–२०

भुजांश ३९°–२५′–३२″ हुए

पल० वि०

३९° का सारिणी में चर पल ३३ – २

मिला २५°–३२″ शेष का और चाहिए ।

६४–२३–२०

–६३– २–०

= १–२१–२०

= १–२१

६०′ में १–२१ अंतर

तो २५′–३२″ में कितना ?

पल० वि०

$$\frac{(१–२१)\times(२५–३२)}{६०} = \frac{३४–२८}{६०} = ०–३४–२८$$

प० वि०

३९° = ६३–२

२५′–३२″ = + ०–३४–२८

३९–२५–३२ = ६३–३६–२८

पल० वि० घ० प० वि०

∴ चर ६३–३६–२८ = १–३–३६

२५–३२

× १–२१

२५	३२
५०	६४

२५ | –३२ |

२५ | ५५७ | ६७२ ÷ ६०

+ ९ | + ११ | = १२

३४ | ५६८

= २८

पल

= ३४–२८ ÷ ६०

= ०–३४–२८

ऊपर के गणित को और सरल करने के लिये इस प्रकार करो। ६०′ में

प० वि०

१–२१ = ८१ विपल अंतर तो २५′–३२″ में कितना ?

यहाँ २५′–३२″ में ३२″ ये ३० से अधिक है इसलिये १′ मानकर २५′ को २६′ मान कर गणित करो ।

$\frac{८१ \times २६}{६०} = \frac{२१०५}{६०}$ = ३५ विपल आनुपातिक चर

	पल०	वि०
३६° में =	६२ –	२ चर
२६′ में =	० –	३५
=	६२–	३७ चर हुआ ।

```
   ८१
 × २६
 ----
  ४८६
 १६२
 ----
 २१०६
६०)२१०६(३५ विपल
   १८०
   ---
   ३०६
   ३००
   ---
     ६
```

इस प्रकार से इसमें बहुत ही कम अंतर पड़ता है ।

चर सारिणी का और भी उपयोग—पंचांग परिवर्तन

किसी भी पंचांग में दिये हुए तिथि नक्षत्र करण आदि का मान अपने स्थान के अनुसार करने के लिये अर्थात् पंचांग परिवर्तन के लिये स्थानिक अक्षांश के चर की आवश्यकता होती है। इस लिये इस सारिणी से चर जान सकते हो और उस चर से तिथि आदि का मान अपने स्थान का बना सकते हो। इसके साथ २ देशान्तर संस्कार भी करना पड़ता है ।

पंचांग परिवर्तन और फल संस्कार

जहां का पंचांग है उस स्थान के देशान्तर से और अपने स्थान के देशान्तर से अंतर निकाल कर यह अंतर घंटा मिनट में या घड़ी पल में बना लो। पंचांग के स्थान से अपना देश पूर्व में हो तो + (जोड़ना), पश्चिम में हो तो—(घटाना)। इस प्रकार देशान्तर अन्तर ± होगा।

इसके उपरान्त उस दिन का सायन सूर्य या क्रांति से या भुजांश से जिस प्रकार सुविधा हो चर निकालो। मेषादि में चर + तुलादि में – होता है। उससे दिनमान बना लो जैसा पहिले बता चुके हैं।

स्थानिक दिनमान और पंचांग के दिन मान का अंतर निकाल कर २ का भाग दो तो चरान्तर आयेगा। यह चरान्तर इस प्रकार ± होगा।

चरान्तर =	पंचांग के	स्थान से	इष्ट स्थान का	अक्षांश	अधिक	और	उत्तर क्रांति	+
±	„	„	„	„	अल्प	„	दक्षिण „	+
	„	„	„	„	„	„	उत्तर „	—
	„	„	„	„	अधिक	„	दक्षिण „	—

चरान्तर और देशान्तर संस्कार मिल कर ± फल संस्कार कहलाता है। पंचांग में दिये तिथि नक्षत्र मिश्रमान आदि के मान में यह संस्कार करने से इष्ट स्थान का मान निकल आता है। फल संस्कार = इष्ट फल।

जैसे सम्वत २००० वैशाख शुक्ल पूर्णिमा का काशी के पंचांग से स्थानिक मान निकालना है।

काशी देशान्तर ८३°–०′–
नरसिंहपुर ,, ७९ –११
अंतर ३ –४९

३° = ३ × १० = ३० पल
४९′ = ४९ × १० = ४९० विपल

पल० वि०
= ८ – १०

पल० वि०
∴ अंतर ३°–४९′ = ३८ – १० ऋण

नरसिंहपुर काशी से पश्चिम में होने से ऋण देशान्तर हुआ।

नरसिंह पुर की दिनमान सारिणी से नरसिंहपुर का दिनमान निकाला

सा० सूर्य १–४°–५१′–५९″ है। दिनमान सारिणी में इसका दिनमान घ० प० वि० ३२–५४–५२ निकला। यह नरसिंहपुर का दिनमान हुआ।

घ० प०
काशी दिनमान ३३–१४
नरसिंहपुर ,, ३२–५४–५२
अंतर = ० –१९–८

प० वि०
अतर १९–८ ÷ २ = ९–३४

प० वि०
= ९–३४ चरांतर ऋण

सायन सूर्य मेषादि होने से उत्तर क्रांति है। स्थानिक अक्षांश कम है इससे चरान्तर ऋण हुआ। काशी का अक्षांश २५°–१५′ और नरसिंहपुर का २२°–५७′ है।

प० वि०
देशान्तर = – ३८–१०
चरान्तर = – ९–३४

संस्कार फल = –४७–४४ ऋण

काशी में	पूर्णिमा	विशाखा नक्षत्र	बरियान योग	मिश्रमान
	५४–५०	४७–१३	१३–११–०	४७–५४
फल संस्कार	–०–४७–४४	– ४७–४४	– ४७–४४	४७–४४
∴ नरसिंहपुर का मान	= ५३–२२–१६	४६–२५–१६	१२–२३–१६	४७–७–१६

स्थानिक दिनमान सारिणी बनाने की रीति

यह सारिणी लग्नसारिणी सरीखी बनाई गई है। अयनांश के अंश बदलने तक यह सारिणी काम देगी। लगभग ७२ वर्ष में अयनांश का एक अंश बदलता है, तब तक यह सारिणी काम देगी।

इष्ट वर्ष का अयनांश निकाल कर उसके अंश को १२ राशि में घटाने से जो राशि अंश बचे उस राशि अंश के नीचे ३०–०–० रखना।
घ० प० वि०

उपरान्त निम्नलिखित विधि से ध्रुव × २ जोड़ते या घटाते जाना। जैसे शाके

रा १२–०°–०′ २३–४१ शेष ११–६–१९ रा = ११–७°	१८६५ का अयनांश २३°–४१′ है। इसे १२ राशि से घटाया तो ११–७° बचे। तो मीन के ७° के नीचे ३०–० लिख दिया। इसके उपरान्त ध्रुव जोड़ते जाना।

ध्रुवांक बनाना—

स्थानिक पलभा या अक्षांश पर से तीनों चरखंड बनालो। प्रत्येक चरखंड को ३०° में विभक्त करो (३० का भाग दो) तो उस चरखंड का प्रथम ध्रुव बन जायगा। उस ध्रुव को दुगना करो तो द्विगुणित चर हो जायगा जो जोड़ने के लिये ध्रुवांक बन जायगा। इस रीति से तीनों चरखंड का ध्रुवांक बना लो। इसमें राशियां लंकोदय के क्रम के अनुसार लेना। जैसा :—

लंकोदय राशियाँ	चरखंड	चर ध्रुव	ध्रुव × २=ध्रुवांक	
	प० वि०	पल वि० अ०	प० वि० अ०	
मेष कन्या तुला मीन (१)	५०–५०–० ÷ ३०	=१–४१–४०	३-२३-२०	(१)
वृष सिंह वृश्चिक कुंभ (२)	४०–४०–० ÷ ३०	=१–२१–२०	२-४२-४०	(२)
मिथुन कर्क धन मकर (३)	१६-५६-४० ÷ ३०	=०–३३–५३-२०	१-७-४६-४०	(३)

ऊपर के चरखंड स्थानिक अक्षांश के अनुसार लिये हैं। नरसिंहपुर का पलभा ५–५ है और इसी का चरखंड ऊपर दिया है। ये पलभा और चरखंड पहिले दे चुके हैं।

अब सारिणी में ये ध्रुवांक इस प्रकार जोड़ना।

मीन के ७° = ३० घड़ी और कन्या के ७° में भी पूरे ३० घड़ी लिखना जैसा ऊपर आरंभ में लिखने का प्रकार बताया है कि ३० घड़ी कहाँ लिखना। उपरान्त इस प्रकार ध्रुवांक जोड़ना घटाना।

मीन ८° से मेष ७° तक + (चर (१) × २) = (१) ध्रुवांक

मेष ८° „ वृष „ + (चर (२) × २) = (२) ध्रुवांक

वृष „ „ मिथुन „ „ + (चर (३) × २) = (३) ध्रुवांक

मिथुन „ „ कर्क „ „ — (चर (३) × २) = (३) ध्रुवांक

कर्क „ „ सिंह „ „ — (चर (२) × २) = (२) ध्रुवांक

सिंह „ „ कन्या „ „ — (चर (१) × २) = (१) ध्रुवांक

कन्या „ „ तुला „ „ — (चर (१) × २) = (१) ध्रुवांक

तुला „ „ वृश्चिक „ — (चर (३) × २) = (२) ध्रुवांक

वृश्चिक „ धन „ „ — (चर (३) × २) = (३) ध्रुवांक

धन „ „ मकर „ „ + (चर (३) × २) = (३) ध्रुवांक

मकर „ „ कुंभ „ „ + (चर (२) × २) = (२) ध्रुवांक

कुंभ „ „ मीन „ „ + (चर (१) × २) = (१) ध्रुवांक

पल वि० अ०

अर्थात् मीन के ७° के आगे (०) ध्रुवांक ३–२३–२० क्रमानुसार आगे ग्रंत के ३९° तक जोड़ के भरते जाना। और मेष के० से ७° वही ध्रुवांक जोड़ते जाना। मेष ७° के आगे अर्थात् मेष के ८° से और वृष के ७° तक (२) ध्रुवांक जोड़ते जाना। वृष के ८° से (३) ध्रुवांक जोड़ते जाना। मिथुन के ७° तक उसे जोड़ना। आगे मिथुन के ८° से (३) ध्रुवांक घटाते जाना। कर्क के ८° से दूसरा और सिंह के ८° से पहिला ध्रुवांक घटाते जाना। कन्या के ८° से पहिला, तुला के ८° से दूसरा और वृश्चिक के ८° से तीसरा ध्रुवांक घटाना आरंभ करना। उपरान्त धन के ८° से तीसरा, मकर के ८° से दूसरा और कुंभ के ८° से पहिला ध्रुवांक जोड़ना आरंभ करना। जहाँ आपने ३० घड़ी रखा था यदि जोड़ते घटाते २ ठीक आ गया तो सारिणी ठीक बनो है समझना। जोड़ते घटाने के उपरांत सारिणी में केवल घटी पल विपल लिखना अनुपल यदि आवे तो उसे छोड़ देना।

घ० प० वि० अनु०

जैसे मीन ७° में ३० घड़ी रखा + (१) ध्रुवांक ०–३–२३–२० जोड़ने से

घ० प० वि० अ०

३०–३–२३–२० आया। सारिणी में केवल ३०–३–२३ लिखा। इस ३०–३–२३–२०

में फिर वही (१) ध्रुवांक जोड़ा तो ३०–६–४६–४० हुआ परन्तु सारिणी में ३०–६–४६ ही रखा। जोड़ने घटाने में तो पूरा ध्रुवांक जोड़ना घटाना परन्तु सारिणी में स्थान अभाव से केवल घड़ी पल विपल ही लिखा गया है ऐसा जानना।

इस सारिणी बनाने में लंकोदय की राशियों से स्वोदय बनाने में जिस प्रकार चरखंड जोड़ घटा कर स्वोदय बनाते हैं उसके विरुद्ध इसमें करना पड़ता है। अर्थात् मेष वृष मिथुन में पहिले चरखंड घटाते हैं परन्तु यहाँ जोड़ना पड़ता है। कर्क सिंह कन्या में वहां जोड़ा जाता है परन्तु यहाँ घटाते हैं। इसी प्रकार तुला, वृश्चिक धन में वहाँ जोड़ते हैं तो इस सारिणी में घटाना पड़ता है। मकर कुंभ मीन में वहां घटाते हैं तो इस सारिणी में जोड़ना पड़ता है।

कारण यह है कि (१) सायन मेष (वसंत सम्पात) २१ मार्च के समीप होता है तब दिन रात बराबर होता है। (२) उसके उपरांत दिन बढ़ना आरंभ होता है। सायन कर्क (ग्रीष्म क्रांति) २१ जून के समीप सबसे बड़ा दिन होता है फिर दिन घटना आरंभ होता है। (४) सायन मकर (शरद् क्रांति) २२ दिसम्बर को सब से छोटा दिन होता है। उपरान्त फिर दिन बढ़ने लगता है। दिन बढ़ते २ फिर सायन मेष को दिन रात बराबर हो जाता है।

इसी के अनुसार यहाँ उन्हीं चरखंड के (चर × २) = ध्रुवांक को जोड़ घटाकर दिनमान बना लेते हैं। सबसे बड़ा दिन किस अक्षांश में कितना होता है प्रारंभिक ज्ञानखंड में बता चुके हैं।

दिनमान सारिणी देखने की रीति और उपयोग

इस सारिणी में सायन सूर्य या भुज बनाने की आवश्यकता नहीं है। केवल उस दिन पंचांग में देख लो सूर्य किस राशि के कितने अंश पर है। उसी सूर्य पर से सारिणी देखो।

रा

मान लो उस दिन सूर्य १–२८°–५६′–३१″ है। यहाँ केवल राशि अंश लिया। वृष के २८° पर सूर्य है। सारिणी में वृष के २८° के सामने घ० प० वि० ३३-२६-४३ मिला। यही उस दिन का स्थानिक दिन मान हुआ।

इससे सूर्योदय जानने को दिनार्द्ध बनाया। घ० प० वि० ३३–२६–४३

घ० प० वि०	घं० मि० से०	
÷२ = १६–४३–२१	= ६–४१–२०	१२ घंटा—दिनार्द्ध घंटा

घं० मि० से०

६–४१–२० = ५–१८–४० सूर्योदय।

या (६० घड़ी – दिनमान = रात्रिमान। रात्रिमात्र ÷ ५ = सूर्योदय

घड़ी घटी घंटा)

६०– ०– ०

३३–२६–४३ दिनमान

२६–३३–१७ रात्रिमान

घ० प० वि०

रात्रिमान २६–३३–१७ ÷ ५

घं० मि० से०

= ५–१८–३९ $\frac{२}{५}$

घं० मि० से०

= सूर्योदय ५–१८–४०

५)२६–३३–१७(५ घंटा
२५
१ × ६६ + ३३
५)९३(१८ मि०
५
४३
४०
३ × ६० + १७
५)१९७(३९ से०
१५
४७
४५
२

दिनमान से मिश्रमान और चर जानना

दिनमान घटी = ३० घटी ± (चर पल ५२) उत्तर क्रांति दक्षिण में
+ —

∴ (दिनमान–३० घटी) ÷ २ = चर पल = मेषादि में (उत्तर क्रांति)

(३० घटी–रात्रिमान) ÷ २ = चर पल = तुलादि में (दक्षिण क्रांति)

यहाँ दिनमान	रात्रिमान
३३–२६–४३ है	२६–३३–१७ है
– ३०	३०–० –०
	– २६–३३–१७
शेष ३–२६–४३ ÷ २	शेष ३–२६–४३ ÷ २
= १–४३–२१॥ चर +	= १–४३–२१॥ चर –

उत्तर क्रांति में

मिश्रमान = दिनार्द्ध + ३०

दिनार्द्ध १६–४३–२१
+३०

= मिश्रमान = ४६–४३–२१

दिनमान = (मिश्रमान–३०) × २

मिश्रमान ४६–४३–२१
– ३०

शेष = १६–४३–२१
×२

दिनमान = ३३–२६–४२

दक्षिण क्रांति में

मिश्रमान = ४५ घटी ± चर पल

मेषादि तुलादि में
\+ —

= ४५ घटी + १४३–२१ चर मेषादि
\+

= ४६- ४३–२१ मिश्रमान

दिनमान = मिश्रमान × २–)—६०

मिश्रमान ४६–४३–२१
×२

९३–२६–४२
—६०

दिनमान = ३३–२६–४२

रात्रिमान = (मिश्रमान – दिनमान) × २

मिश्रमान ४६–४३–२१
दिनमान— ३३–२६–४३

शेष १३–१६–३८
×२

रात्रिमान = २६–३३–१६

पंचांग में दिये हुए मिश्रमान को फल संस्कार कर स्थानिक मिश्रमान बनाना पहिले बता चुके हैं। पंचांग में जो मिश्रमान कालीन ग्रह दिये रहते हैं उस पर से ग्रह स्पष्ट करना पड़ता है। इस कारण मिश्रमान को स्थानिक बना लेने की आवश्यकता पड़ती है।

—: ० :—

अध्याय ४

राशियों का उदय काल

भचक्र (राशिचक्र) में १२ राशियाँ है। पृथ्वी जिस मार्ग में घूमती है वह अंग कृत होने से इसी के अनुसार राशि-राशि चक्र की भी गोलाई है। पृथ्वी के झुकाव का कोण के कारण पृथक्-पृथक् अक्षांश में इन राशियों का उदय काल का प्रमाण बदलते रहता है। यह उदय काल उस स्थान के अक्षांश के चरखंडा (Ascensional differences), के अनुसार बदलते रहता है। अर्थात् राशियों का उदय काल का प्रमाण भिन्न-भिन्न स्थानों पर भिन्न-भिन्न होता है। जैसे कि भिन्न-भिन्न स्थानों का सूर्योदय और अस्त में अंतर पड़ता है उसी प्रकार प्रत्येक स्थान पर इन राशियों का उदय काल जानना आवश्यक है।

राशियों का उदय काल = किसी राशि का क्षितिज पर जब उदय होना आरंभः होता है और उस राशि का पूर्ण उदय होकर जब दूसरी राशि का उदय आरंभ होने वाला होता है उस पूर्ण समय को अर्थात् किसी राशि के पूर्ण उदय होने में जितना समय लगता है उसे राशियों का उदय काल कहते हैं। सब राशियों का उदय काल एक समान नहीं होता, भिन्न-भिन्न होता है जैसा कि आगे बताया जायेगा।

भूमध्य रेखा निरक्ष देश कहलाता है अर्थात् वहाँ पर अक्षांश शून्य ० होता है (अक्षांश कुछ नहीं होता) इसी प्रकार भूमध्य रेखा पर चरखंड भी शून्य होता है और क्रमशः अक्षांशों के अनुसार उसका काल बढ़ता है। जो स्थान एक ही अक्षांश पर हों तो उन स्थानों में किसी विशेष राशि का उदय प्रमाण या चरखंड वही रहेगा।

भूमध्य रेखा में जहाँ का चरखंड शून्य है यदि वहाँ का उदयकाल प्रत्येक राशियों का विदित हो जावे तो किसी भी अक्षांश पर उन राशियों का उदय प्रमाण जाना जा सकता है। और उसके लिये चरखंड भी जानने की आवश्यकता है।

भूमध्य रेखा में राशियों का उदय काल सायन मेष से और जहाँ शून्य अंश है गिना जाता है। इन राशियों का उदय काल भूमध्य रेखा का असु में दिया रहता है। भारतवर्षीय नाक्षत्र काल की इकाई को असु कहते हैं जो अंग्रेजी नाक्षत्र काल के ४ सेकन्ड के बराबर होता है। १ असु या प्राण यह १० विपल या ४ सेकन्ड का होता है। ६ असु का एक पल होता है। सुविधा के लिये उदयकाल पल में दिया रहता है।

लंकोदय—

भूमध्य रेखा पर जो राशियों का उदय काल है वहाँ का चरखंड शून्य होने के

कारण उदय काल में परिवर्तन नहीं होता। यहाँ पर जो राशियों का उदय काल है उसे लंकोदय कहते हैं।

आजकल को लंका (सीलोन) तो ७ अक्षांश उत्तर पर है। यह प्राचीन लंका नहीं है। यह पहिले भूमध्यरेखा पर समुद्र में थी ऐसा कहा जाता हैं। लंका का अक्षांश शून्य था। इसी कारण भूमध्य रेखा पर जो राशियों का उदयकाल होता है उसे लंकोदय कहते हैं। प्राचीन लंका समुद्र के गर्भ में चली गई होगी ऐसा अनुमान होता है। परन्तु उसका मान अभी तक ज्योतिष शास्त्र में चला जाता है, जिसमें लंका को निरक्ष देश (अक्षांश शून्य) कहा है।

राशियों का उदय प्रमाण (लंकोदय का)

चित्र संख्या ३

लंकोदय राशियों का उदयकाल



राशियाँ				असु में	पलों में	घड़ी पल में	प्राचीन लंकोदय पल	वेध उपलब्ध लंकोदय पल
१ मेष	६ कन्या	७ तुला	१२ मीन	१६७४	२७९	४–३९	२७८	२७९
२ वृष	५ सिंह	८ वृश्चिक	११ कुंभ	१७९५	२९९·१६	४–५९·१६	२९९	२९९
३ मिथुन	४ कर्क	९ धन-	१० मकर	१९३१	३२१·८३	५–२१·८३	३२३	३२२
—	+	+	—	५४००	९००	१५–०	९००	९००

भूमध्य रेखा पर प्रत्येक राशियों का ऊपर बताया है। इसमें मेष, कन्या, तुला और मीन का उदय १६७४ असु या २७९ पल या ४–३९ घ० प० है। यह वेध उपलब्ध लंकोदय है अर्थात् वेध से इतना उदय पल का प्रमाण विदित हुआ है। प्राचीन काल में इन राशियों का लंकोदय २७८ पल ही माना गया है। बहुधा प्राचीन लंकोदय का ही उपयोग कई ज्योतिषी करते हैं।

इसी प्रकार वृष, सिंह, वृश्चिक और कुंभ का एक ही है और शेष मिथुन, कर्क, धन और मकर का लंकोदय एक ही है।

इसको इस प्रकार समझना कि पूर्व क्षितिज पर मेष राशि के उदय होने से दूसरी राशि के उदय होने तक १६७४ असु या २७९ पल लगते हैं। इसके उपरान्त वृषराशि का उदय होता है। वह वृषराशि १७९५ असु या २९९ पल पूर्व क्षितिज पर रहती है। इसके उपरान्त मिथुन राशि का उदय होना आरंभ होता है। मिथुन राशि के पूर्ण उदय होने में १९३१ असु या ३२१–८३' अर्थात् ३२२ पल लगते हैं। इसी प्रकार शेष राशियों का उदय काल का प्रमाण समझना। यही उदय प्रमाण लंकोदय कहलाता है।

प्राचीन लंकोदय और वेध उपलब्ध लंकोदय में बहुत ही थोड़ा अंतर है। यदि सूक्ष्म गणित करना है तो नवीन प्राप्त (वेधोपलब्ध) लंकोदय का उपयोग करना। साधारण प्रकार से प्राचीन लंकोदय का ही उपयोग होता है।

भूमध्यरेखा पर इन राशियों का उदयकाल अर्थात् उदय प्रमाण एक सा क्यों नहीं है इसका कारण समझ लेना चाहिए। मेष से बड़ा वृष का, उससे बड़ा उदयकाल मिथुन का है। मिथुन के समान कर्क का है। उपरान्त कर्क से उदयकाल घटना आरंभ होता है। अर्थात् सिंह का कुछ कम और कन्या का और भी कम जाता है। इस प्रकार घट बढ़ होने का कारण चित्र संख्या ३ देखने से समझ में आ जावेगा।

पृथ्वी का सूर्य की परिक्रमा करने का मार्ग अंडाकार है। इसी को क्रांतिवृत्त-सूर्य के घूमने का मार्ग कहते हैं। इसी मार्ग से राशियों का उदय अस्त होता है अर्थात् इसी मार्ग से राशिचक्र घूमते दिखता है। राशियों का क्रम और जिस क्रम से उदय होता है चित्र संख्या ३ में बताया है। और तीर से राशियों के घूमने की दिशा बताई है।

इस मार्ग के देखने से समझ पड़ेगा कि यद्यपि प्रत्येक राशियाँ ३०–३०° दूरी पर हैं परन्तु अंडाकार मार्ग होने से राशियों के उदय होने में एक सा समय नहीं लगता। मेष मीन कन्या और तुला का एक सा उदयकाल क्यों है चित्र ३ में दिखता है। मेष से वृष जाने में अंडाका का अधिक भाग आ जाता है। वृष से मिथुन के जाने में सब से बड़ा भाग मार्ग में पड़ता है। इसी प्रकार प्रत्येक तीन-तीन राशियों का जुट है। अर्थात्

जितनी लम्बाई मिथुन की है उतनी कर्क, धन और मकर की है। कर्क से छोटी लम्बाई सिंह की है। सिंह से छोटा मार्ग कन्या का है। सिंह वृश्चिक कुंभ और वृष के मार्ग की लम्बाई एक सरीखी है। इसी गोलाई के कारण राशियों का उदय काल घटता बढ़ता है।

राशिचक्र स्थिर है परन्तु पृथ्वी की गति के कारण पृथ्वी स्थिर और राशिचक्र चलायमान दिखता है। राशियाँ पूर्व से उदय होकर पश्चिम को जाती दिखती हैं।

उदय काल में अन्तर और स्वोदय

उपरोक्त जो लंकोदय बताया है ज्यों ही वहाँ से अक्षांश बढ़ता है त्यों राशियों के उदय काल में अंतर पड़ता है।

प्रत्येक स्थान पर राशियों का उदय प्रमाण भिन्न-भिन्न होता है। प्रत्येक स्थान पर उस स्थान का जो उदयकाल होता है उसे स्वोदय कहते हैं। स्व + अपना, (अपना उदय) = स्थानिक उदयकाल।

लंकोदय से स्वोदय बनाया जाता है। अर्थात् इष्ट स्थान पर इन राशियों का उदयकाल, लंकोदय पर से गणित द्वारा निकाला जाता है।

प्रत्येक स्थान के स्थानिक उदयकाल (स्वोदय) बनाने के लिये पलभा या अक्षांश विदित होना चाहिए।

यदि किसी स्थान का पलभा विदित हो तो पलभा से उस स्थान का अक्षांश भी प्रगट हो सकता है। किसी स्थान का स्वोदय बनाने के लिये पलभा की आवश्यकता पड़ती है। यदि किसी स्थान का स्वोदय विदित हो गया तो स्वोदय से ठीक-ठीक लग्न (लग्न स्पष्ट) जाना जा सकता है।

पलभा अंगुल और व्यांगुल में होता है। ६ व्यांगुल का एक अंगुल होता है। व्यांगुल को प्रत्यंगुल या प्रति-अंगुल भी कहते हैं। ६० तत्प्रति अंगुल का एक प्रति अंगुल होता है।

पलभा

पलभा क्या है और कैसे निकालना ?

जिस दिन सायन सूर्य की राशि अंश कला विकला से शून्य हो अर्थात् जब सूर्य ठीक सम्पात बिन्दु पर हो (यह समय २१ मार्च को होता है जब दिन रात बराबर होता है) उस दिन मध्याह्न (दोपहर) समय में १२ अंगुल की एक शंकु (सलाई या लकड़ी) सम भूमि में किसी खुले स्थान में गाड़ दो। ठीक मध्याह्न समय में उस शंकु की जितनी छाया पड़े उसे अंगुल व्यांगुल में नाप लो। यही नाप उस स्थान की पलभा होगी।

अर्थात् सम्पात बिन्दु के मध्याह्न काल में १२ अंगुल की शंकु की छाया का जो नाप हो उसे पलभा कहते हैं। नापते समय नाप में समानता हो और अंगुल, प्रति अंगुल, तत्प्रति अंगुल तक ठीक-ठीक नाप लेकर लिख लेना चाहिए। एक लकड़ी में नाप का चिह्न नापने के लिये बनाकर रख लेना चाहिए। जो शंकु गड़ाई जावे सम भूमि में बिलकुल सीधी गड़ाई जावे जिससे उसके दोनों ओर ९०-९० अंश के कोण रहें।

यदि स्वस्थान के अतिरिक्त किसी दूर के स्थान की पलभा निकालने की आवश्यकता पड़ जावे तो उस निमित्त उसी स्थान पर जाना और इष्ट समय अर्थात् २१ मार्च तक समय की प्रतीक्षा करना, बहुत ही असुविधा जनक है। इस कारण अक्षांश पर से पलभा निकालने की रीति भी जान लेनी चाहिए जिसके सहारे किसी भी देश की पलभा निकाली जा सकती है।

किसी स्थान के अक्षांश जानने की आवश्यकता हो तो प्रारम्भिक ज्ञान खण्ड में बताई रीति से ध्रुवतारा की ऊँचाई नाप कर अपने स्थान का अक्षांश जान सकते हो या किसी स्कूल के या सरकारी नकशों को देखो जिसमें इष्ट स्थान दिया हो। प्रायः सब नकशों में अक्षांश और देशान्तर दिया रहता है उसको देखकर इष्ट स्थान के अक्षांश की खोज कर लो। अनेक स्थानों के अक्षांश और देशान्तर अंत में परिशिष्ट में दिये हैं उसमें से अक्षांश देख लो।

कितने अक्षांश पर कितनी पलभा होती है इसके जानने का चक्र आगे दिया है। चक्र में अक्षांश के केवल अंश की पलभा दी है। यदि इष्ट देश के अक्षांश में अंश के अतिरिक्त कला विकला भी हो तो नीचे बताई रीति के अनुसार गणित कर अपने अक्षांश की ठीक-ठीक पलभा जान सकते हो।

१. कोष्टक = चक्र का कोण

२. अल्प कोष्टक = छोटे अंक का कोष्टक जिसके अंक आगे के कोष्टक से कम हो
अर्थात् पिछला कोष्टक

३. ऐष्य ,, = अल्प कोष्टक के आगे का कोष्टक जिसका अंक पिछले कोष्टक से
बड़ा होता है अर्थात् आगे का कोष्टक का अंक।

इष्ट पलभा = (ऐष्य कोष्ट—अल्प कोष्टक) = कोष्टक अंतर (व्यांगुल में)

(अंतर × अक्षांश की शेष कलादि) ÷ ६० = आनुपातिक पलभा (व्यांगुल में)

अक्षांश के अंश से प्राप्त पलभा = ऐष्य कोष्टक अंक

प्राप्त पलभा + कलादि की अनुपातिक पलभा = इष्टपलभा अर्थात् अंश की पलभा तो चक्र में दी है केवल कला विकला की पलभा गणित से निकाल कर अंश के पलभा में जोड़ देने से इष्ट अक्षांश की पूरी पलभा निकल आवेगी।

जिस अक्षांश की पलभा दी है उसे अल्प कोष्टक की पलभा कहेंगे और उसके आगे के अक्षांश के कोष्टक को ऐष्य कोष्टक की पलभा कहेंगे। ऐष्य (आगे के अंक) से अल्प (प्राप्त अंक) को घटा देने से जो कुछ शेष बचे वह दोनों का अंतर हुआ।

अब गणित से निकालो कि १ अंश (६० कला) में इतना अंतर पलभा में पड़ता है तो इष्ट अक्षांश की शेष कला विकला में कितना अंतर पड़ेगा? जो उत्तर आवे उसे आनुपातिक पलभा (व्यांगुल में) समझो। उसे अल्प कोष्टक की पलभा में जोड़ दो तो पूरे अंश कलादि अक्षांश की पलभा निकल आयेगी।

२५°–२६′–३८″ अक्षांश की पलभा जाननी है।

अं–व्या–तत्प्र०

चक्र में देखा २५° की पलभा ५–३५–४२ है (अल्प कोष्टक)

२६° „ „ ५–५१–७ है (ऐष्य कोष्टक)

दोनों का अंतर

५–५१–७
—५–३५–४२
शेष ०–१५–२५

२५° की पलभा तो ज्ञात हुई अब शेष २६′–३८″ अक्षांश की पलभा और जाननी है। गणित किया ६०′ (१ अंश) में पलभा अंतर ० – १५ – २५ (अं० व्या० तत्प्र०) है तो शेष अक्षांश की २५′–३८″ में कितना होगा?

$$\frac{(१५–२५)\times(२६–३८)}{६०} = \frac{४१०–३५–२०}{६०} = \text{व्या० तत्प्र०}\; ६ – ५० = \text{आनुपातिक पलभा}$$

२६–३८
×१५–२५

	१३०	१९०
	५२	७६
१३०	१९०	
२६	३८	
३६०	१२२०	९५०÷६०
+२०	+१५	=५०
४१०	१२३५	
	=३५	

=४१०–३५–५०÷६०
व्या० तत्
=६ – ५०

६०)४१०–३५–५०(६ व्यांगुल
३६०
५०
तत्प्रति अंगुल

अं० व्या० तत्
२५° की पलभा = ५–३५–४२
+२६′–३८″ की = ६–५०
५–४२–३२

= अक्षांश २५°–२६′–३८″ की पलभा ५–४२–३२ हुई (अं. व्या० तत्)

गोमूमित्रका क्रम से गुणा करने की रीति

इसकी रीति अन्यत्र बताई है परन्तु सुगमता के लिये यहाँ भी समझा देते हैं।

जिन २ संख्याओं का गुणन फल निकालना है उनको एक के नीचे एक अंक ऊपर लिखे अनुसार रख कर दाहिनी छोर से गुणा करना आरम्भ करो। पहिले ३८ में २५ का गुणा करना है तो पहिले ३८ में ५ का गुणा किया तो १९० आया फिर २ का गुणा ३८ में किया तो ७६ आया। यह २ गुणक दहाई स्थान का है। इससे इकाई स्थान को छोड़कर दहाई स्थान पर अर्थात् ९ के नीचे ६ और सैंकड़ा स्थान पर १ के नीचे ७ लिखा। इस प्रकार गुणन फल ७६ को रखा। सबका जोड़ ९५० हुआ।

अब २६ × २५ का गुणा इसी प्रकार किया। २६ में पहिले ५ का गुणा किया १३० हुआ। फिर २६ में २ का गुणा किया ५२ हुआ। इकाई छोड़ कर दहाई स्थान पर ३ के नीचे २ और सैंकड़ा के स्थान पर १ के नीचे ५ रखा। इस प्रकार २५ का गुणा दोनों अंकों में हो चुका। अब १५ का गुणा करना शेष रहा। जैसा २५ का गुणा किया था उसी प्रकार १५ का गुणा करो।

३८ में १५ का गुणा किया जो कुछ गुणनफल आया उसे एक कोठा छोड़ कर बाईं ओर लिखना आरम्भ किया। ३८ में पहिले ५ का गुणा किया १९० हुआ। इसे दूसरे कोठे के नीचे रखा। उसके नीचे इकाई का स्थान छोड़ कर ३८ × १ का गुणन-फल ३८ लिखा। इस प्रकार ३८ से १५ का गुणनफल हो चुका। अब २६ और १५ का गुणा शेष रहा। उसके आगे उन दोनों का गुणन फल बाईं ओर पूर्वोक्त गुणाकर लिख दिया। अर्थात् २६ × ५ = १३० लिखा फिर २६ × १ = २६ एक दाहिना अंक छोड़ कर रख दिया। उपरांत सबको दाहिनी ओर से क्रमानुसार बाईं ओर जोड़ते जाना। जैसे पहिले कोठे का जोड़ ९५० हुआ, दूसरे का १२२०, तीसरे का ३९० हुआ। अब इन प्रत्येक अंकों को ६० से अधिक होने के कारण ६० से शोधन करो अर्थात् प्रत्येक में ६० का भाग देते जाओ। जो शेष बचे उसके नीचे रख दो और जो लब्धि आवे, बांई ओर के कोठे के अंक में जोड़ कर उसमें फिर ६० का भाग दो जो शेष आवे उसके नीचे रखो और जो लब्धि आवे उसे बाईं ओर के कोठे के योग में जोड़ दो। जैसा ऊपर दाहिनी ओर ९५० है। इसमें ६० का भाग दिया शेष २५ आया वह नीचे रख दिया। लब्धि १५ आई उसे बाईं ओर कोठे के योग अंक १२२० में जोड़ दिया। सब का जोड़ १२३५ हुआ। इसमें ६० का भाग दिया तो ३५ शेष रहा। लब्धि २० आई। लब्धि २० को बायें कोठे के योग अंक ३९० में जोड़ा तो ४१० हुआ। इस प्रकार (२६–२८) × (१५–२५) का गुणन फल ४१०–३५–५० हुआ।

इसी प्रकार आगे भी कई स्थान पर गोमूत्रिका क्रम से गुणा किया है और उदाहरण देखोगे तो अच्छी प्रकार समझ में आ जावेगा।

गुणनफल चक्र के सहारे इसके गुणा करने की सरल रीति आगे मिलेगी।

पलभा निकालने का दूसरा उदाहरण

नरसिंह पुर का अक्षांश २२° – ५७′ है यहाँ का पलभा निकालना है।

अक्षांश २२° = ४ – ५० – ५२ पलभा (अल्प)
२३° = ५ – ५ – ३८ ,, (ऐष्य)

अंतर ५ – ५ – ३८ ऐष्य
– ४ – ५० – ५२ अल्प
अंतर = ० – १४ – ४६

अंतर शेष कला अक्षांश की व्या. तत्

$$\frac{(१४ - ४६) \times ५७}{६०} = \frac{१४ - ४६ \times ५७}{६०} = \frac{८४१ - ४२}{६०} = १४ - १$$

अनुपातिक पलभा

```
   १४ – ४६          ६० ) २६२२ ( ४३         ६० ) ८४१ – ४२ ( १४
     × ५७                २४०    लब्धि          ६०        व्यांगुल
  ------------          -------              -------
   ९८ | ३२२              २२२                 २४१
   ७० | २३०              १८०                 २४०
  ------------          -------              -------
  ७९८ | २६२२ ÷ ६०         ४२                   १ तत्प्रति०
 + ४३ | = ४२              शेष
 -----
  ८४१
```

अं. व्या.

= ८४१ – ४२ ÷ ६०

२२° = ४ – ५० – ५२
+ ५७′ = ० – १४ – १
५ – ४ – ५३
= ५ – ५

∴ २२° – ५७′ अक्षांश का पलभा = ५ – ५ हुआ

पलभा चक्र (सारिणी)

अक्षांश	पलभा			अक्षांश	पलभा			अक्षांश	पलभा			अक्षांश	पलभा		
	अं.	व्या.	तत्		अं.	व्या.	तत्		अं.	व्या.	तत्		अं.	व्या.	तत्
१	०	१२	३४	१५	३	१२	५४	२९	६	३९	४	४३	११	११	२४
२	०	२५	९	१६	३	२६	२४	३०	६	५५	४१	४४	११	३५	२४
३	०	३७	४४	१७	३	४०	५	३१	७	१२	३६	४५	१२	०	०
४	०	५०	२१	१८	३	५३	५६	३२	७	२९	५३	४६	१२	२५	३७
५	१	३	०	१९	४	७	५५	३३	७	४७	३१	४७	१२	५२	५
६	१	१५	४०	२०	४	२०	०	३४	८	५	३८	४८	१३	१९	३४
७	१	२८	२३	२१	४	२६	२२	३५	८	२४	७	४९	१३	४८	१८
८	१	४१	१०	२२	४	५०	५२	३६	८	४३	५	५०	१४	१८	३
९	१	५४	०	२३	५	५	८३	३७	९	२	२५	५१	१४	४९	८
१०	२	६	५४	२४	५	२०	३१	३८	९	२०	३०	५२	१५	२१	३२
११	२	१९	५५	२५	५	३५	४२	३९	९	४३	१	५३	१५	५५	३०
१२	२	३३	०	२६	५	५१	७	४०	१०	४	९	५४	१६	३१	६
१३	२	४६	१२	२७	६	६	०	४१	१०	२५	५०	५५	१७	८	३४
१४	२	५९	२८	२८	६	२२	४८	४२	१०	६०	१८				

अक्षांश से पलभा निकालना

एक त्रिज्या = ३४३८। इस प्रकार इष्ट अक्षांश को ज्या Sine निकाले। ज्या लाग्रतमिक सारिणी के सहारे निकाली जाती है। फिर जो अक्षांश की ज्या होगी वह अक्षज्या होगी।

$$\text{कोटिज्या} = \text{लम्बज्या} = \sqrt{\text{त्रिज्या}^2 - \text{अक्षज्या}^2}$$

$$(१)\ \sqrt{\frac{\text{अक्षज्या} \times १२}{\text{त्रिज्या}^2 - \text{अक्षज्या}^2}} = \text{या}\ \frac{\text{अक्षज्या} \times १२}{\text{कोटिज्या}}$$

कोटिज्या = लम्बज्या = Natural cosine.

त्रिज्या = Radian

ज्या = Sine

अक्ष = अक्षांश

(२) दूसरी नई रीति—

अक्षांश की स्पर्शज्या Tangent × १२ = अंगुलात्मक पलभा

उदाहरण आगे दिया है।

किसी कोण की स्पर्शज्या निकालने की एक सारिणी होती है। यह त्रिकोणमिति का विषय है। इसी प्रकार अक्षज्या निकालने की सारिणी होती है। यहाँ अनावश्यक समझ कर नहीं दिया। क्योंकि यह विषय बहुत बड़ा है। यहाँ ऊपर की सारिणी से ही काम चल जायगा।

लाग्रतमिक की सारिणियों की पुस्तक अंग्रेजी पुस्तक विक्रेताओं के यहां मिल जाती है। इच्छा होने पर मोल ले लेना।

दोनों प्रकार से पलभा निकालने का उदाहरण

(१) २२° – ५७′ अक्षांश की ज्या Sine निकालनी है।

सारिणी से २२° – ३०′ = १३१५ ज्या
२६ – १५ = १५२० ,,
अंतर ३ – ४५ २०५′

२६° – १५′	१५२० ज्या
–२२ – ३०	–१३१५
३ – ४५ अंतर	२०५

= २२५′

इष्ट अक्षांश २२°–५७′
प्राप्त ,, २२–३०
अंतर ०–२७′

२२५′ में २०५ ज्या होती है तो २७′ की ज्या क्या होगी?

$$\frac{२०५ \times २७}{२२५} = \frac{५५३५}{२२५} = २४'$$

२२°–६०′ की ज्या = १३१५
शेष २७′ ,, ,, = २४
∴ २२-५७ ,, ,, = १३३९
= अक्ष ज्या
= अक्षांश की ज्या

१ त्रिज्या = ३४३८′ सदा होती है।

अक्ष ज्या

$$\frac{१३३९ \times १२}{\sqrt{त्रिज्या^२ - अक्षज्या}} = \frac{१६०६८}{\sqrt{३४३८^२ - १३३९^२}}$$

$$= \frac{१६०६८}{\sqrt{(३४३८ + १३३९) \times (३४३८ - १३३९)}} = \frac{१६०६८}{\sqrt{४७७७ \times २०९९}}$$

अ.प्रति०

$$= \frac{१६०६८}{\sqrt{९९५७०५५६}} = \frac{१६०६८}{३१५५} = ५–५ \text{ पलभा}$$

(२) दूसरी रीति का उदाहरण

२२°–५७′ की स्पर्श ज्या = '४२३४ सारिणी से प्राप्त

अ० व्या०

'४२३४ × १२ = ५'०८०८ = ५ – ५ पलभा

स्पर्शज्या = natural Tangent

ज्या, स्पर्शज्या आदि की सारिणी लेगार्थमिक टेबल नामी पुस्तक में दी है। यहाँ आवश्यक न होने से नहीं दी। इस विषय का ज्ञान त्रिकोणमिति के अध्ययन करने से होगा।

(३) पहिली रीति में दिया अन्य उदाहरण

(अक्षांश की ज्या × १२) ÷ अक्षांश कोटिज्या cosine

स्वाभाविक ज्या २२°–५७′ की = ३८९९

,, कोटिज्या ,, ,, = ९२०९

अ० प्रति०

$$\frac{३८९९ \times १२}{९२०९} = \frac{४६७८८}{९२०९} = ५ - ५ \text{ पलभा}$$

पलभा से अक्षांश निकालना

किसी स्थान की पलभा प्रगट हो तो उस स्थान का अक्षांश इस प्रकार निकालना।

$$\text{अक्षांश} = \underset{\text{अंशादि}}{(\text{पलभा} \times ५)} - \left(\frac{\text{पलभा}^२}{१०} \text{ अंशादि}\right)$$

इष्ट स्थान की पलभा में ५ का गुणा करो तो अंश होंगे इसमें से उसी पलभा का वर्ग निकाल कर उस का दशमांश निकालो जो अंशादि आवें उसे ५ से गुणा किये हुए पलभा में से घटा दो तो अक्षांश अंश कलादि प्राप्त होगा।

उदाहरण—

किसी स्थान का पलभा ५ है अक्षांश निकालना है।

$$(\text{पलभा } ५ \times ५) - \frac{५ \text{ पलभा}^२}{१०} = (५ \times ५) - \frac{(५ \times ५)}{१०} = २५ - \frac{२५}{१०}$$

$$= = २५ - २।। २२। \text{ अंश} = २२°\text{–}३०′ \text{ अक्षांश हुआ।}$$

जिस संख्या का वर्ग निकालना है उसके दाहिने कोने में सिर पर २ का अंक लिख देते हैं। जैसे ५ का वर्ग निकालना है तो $५^२$ लिखेंगे। इस का अर्थ यह है कि उसी संख्या का गुणा उसी संख्या से करना है जैसे $५^२ = ५ \times ५ = २५$ हुआ। वर्ग निकालने की रीति परिशिष्ट में दी है।

दूसरा उदाहरण

आ. व्या.

पलभा ५–४५ है अक्षांश निकालना है।

पलभा

$$[(\text{५–४५}) \times \text{५}] - \frac{(\text{५–४५})^{\text{२}}}{\text{१०}} = (\text{२८}^{\circ}\text{–४५}') - \frac{(\text{५–४५}) \times (\text{५–४५})}{\text{१०}}$$

$$= (\text{२८}^{\circ}\text{–४५}') - \frac{\text{३३–३–४५}}{\text{१०}} = (\text{२८}^{\circ}\text{-४५}') - (\text{३}^{\circ}\text{-१८}'\text{-२२}) = \text{२५}^{\circ}\text{-२६}'\text{-३८}''$$

५–४५
× ५
२५ | २२५ ÷ ६
+ ३ | = ४५
२८
= २८°–४५′

५–४५
५–४५
२२५ | २२५
| १८०
२५ | २२५ |
२५ | ४५० | २०२५ ÷ ६०
+ ८ | + ३३ | = ४५
३३ | ४८३ |
= ३
= ३३°–३′–४५″

अक्षांश
१०) ३३–३–४५ (३ अंश
३०
३ × ६०
१८० + ३
१०) १८३ (१८ कला
१०
८३
८०
३ × ६०
१८० + ४५
१०) २२५ (२२ विकला
२०
२५
२०

पलभा से स्वोदय बनाना

लग्न साधन करने के लिये स्वोदय बनाने की आवश्यकता पड़ती है। यह स्वोदय पलभा से बनाया जाता है। इसके बनाने की रीति यह है—

पलभा से पहिले चरखंड बनाया जाता है। प्रत्येक अक्षांश के अनुसार कहाँ कितना चरखंड होता है पहिले बता चुके हैं। यहाँ पलभा के अनुसार गणित द्वारा चरखंड बनाना बतलाते हैं।

चरखंड ३ होते हैं। प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरखंड। इनको बनाने के लिये पलभा में पृथक्-पृथक् तीन स्थान पर १०, ८ और $\frac{\text{१०}}{\text{३}}$ का गुणा करने से तीनों चरखंड बनते हैं।

(१) प्रथम चरखंड	(२) द्वितीय चरखंड	(३) तृतीय चरखंड
पलभा × १०	पलभा × ८	पलभा × $\frac{\text{१०}}{\text{३}}$

उदाहरण—किसी स्थान का पलभा ५ है तो चरखंड इस प्रकार होंगे।

(१) पलभा ५ × १० = ५० पल प्रथम चरखंड

(२) „ ५ × ८ = ४० पल द्वितीय चरखंड

(३) „ ५ × $\frac{१०}{३}$ = $\frac{५०}{३}$ पल = १६–४० तृतीय चरखण्ड

= १६ पल

दूसरा उदाहरण—जबलपुर की पलभा ५–८ है तो स्वोदय बनाने के लिये चरखण्ड निकालना है।

पलभा

चरखंड १ = (५–८) × १० = ५१–२० = ५१

„ २ = (५–८) × ८ = ४१–४ = ४१

„ ३ = (५–८) × $\frac{१०}{३}$ = $\frac{५१–२०}{३}$ = १७–६– = १७

यहाँ स्थूल रूप से ५१–२० को ५.१ मान लिया है।

प. वि.

यदि सुक्ष्म गणित को आवश्यकता है तो ५१–२० ही लेना।

तीसरा उदाहरण—काशी का पलभा ५–४५ है।

(१) चरखंड = (५–४५) × १० = ५७–३० = ५७

(२) „ = (५–४५) × ८ = ४६–० = ४६

(३) „ = (५–४५) × $\frac{१०}{३}$ = १९–१० = १९

चौथा उदाहरण—नरसिंह पुर की पलभा ५–५ है।

(१) = (५–५) × १० = ५०–५० = पहिला चरखंड = ५०–५० या ५१ पल

(२) = (५–५) × ८ = ४०–४० = दूसरा „ = ४०–४० या ४१ पल

(३) = (५–५) × $\frac{१०}{३}$ = $\frac{५०–५०}{३}$ = १६–५६ = तीसरा = १६–५६ या १७ पल

चरखंड से स्वोदय बनाने के लिए लंकोदय में चरखंड का संस्कार करना पड़ता है।

चरखंड से स्वोदय बनाना

लंकोदय पर से स्वोदय बनता है। लंकोदय में तीन-तीन राशियों का क्रमानुसार गुट रहता है। लंकोदय की पहिली ३ राशियों में क्रमानुसार पहिला, दूसरा और तीसरा चरखंड पृथक् २ घटाना पड़ता है। उपरान्त की ३ राशियां कर्क सिंह कन्या में पहिला, दूसरा और तीसरा चरखंड क्रमानुसार जोड़ना पड़ता है। इस प्रकार मेष से कन्या राशि तक का स्वोदय बन जाता है। शेष राशियों का उल्टे क्रम से वही स्वोदय

रहता है। जैसे जो कन्या का स्वोदय है वहां तुला का होगा। इसी प्रकार सिंह वृश्चिक का कर्क धन का, मिथुन मकर का, वृष कुंभ का और मीन मेष का एक ही स्वोदय होगा जैसे नीचे दिया है।

राशियाँ	लंकोदय पल	±चरखंड	राशियाँ	स्वोदय
१ मेष	२७८	– पहिला चरखंड	= १२ मीन	= ,,
२ वृष	२९९	– दूसरा ,,	= ११ कुंभ	= ,,
३ मिथुन	३२३	– तीसरा ,,	= १० मकर	= ,,
४ कर्क	३२३	+ तीसरा ,,	= ९ धन	= ,,
५ सिंह	२९९	+ दूसरा ,,	= ८ वृश्चिक	= ,,
६ कन्या	२७८	+ पहिला ,,	= ७ तुला	= ,,

उदाहरण—काशी में राशियों का उदय काल जानने के लिए काशी का स्वोदय बनाते हैं। काशी का पलभा ५ – ४५ है। चर खंड (१) ५७, (२) ४६, (३) १९ है जो ऊपर के उदाहरण में निकाल चुके हैं।

राशियाँ	लंकोदय	±चरखंड	काशी का स्वोदय	
मेष मीन	२७८	– ५७ (१) चरखंड	= २२१ पल	इसी स्वदेशीय
वृष कुंभ	२९९	– ४६ (२) ,,	= २५३ पल	उदय काल को
मिथुन मकर	३२३	– १९ (३) ,,	= ३०४ पल	स्वोदय कहते
कर्क धन	३२३	+ १९ (३) ,,	= ३४२ पल	हैं। अर्थात्
सिंह वृश्चिक	२९९	+ ४६ (२) ,,	= ३४५ पल	स्व स्थान का
कन्या तुला	२७८	+ ५७ (१) ,,	= ३३५ पल	शुद्ध उदय काल।

दूसरा उदाहरण—नरसिंहपुर २२° – ५७′, पलभा ५ – ५ है स्वोदय जानना है।

राशियाँ	लंकोदय	± चरखंड	नरसिंहपुर का स्वोदय	स्थूल स्वोदय
मेष मीन	२७८	– (५० – ५०) (१)	= २२७ – १०	= २२७ पल
वृष कुम्भ	२९९	– (४० – ४०) (२)	= २५८ – २०	= २५८ पल
मिथुन मकर	३२३	– (१६ – ५६) (३)	= ३०६ – ४	= ३०६ पल
कर्क धन	३२३	+ (१६ – ५६) (३)	= ३३९ – ५६	= ३४० पल
सिंह वृश्चिक	२९९	+ (४० – ४०) (२)	= ३३९ – ४०	= ३४० पल
कन्या तुला	२७८	+ (५० – ५०) (१)	= ३२८ – ५०	= ३२९ पल

इस दूसरे उदाहरण में चरखंड के दोनों अंक दिये हैं। परन्तु बहुधा ज्योतिषी लोग प्राय: एक ही अंक लेते हैं। अर्थात् ५० – ५० पहिला चरखंड है तो ५१ पहिला चरखंड मान लेंगे। इसी प्रकार दूसरा ४० – ४० चरखंड को ४१ और तीसरे १६–५६ चरखंड को १७ मान लेंगे। आधे से अधिक चरखंड के व्यांगुल को एक अंगुल मान लेते हैं और अल्प को छोड़ देते हैं। यहाँ उत्तर में :जो पल आया है उसके आधे से कम विपल को छोड़कर, आधे से अधिक विपल को एक मान कर बढ़ा देते हैं। परन्तु ध्यान रहे इस प्रकार घटाने बढ़ाने से सब राशियों के उदयकाल का यदि योग किया जाय तो (६० घड़ी × ६०) = ३६०० पल होना चाहिए। ६ राशियों के उदय काल का योग १८०० पल आना चाहिए। इससे कम या अधिक न हो जोड़ कर देख लेना चाहिए।

अब अक्षांश के चरखंड चक्र के अनुसार स्वोदय साधन करते हैं।

नरसिंहपुर का अक्षांश २२° – ५७′ है इसे २३° मानकर चरखंड देखा।

२३° के सामने पहिला	दूसरा	तीसरा	चरखंड दशमलव
५०·९०	४०·७२	१६·९६	में दिया है।

राशियाँ	वेधोपलब्ध लंकोदय	± चरखंड	स्वोदय	स्वोदय पल
मेष मीन	२७९	– ५०·९० (१)	= २२८·१	= २२८
वृष कुम्भ	२९९	– ४०·७२ (२)	= २५८·२८	= २५८
मिथुन मकर	३२२	– १६·९६ (३)	= ३०५·४	= ३०५
कर्क धन	३२२	+ १६·९६ (३)	= ३३८·९६	= ३३९
सिंह वृश्चिक	२९९	+ ४०·७२ (२)	= ३३९·७२	= ३४०
कन्या मीन	२७९	+ ५०·९० (१)	= ३२९·९०	= ३३०
				योग १८००

इसमें वेधोपलब्ध लंकोदय का उपयोग किया है।

यदि अक्षांश के अंश और कला के अनुसार पूरा स्वोदय बनाता है तो इस प्रकार बनाया जावेगा।

नरसिंहपुर के अक्षांश २२° – ५७′ का स्पष्ट स्वोदय वेधोपलब्ध लंकोदय के अनुसार निकालना है। सारिणी देखी।

	पहिला	दूसरा	तीसरा है।
२३° का चरखंड	५०·९०	४०·७२	१६·९६
२२° ,, ,,	४८·५०	३८·८०	१६·१६
१° में अंतर=शेष	२·४०	१·९२	०·८०

```
  २·४०
 × ५७
 १६८०
१२००
६०) १३६·८० ( २·२८
    १२०
    १६८
    १२०
     ४८०
     ४८०
       ०
```

तो ५७′ में कितना? $\frac{(२·४०) \times ५७}{६०}$ $\frac{(१·९२) \times ५७}{६०}$ $\frac{(०·८०) \times ५७}{६०}$

$= \frac{१३६·८}{६०}$ $\frac{१०९·४४}{६०}$ $\frac{४५·६}{६०}$

$= २·२८$ $= १·८२४$ $= ·७६$

	पहिला	दूसरा	तीसरा
२२° का =	४८·५०	३८·८०	१६·१६
५७° का +	२·२८	१·८२४	·७६
∴ २०°–५७′ का =	५०·७८	४०·६२४	१६·९२
चरखंड	पहिला	दूसरा	तीसरा

```
  १·९२
  × ५७
  १३४४
  ९६०
६०) १०९·४४ ( १·८२४
    ६०
    ४९४
    ४८०
     १४४
     १२०
      २४०
      २४०
        ०
```

```
   ०·८
   × ५७
६०) ४५·६ ( ·७६
    ४२०
     ३६०
     ३६०
       ०
```

राशियाँ	लंकोदय ±	चरखंड		स्वोदय	
मेष मीन	२७९ —	(५०·७८)	(१)	= २२८·२२	= २२८ पल
वृष कुंभ	२९९ —	(४०·६२४)	(२)	= २५८·३७६	= २५८ ,,
मिथुन मकर	३२३ —	(१६·९२)	(३)	= ३०६·०८	= ३०६ ,,
कर्क धन	३२३ +	(१६·९२)	(३)	= ३३९·९२	= ३४० ,,
सिंह वृश्चिक	२९९ +	(४०·६२४)	(२)	= ३३९·६२४	= ३३९ ,,
कन्या तुला	२७९ +	(५०·७८)	(१)	= ३२९·७८	= ३२९ ,,
				योग	१८००

इस प्रकार से दोनों रीतियों से गणित कर के देख लिया। केवल १–२ पल का अंतर पड़ता है। इस कारण २२°–५७′ अक्षांश को २३° मान कर चरखंड निकालने से सुगम है।

दोनों प्रकार के लंकोदय से स्वोदय निकालने में भी विशेष कोई अन्तर नहीं पड़ता। यदि १–२ पल का अन्तर आया तो इस में कोई हानि नहीं है। परन्तु जहाँ सूक्ष्म रूप से ही गणित करना है तो चरखंड भी सूक्ष्म रूप से निकाल कर उसी के अनुसार स्वोदय बनाना।

—: ० :—

अध्याय ५

इष्ट काल साधन

शुद्ध लग्न निकालने के लिये शुद्ध इष्ट काल की आवश्यकता है। इष्ट काल शुद्ध होगा तो शुद्ध कुंडली बनेगी।

पहिले बता चुके हैं कि आजकल जो घड़ी का टाइम देखकर जन्म समय लिख लिया जाता है यदि उसी समय के अनुसार लग्न साधन की जावे तो अशुद्ध हो जायगी।

यदि अपना समय स्टेन्डर्ड टाइम में है तो उसे स्व स्थान का समय बनाने के लिये देशान्तर संस्कार और बेलान्तर संस्कार करना पड़ता है जिसके विषय में पहिले समझा चुके हैं। इसके उपरान्त समय शुद्ध होने पर लग्न साधन करना चाहिए। धूप घड़ी का जो समय है वही शुद्ध स्थानिक समय कहलाता है।

इष्ट काल के विषय में प्रारंभिक ज्ञान खंड में समझा चुके हैं। परन्तु महत्त्व का विषय होने से इसे फिर समझाते हैं।

सूर्योदय के उपरान्त जन्म समय तक या किसी प्रश्न के पूछने के समय तक जितने घड़ी पल आदि व्यतीत हो चुके हैं उस समय को इष्टकाल कहते हैं। अर्थात् इष्ट समय का काल घड़ी पल विपल के अनुसार जो व्यतीत हो चुका है वही इष्टकाल है।

घड़ियों का समय घंटा मिनट में मध्य रात्रि से गिना जाता है परन्तु इष्टकाल सूर्योदय के उपरान्त घड़ी पल में गिना जाता है। जैसे सूर्योदय होने पर यदि घंटा में ६ बजा होगा तो उस समय इष्ट काल घड़ी पल शून्य होगा। इसके उपरान्त एक दो आदि घड़ियों की गिन्ती इष्टकाल तक होगी। इस कारण घंटा मिनट में समय लिखा हो तो उसमें से सूर्योदय का समय घटा देना चाहिए। दोपहर के उपरान्त मध्यरात्रि

तक जितने घंटा समय और हुआ हो उसे भी उसी घंटा मिनट में जोड़ देना चाहिए। यदि आधी रात के उपरान्त भी इष्टकाल हो तो उस समय को भी उसी में जोड़ देना चाहिए। फिर जितने घंटा मिनट का सब समय हुआ हो उसके घड़ी पल बनालो तो इष्टकाल वन जायगा। घड़ी के समय को रेलवे टाइम के अनुसार अर्थात् १२ बजे के वाद १३,१४ बजे आदि बनालो तो और अच्छा है।

इष्टकाल यदि मध्याह्न (१२ वजे) का है तो दिनमान को आधा करने से इष्टकाल प्राप्त होगा।

यदि सूर्यास्त का जन्म है तो दिनमान ही (जो पंचांग में दिया रहता है) इष्टकाल होगा।

यदि ठीक अर्द्ध रात्रि का जन्म है तो रात्रिमान को आधा कर उसमें दिनमान जोड़ दो तो इष्टकाल निकल आयेगा।

इसी प्रकार विना सूर्योदय या अस्त का समय जाने इष्टकाल को दिनमान या रात्रिमान पर से निकाल सकते हो।

घ० प०
जैसे दिनमान २९–२८ = ६०–(२९–२८) = ३०–३२ रात्रिमान

घ० प०
दिनमान ÷ २ = १४–४४ दिनार्द्ध (मध्याह्न)
रात्रिमान ÷ २ = १५–१६ = रात्रि अर्द्ध
मान लो १०॥ बजे दिन का जन्म है। (१२–१०॥) = १॥ घंटा मध्याह्न के

घ० प०
प्रथम जन्म हैं। १॥ घंटा = ३–४५

घ० प०	घ० प०
दिनार्द्ध १४–४४	३ – ४५ यह दिनार्द्ध से घटा दो तो इष्ट प्राप्त होगा। यहां
–३ ४५	दिनार्द्ध में घटाने से १०–५९ प्राप्त हुआ।
शेष १०–५९	
इष्ट काल	

मान लो २॥ बजे मध्याह्न के बाद का जन्म है तो दिनार्द्ध में २॥ घंटा के घड़ी पल बना के जोड़ दो क्योंकि यह समय मध्याह्न के पश्चात् का है। २॥ घंटा के

दिनार्द्ध १४–२४	घ० प० घ० प०
+ ६–१५	६–१५ हुऐ इसे जोड़ा तो इष्ट २०–५९ हुआ
इष्ट = २०–५९	

दिनमान २९–२८	यदि अर्द्ध रात्रि को १२ बजे जन्म हुआ है तो दिन में रात्रि
रात्रि अर्द्ध + १५–१६	घ० प०
इष्ट = ४४–४४	अर्द्ध जोड़ा तो इष्ट ४४–४४ हुआ

अर्द्ध रात्रि = ४४–४४	या दिनार्द्ध १४–४४	यदि २ बजे रात का जन्म है तो २ घंटा के ५ घड़ी, अर्द्ध रात्रि के इष्ट में जोड़ा या दिनार्द्ध + ३० में ५ घड़ी जोड़ा तो जन्म का इष्ट हुआ
+ ५	+ ३०	
इष्ट = ४९–४४	४४–४४	
	+ ५	
	इष्ट ४९–४४	

दिनार्द्ध + ३० = मिश्रमान होता है यही अर्द्ध रात्रि का इष्ट है।

दिनमान से सूर्योदय जानने को रात्रिमान घटीपल में ५ का भाग दो तो सूर्योदय का घंटा मिनट प्राप्त होगा। दिनमान घड़ी में ५ का भाग दो तो सूर्यास्त घंटा प्राप्त होगा

	घ० प०		घ० मि० से०	
दिनमान	२९–२८	÷ ५ =	५–५३–३६	१२ घंटे में से सूर्यास्त घटा देने से सूर्योदय होगा।
रात्रिमान	३०–३२	÷ ५ =	६–६–२४	
		योग	१२–०–०	

मान लो उपरोक्त दिनमान और अस्त है। जन्म ५–५३–३६ (घ० मि० से०) संध्या को है तो सूर्यास्त के १ घंटा = २॥ घड़ी उपरान्त जन्म हुआ।

दिनमान २९–२८	इसे दिनमान में जोड़ा तो ३१–५८ इष्ट हुआ।
+ २–३०	
इष्ट = ३१–५८	

इष्ट निकालने का दूसरा प्रकार

इष्ट = (जन्म समय घंटा मिनट–सूर्योदय घंटा) × २॥ = इष्ट काल घड़ी पल

जन्म समय घंटा मिनट रेलवे टाइम के अनुसार १२ से १३–१४ आदि २४ बजे तक लिख लो। और आधीरात के उपरांत जन्म हो तो जन्म तक बारा के बाद रात्रि के जितने घंटा हुए हों २४ में जोड़ दो तो घंटा के अनुसार जन्म का समय निकलेगा। जैसे किसी का जन्म २ बजे रात का है। अर्द्ध रात्रि तक २४ घंटा इसके उपरान्त २ बजे रात का जन्म है तो २४ + २ घंटा = २६ घंटा पर जन्म समझो। अब इस में से सूर्योदय का घंटा घटा दो तो सूर्योदय से जन्म तक कितने घंटे का समय हुआ निकल आयगा। मान लो उस दिन ६ बजे सूर्योदय हुआ था तो (घंटा २६–६) = २० घंटा समय हुआ। इसके घड़ी पल बनाने को २॥ से गुणा किया तो २० × २॥ = ५० घड़ी इष्ट काल हुआ।

या सूर्योदय के कुछ पहिले का जन्म है अर्थात् सूर्योदय के समीप का जन्म है तो जितने घंटा शेष रात हो उसे २४ घंटा में से घटा दो तो इष्ट घंटा जन्म का निकलेगा।

जैसे २ बजे रात का जन्म है। ६ बजे सूर्योदय होगा (६–२) = शेष ४ घंटा (घं. घंटा) रात और

बची। दिन रात के २४ घंटा होते हैं। (२४ घंटा – ४ घंटा) = २० घंटा=२० × २॥ = ५० घड़ी इष्ट काल हुआ।

मान लो १० बजे रात का जन्म है तो रेलवे टाइम के अनुसार १२ + १२=२२ बजे रात का जन्म हुआ। सूर्योदय का समय यदि ६ घंटा है तो इसमें से ६ घटा दिये (२२–६)=१६ घंटा बचे। १६ घंटा × २॥ = ४० घड़ी इष्ट काल हुआ।

यदि ११ बजे दिन का जन्म है तो (११ – सूर्योदय ६ घंटा) = ५ घंटा

घ० प०

= ५ × २॥ = १२–३० इष्ट हुआ।

ऊपर के उदाहरण में सूर्योदय का समय ६ बजे लिया है। परन्तु उस दिन का ठीक सूर्योदय का समय चर सारिणी से निकाल कर जो स्थानिक सूर्योदय का स्पष्ट समय हो उस सूर्योदय के समय को इष्ट घंटा से घटा कर जो शेष घंटा बचे उसके घड़ी पल बनाकर इष्टकाल बना लेना चाहिए। इसी कारण सूर्योदय का समय शुद्धता पूर्वक निकालने की रीति पहिले बता चुके हैं। जब जन्म समय घंटा मिनट में स्टेन्डर्ड टाइम के अनुसार हो तो उसमें देशान्तर संस्कार और वेलान्तर संस्कार कर फिर इष्ट काल बनाना चाहिए।

स्टेन्डर्ड टाइम प्रचलित होने के पहिले का जन्म हो अर्थात् १–७–१९०५ ई० के पहिले का जन्म हो तो स्टेन्डर्ड टाइम का संस्कार नहीं होगा।

जैसे १८ मार्च सन् १८९० ई० में नरसिंहपुर में १२॥ बजे दिन का जन्म है। इसका इष्ट काल बनाना है।

घ० मि० से०

नरसिंहपुर का देशान्तर ७९°–११′ (५–१६–४४) पूर्व अक्षांश २२°–५७′ उत्तर है। इस दिन का सूर्योदय निकाल कर इष्ट काल बनाना है।

रा

पंचांग में देखा प्रातः रवि स्पष्ट ११–५°–२४′–५९″ है। इसको सायन सूर्य बनाने को अयनांश निकाला। सम्वत् १९४६ शाके १८११ का जन्म है।

शाका १८११	रा
–४४४	प्रातः निरयन सूर्य ११–५°–२४′–५९″
६०)१३६७(२२ अंश	+ अयनांश २२ –४७
१२०	सायन सूर्य = ११–२८–११–५९
१६७	इसकी क्रांति निकालने को क्रांति
१२०	सारिणी देखा
४७ कला	
= अयनांश २२°–४७′	

रा

सायनसूर्य ११–२८° = ०°४७′–५४″ क्रांति तुलादि सूर्य है तो

दक्षिण क्रांति हुई।

= इसे १° मान लिया

अक्षांश २२°–५७′ को २३° मान लिया। अब क्रांति चर सारिणी देखो

मि० से०

२३ अक्षांश के सामने १° क्रांति का चर १–४२ है

सूर्योदय = ६ घंटा + चर मिनट (दक्षिण क्रांति होने से +)

१–४२

= ६–१–४२ घंटा

जन्म घंटा–मि०

१२–३०

– सूर्योदय – ६– १–४२

६–२८–१८

१८ मार्च का वेलान्तर } –८

=६–२०–१८ घंटा

घंटा० मि० से०

६–२०–१८

× २॥

१५–५०–४५

इष्ट घटी

घ० प० वि०

= इष्ट १५–५०–४५

दूसरा उदाहरण—

घंटा मि.

सम्वत् १९९९ शाके १८६४ जन्म १० – ५४ बजे रात दिनांक, १ अक्तूबर १९४२ ई० स्थान नरसिंहपुर अक्षांश २२° – ५७′ उत्तर देशान्तर ७९° – ११′ स्टेन्डर्ड

रा

देशान्तर ८२° – ३०′ सूर्य ५ – १४° – २८′ – ६

पूर्व

स्टेन्डर्ड देशान्तर ८२° – ३०′ पूर्व

नरसिंहपुर का,, ७९ – ११ पूर्व

अन्तर = ३ – १९

मि. से.

= १३ – १६ ऋण

पूर्व

अपने स्थान का देशान्तर स्टेन्डर्ड देशान्तर से कम है इससे ऋण।

मि. से.

∴ देशान्तर संस्कार १३ – १६ ऋण

शाका १८६४
− ४४४
६०) १४२० (२३°
१२०
२२०
१८०
४०

= अयनांश २३ − ४०

रा
रवि ५ − १४° − २८′ − ९″
+ अयनांश २३ − ४०
सायन सूर्य = ६ − ८ − ८ − ९

रा
सायन सूर्य ६ − ८° की क्रांति सारिणी में देखा

रा
सायन सूर्य ६ − ८° = क्रांति ३° − १०′ − ३६″
,, ६ − ९ = ,, ३ − ३४ − १८
अन्तर ३° − ३४′ − १८″
− ३ − १० − ३६
० − २३ − ४२

६०′ में २३′ − ४२″ अंतर तो सा. सूर्य की ८′ में कितना ? २३ − ४२ × २

$$\frac{२३ - ४२ \times \overset{२}{\cancel{८}}}{\underset{१५}{\cancel{६०}}} = \frac{४७ - २२}{१५} = ३' - ९'' +$$

१५) ४७ − २४ (३′
४५
२ × ६०
१२० + २४
१५) १४४ (९″
१३५
९

रा
६ − ८° की क्रांति ३° − १०′ − ३६″
८′ ,, ,, + ३ ९
३ − १३ − ४५ = दक्षिण क्रांति

रा (सूर्य तुलादि होने से)

$\therefore$ ६ – ८° – ८′ की क्रांति = ३ – १३° – ४५ दक्षिण

मि. से.

२३° अक्षांश में ३° क्रांति का चर = ५ – ६

४° ,, ,, = ६ – ४८

अन्तर १ – ४२ +

६ – ४८

अन्तर ५ – ६

१ – ४२

६०′ में १ – ४२ अन्तर तो शेष क्रांति १३′ – ४५″ = १४′ में कितना

$$\frac{(१ - ४२) \times \overset{७}{\cancel{१४}}}{\underset{३०}{\cancel{६०}}} = \frac{११ - ५४}{३०} = २३ \text{ सेकन्ड}$$

१ – ४२
× ७
३०) ११ – ५४ (०
× २
२३ – ४८
मि. से.
= ० – २३

मि. से.
३° क्रांति का चर ५ – ६
१४′ ,, + २३
५ – २९

$\therefore$ ३° – १४ क्रांति का चर ५ – २९

मि.

सूर्योदय = ६ घंटा + ५ – २९ चर दक्षिण क्रांति होने से +

घं. मि. से.
= ६ – ५ – २९

	घंटा मि.	
जन्म समय	१० – ५४	रात
	+ १२	
जन्म समय नया=	२२ – ४५	
१ घं. बढ़ा समय था इससे घटाया	– १ – ०	
पुराना समय=	२१ – ५४	
वेलान्तर – १ अक्तूबर का	+ १०	
	२२ – ४	
देशान्तर संस्कार–	१३ – १६	
	२१ – ५० – ५४	
– सूर्योदय –	६ – ५ – २९	
= जन्म घंटा =	१५ – ४५ – १५	

	घंटा
जन्म	१५ – ४५ – १५
	× २॥
जन्म घड़ी	३९ – २३ – ७॥
	घड़ी प. वि.
= इष्ट काल	३९ – २३ – ७॥

घड़ी घन्टा परिवर्तन

घड़ी पल के घंटा मिनट बनाने और घंटा मिनट के घड़ी पल बनानें का बहुत काम पड़ता है। घड़ी पल में २ का गुणा कर ५ का भाग देने से घंटा मिनट बन जाता है और घंटा मिनट में ५ गुणा कर २ का भाग देने से घड़ी पल बन जाता है। परन्तु सुगमता के लिये और समय की बचत के लिए इस प्रकार का एक चक्र बनाकर रख लेना चाहिए जिसे उपयोग करना चाहिए।

घंटा से घड़ी बनाना

घंटा मिनट सेकन्ड	दिन घड़ी पल	घड़ी पल वि०	पल वि० अनु०	घंटा मिनट सेकन्ड	दिन घड़ी पल	घड़ी पल वि०	पल वि० अनु०
१	०	२	३०	३१	१	१७	३०
२	०	५	०	३२	१	२०	०
३	०	७	३०	३३	१	२२	३०
४	०	१०	०	३४	१	२५	०
५	०	१२	३०	३५	१	२७	३०
६	०	१५	०	३६	१	३०	०
७	०	१७	३०	३७	१	३२	३०
८	०	२०	०	३८	१	३५	०
९	०	२२	३०	३९	१	३७	३०
१०	०	२५	०	४०	१	४०	०
११	०	२७	३०	४१	१	४२	३०
१२	०	३०	०	४२	१	४५	०

घड़ी के घंटा बनाना

घड़ी पल विपल	घंटा मिनट सेकन्ड	मिनट सेकन्ड	घड़ी पल विपल	घंटा मिनट सेकण्ड	मिनट सेकन्ड
१	०	२४	३१	१२	२४
२	०	४८	३२	१२	४८
३	१	१२	३३	१३	१२
४	१	३६	३४	१३	३६
५	२	०	३५	१४	०
६	२	२४	३६	१४	२४
७	२	४८	३७	१४	४८
८	३	१२	३८	१५	१२
९	३	३६	३९	१५	३६
१०	४	०	४०	१६	०
११	४	२४	४१	१६	२४
१२	४	४८	४२	१६	४८

१३	०	३२	३०	४३	१	४७	३०
१४	०	३५	०	४४	१	५०	०
१५	०	३७	३०	४५	१	५२	३०
१६	०	४०	०	४६	१	५५	०
१७	०	४२	३०	४७	१	५७	३०
१८	०	४५	०	४८	२	०	०
१९	०	४७	३०	४९	२	२	३०
२०	०	५०	०	५०	२	५	०
२१	०	५२	३०	५१	२	७	३०
२२	०	५५	०	५२	२	१०	०
२३	०	५७	३०	५३	२	१२	३०
२४	१	०	०	५४	२	१५	०
२५	१	२	३०	५५	२	१७	३०
२६	१	५	०	५६	२	२०	०
२७	१	७	३०	५७	२	२२	३०
२८	१	१०	०	५८	२	२५	०
२९	१	१२	३०	५९	२	२७	३०
३०	१	१५	०	६०	२	२०	०

१३	५	१२	४३	१७	१२
१४	५	३६	४४	१७	३६
१५	६	०	४५	१८	०
१६	६	२४	४६	१८	२४
१७	६	४८	४७	१८	४८
१८	७	१२	४८	१९	१२
१९	७	३६	४९	१९	३६
२०	८	०	५०	२०	०
२१	८	२४	५१	२०	२४
२२	८	४८	५२	२०	४८
२३	९	१२	५३	२१	१२
२४	९	३६	५४	२१	३६
२५	१०	०	५५	२२	०
२६	१०	२४	५६	२२	२४
२७	१०	४८	५७	२२	४८
२८	११	१२	५८	२३	१२
२९	११	३६	५९	२३	३६
३०	१२	०	६०	२४	०

जैसे

	दिन घड़ी पल वि० – अनु०
११ घंटा =	० – २७ – ३०
२६ मिनट =	१ – ५ – ०
४७ सेकन्ड =	१ – ५७ – ३०
	= ० – २८ – ३६ – ५७ – ३०

	घंटा मिनट सेकन्ड
२४ घड़ी =	९ – ३६ – ०
५१ पल =	२० – २४
२३ विपल =	९ – १२
	= ९ – ५६ – ३३ – १२

अध्याय ६

ग्रहसाधन

पंक्ति = पंचांगस्थ ग्रह

चालन = इष्ट काल और पंक्ति के भीतर के समय का गति के अनुसार साधन किया हुआ ग्रह।

चालन ± होता है। पंक्ति के आगे का साधन करना है तो धन, और पहिले का साधन करना है तो चालन ऋण होता है परन्तु वक्री ग्रह में इसके विरुद्ध होता है।

पंचांग में प्रत्येक पक्ष में दो बार मिश्रकाल या प्रातःकाल का (जब इष्ट शून्य होता है) ग्रह स्पष्ट दिया रहता है और उसके नीचे उस ग्रह की गति भी दी रहती है। किसी-किसी पंचांग में दैनिक स्पष्ट भी दिया रहता है।

पंचांग में दिये हुए ग्रह पर से इष्टकाल का ग्रह स्पष्ट करने को ग्रह साधन कहते हैं। पंचांग में दिये हुए ग्रह के प्रस्तार (ग्रह स्पष्ट) को पंक्ति कहते हैं। पंचांग में दिये हुए ग्रह स्पष्ट का समय और इष्टकाल (जिस समय का ग्रह साधन करना है) के बीच के समय का जो अंतर है, उतने अंतर का ग्रह स्पष्ट करने को चालन कहते हैं। यह चालन + या — होता है। पंचांग की पंक्ति के पहिले का इष्ट काल हो तो चालन – (ऋण) और पंक्ति के उपरान्त का इष्टकाल हो तो चालन + होता है। क्योंकि यदि पहिले का इष्ट है तो पंक्ति के ग्रह स्पष्ट में से घटाने से और पंक्ति के बाद का इष्टकाल है तो आगे जोड़ने से इष्टकाल का ग्रह बन जायगा। परन्तु वक्री ग्रह में इसके विरुद्ध क्रिया करनी पड़ती है।

ग्रह की गति पंचांग में ६० घड़ी की दी रहती है अर्थात् ६० घड़ी (२४ घंटा) में कितना वह ग्रह चलता है वही उसकी गति कला विकला में दी रहती है। इस प्रकार पंचांग में दी हुई गति से, इष्ट और पंक्ति के बीच के समय के अंतर की गति निकालनी होती है। और चालन धन ऋण जैसा हो पंक्तिस्थ ग्रह में जोड़ या घटाकर इष्ट काल का ग्रह स्पष्ट बना लेते हैं।

जो ग्रह वक्री होता है उसका चालन उल्टा करना पड़ता है। अर्थात् + के स्थान में ऋण और ऋण के स्थान में धन करना पड़ता है। राहु और केतु सदा वक्री रहते हैं इस कारण वक्री ग्रह के अनुसार इन का भी चालन होगा अर्थात् पंक्तिस्थ ग्रह के आगे अपना इष्ट है तो घटाना और पंक्ति के पहिले इष्ट है तो चालन जोड़ना पड़ेगा।

ग्रह की गति कला विकला में ६० घड़ी की दी रहती है उस पर से त्रैराशिक

से चालन के समय की गति निकालनी पड़ती है। जैसे ६० घड़ी में इतने कला विकला गति है तो इष्ट काल में कितनी होगी ? जो उत्तर आवेगा वह चालन ± होगा। उसे पंक्तिस्थ ग्रह स्पष्ट में ± करने से इष्ट काल का ग्रह स्पष्ट हो जायगा।

गति साधन करने के लिये जो त्रैराशिक करना पड़ेगा उसके लिये कुछ गुरु स्मरण रहे तो गणित में सरलता होगी।

गुरु—

(१) ६० घड़ी में जितनी कला गति १ घड़ी में उतनी ही विकला होगी।
(२) ,, ,, ,, विकला ,, ,, ,, ,, प्रति विकला ,,
(३) ,, ,, कला विकला ,, ,, ,, ,, विकला प्रति विकला ,,
(४) ६० पल (१ घड़ी) में जितनी विकला १ पल में उतनी ही प्रति विकला।
(५) ,, ,, ,, ,, प्रति विकला और प्रतिविकल ,, ,, ,, प्रति विकला और तत्प्रति विकला

चालन बनाने का उदाहरण।

मान लो दिनांक १–१०–१९४२ ई० नरसिंहपुर में आश्विन कृष्ण सप्तमी सम्वत् १९९९ शाका १८६४ गुरुवार इष्ट (घं० प० वि०) ३९–२२–१२ पर जन्म है।

जबलपुर का विक्रम विजय पंचांग देखा जिसमें इष्ट काल के समीप का पंक्तिस्थ ग्रह स्पष्ट इस प्रकार है।

पंक्ति = आश्विन कृष्ण ८ शुक्रवार मिश्रमान (घ० प०) ४५–५९

ग्रह	रा अं० क० वि	गति	
सूर्य	५–१५–२७–१६	५९′–१०″	
चंद्र	२–२०–१४–४५	२१ –१७	
मंगल	५–१६–२५– २	३९ – ६	
बुध	५–२४–२३–४८	१२ –४७	
गुरु	३– १–१०–१६	७ –४२	
शुक्र	५– ७–३३–३२	७४ –२४	
शनि	१–२०–२०–५५	० –३२	वक्री
राहु	४–१२–५८– ६	३ –११	
केतु	१०–१२–५८– ६	३ –११	

गुरुवार = ५ वार ⎫ इतवार से
शुक्रवार = ६ वार ⎭ गिना

	वार घटी पल विपल
पंक्ति का =	६–४५–५९– ०
इष्ट का =	५–३९–२२–१२
अंतर =	१– ६–३६–४८

चालन ऋण

पंक्ति का दिन शुक्रवार है। रविवार, आदि वार से गिना तो छटा वार हुआ इसकारण वार में ६ और मिश्रमान (घ० प०) ४५–५९ होने से घड़ी पल

में ४५–५९ पंक्ति में लिखा। अपना इष्टवार गुरुवार है। इतवार से गिना तो पांचवाँ हुआ इस कारण इष्ट का वार ५ रखा और इष्ट घड़ी ३९–२२–१२ होने से इष्ट घड़ी पल में ३९–२२–१२ लिखा और दोनों का अंतर निकालने पर जो आया उसे चालन कहेंगे।

पंक्ति आगे है इष्ट पीछे है। इष्ट के आगे पंक्ति होने से चालन ऋण हुआ। अर्थात् पंक्ति में से चालन की गति घटानी पड़ेगी तब ग्रह स्पष्ट होगा।

दूसरा उदाहरण चालन निकालने का—

पंक्तिस्थ ग्रह आश्विन कृष्ण ८ शुक्रवार मिश्रकाल ४५–५९ है
मान लो अपना इष्ट ,, ,, २ शनिवार इष्ट ५५–४० है

पंक्ति	वार०	घटी	प०	वि०
	६	४५	५९	०
इष्ट	७	५५	४०	०
अंतर	५	५०	१९	०
	चालन ऋण			

शुक्रवार होने से वार ६ और मिश्रकाल ४५–५९ होने से घटी पल ४५–५९ हुआ। इष्ट वार शनिवार सातवाँ है। इससे वार के नीचे ७ रखा और इष्ट ५५–४० घटी पल लिखा। यहाँ पंक्ति अधिक है अर्थात् पंक्ति के पहिले अपना इष्ट काल है। इष्ट काल द्वितीया का है, पंक्ति अष्टमी की है। इष्ट से पंक्ति अधिक होने से अंतर चालन ऋण हुआ। यहाँ ६ वार में ७ वार घटाने से नहीं घटता तो ऊपर के ३ वार में (७ वार होते हैं इससे) ७ वार और जोड़ा तो १३ वार हुए। १३ में से ७ घटाया तो ५ वार बचे। इस प्रकार घटाने से चालन ऋण ५ – ५० – १९ (वार० घ० प०) हुआ।

जहाँ चालन ऋण होता है वहाँ पंक्ति से इष्ट घटाना और जहाँ चालन धन होता है वहाँ इष्ट में से पंक्ति घटानी पड़ती है। घटाने के पहिले ही विदित हो जाता है कि चालन धन है या ऋण। पंक्ति के पहिले समय का ग्रह स्पष्ट करना है तो चालन ऋण होगा। परन्तु राहु केतु और वक्री ग्रह में इसके विरुद्ध होता है।

तीसरा उदाहरण—

इष्ट आश्विन कृष्ण १० रविवार इष्ट काल ३०–४८
पंक्ति ,, ,, ८ शुक्रवार मिश्रमान ४५–५९ है

इष्ट	वार०	घ०	प०
	१	३०	४८
—पंक्ति	६	४५	५९
शेष	१	४४	४९
	चालन धन		

यहाँ इष्ट वार इतवार है। इतवार पहिला वार होने से वार के नीचे १ और इष्ट ३०–४८ होने से वार के नीचे १ घड़ी पल ३०–४८ लिखा। पंक्ति का वार शुक्रवार है ६ वार और मिश्रकाल ४५–५९ लिखा। फिर इष्ट से पंक्ति घटायी। यहाँ १ से ६

वार नहीं घटा तो ४ और जोड़ कर घटाया शेष १ वार रहा। इस प्रकार जो अंतर
वार घ० प०
१–४४–४६ आया वह चालन धन हुआ क्योंकि इष्टकाल दशमी का है और पंक्ति अष्टमी की है। पंक्ति के आगे इष्ट काल है तो चालन जोड़ना पड़ेगा।

इस प्रकार चालन निकालने के पहिले यह देखना चाहिए कि इष्ट काल अधिक (आगे) है या पंक्ति; उसके अनुसार चालन ± का विचार कर दोनों का अन्तर निकालना।

पंचांग में इष्ट के समीप (आगे या पीछे) जो पंक्ति हो उसे उपयोग करना जिससे अधिक गणित न करना पड़े।

ग्रीनविच से जो ऐफेमरी प्रकाशित होती है वह बहुत शुद्ध रहती है उसमें सायन ग्रह स्पष्ट मध्याह्न कालीन ग्रीनविच का दिया रहता है। उसका उपयोग करने से ग्रह साधन शुद्ध निकलता है और अधिक खटपट भी नहीं करनी पड़ती। उसका उपयोग करने के लिये अपने स्थानिक समय को ग्रीनविच के समय में परिवर्तन कर लेना चाहिए, जिसकी विधि पहिले बता चुके हैं। सुविधा के लिये यहाँ भी बतला देते हैं।

अपने समय को ग्रीनविच के समय में परिवर्तन करना।

अपना स्थानिक समय यदि धूप घड़ी के अनुसार हो तो स्थानिक समय को पहिले मध्यम स्थानिक समय बना लेना चाहिए। उसके लिये स्थानिक समय में विरुद्ध वेलान्तर संस्कार करे अर्थात् जहाँ वेलान्तर + बताया है वहाँ – और – के स्थान में + करे।

जैसे दिनांक १–१०–१९४२ ई० का अपना स्पष्ट इष्ट काल मान लो
घं० प० वि० घं० मि० से०
३९–२२–१२ है। इसके घंटा मिनट बना लिये तो १५–४४–५३ हुआ। १ अक्टूबर का वेलान्तर + १० मिनट है तो यहाँ १० ऋण करेंगे। १० मि० घटाया तो
घं० मि० से० घं० मि० से० घं० मि० से०
१५–३४–५३ रहा। इसमें उस दिन का सूर्योदय ६– ५ – ५१ जोड़ा तो २१–४०–४०
घं० मि० से०
जन्म समय हुआ। अर्थात् १२ बजे दोपहर के उपरांत ९ – ४०–४० रात का जन्म हुआ। यह स्थानिक समय हुआ। इसका ग्रीनविच का समय बनाना है। नरसिंहपुर का

घ० मि० से०

देशान्तर ७९°–११′ है अर्थात् ५–१६–४४ पूर्व। जब ग्रीनविच में दोपहर होता है

घ० मि० से०

तो नरसिंहपुर में संध्या के ५–१६–४४ बजते हैं। जब नरसिंहपुर में ९–४०–४४ बजा था तो ग्रीनविच में क्या बजा होगा निकालना है। यहाँ स्थानिक समय से देशान्तर घंटे घटाना होगा क्योंकि यहाँ से ग्रीनविच पश्चिम में है।

घं० मि० से०	
स्थानिक मध्यम समय ९–४०–४४	
—देशान्तर—५–१६–४४ घटाया	
∴ अन्तर ४–२४– ०	

अर्थात् जन्म के स्थानिक मध्यम

घ० मि० से०

समय ९–४०–४४ पर ग्रीनविच में दो

घ० मि०

पहर के उपरान्त ४–२४–० बजा होगा।

ग्रीनविच में तारीख १–१०–१९४२ को दोपहर के जो ग्रह स्पष्ट दिया है उसमें

घ० मि

४–२४ को गति निकाल कर दोपहर के उपरांत का होने के कारण जोड़ देने से इष्ट काल का अपने स्थान का ग्रह स्पष्ट हो जायगा।

परन्तु ऐफेंमरी से साधन किये हुए ग्रह सायन होते हैं। उसमें से अयनांश घटा देने से निरयन स्पष्ट ग्रह बन जायेंगे।

इस उदाहरण में इष्ट काल घड़ी पल में था इस कारण इतनी खटपट करनी पड़ी। यदि प्रगट है कि जन्म १०–५४ बजे रात का है। इस पर से ग्रीनविच का समय बनाना है। यह नया टाइम १ घंटा बढ़ा हुआ है तो जन्म का पुराना समय ९–५४ बजे

घ० मि०

रात हुआ। यह स्टेन्डर्डटाइम में है जहाँ का अक्षांश ८२°–३०′ है = ५–३० संध्या यहाँ पर होती है उस समय ग्रीनविच में दोपहर होता है। इष्ट काल इसके आगे है।

इष्ट	—९–५४
स्टे० टा०	—५–३०
अंतर	४–२४

यह ग्रीनविच का समय दोपहर के बाद का

घ० मि०

४–२४ बजे हुआ।

आज कल उज्जैन से भी ऐफेमरी निकलने लगी है जिसमें स्टेन्डर्ड टाइम के अनुसार प्रत्येक दिन के दोपहर के स्पष्ट ग्रह दिये रहते हैं। इस कारण उज्जैन की ऐफेमरी से ग्रह स्पष्ट करना सरल है।

आज कल प्रचलित पंचांगों में जो ग्रह स्पष्ट दिये रहते हैं। वे निरयन ग्रह रहते हैं। उन प्रत्येक में अयनांश जोड़ देने से सायन ग्रह स्पष्ट बन जाता है।

ग्रह स्पष्ट करना—

अब उपरोक्त प्रत्येक ग्रह का स्पष्ट करेंगे। चालक पहिले निकाल चुके हैं। चालक

दिन घन्टा पल विपल

१ – ६ – ३६ – ४८ ऋण है।

सूर्य गति ५९′ – १०″

दि. घ. पल वि.

चालन १ – ६ – ३६ – ४८ है।

१ दिन (६० घड़ी) में गति ५९′-१०″-०‴

१ घड़ी ,, ,,= ०–५९–१०

∴ ६ घड़ी ,, ,,= ५–५५– ०

१ पल ,, ,,= ०– ०–५९-१०

∴ ३६ ,, , ,,= ०–३५–३०- ०

१ विपल ,, ,,= ०– ०– ०-५९-१०

∴ ४८ ,, ,, ,,= ०– ०–४७-२०

१ दिन की गति ५९′-१०″-०‴-०

६ घड़ी ,, = ५–५५ –० –०

३६ पल ,, = ०–३५ –३०–०

४८ विपल ,, = ०– ० –४७–२०

योग =६५–४१ – ७–२०

दि. घ. प. वि.

∴ १ – ६ – ३६ – ४८ चालन की गति ६५′ – ४१″

= १°–५′–४१″ हुई।

गति की कला विकला केवल लिया शेष छोड़ दिया।

चालन में ४८ विपल है। आधे से ज्यादा है इस कारण यदि ३६ पल को ३७ पल मानकर गणित करो तो भी कोई विशेष अंतर नही पड़ता

१ पल में = ०′–०″–५९‴–१० गति

∴ ३७,, = ० –३६–२९ –१०

यहां केवल प्रति विकला में ही अंतर पड़ा है। इस कारण

प. वि.

३६ – ४८ को ३७ पल मान लेने

१ दिन की गति – ५९′–१०″–०‴–०

६ घड़ी ,, ,, = ५ –५५ –० –०

३७ पल ,, = ० –३६ –२९–१०

योग = ६५ –४१ –२९–१०

= ६५′ – ४१″ = १° – ५′ – ४१″

गति हुई

दि. घ. पल

में कोई अन्तर नहीं पड़ता। इस कारण अपना चालक १ – ६ – ३७ मान लेंगे।

अब इसी को गोमूत्रिका क्रम गणित से करेंगे ।

१ – ६ – ३७
× ५९ – १०

	१०	६०	३७०
५९	३५४	३३३ १८५	
५९ + ६	३६४ + ३७	२२४३ + ६	३७० ÷ ६० = १०
६५	४०१ = ४१	२२४९ = २९	

= ६५′ – ४१″ – २९‴ – १०

= ६५′ – ४१″ गति

= १° – ५′ – ४१″ चालन ऋण

यहां गोमूत्रिका क्रम से भी गणित करने पर वही उत्तर आता है विद्यार्थी को जिस प्रकार सुलभ जँचे गणित करना चाहिए ।

	रा			
पंक्तिस्थ ग्रह सूर्य	५ –	१५° –	२७′ –	१६″
चालन ऋण	–	१ –	५ –	४१घं.
शेष =	५ –	१४ –	२१ –	३५

∴ इष्ट कालीन सूर्य स्पष्ट

रा

= ५ – १४° – २१′ – ३५″

मंगल साधन

दि. घ. प.

गति ३९′ – ६″ चालन १ – ६ – ३७ ऋण

दि. घ. प.

१ दिन में ३९′ – ६″ गति तो १ – ६ – ३७ में कितनी होगी ?

(३९ – ६) × (१ – ६ – ३७) इस कारण गोमूत्रिका क्रम से दोनों का गुणा किया ।

१ – ६ – ३७
× ३९ – ६

	६	३६	२२२
३९	२३४	३३३ १११	
३९ + ४	२४० + २४	१४७९ + ३	२२२ ÷ ६० = ४२
४३	२६४ = २४	१४८२ = ४२	

= ४३′ – २४″ – ४२ – ४२

= ४३′ – २४″ चालन ऋण

	रा			
पंक्तिस्थ मंगल	५ –	१६° –	२५′ –	२″
चालन ऋण	–		४३ –	२४
शेष	५ –	१५ –	४१ –	३८

∴ स्पष्ट मंगल

रा

= ५ – १५° – ४१° – ३८″

बुध साधन

दि० घ० प०

बुध गति १२′–४७″ चालन १ – ६–३७ ऋण

१–६–३७

× १२–४७

	४७	२८२	२५९ १४८
१२	७२	७४ ३७	
१२ + २	११९ + १२	७२६ + २८	१७३९ ÷ ६० = ५९
१४	१३१ = ११	७५४ = ३४	

= १४′–११″ चालन ऋण

रा

पंक्तिस्थ बुध ५–२४°–२३′–४८″

चालन ऋण १४–११

शेष ५–२४–९–३७

∴ बुध स्पष्ट

रा

५–२४°–९′–३७″

गुरु साधन

गति ७′–४२″ चालन दि० घ० प०

१–६–३७ ऋण

१–६–३७

× ७–४२

	४२	२५२	७४ १४८
७	४२	२५९	
७ + १	८४ + ८	५११ + २५	१५५४ ÷ ६० = ५४
८	९२ = ३२	५३६ = ५६	

= ८′–३२″–५६‴

= ८′–३३″ गति चालन ऋण

रा

पंक्तिस्थ गुरु ३–१°–१०′–१६″

चालन ऋण ८–३३

शेष ३–१–१–४३

∴ स्पष्ट गुरु

रा

३–५°–१′–४३″

:शुक्र साधन

गति ७४′–२४″ चालन १–६–३७ ऋण

= १°–१४′–२४

१–६–३७
× १–१४–२४

		२४	१४४	१४८ ७४
	१४	८४	१४८ ३७	
१	१४	२४		
	२८ +२	१३२ +११	६६२ +१४	८८८ ÷ ६० = ४८
१	३०	१४३ = २३	६७६ + १६	

= १°–३०′–२३ ऋण

रा
पंक्तिस्थ शुक्र ५–७°–३३′–३२″
– चालन ऋण १–३०–२३
शेष ५–६–३–९

∴ शुक्र स्पष्ट
रा
५–६°–३′–९″

शनि साधन

गति ०′–३२″ वक्री चालन १–६–३७

शनि यहां वक्री है तो चालन + होगा

१–६–३७
× ०–३२

	३२	९६	७४ १११	
०	०	०		
०	३२ +१	९६ +१९	११८४ ÷ ६० = ४४	
०	३३	११५ = ५५		

= ०′–३३″–५५‴

= ०′–३४″ चालन धन

रा
पंक्तिस्थ शनि १–२०°–२०′–५५″
+ चालन धन ०–३४
योग १–२०–२१–२९

∴ स्पष्ट शनि
रा
१–२०°–२१′–२९″

राहु साधन

दिन घटी पल

राहु गति ३′ – ११″ चालन १ – ६ – ३७ चालन + होगा क्योंकि राहु सदा वक्री रहता है।

१–६–३७
×३–११

	११	६६	३७
३	१८	१११	३७
३	२९ +३ = ३२	१७७ +६ = १८३ = ३	४२७ = ४०

= ३′ – ३२″ चालन +

	रा
पंक्तिस्थ राहु	४–१२°–५८′–६″
चालन +	३ –३२
योग	४–१३ – १ –३८

∴ स्पष्ट राहु

रा
४ – १३° – ३८″

रा
राहु में ६ जोड़ देने से केतु हो जाता है

रा
स्पष्ट राहु ४ – १३° – १′ – ३८″
+६

∴ स्पष्ट केतु = १०– १३ – १ – ३८

चंद्र स्पष्ट करना

उस दिन जो चंद्र नक्षत्र है उसका भयात, भभोग (सर्वर्क्ष) और भोग्य पहिले निकाल लेना चाहिए।

भयात = गतर्क्ष = भुक्त नक्षत्र = नक्षत्र के जितने घड़ी पल भुक्त - हुए हों अर्थात् गत हो गये हों।

भोग्य = भोग्यर्क्ष = नक्षत्र की शेष घड़ी जो भुक्त होने को बची हों।

सर्वर्क्ष = भभोग = सम्पूर्ण नक्षत्र का भोग = पूर्ण भोग काल।

भयात = (६० घड़ी – गत नक्षत्र की घड़ी पल) + इष्ट = यदि दूसरे दिन जन्म है। यदि उसी दिन जन्म है तो = (इष्ट – गत नक्षत्र की घड़ी पल)।

भभोग = (६० घड़ी – गत नक्षत्र की घड़ी पल) + वर्तमान नक्षत्र की घड़ी पल।

वर्तमान नक्षत्र = जन्म के समय जो नक्षत्र हो।

गत नक्षत्र = वर्तमान नक्षत्र के पहिले का नक्षत्र।

जैसे इष्ट दिनांक १-१०-१९४२ ई० गुरुवार को पंचांग में मृग नक्षत्र ३८-८
घटी पल विपल
दिया है। अपना जन्म समय (इष्ट) ३९ - २२ - १२ है जो उसके उपरान्त का है। इससे प्रगट हुआ कि मृग नक्षत्र का अंत हो चुकने के उपरान्त आगे के नक्षत्र आद्रा में जन्म हुआ है। पंचांग में देखा दूसरे दिन शुक्रवार को ४४-४१ तक आर्द्रा नक्षत्र है।

यदि मृगशिर नक्षत्र के भीतर जन्म होता तो मृगशिर नक्षत्र कब से आरंभ हुआ है यह देखने की आवश्यकता पड़ जाती और मृगशिर के पहिले का (गत) नक्षत्र रोहिणी नक्षत्र का कब अंत हुआ देखना पड़ता। परन्तु यहाँ जन्म मृगशिर के अंत होने के उपरान्त आर्द्रा नक्षत्र में हुआ है इस कारण आर्द्रा नक्षत्र कब से आरंभ हुआ और उसका कब अंत हुआ, देखना पड़ेगा तब आद्रा नक्षत्र का पूर्ण भोग काल (भभोग) ज्ञात होगा।

मृगशिर ३८ - ८ घड़ी तक गुरुवार को था उस उपरान्त आर्द्रा लगा। दिनरात की ६० घड़ी होती हैं तो (६० घड़ी - मृग० ३८ - ८) = २१ - ५२ घड़ी। अर्थात् गुरुवार को ३ - ८ घड़ी के उपरान्त शेष २१ - ५२ घड़ी आर्द्रा नक्षत्र रहा। अब देखना है शुक्रवार को आर्द्रा कितना था। पंचांग में शुक्रवार ४४ - ४१ घड़ी तक आर्द्रा दिया है। सब मिल कर ६६ - ३३ घड़ी आर्द्रा का पूर्ण भोगकाल हुआ। इसी पूर्ण भोग काल को भभोग या सर्वर्क्ष भी कहते हैं।

गुरुवार को आर्द्रा	२१-२५
शुक्रवार ,, ,,	४४-४१
∴ आर्द्रा का भभोग =	६६-३३

इष्ट काल तक वर्तमान नक्षत्र कितना गत हुआ उसे भयात या गतर्क्ष कहते हैं। गुरुवार को मृगशिर ३८ - ८ घड़ी तक था। जन्म दिन गुरुवार है। उसी दिन इष्ट ३९ - २२ - १२ घड़ी पर जन्म हुआ है तो मृगशिर का अंत हो जाने पर और आर्द्रा नक्षत्र के आरंभ हो जाने के १ - १४ - १२ घड़ी के उपरान्त जन्म हुआ।

इष्ट	३९ - २२ - १२
मृग० का अंत	३८ - ८ - ० तक
शेष आर्द्रा	१ - १४ - १२=भयात

इस कारण जन्म समय आर्द्रा १ - १४ - १२ गत हुआ है। कहेंगे। इसी को भयात या गतर्क्ष कहेंगे।

(६० - गत नक्षत्र) + इष्ट = भयात

(६० - गत नक्षत्र मृगशिर) + इष्ट ३९ - २२ - १२

३८-८ घ. पल वि.

= (२१ - ५२) + इष्ट ३९-२२-१२=६१-१४-१२=१-१४-१२ भयात आर्द्रा का।

दोनों प्रकार से एक ही उत्तर आता है। ६० घड़ी से अधिक आने से ६० घटा दिया। इससे शेष १ – १४ – १२ जो बचा वही भयात हुआ। परन्तु उसी दिन का जन्म हो तो इष्ट में से गत नक्षत्र की घड़ी पल घटा देने से भयात स्पष्ट हो जाता है।

भभ्क = (भभोग – भयात)

(आर्द्रा भभोग ६६ – ३३) – (भयात १ – १४ – १२) = ६५ – १८ – ४८
आर्द्रा का भोग्य

चंद्र साधन के लिए षष्टि प्रमाण भुक्ति निकालना—

चंद्र स्पष्ट करने के लिए पहिले षष्टि प्रमाण भुक्ति (वर्तमान नक्षत्र की) निकालनी होती है। भभोग की घड़ियाँ कभी ६० से कम कभी अधिक होती हैं तो ६० घड़ी को अनुपातिक घड़ियां भयात की कितनी होती है इसे निकालना पड़ता है। इसी को षष्टि प्रमाण भुक्ति कहते हैं।

अर्थात् पूर्ण भभोग में ६० घड़ी तो भयात में कितनी अनुपातिक घड़ी होगी। या सम्पूर्ण भभोग को ६० घड़ी के बराबर माना जाय तो भयात को कितनी घड़ी के बराबर मानना पड़ेगा। यहाँ भाग देने की सुविधा के लिए भभोग और भयात को एक जात बना लेना चाहिए। चाहे सबके पल बना लो या विपल बना लो।

$$\frac{\text{भयात} \times ६०}{\text{भभोग}} = \text{षष्टि प्रमाण}$$

अपना भभोग
घटी पल
६६ – ३३ है
× ६०
३९६०
+ ३३
३९९३ पल
भभोग

भयात
१ – १४ – १२ है
× ६०
६० + १४
७४ – १२
पल वि.
भयात

७४ – १२
× ६०
४४४० – ७२० ÷ ६०
+ १२ = ०
४४५२
= ४४५२
पल

३९९३) ४४५२ (१ घड़ी
३९९३
४५९ × ६०
३९९३) २७५४० (६ पल
२३९५८
३५८२ × ६०
३९९३) २१४९२० (५३ विपल
१९९६५
१५२७०
११९७९
३२९१

$$\frac{\text{भयात}\ (१-१४-१२)\times ६०}{\text{भभोग}\ ६६-३३} = \frac{\text{पल विपल}\ (७४-१२)\times ६०}{३९९३\ \text{पल}}$$

$$= \frac{४४५२}{३९९२} = \begin{matrix}\text{घ. प. वि.}\\ १-६-५३\end{matrix}$$

षष्टि प्रमाण भुक्ति

चंद्र साधन

भयात की षष्टि प्रमाण भुक्ति निकल आने पर चंद्र साधन करते हैं। एक नक्षत्र ६० घड़ी में $१३^{\circ}-२०'$ चलता है तो १ घड़ी में $०^{\circ}-१३'-२०''$ चलेगा।

$$\frac{\overset{१}{१३}-२०''}{\underset{३}{६०}} = \frac{४०'}{३}\quad \frac{\overset{२}{४०}}{\underset{२}{३\times ६०}}\ \text{अंश} = \frac{२}{९}\ \text{अंश हुआ।}$$

अब त्रैराशिक से निकालो। नक्षत्र की १ घड़ी में चंद्र $\frac{२}{९}$ अंश चलता है तो सम्पूर्ण नक्षत्रों की षष्टि प्रमाण भुक्ति की घड़ियों में कितना चलेगा। जो उत्तर आवे वह चंद्र का अंश कलादि स्पष्ट होगा।

सम्पूर्ण नक्षत्रों की षष्टि प्रमाण भुक्ति

प्रत्येक नक्षत्र की भुक्ति $१३^{\circ}-२०'$ की है और एक नक्षत्र की औसत भुक्ति ६० घड़ी है। परन्तु नक्षत्र की पूर्ण भुक्ति (भोग) कभी इस ६० घड़ी से अधिक हो जाती है, कभी इस से अल्प होती है। इसी से ६० घड़ी के प्रमाण के अनुसार उस नक्षत्र की षष्टि प्रमाण भुक्ति निकालनी पड़ती है। जो कुछ इस प्रकार आवे वह केवल उस नक्षत्र की षष्टि प्रमाण भुक्ति हुई। अब शेष गत नक्षत्रों की भी षष्टि प्रमाण भुक्ति उस में जोड़ दो तो सम्पूर्ण नक्षत्रों की षष्टि प्रमाण भुक्ति निकल आयगी।

इस कारण गत नक्षत्रों की संख्या में ६० का गुणा करने से गत नक्षत्रों की षष्टि प्रमाण भुक्ति निकल आयगी। फिर उसमें वर्तमान नक्षत्र की षष्टि प्रमाण भुक्ति जोड़कर उसमें $\frac{२}{९}$ का गुणा कर दो तो चंद्र स्पष्ट हो जायगा।

$$\text{चंद्र साधन} = \frac{[\ (\text{गत नक्षत्र सख्या}) + \text{षष्टि प्रमाण भुक्ति}\ ]\times २}{९} = \text{चंद्र स्पष्ट अंशादि}$$

अपना वर्तमान नक्षत्र आर्द्रा है। उसकी षष्टि प्रमाण भुक्ति १-६-५३ घड़ी पहिले निकाल चुके हैं।। इसमें गत नक्षत्रों की षष्टि प्रमाण भुक्ति और जोड़नी है।

अश्विनी से मृगशिर तक ५ गत नक्षत्र हुए इसमें ६० का गुणा किया ५ × ६० = ३०० घड़ी हुई इसमें १-६-५३ घड़ी जोड़ा।

गत नक्षत्र

$$\frac{[(५ \times ६०) \times (१-६-५३)] \times २}{९} = \frac{(३०० + १-६-५३) \times २}{९}$$

$$= \frac{(३०१-६-५३) \times २}{९} = \frac{६०२-१३-४६}{९} = ६६^\circ-५४'-५१''$$

रा

$= २-६^\circ-५४'-५१''$ चंद्र स्पष्ट

```
९ ) ६०२-१३-४६ ( ६६ अंश
    ५४
    ६२
    ५४
    ८ × ६०
    ४८० + १३
  ९ ) ४९३ ( ५४ कला
      ४५
      ४३
      ३६
      ७ × ६०
      ४२० + ४६
  ९ ) ४६६ ( ५१
      ४५   विकला
      १६
```

```
३० ) ६६ अंश ( २ राशि
     ६०
     ६ अंश
```

चंद्र स्पष्ट करने की यह सबसे सरल रीति है।

चंद्र साधन दूसरे प्रकार से

वर्तमान जन्म नक्षत्र का सर्वर्क्ष (भभोग) और गतर्क्ष (भयात) निकालो और दोनों को एक वर्ण बनालो।

१ नक्षत्र $१३^\circ-२०'$ का होता है तो वर्तमान नक्षत्र के गतर्क्ष काल में चंद्र के कितने अंश गत होंगे यह त्रैराशिक से निकालना चाहिए। इसलिये $१३^\circ-२०' = १३\frac{१}{३} = \frac{४०}{३}^\circ$ में गतर्क्ष का गुणा कर सर्वर्क्ष का भाग दो तो गतर्क्ष काल का चंद्र निकल आयगा। इसके लिये गतर्क्ष में ४० का गुणा कर सर्वर्क्ष को तिगुना कर भाग देना पड़ेगा।

$$\frac{\text{गतर्क्ष}}{\text{सर्वर्क्ष}} \times \frac{४०}{३}^\circ = \frac{\text{गतर्क्ष} \times ४०}{\text{सर्वर्क्ष} \times ३} = \text{वर्तमान नक्षत्र का चंद्र के अंशादि।}$$

इस में गत नक्षत्रों की संख्या का चंद्र निकाल कर जोड़ दो तो चंद्र स्पष्ट हो जायगा।

गत नक्षत्रों का चंद्र निकालने के लिये गत नक्षत्र संख्या में ६० का गुणा कर घड़ियाँ बना लो। १ घड़ी में चंद्र के $\frac{२}{९}$ अंश होते हैं तो उक्त घड़ियों में कितने अंश होंगे त्रैराशिक से निकालो। इस के लिये गत नक्षत्र की घड़ियों में २ का गुणा कर ९ का भाग दो गत नक्षत्र का चंद्र निकल आयगा।

इस का एक चक्र भी आगे दिया है जिससे गत नक्षत्र का चंद्र जान सकते हो।

$$\frac{(\text{गत नक्षत्र संख्या} \times ६०) \times २}{९} = \text{गत नक्षत्र का चंद्र।}$$

गत नक्षत्र का चंद्र + वर्तमान नक्षत्र का चंद्र = चंद्र स्पष्ट

उदाहरण—

भयात	भभोग	
घ० प० वि०	घ० पल	$\frac{(७४-१२) \times ४०}{३९९३ \times ३}$ + $\frac{(५ \times ६०) \times २}{९}$ = चंद्र स्पष्ट
१-१४-१२	६६-३३	भयात / भभोग
पल	= ३९९३ पल	
= ७४-१२		

भयात
७४-१२
× ४०
२९६०-४८० ÷ ६०
+ ८ = ०
२९६८
= २९६८

भभोग
३९९३
× ३
११९७९

= $\frac{२९६८}{११९७९}$ + $\frac{६००}{९}$
= (०°-१४′-५१″) + ६६°-४०′
= ६६°-५४′-५१″
रा
= २-६°-५४′-५१″ चंद्र स्पष्ट

११९७९) २९६८ (० अंश
× ६०
११९७९) १७८०८० (१४ कला
११९७९
५८२९०
४७९१६
१०३७४
× ६०
११९७९) ६२२४४०(५१
५९८९५ विकला
२३४९०
११९७९
११५११
= ०°-१४′-५१″

९) ६०० (६६
५४ अंश
६०
५४
६ × ६०
९) ३६० (४०
३६ पल
०
= ३६°-४०′

आगे दिये हुए चक्र में देखो।
रा
मृगशिर पूरा २-६°-४०′ है
रा
चक्र से मृग० २-६°-४०′-०″
+ वर्तमान नक्षत्र ०-१४-५१
(उपरोक्त)
योग = २-६-५४-५१
चंद्र स्पष्ट

नक्षत्र के अनुसार चंद्र के कक्षादि सूचक चक्र

क्रम	नक्षत्र	प्रथम चरण			द्वितीय चरण			तृतीय चरण			चतुर्थ चरण		
		रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.
१	अश्विनी	०	३	२०	०	६	४०	०	१०	०	०	१३	२०
२	भरणी	०	१६	४०	०	२०	०	०	२३	२०	०	२६	४०
३	कृतिका	१	०	०	१	३	२०	१	६	४०	१	१०	०
४	रोहिणी	१	१३	२०	१	१६	४०	१	२०	०	१	२३	२०
५	मृगशिर	१	२६	४०	२	०	०	२	३	२०	२	६	४०
६	आर्द्रा	२	१०	०	२	१३	२०	२	१६	४०	२	२०	०
७	पुनर्वसु	२	२३	२०	२	२६	४०	३	०	०	३	३	२०
८	पुष्य	३	६	४०	३	१०	०	३	१३	२०	३	१६	४०
९	आश्लेषा	३	२०	०	३	२३	२०	३	२६	४०	४	०	०
१०	मघा	४	३	२०	४	६	४०	४	१०	०	४	१३	२०
११	पूर्वा फाल०	४	१६	४०	४	२०	०	४	२३	२०	४	२६	४०
१२	उत्तरा०	५	०	०	५	३	२०	५	६	४०	५	१०	०
१३	हस्त	५	१३	२०	५	१६	४०	५	२०	०	५	२३	२०
१४	चित्रा	५	२६	४०	६	०	०	६	३	२०	६	६	४०
१५	स्वाती	६	१०	०	६	१३	२०	६	१६	४०	६	२०	०
१६	विशाखा	६	२३	२०	६	२६	४०	७	०	०	७	३	२०
१७	अनुराधा	७	६	४०	७	१०	०	७	१३	२०	७	१६	४०
१८	ज्येष्ठा	७	२०	०	७	२३	२०	७	२६	४०	८	०	०
१९	मूल	८	३	२०	८	६	४०	८	१०	०	८	१३	२०
२०	पूर्वाषाढ़ा	८	१६	४०	८	२०	०	८	२३	२०	८	२६	४०
२१	उत्तराषाढ़ा	९	०	०	९	३	२०	९	६	४०	९	१०	०
२२	श्रवण	९	१३	२०	९	१६	४०	९	२०	०	९	२३	२०
२३	धनिष्ठा	९	२६	४०	१०	०	०	१०	३	२०	१०	६	४०
२४	शतभिषा	१०	१०	०	१०	१३	२०	१०	१६	४०	१०	२०	०
२५	पूर्वभाद्र०	१०	२३	२०	१०	२६	४०	११	०	०	११	३	२०
२६	उत्तरभाद्र०	११	६	४०	११	१०	०	११	१३	२०	११	१६	४०
२७	रेवती	११	२०	०	११	२३	२०	११	२६	४०	१२	०	०

रा   रा

जैसे गत नक्षत्र पुष्य है = चंद्र राशि ३–१९°–४०′ हुई। श्रवण = ९–२३°–२०′ इत्यादि। यहां चरण तक के चन्द्र के राशि अंशादि दिए हैं जिससे किसी नक्षत्र के किस चरण तक चंद्र की राशि अंश आदि कितने होते हैं प्रगट हो जावे।

(गत नक्षत्र संख्या × ६० × २) ÷ ९ = चंद्र की राशि अंश आदि निकल आती है, वही यहां निकाल कर चक्र में बताया है।

इससे किसी भी चंद्र आदि ग्रह के स्पष्ट पर से नक्षत्र के चरण भी जाने जा

रा

सकते हैं। जैसे चंद्र २–६°–५४′–५१″ है तो आर्द्रा के पहिले चरण का जन्म हुआ।

चन्द्र की गति साधन

१ नक्षत्र = १३°–२०′ = ८००′ का होता है। पूर्ण भभोग की षष्टि प्रमाण भुक्ति में चन्द्र की गति निकालनी है। अर्थात् पूर्ण भभोग में ८००′ चन्द्र की गति होती है तो ६० घड़ी में कितनी होगी ? जो उत्तर आवे वही चन्द्र की गति होगी।

भाग देने की सुविधा के लिये ६० घड़ी और भभोग को एक जाति वना लेना चाहिए। ६० घड़ी = ६० × ६० = ३६०० पल

$$\frac{\text{३६०० पल} \times \text{८००}'}{\text{भभोग पल}} = \frac{\text{२८८००००}}{\text{भभोग पल}} = \text{चन्द्र गति कला विकला में।}$$

इस कारण २८८०००० में भभोग के पल वनाकर भाग दो तो चन्द्र की गति निकल आती है।

अपना भभोग ६६—३६ घड़ी = ३९९३ पल है।

$$\text{चन्द्रगति } \frac{\text{२८८००००}}{\text{३९९३}} = \text{७२१}'\text{–१५}''$$

३९९३) २८८०००० (७२१	
२७९५१ कला	१०४७ × ६०
८४९०	३९९३) ६२८२० (१५
७९८६	३९९३ विकला
५०४०	२२८९०
३९९३	१९९६५
१०४७	२९२५

$$\text{यदि भभोग विपल में हो} = \frac{\text{२८८०००००} \times \text{६०}}{\text{भभोग विपल}} = \frac{\text{१७२८००००००}}{\text{भभोग विपल}}$$

= गति कलादि।

ग्रह साधन की दूसरी रीति (चरण के विचार से)

जन्म समय ग्रह किस नक्षत्र में है और नक्षत्र किस राशि में आता है विचार करो। जन्म समय के पहिले वह ग्रह नक्षत्र के किस चरण में था उसका समय देखकर लिख लो। फिर देखो उस नक्षत्र का चरण कब बदला। फिर जितने समय तक वह ग्रह उस नक्षत्र में रहा हो सम्पूर्ण समय निकालो। उस समय को उस चरण का भभोग कहेंगे। वह चरण आरम्भ होने के उपरान्त इष्ट काल तक जो समय है वह समय उस चरण का भुक्त काल (भयात) हुआ।

१ चरण $३^\circ-२०' = \frac{१०}{३}^\circ$ का होता है। त्रैराशिक से निकालो कि १ चरण का पूर्ण भोग इतने घड़ियों में होता है तो उस चरण को भुक्त घटियों में कितने अंश भुक्त हुआ होगा ?

$$\frac{\text{चरण भुक्त काल (भयात)}}{\text{उस चरण का सम्पूर्ण भोग (भभोग)}} \times \frac{१०}{३}^\circ = \text{नक्षत्र के चरण का भुक्तांश।}$$

अब देखो उस राशि में इस नक्षत्र के कितने चरण प्रथम भुक्त हो चुके हैं। प्रति चरण $\frac{१०}{३}^\circ$ के हिसाब से उतने चरण का भुक्तांश निकाल कर या पहिले दिये हुए चक्र से देख कर ऊपर निकाले हुए वर्तमान चरण के भुक्तांश में जोड़ दो तो उस राशि का पूर्ण भुक्त अंश कलादि निकल आवेगा। उसके पहिले जितनी राशि गत हुई हो वह ग्रह स्पष्ट की राशि होगी। और इस प्रकार गणित से निकाले हुए अंशादि उस ग्रह के स्पष्ट अंशादि होंगे।

उदाहरण—

दिनांक १–१०–१९४२ ई० गुरु वार का सूर्य स्पष्ट करना है। इष्ट काल ३९–२२–१२ घटी है। अब पंचांग देखा कि सूर्य किस राशि के कौन चरण में है।

बुधवार दिनांक ३०–९–४२ ई० हस्त के दूसरे चरण में ३५–३९ घड़ी पर आया = ६०–(३५–३९) = शेष २४–१ घड़ी दूसरे चरण का शनिवार ३–१०–१९४२ को तीसरे चरण में ५८–५२ पर आया। अब देखेंगे कि रवि को दूसरे चरण में कितना समय हुआ।

			घ० प०
बुधवार	दिनांक ३०– ९–४२	को हस्त के दूसरे चरण में रहा	= २४–१
गुरुवार	,, १–१०–४२	,, ,, ,, ,,	= ६०–०
शुक्रवार	,, २–१०–४२	,, ,, ,, ,,	= ६०–०
शनिवार	,, ३–१०–४२	,, ,, ,, ,,	= ५८–५२

∴ रवि के दूसरे चरण में रहने का समय = योग २०२–५३

(भभोग)

जन्म समय तक हस्त के दूसरे चरण में सूर्य इस प्रकार है :—

	घ० प०
बुधवार ३०–९–४२ को	२४–१
गुरुवार १–१०–४२ „ जन्म समय	३९–२२–१२
∴ दूसरे चरण का भयात =	६३–२३–१२

भभोग	भयात
घ० प०	
२०२–५३	६३–२३–१२
× ६०	× ६०
१२१२०	३७८०
+ ५३	+ २३
१२१७३	३८०३–१२
भभोग पल	भयात पल

अब त्रैराशिक से निकाला

सूर्य के दूसरे चरण का भभोग १२१७३ पल में सूर्य $\frac{१०}{३}^\circ$ भोगता है तो ३८०३–१२ पल में कितना होगा ?

$$\frac{(३८०३–१२) \times १०}{१२१७३ \times ३} = \frac{३८०३२}{३६५१९} = १^\circ–२'–२९''$$

३६५१९) ३८०३२ (१°
३६५१९
१५१३ × ६०
३६५१९) ९०७८० (२'
७३०३८
१७७४२
× ६०
३६५१९) १०६४५२० (२९″
७३०३८
३३४१४०
३२८६७१
५३६९

∴ सूर्य हस्त के दूसरे चरण में १°–२′–२९″ पार कर चुका। यह सूर्य के दूसरे चरण का भुक्त काल हुआ।

हस्त कन्या राशि में आता है। कन्या राशि में इस प्रकार नक्षत्र होते हैं :—

उत्तरा फाल्गुनी	= अंत के	३ चरण
हस्त	= पूरे	४ चरण
चित्रा	= आरंभ के	२ चरण
		९ चरण

अब देखना है हस्त के दूसरे चरण तक कन्या राशि में कितने चरण होते हैं।

उत्तरा फाल्गुनी के अंत के	३ चरण
हस्त का आरंभ का	+ १ चरण
	४ चरण

१ चरण में $\frac{१०}{३}^\circ$ भुक्त होता है तो ४ चरण में $\frac{१० \times ४}{३} = \frac{४०}{३}^\circ = १३^\circ–२०'$

कन्या राशि के हस्त के पहिले चरण तक भुक्त = १३°–२०′

,, ,, दूसरे ,, ,, ,, = १– २–२९

∴ कन्या राशि के भुक्त अंश हुए = १४–२२–२९

सूर्य कन्या राशि के १४°–२२′–२९ पर है गत राशि (कन्या राशि के पहिले

रा

तक राशि) ५ है इस प्रकार सूर्य स्पष्ट ५–१४°–२२–२९″ हुआ।

या पिछले दिये हुए चक्र में देखा

रा

हस्त के पहिले चरण तक राशि अंश = ५–१३°–२०′

उपरोक्त हस्त के दूसरे चरण के भयात में = ०– १– २–२९

सूर्य स्पष्ट = ५–१४–२२–२९

इस रीति से और भी ग्रह स्पष्ट कर लेना।

ग्रह साधन में पंचांग के उपयोग का विचार

ग्रह साधन करने के लिये विशेष बात ध्यान देने योग्य यह है कि जिस पंचांग द्वारा ग्रह साधन किया जाता है उस का विचार करो कि वह पंचांग किस स्थान से प्रकाशित हुआ है और उस में जो ग्रह स्पष्ट दिया है वह किस स्थान के देशान्तर पर गणित कर बनाया गया है। अपने स्थान से और उस स्थान से जहां का ग्रह स्पष्ट दिया गया है, देशान्तर में क्या अंतर है; विना इन बातों के विचार किये (यदि उस स्थान में अधिक अंतर हुआ तो) ग्रह स्पष्ट में कुछ अंतर अवश्य पड़ेगा।

इस कारण अपने इष्ट समय को उस स्थान के समय में परिवर्तन करलो जहां का पंचांग उपयोग कर रहे हो।

जैसे जबलपुर का पंचांग उपयोग किया तो जबलपुर का देशान्तर ८०° पूर्व है। नरसिंहपुर में जन्म होने से नरसिंहपुर का जन्म ग्रह साधन करना है।

मि० से०

नरसिंहपुर का देशान्तर ७९–११ पूर्व है दोनों का अंतर = ४९′ = ३–१२ = ८ पल का हुआ। नरसिंहपुर के समय को जबलपुर के समय में परिवर्तन करने के लिये, यहां से जबलपुर पूर्व में होने से अंतर + करना पड़ेगा। पश्चिम में — (ऋण) करना पड़ता।

घ० प० वि०

इस से अपने इष्ट में ८ पल देशान्तर जोड़ दो। इष्ट २९–२२–१२ घड़ी + ८ पल = २९–३०–१२ यह जबलपुर

का टाइम हो गया। यदि मिश्रमान दिया हो तो फल घटी संस्कार करो स्थानिक मिश्रमान बना लो।

अपना इष्ट ३६–३०–१२ मान कर ग्रह साधन करें तो ग्रहस्पष्ट ठीक होगा। यह क्रिया केवल ग्रहसाधन करने के लिये ही उपयोग में लाना। जैसे ग्रीनविच का ऐफेमरी का उपयोग करते हैं तो स्थानिक समय को ग्रीनविच का समय बना लेते हैं, जिस का बनाना पहिले बता चुके हैं। परन्तु कई पंचांग स्टेन्डर्ड टाइम पर ग्रह स्पष्ट कर पंचांग में देते हैं उन में अपने स्टेन्डर्ड टाइम पर से ही ग्रह साधन किया जा सकता है। देशान्तर संस्कार करने की आवश्यकता नहीं होती। जैसे उज्जैन से प्रकाशित ऐफेमरी में स्टेन्डर्ड टाइम का ग्रह दिया है। उस मे केवल अपने इष्ट स्टेन्डर्ड टाइम पर से ही ग्रह साधन कर सकते हैं।

लग्न साधन, भाव साधन के लिये केवल स्थानिक समय ही उपयोग होता है।

ग्रीनविच के ऐफेमरी से ग्रह स्पष्ट

मान लो ग्रीनविच के ऐफेमरी का उपयोग करना है तो अपने समय को ग्रीनविच के समय में बना लो।

यद्यपि समय परिवर्तन की रीति पहिले दे चुके हैं परन्तु यहाँ एक और उदाहरण देकर समझाते हैं।

जन्म जबलपुर में ४ बज के ८ मिनट संध्या का है। यह समय स्टेन्डर्ड टाइम

घ० मि०

का है जिसका देशान्तर ८२°–३०° पूर्व है=५–३० हुए। यह समय ग्रीनविच के आगे है। अर्थात् जब जबलपुर में ४–८ बजा था तो ग्रीनविच में १२ भी दोहपर के नहीं बजे थे। स्टेन्डर्ड देशान्तर समय ५–३० संध्या से अपना समय ४–८ संध्या घटाया तो शेष

घ० मि०

१–२२ रहे। जब ग्रीनविच में मध्याह्न के १२ बजते तो जबलपुर के स्टेन्डर्ड टाइम

घ० मि०

में ५–३० संध्या के बजते परन्तु अपना समय १–२२ पहिले का है। इस कारण इसे १२ में से घटाया तो शेष १०–३८ रहे। इस से प्रगट हुआ अपने जन्म समय दोपहर के पहिले ग्रीनवीच में १०–३८ ही बजा था।

घ० मि०

मध्याह्न से १–२२ का अंतर होने के कारण इस अंतर का ग्रहों की गति निकाल कर ग्रीनविच के ग्रहों में घटा देने से इष्ट काल का ग्रह अपने स्थान का बन जायगा। ऐफेमरी में प्रति दिन के १२ बजे के ग्रह स्पष्ट दिये रहते हैं।

१८ मार्च १९२१ को ऐफेमरी में ग्रीनविच के ग्रहों की स्थिति इस प्रकार दी है—

सूर्य	२७°–११′–२७	मीन = गति	५९′–३७″
चन्द्र	१५ – २ –२४	मिथुन = ,,	१४°–२६′–४″
मंगल	२५ – १ – ०	मेष = ,,	४५′–०″
बुध	३ –४५	मीन मार्गी =	१५′–०″
गुरु	१२–१५	कन्या वक्री =	७′–०″
शुक्र	६–४४	मेष =	२८′–०″
शनि	२०–५७	कन्या वक्री =	४′–०″
राहु	२८– ७	तुला वक्री =	३′–११″

इसमें गति नहीं दी थी तो उस दिन के ग्रह को दूसरे दिन के ग्रह स्पष्ट से घटा दिया जो अंतर मिला वही गति हुई। यही यहाँ निकाल कर दी है।

दिनांक	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध
१९	२८°–२१′– ४″	२९°–२८′–२८″	२५°–४६′	३°–५७′
१८	२७ –११ –२७	१५ – २ –२४	२५ – १	३ –४२
गति	०–५७–३४	१४ –२६ –४	० –४५	० –१५

दिनांक	वक्री गुरु	वक्री शनि	
१८	३°–५७′	२० –५७	राहु की सदा एक सी
१९	३ –४२	२० –५३	३′–११″ गति रहती है।
गति	० –४५	० – ४	

घं० मि०

अब गणित से निकालो २४ घं० में सूर्य की गति ५९′–३७″ है तो १–२२ में कितनी होगी ? सब से सरल विधि लेगार्थमिक टेबल के (जो ग्रंत में दिया रहता है।) सहारे बहुत शीघ्र उत्तर मिल जाता है। परन्तु उस का यहां उपयोग न कर गणित से ही निकालेंगे।

२४ घन्टा में जितनी कला विकला गति होती है। तो १घन्टे में उसकी २½ गुनी विकला प्रतिविकला गति होती है। १ घंटा में जितने विकला प्रतिविकला गति होगी १मिनट में उतनी ही प्रतिविकला तत्प्रतिविकला गति होती है।

सूर्य २४ घंटा = ५९′ ३७″ गति

१ घंटा = ,, × २ = ११८″–७४‴

½ = २९ –३०

× २½ = १८–३०

१४७-१२२-३०

= १४८″-२‴-३०

१ घंटा में = २′–२८″–२‴

१ घंटा में = २′–२८″–२‴

∴ १ मिनट में = २–२८–२

∴ २२ मिनट में = ५४–१६–४४

१ घंटा में = २'–२८''–२
२२ मिनट में = ५४ –१६
१–२२ की = ३ –२२ –१६

सूर्य मीन २७°–२१'–२७''
चालन ऋण ३–२२
शेष = २७ –१८ –५ मीन
रा

∴ सायन सूर्य स्पष्ट = ११–२७°–१८'–५''

चंद्र = २४ घंटा = १४°–२६'–४'' गति
२॥ × { × २ = २८'–५२''–८ ; × ½ = ७–१३–२ }
१ घंटा में = ३६–५–१०

१ घंटा में = ३६'–५''–१०
∴ १ मि०में = ०–३६–५–१०
∴ २२ मि०में = ०–७९२–११०–२२०
= ७९४''–३–४०
= १३'–१४''–३

१ घंटा में = ३६'–५''–१०
२२ मि० में = १२–१४–३
४९–१९–१३
चालन ऋण
रा

चंद्र मिथुन १५°–२'–२४''
चालन ऋण ०–४८–१९ घटाया
= १४–१३–५ मिथुन

∴ सायन चंद्र स्पष्ट २–१४°–१३'–५''

मंगल = २४ घंटा = ४५'–०'' गति
∴ १ घंटा × २½ = ९०''–०'''
२२–३०
११२–३०
१ घंटा में = १'–५२''–३०

१ घंटा में = १'–५२''–३०'''
१ मिनट में = १''–५२–३०
२२ मि० में = ४१–१५–०

१ घंटा में = १'–५२''–३०
२२ मि० में = ०–४१–१५
२–३३–४५
चालन ऋण रा

मंगल मेष २५°–१'–०''
चालन ऋण २–३३ घटाया
२४–५८–२७ मेष

∴ सायन मंगल = ०–२४°–५८'–२७''

बुध = २४ घंटा = ०°–१५'–०''
१ घंटा × २½ = ०–३७''–३०'''
१ मिनट = ०''–३७'''–३०
२२ मिनट = १३''–४५
बुध मीन ३°–४२'–०''

१ घंटा = ३७''–३०'''
२२ मिनट = १३–४५
चालन – ५१–१५
ऋण

. चालन ऋण ५१ घटाया

३–४१–९ मीन

रा
∴ सायन वुध स्पष्ट ११–३°–४१′–९″

गुरु वक्री २४ घंटा = ७′–०″ गति	१ घंटा में – ०′–१७″–३०‴
१ घंटा × २३/२ = १७″–३०‴	२२ मिनट ० – ६ – २४
१ मिनट = ०–१७″′–३०	चालन + ० – २३–५५
२२ मिनट = ०–३७४–६६०	वक्री होने से
= ३८५‴–०	गुरु कन्या १२°–१५′–०″
= ६″–२५‴	चालन + २३ जोड़ा
	१२–१५–२३ कन्या

रा
∴ सायन गुरु ५–१२°–१५′–२३

शुक्र २४ घंटा = २८′–०″ गति	१ घंटा = १′–१०″
१ घंटा = × २३/२ ०′–५६″	२२ मि० = ०–२५–४०
+ १४	· चालन ऋण = १–३५–४०
१ घंटा = १–१०	शुक्र मेष ६°–४०′–०″
१ मिनट = ०–१′–१०″	चालन – ०–१–३५ घटाया
२२ मिनट ०–२२′–२२०″	६–३८–२५ मेष
= ०–२५–४०	

रा
∴ सायन शुक्र ०–६′–३८°–२५″

शनि वक्री २४ घंटा = ४′–०″ गति	१ घंटा = ०′–१०″
∴ १ घंटा = × २३/२ = ०′–१०″	२२ मिनट = ३–४०
१ मिनट = ०–०–१०	चालन + ०–१३–४०
२२ मिनट = ०–३–४०	वक्री होने से

शनि कन्या = २०°–५७′–०″

चालन + ०–०–१३ जोड़ा

२०–५७–१३ कन्या

रा
∴ सायन शनि ५–२०°–५७′–१३″

राहु २४ घंटा = ३′–११″ गति
१ घंटा = × २½ = ६″–२२‴
१–३५″
७=५७″
१ घंटा में = ८″–०
१ मिनट = ०–८
∴ २२ मि० = २–५६

१ घंटा में = ०′–८″–०
२२ मिनट = ०–२–५६
चालन + ०–१०–५६
वक्री होने से
राहु तुला – २८°–५७′–०″
चालन + ०–०–१०–५६ जोड़ा
= २८–५७–१०–५६
= २८–५७–११ तुला

∴ सायन राहु ६रा–२८°–५७′–११″

राहु + ६ राशि = केतु

राहु–६रा–२८°–५७′–११″
+६
केतु = ०–२८–५७–११

∴ सायन केतु ०रा–२८°–५७′–११″

उपरोक्त सायन ग्रह आये हैं इन में अयनांश घटा दो तो निरयन ग्रह स्पष्ट हो जाते हैं।

उपरोक्त ग्रहों को अब निरयन बनाने के लिये अयनांश साधन करते हैं।

१८ मार्च १९२१ ईस्वी फालगुन शुक्ल ९ शुक्रवार सम्वत् १९७७ शाके १८४२ है।

यह लाघव पद्धति से अयनांश निकालते हैं

शाका १८४२
–४४४
६०) १३९८ (२३°
१२०
१९८
१८०
१८′

वर्प आरंभ का अयनांश २३°–१८′ हुआ। इष्ट काल तक का अयनांश निकालना है।

चैत्र शुक्ल १ से वर्ष आरंभ हुआ।

फा० शुदी १ तक = ११ मास। ९ तिथि तक ८ दिन। सब ११ मास ८ दिन हुए।

१२ मास में = ६०″ गति
१ मास में = ५″
१ दिन में = १०‴ ,,

११ मास में = ११ × ५″ = ५५″
८ दिन में = १०″ × ८ = ०–८०‴
= १–२०
∴ ११ मास ८ दिन में = ५६″–२०‴
चालन

वर्ष आरंभ का अयनांश = २३°–१८′–०″
चलित + = ०–०–५६
∴ तत्कालिक अयनांश = २३–१८–५६

सायन सूर्य रा ११–२७°–१७′–५″	चंद्र रा २–१४°–१३′–५″	मंगल रा ०–२४°–५८′–२७″
– अयनांश २३–१८–५६	–२३–१८–५६	–२३–१८–५६
∴ निरयन ग्रह = ११–३–५८–९	= १–२०–५४–९	= ०–१–३९–३१

बुध	गुरु	शुक्र
रा ११–३°–४१′–९″	५–१२°–१५′–२३″	०–६–३८–२५
२३–१८–५६	२३–१८–५६	–२३–१८–५६
= १०–१०–२२–१३	= ४–१८–५६–२७	= ११–१३–१९–२९
शनि	**राहु**	**केतु**
रा ५–२०°–५७′–१३″	६–२८°–५७′–११″	रा ०–२८°–५७′–११″
– २३–१८–५६	– २३–१८–५६	– २३–१८–५६
४–२७–३८–१७	६–५–३८–१५	= ०–५–३८–१५

इस प्रकार सायन ग्रह में से अयनांश घटाने से जो बचा वह निरयन ग्रह स्पष्ट हुआ। कई प्रकार के अयनांश निकालना आगे बताया गया है।

—: ० :—

अध्याय ७

ग्रह साधन के लिये सहायक सारिणियाँ

ग्रह स्पष्ट करने में जो पहिले गणित बताया है वह कुछ क्लिष्ट है। इस कारण ग्रह साधन की सुगमता के लिये आगे सारिणियाँ दी हैं। उनका उपयोग अच्छी प्रकार समझ लेना पड़ेगा क्योंकि उनका आगे बहुत काम पड़ेगा।

ग्रह साधन के लिये पहिले गुणनफल चक्र (देखिये चक्र अ, ब) दिया है जिसके सहारे गौमूत्रिका क्रम रीति से गुणा कर सरलता से ग्रहों की गति निकल आती है। आगे लाग्रतमिक रीति से घड़ी पल में ग्रहों की गति निकालने की सारिणी दी है। वह भी सुगम है। इनके उपयोग की रीति एक बार समझ में आने से फिर कोई अड़चन नहीं होगी।

गुणनफल चक्र की बनावट

ज्योतिष में बहुधा ६० अंकों के भीतर के अंकों का परस्पर ग्रह साधन आदि में या गोमूत्रिका क्रम से गणित करने में उपयोग होता है। उस के लिये यहाँ सुविधा के लिये चक्र बना दिया है। दोनों अंकों के गुणा करने में ६० से अधिक जो अंक आते हैं उन्हें ६० से शोधन कर इस चक्रमें रखा है। जैसे ५९ × ५९=५३१ का गुणा किया तो ३४८१ हुआ। इस में ६० का भाग दिया तो ५८–१ हुआ। यहाँ वही चक्र में रखा है। गुणा परस्पर एक जाति के अंकों में होगा। जैसे ५९ कला का ५९ कला में गुणा किया तो ३४८१ आये इस के अंश बनाये तो ५८–१ अंश आये। इसी प्रकार जिस जाति का गुणा किया है चक्र का अंक उस से ऊँची जाति का आयगा। जैसे यहाँ कला से गुणा किया तो ५८–१ आया। यहाँ १ तो कला आई और बांई ओर का अंक अंश समझना। यदि विकला से गुणा किया तो उत्तर ५८′–१″ समझना। इसी प्रकार गुणनफल के सब अंक ६० से भाग देकर चक्र में रखे हैं। कोई अंक ६० से अधिक नहीं है।

```
     २९५
६०) ३४८१ (५८
    ३००
    ४८१
    ४८०
      १
```

गुणनफल चक्र के देखने की रीति और उपयोग

चक्र अ में बाईं ओर और नीचे ३० के भीतर गुणा करने के अंक दिये हैं यदि दोनों संख्या जिनका गुणा करना है ३० या ३० के भीतर है तो बांई ओर का चक्र उपयोग करो जैसे २८ × २७ देखना है तो बांई ओर के २८ के सीध में नीचे दिये २७ के अंक के ऊपर दोनों के सीध में १२–३६ दिया है यही उत्तर आया।

यदि दोनों संख्या जिन का गुणा करना है ३० से अधिक है तो दाहिनी ओर ऊपर के अंकों से उत्तर मिलेगा। जैसे ५७ × ५६ = ५३—१२ दिया है।

उत्तर खोजते समय ध्यान में रखो कि दोनों गुणा करने वाली संख्याओं में जो बड़ी हो उसे दाहिने या बायें खड़े कोठों में खोजो। अल्प अंक को ऊपर या नीचे खोजो। जैसे २८ × २७ में २८ बड़ा अंक है। बायें खड़े कोठे में २८ खोजा और अल्प अंक २७ को नीचे के कोठे में खोजा फिर दोनों के सीध में उत्तर मिलेगा। यदि बड़ा अंक नीचे या ऊपर खोजोगे तो उत्तर नहीं मिलेगा। जैसे नीचे के २८ अंक के ऊपर देखोगे तो २७ की सीध ही नहीं मिलेगी। क्योंकि बांई ओर की २७ की सीध नीचे के २७ में ही अंत हो गई है।

इसी प्रकार ५७ × ५६ में ५७ को यदि ऊपर वाले कोठे में देखा जाय तो दाहिनी ओर के ५६ की सीध नहीं मिलेगी। दाहिनी ओर ५७ और ऊपर ५६ के सधी

में खोजोगे तो उत्तर ५३–१२ मिल जायगा। इस प्रकार गुणनफल खोजते समय उन दोनों में जो बड़ा अंक हो उसे पहिले खड़े कोठे में जो दाहिने या बाँयें दिये हैं खोजो और अल्प संख्या को ऊपर या नीचे के आड़े कोठे में से खोजो।

जिन संख्याओं का गुणनफल निकालना है उन में एक संख्या ३० से कम और दूसरी ३० से अधिक हो तो गुणनफल चक्र ब से उत्तर मिलेगा। इस में बड़े अंक खड़े कोठे में और छोटे अंक आड़े कोठे में दिये हैं। जैसे

५५ × ११ = खड़े कोठे में ५५ के सामने और ११ के नीचे उत्तर १०–५ दिया है।

ग्रह साधन के लिये उपयोग इस प्रकार होता है। मान लो चालन
दिन घड़ी पल विपल
४ – २१–२५–४० है अर्थात् इतने समय की गति निकालनी है। किसी ग्रह की गति मान लो ७′–३९″ है।

गति ७′–३९″ है इससे पहिले ७ कला का फिर ३९″ का गुणनफल चक्र से उत्तर खोजेंगे। अर्थात् पहिले ४ दिन की फिर २१ घड़ी की फिर २५ पल की, उपरान्त ४० विपल की गति निकाल कर जोड़ देगें तो उत्तर आ जायगा।

		°	′	″	‴	
४ दिन	४ × ७′ =	०	२८			
	४ × ३९″ =	०	२	३६		
२१ घड़ी	२१ × ५७′ =	०	२	२७		
	२१ × ३९″ =	०	०	१३	३९	
२५ पल	२५ × ७′ =	०	०	२	५५	
	२५ × ३९″ =	०	०	०	१६	१५
४० विपल	४० × ७′ =	०	०	०	४	२०
	४० × ३९″ =	०	०	०	०	२६ ०
	योग =	०	३३	१९	५५	२१ ०

इसमें उत्तर के लिये केवल ३३′–१९″ लेंगे शेष छोड़ देंगे। यह उक्त चालन की गति आई।

गुणा करते समय ध्यान देने योग्य बात यह है कि यहाँ दिन कला से बड़ा है तो उत्तर बड़ी जात अर्थात् अंश कला में आयगा। और विकला का गुणनफल कला विकला में आयगा।

घड़ी में कला का गुणनफल कला और विकला में और विकला का प्रति विकला में आता है।

यहाँ से गुणनफल में जाति घटती जायगी। पल का गुणा कला में करने से उत्तर विकला-प्रतिविकला में आया। इसी प्रकार आगे गुणनफल दिया है जैसे ऊपर बताया है।

गुणा करने में विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि समान जाति के गुणनफल में जो २ अंकों में उत्तर आता है उसमें बाईं ओर का ऊँची जाति का अंक आवेगा। दाहिनो ओर का उसी जाति का अंक होगा। यदि गुणनफल में समान जाति नहीं हुई तो उत्तर हीन जाति में आवेगा।

		°	′	″	‴	iv
दिन × कला	=	अं	कला			
दिन × विकलो	=	०	कला	विकला		
घड़ी × कला	=	०	कला	विकला		
घड़ी × विकला	=	०	०	विकला प्रति विकला		
पल × कला	=	०	०	विकला प्रति विकला		
पल × विकला	=	०	०	०	प्रति विकला	तत्प्रति विकला
विपल × कला	=	०	०	०	प्रति विकला	तत्प्रति विकला
विपल × विकला	=	०	०	०	०	तत्प्रति विकला आदि

उपरोक्त चालन अब गोमूत्रिका क्रम से गुणा कर निकालते हैं जिसमें गुणनफल चक्र का उपयोग किया है।

दिन घड़ी पल विपल चालन

४–२१–२५–४०

× ७–३९ गति

					२६	०	
				१६	१५		
			१३	३९			
		२	३६				
				४	४०		
			२	५५			
		२	२७				
	०	२८					
	०	३२	७८	११४	८१	०	÷ ६०
		+१	+१	+१	=२१		
		३३	७९	११५			
			=१९	=५५			
=	०°–	३३′–	१९″–	५५‴–	२१		

यहाँ ३९ × ४०=२६–० आया ० उसी कोठे में रखा २६ बांई ओर के कोठे में रखा। फिर ३९ × २५=१६–१५, गुणनफल एक एक कोठा बाईं ओर हटता है तो २६ के नीचे १५ रखा और १६ बाईं ओर रखा। ३९ × २१=१३–३९ इस में १६ के नीचे ३९ रखा और १३ बायें कोठे में रखा। ३९ × ४=२–३६ इस ३६ को १३ के नीचे

रखा २ को वायें कोठा में रखा। अब ३६ का गुणा पूरा हो गया तो एक लकीर सब के नीचे खींच कर नीचे ७ का गुणा,करना आरम्भ किया। ४० × ७=४–४०, दाहिने छोर का १ कोठा छोड़ कर दूसरे कोठा में ४० और तीसरे कोठा में बाईं ओर ४ रखा। ७ × २५=२–५५ आया। ५५ को ४ के नीचे रखा और २ को बांई ओर के कोठा में रखा। ७ × २१ = २–२७ इस २७ को २ के नीचे रखा और २ को बाईं ओर के कोठे में रखा। ७ × ४ = ०–२८ इस २८ को २ के नीचे ओर ० को बाईं ओर के कोठे में रखा। अंत में नीचे लकीर खींच कर सब का योग लिख देना। योग करते समय ६० से अधिक अंक आवे तो ६० का भाग देकर शेष वहाँ रखे, लब्धि बांई ओर के कोठे के योग में जोड़ देवे।

इस प्रकार गुणा करने से जो अंक आता है दाहिनी ओर के एक एक कोठा छोड़ते हुए बाईं ओर रखते जाते हैं। जब नया अंक का गुणा आरम्भ करना होता है तो सब के नीचे लकीर खींच कर नीचे उस का गुणनफल दाहिनी ओर का एक एक कोठा छोड़ कर रखते जाते हैं। जैसे ३६ के गुणा से दाहिनी ओर पहिले ० आया था। अब ७ का गुणा करना आरम्भ किया तो पहिला गुणनफल ऊपर का पहिला कोठा छोड़ कर अर्थात् ० वाला कोठा छोड़ कर बाईं ओर के दूसरे कोठा में उत्तर रखेंगे। यदि इस के उपरान्त तीसरे अंक का भी गुणा करना होता है तो दाहिने ओर के कोठे २ कोठे छोड़ कर तीसरे कोठे में गुणनफल रखना आरम्भ करते हैं।

आगे गुणनफल के लिये स्थान-स्थान पर इस का उपयोग किया है। परन्तु ध्यान रहे जिसका विभाग ६० में होता है उस का ही गुणनफल इससे निकलता है अन्य का नहीं। जैसे अंश से कला विकला आदि और घड़ी पल विपल आदि में इन में ६०–६० का विभाग होता है। यदि जिसमें ३० का विभाग हो (जैसे ३०° की १ राशि होती है) इसके लिये जो उत्तर आवे उसको दुगना करके रखना। जैसे ३० अंश × २० अंश का गुणा किया तो ३० × २० का उत्तर चक्र में १०–० दिया है। परन्तु इसका दूना १० × २ = २० राशि उत्तर आयगा। क्योंकि ३० × २० = ६०० अंश हुए इसकी २० राशि हुई। इसके अतिरिक्त और दूसरे के गुणा करने में यह उपयोगी न होगा। केवल अंश कलादि में या घड़ी पल आदि में जब गुणा करना हो तब इस चक्र का उपयोग करो।

गुणनफल चक्र के सहारे गोमूत्रिका क्रम गणित से ग्रह के चालन की गति निकालने के और उदाहरण—

(१) गति ५६′–४०″
घ० प०
× इष्ट ४५–५०

		३३	२०	
	४६	१०		
......	......	......	......	
	३०	०		
४४	१५			
४५	३४	४३	२०	

= ४५′–३४″

या ५६′ × ४५ घड़ी =	४४′-	१५″	‴	
४०″ × ४५ घड़ी =		३०-	०	
	......	......	......	
५६′ × ५० पल =		४६	१०	
४०″ × ० पल =			३३	२०
योग	=४५	३४-	४३-	२०

= ४५′–३४″

(२) जब गति ६० से अधिक हो तो उसके अंश बनाकर गुणा करना।

गति ६०′–१०″ = १°–३०′–१०″ या गति ६०°–१०″ = ३०′–१०″

× इष्ट १५–३० × ६०–०

गति के २ टुकड़े = ६०–०

कर पृथक २ गुणा किया

				५	०
		१५	०		
	०	३०			
......	......	......	......	......	
		२	३०		
	७	३०			
०	१५				
०	२३	१७	३५	०	

= ०°–२३′–१७″

६०′ × १५ घड़ी =	१५′ –	०″	‴	
३०′ × १५ घड़ी =	७ –	३०		
१०″ × १५ घड़ी =		२–	३०	
६०′ × ३० पल =		३०	–०	
३०′ × ३० पल =		१५	–०	
१०″ × ३० पल =			५	
योग	२३	–१७	–३५	

= २३′–१७″

(३) गति १०८′–८″
= गति = १°–४८–८
× इष्ट ५०–४०

			५	२०
		३२	०	
	०	४०		
		६	४०	
	४०	०		
०	५०			
१	३१	१८	४५	२०

= १°–३१′–१८″

या गति १०८′–८″ = ६०–०
+ ४८–८
१०८–८

६०′ × ५० घड़ी =	५०–	०″	‴	
४८′ × ५० घड़ी =	४०–	०		
८″ × ५० घड़ी =		६–	४०	
६०′ × ४० पल =		४०	–०	
४८′ × ४० पल =		३२	–०	
८″ × ४० पल =			५–	२०
योग =	९१	–१८	–४५	–२०

९१′–१८″ = १°–३१′–१८″

(४) चन्द्र गति ७३३′–६″
= गति १२°–१३′–६″
× इष्ट ३० –२५ –२८

				२	४८
			६	४	
		५	३६		
			२	३०	
		५	२५		
	५	०			
		३	०		
	६	३०			
६	०				
६	११	४४	९	३६	४८

= ६°–११′–४४″

या १२° × ३० घड़ी =	६°	०″	०‴	‴		
१३′ × ३० घड़ी =		६	३०			
६″ × ३० घड़ी =			३	०		
१२° × २५ पल =		५	०			
१३′ × २५ पल =			५	२५		
६″ × २५ पल =				२	३०	
१२° × २८ वि० =			५	३६		
१३′ × २८ वि० =				६	४	
६″ × २८ वि० =					२	४८
योग =	६	११	४४	९	३६	४८

= ६°–११′–४४″

लाघ्रतमिक कोष्टक से ग्रह गति साधन की रीति

यहाँ इष्ट काल की घड़ी पल के अनुसार ग्रह की गति निकालने की रीति दी है। कई पंचांगों में ग्रहों की दैनिक गति दी रहती है उन से इष्ट काल की गति निकालने के लिये, इष्ट घड़ी पल की जो गति प्राप्त हो उसे पंचांग में दिये हुए मार्गी ग्रह में जोड़ने से और वक्री ग्रह में घटाने से इष्ट काल का ग्रह स्पष्ट हो जायगा।

यहाँ सारिणी में दिये अंक लाग्रतमिक की रीति से निकाल कर रखे गये हैं। घटी पल में इस की कोई सारिणी प्राप्त नहीं थी इस कारण बड़े परिश्रम से बनाई गई है।

सारिणी देखने की रीति

इष्ट काल की घड़ी पल लो। सारिणी में सब से ऊपर की आड़ी पंक्ति में ० से ५९ तक घड़ी दी है और खड़े कोष्टक में बाजू से छोर में पल के अंक दिये हैं। यदि ऊपर की पंक्ति पल मानो तो बाजू के खड़े कोष्टक में दिये हुए ० से ५९ तक अंक को विपल मानो। इन के सीध में जो सारिणी अंक दिया हो उसे इष्टकाल का सारिणी अंक मानो

उपरान्त गति का सारिणी अंक खोजो। गति कला विकला में दी हो तो ऊपर की आड़ी पंक्ति के ० से ५९ तक के अंक को कला मानो और खड़ी पंक्ति के अंक को जो छोर में दिये हैं विकला मानो। इन के सामने जो अंक प्राप्त होगा वह गति का सारिणी अंक कहलायगा।

उपरान्त प्राप्त इष्ट के सारिणी अंक और गति के प्राप्त सारिणी अंक को जोड़ दो तो वह योगांक हुआ।

फिर सारिणी में खोजो वह योगांक कहाँ दिया है उसके समीप का अंक खोजना। परन्तु ध्यान रहे उस योगांक के बराबर सारिणी में अंक न मिले तो उस से कुछ बड़ा जो सारिणी अंक दिया हो वह लेना। क्यों कि सारिणी में आगे के अंक अल्प होते जाते हैं इस कारण उस के बराबर का अंक न मिले तो कुछ बड़ा अंक लेना बताया है। यह योगांक का प्राप्त सारिणी अंक हुआ। इस के ऊपर जो अंक हो उसे कला उस के सीध में बाजू से जो खड़े कोठे में अंक दिया हो उसे विकला मानो। यही इष्टकाल की गति कला विकला प्राप्त हुई। यदि पंचांग में गति अंश कला में दी हो तो उत्तर अंश कला में आवेगा इस का ध्यान रहे।

यदि अंश कला में गति प्राप्त हुई है और उस की विकला की भी गति और निकालनी हो तो इस प्रकार निकालना:—

योगांक को प्राप्त सारिणी अंक से घटाना। क्यों कि योगांक से वह सारिणी अंक अधिक है और उस अधिक अंक की गति कला विकला में निकालनी है। इसे योगांक अंतर कहेंगे। फिर सारिणी में योगांक का प्राप्त अंक लो। यह प्राप्त सारिणी अंक हुआ। इस प्राप्त सारिणी अंक के आगे कोष्टक का सारिणी अंक लो यह अग्रिम कोष्टक अंक हुआ। प्राप्तसारिणी अंक से अग्रिम कोष्टक का सारिणी अंक घटाना जो शेष बचे वह सारिणी अंतर हुआ। यह अंतर १ कला = ६० विकला का निकला।

अब गणित से निकालो कि इतना सारिणी अंतर ६०″ में पड़ता है तो योगांक अंतर में कितने विकला होंगे ? = (योगांक अंतर × ६०) ÷ सारिणी अंतर । यहाँ गणित करने के लिये केवल ४ अंक लो अंत के ३ अंक छोड़ दो । उत्तर विकला में आयगा । उपरोक्त प्राप्त अंश कला और यह विकला गति स्पष्ट हुई ।

उदाहरण

मान लो इष्ट घड़ी पल और ग्रह गति ५′–१०″ है ।

१२–२० सारिणी अंक

इष्ट १२ घड़ी के नीचे और २० पल के सामने=०·६८७०७०८ है

गति ५ कला „ „ „ १० „ „ „ =१·०६४६४०८

इनको जोड़ा=योगांक=१·७५२०११६

सारिणी में योगांक के समीप का अंक खोजा तो इस प्रकार मिला ।

१′–३″–१·७५६९६२० योगांक के समीप का इसके आगे का अंक १′–४″ = १·७"०१२२५=अग्रिम कोष्टक अंक

योगांक के समीप का अंक १·७५६९६२० सारिणी में दिया है वह लिया क्यों कि यह योगांक से कुछ बड़ा है और आगे का अंक छोटा है इस कारण उसे छोड़ दिया । यह प्राप्त सारिणी अंक हुआ । इस के उपर १ दिया है और बाजू से छोर में ३ दिया है । इस कारण उत्तर १′–३″ गति हुई । यदि ग्रह की गति ५°–१०′ होती तो उत्तर भी अंश कला में आता अर्थात् १°–३′ गति निकलती ।

मान लो अंश कला में गति दी है और विकला में भी गति निकालनी है तो प्राप्त १°–३′ का प्राप्त अंक =१·७५६९६२० योगांक के समीप का । अग्रिम १°–४′ का सारिणी अंक =१·७"०१२२५ अगिम कोष्ट अंक घटाया १′ का कोष्टक अंतर =शेष =०·००६८३९५

=०·००७

प्राप्तसारिणी अंक = १°–३′ का= १·७५६९६२०

योगांक घटाया = १·७५२०११६

योगांक अंतर= शेष = ०·००४९५०४

= ·००५

$$\frac{\text{·००५} \times \text{६०}}{\text{·००७}} = \frac{\text{·३००}}{\text{·००७}} = \frac{\text{३००}^{\circ}}{\text{७}} = \text{४३}''$$

पूर्व प्राप्त १°–३′ और ४३″= १°–३′–४३″ इष्ट काल की प्राप्त गति हुई ।

दूसरा उदाहरण

घ० प०

इष्ट २०–३० गति ३२′–४०″ है।

इष्ट २० घड़ी के नीचे ३० पल के सामने सारिणी अंक = ०४६६३९७४

गति ३२ कला „ „ ४० विपल „ „ = ०·२६४०४६४

योगांक के समीप का सारिणी अंक = ०·७३०८७६४ = योगांक = ०·७३०४४३८

है इस के ऊपर ११′ और बाजू से ९ दिया है। अपनी गति कला विकला में थी इस कारण यह ११′–९″ प्राप्त गति हुई।

मान लो गति अंश कला में था तो उत्तर ११°–९′ आया अब विकला भी निकालना है तो

११°–९′ प्राप्त सारिणी अंक =.७३०८७६४

११°–१०′ अग्रिम „ „ =·७३०२२२७ घटाया

कोष्टक अंतर ६०″ में =·०००६४३७

=·०००६

११°–९′ प्राप्त सारिणी अंक =.७३०८७६४

योगांक घटाया =·७३०४४३८

= योगांक अंतर =·०००४३२६

=·०००४

$\frac{\cdot 0004 \times 60}{\cdot 0006} = \frac{\cdot 0240}{\cdot 0006} = \frac{240\cdot}{6} =$ ४०″ इसमें जोड़ने से प्राप्त गति ११°–९′–४०″ हुई।

(३) तीसरा उदाहरण

घ० प०

इष्ट ५०–५० गति ५६′–३०″ है।

इष्ट ५०–५० = ०·०७१२९१३

गति ५६–४० = ०·०२४८२३६

योगांक = ०·०९६११४९

समीप का सारिणी अंक = ०·०९६१५६७ = ४८′–५″ गति

∴ इष्टकाल की प्राप्त गति ४८′–५″

(४) चौथा उदाहरण

इष्ट १–४० गति ५९′–५५″

घ० प०　　　घ० प०

इष्ट १–४० = १·५५६३०२५

+ गति ५९′–५५″ = ०·०००६०३६

योगांक　= १·५५६९०६१

इसके समीप का कुछ बड़ा अंक } १·५६०६६७३ = प्राप्त गति १′–३९″ हुई

(५) पाँचवाँ उदाहरण

घ०:प०

इष्ट १५–५, गति १′–४७″ है।

घ० प०

इष्ट १५–५ = ०·५९९६५३९

+ गति १′–४″ = १·५२६११८७

योगांक　= २·१२६५७२६

समीप का कुछ बड़ा = २·१४१३२९२ = ०′–२६″

∴ इष्ट काल की प्राप्त गति ०′–२६″ हुई।

यहाँ ६० कला तक की गति निकालना सारिणी में बताया है। परन्तु गति कभी-कभी साठ से अधिक भी होती है। जब गति ६०′ से अधिक हो तो उसके अंश बना लेने चाहिए। यदि इस प्रकार परिवर्तन करने में अंश कला के साथ विकला भी गति हो तो उस की रीति :—

गति की अंश कला का सारिणी अंक लेना और उसके अग्रिम सारिणी अंक का अंतर करना तो वह १′ या ६०″ का सारिणी अंक का अंतर निकला। ६० विकला में यह सारिणी अंतर है तो इष्ट विकला में कितना होगा ? सारिणी अंतर में इष्ट विकला का गुणा कर ६० का भाग दो जो उत्तर आवेगा उसे अंश कला के सारिणी अंक से घटा देना तो पूरी गति का सारिणी अंक निकल आयगा। फिर इस गति के प्राप्त सारिणी अंक में इष्ट का सारिणी अंक जोड़ो तो योगांक होगा। उस के समीप के सारिणी अंक के ऊपर जो अंश और बाजू से जो कला दी हो वह अंश कला गति निकली। यदि विकला में भी गति निकालनी है तो उपरोक्त रीति से निकाल लो। अर्थात योगान्तर में ६० का गुणा कर कोष्टक अंतर से भाग दो तो विकला गति भी प्राप्त हो जायगी।

उदाहरण

घ०–प०

चंद्रगति८४५'–३५" है =१४°–५'–३५ इष्ट १५–५१ है।

गति १४°–५=०·६२९४४५८
१४ –६=०·६२८९३२१
१' में अंतर =०·०००५१३७

६०" में इतना अंतर तो३५" में कितना होगा ?

$$\frac{\text{०·०००५१३७}\times\text{३५}}{\text{६०}} \quad (\text{३५}\to\text{७},\ \text{६०}\to\text{१२}) =$$

$$=\frac{\text{·००३५९५९}}{\text{१२}}=\text{·०००२९९६}$$

१४°–५' का =०·६२९४४५८
३५" का =०·०००२९९६ घटाया
शेष ०·६२९१४६२

१४°–५'–३५" का =०·६२९१४६२
+ इष्ट : १५–५१ का =०·५७८१२२०
योगांक =१·२०७२६८२

१४°–५' का सारिणी अंक दिया है परन्तु ३५" का भी चाहिए तो अग्रिम अंक से उस का अंतर निकाला

·०००५१३७
× ७

५२) ·००३५९५९ (·०००२९९६
२४
११९
१०८
११५
१०८
७९
७२
७

योगांक = १·२०७२६८२
समीप का = १·२०७९९७६ = ३°–४३' गति अब विकला भी निकालनी है।

समीप का = १·२०७९९७६ = ३°–४३'	३°–४३' = १·२०७९९७६
आगे का = १·२०६०५४५ = ३ –४४	+ योगांक = १·२०७२६८२
	योगान्तर = ०·०००७२९४

१' में अंतर = ०·००१९४३१ = कोष्ठक अंतर = ·०००७
= ००१९

$$\frac{\text{·०००७}\times\text{६०}}{\text{·००१९}}=\frac{\text{·०४२०}}{\text{·००१९}}=\frac{\text{४२०}}{\text{१९}}=\text{२२}''$$

= ३–४३'–२२" गति आई।

जब किसी ग्रह की गति ६० कला से अधिक हो तो चालन की गति इसी सारिणी से इस प्रकार निकल सकते हैं।

जब गति ६० से अधिक हो तो इसके प्रत्येक टुकड़े इस प्रकार करो जो ६०' से कम हो। उपरांत पहिला टुकड़ा और इष्ट से जो गति प्राप्त हो उसे दूसरे टुकड़े और इष्ट से प्राप्त गति में जोड़ देने से चालन की गति प्राप्त हो जाती है।

(१) उदाहरण

घ० प०
गति ६४′–५६″ इष्ट २८–२९
गति ५९′–५६″ एक तुकड़ा
+५–० दूसरा तुकड़ा
योग ६४–५६

=चालन की गति ३०′–४९″

(१) गति ५९′–१६″=०·०००४८२८
+इष्ट २८–२९ =०·३२३५६०४
योग=०·३२४०४३२
इससे कुछ अधिक=०·३२४०६९०=२८′–२७″
(२) गति ५′–०″=१·०७९१८१२
+इष्ट २८–२९=०·३२३५६०४
योग=१·४०२७४१६–
=१·४०४०१४२=२′-२२″

योग ३०–४९

घ० प०
(२) गति १०८′–२०″ इष्ट ३०–१०
गति ५८′–२०″ एक तुकड़ा
+५०–० दूसरा तुकड़ा
योग = १०८–२०

=५४′–२८ गति चालन

(१) गति ५८′–२०″=०·०१२२३४५
+इष्ट ३०–१० =०·२९८६२३९
योग=०·३१०८५८४
०·३११०३६७=२९′–२०″
(२) गति ५०′–०″=०·०७९१८१२
+इष्ट ३०–१०=०·२९८६२३९
योग=०·३७७८०५१
=०·३७७९०१२=२५–८

योग ५४–२८

घ० प०
(३) गति १००′–५०″ इष्ट ४२-४९
गति ५५–५० (१) तुकड़ा
+४५–० (२) तुकड़ा
योग=१००–५०

चालन की गति ७१°–५६″
=१°–११′–५६″

(१) गति ५५′–५०″=०·०३१२५७७
+इष्ट ४२–४९ =०·१४६५३८४
योग=०·१७७९६६१
=०·१७७९०४६=३९′–५०″
(२) गति ४५′–०″ =०·१२४९३८७
+इष्ट ४२–४९ =०·१४६५३८४
योग=०·२७१४७७१
=०·२७१६४६२=३२–६

योग=७१–५६

घ० प०

(४) चंद्र गति ८४५'–३क'' इष्ट १५–५१

गति के तुकड़े

(१) = ५९–३५
(२) = ५९–०
(३) = ५९–०
(४) = ५९–०
(५) = ५९–०
(६) = ५९–०
(७) = ५९–०
(८) = ५९–०
(९) = ५९–०
(१०) = ५९–०
(११) = ५९–०
(१२) = ५९–०
(१३) = ५९–०
(१४) = ५९–०
(१५) = १९–०

योग = ८४५–३५

(१) ५८'–३५'' गति = ०·००३०२६५
+ १५–५१ इष्ट = ०·५७८१२२०

योग = ०·५८११४८५
= ०·५८१३३०५ = १५'–४४''

(२) ५९'–०'' गति = ०·००७२९९२
+ १५–५१ इष्ट = ०·५७८१२२०

योग = ०·५८५४२१२
= ०·५८५५९०९ = १५'–३५''

इसी प्रकार क्रम २ के समान क्रम ३ से १४ तक
१२ तुकड़े हैं। १५'–३५'' × १२ = १८७'–०''

(१५) १९–० गति = ०·४९१३९७६
+ १५–५१ इष्ट = ०·५७८१२२०

योग = १·०७७५१९६
= १·७७७७३६० = ५–१''

(१) १५'–४४''
(२) + १५ –३५ = चालन की गति
(३) से (१४) } + १८७–० २२३'–२०'' = ३°–४३'–२०''
(१५) + ५–१

योग = २२३–२०

राहु की गति साधन करने की सारिणी

राहु केतु की सदा एक सी गति रहती है: इस कारण इस सारिणी द्वारा इष्ट काल की गति सरलता से निकाली जा सकती है।

राहु साधन सारिखी गति ३′–११″

दिन	°	′	″	दिन	°	′	″	दिन	°	′	″
घड़ी	′	″	‴	घड़ी	′	″	‴	घड़ी	′	″	‴
पल	″	‴	iv	पल	″	‴	iv	पल	″	‴	iv
विपल	‴	iv	v	विपल	‴	iv	v	विपल	‴	iv	v
१	०	३	११	२१	१	६	५१	४१	२	१०	३१
२	०	६	२२	२२	१	१०	२	४२	२	१३	४२
३	०	९	३३	२३	१	१३	१३	४३	२	१६	५३
४	०	१२	४४	२४	१	१६	२४	४४	२	२०	४
५	०	१५	५५	२५	१	१९	३५	४५	२	२३	१५
६	०	१६	९	२६	१	२२	४६	४६	२	२६	२६
७	०	२२	१७	२७	१	२५	५७	४७	२	२९	३७
८	०	२५	२८	२८	१	२९	८	४८	२	३२	४८
९	०	२८	३९	२९	१	३२	१९	४९	२	३५	५९
१०	०	३१	५०	३०	१	३५	३०	५०	२	३९	१०
११	०	३५	१	३१	१	३८	४१	५१	२	४२	२१
१२	०	३८	१२	३२	१	४१	५२	५२	२	४५	३२
१३	०	४१	२३	३३	१	४५	३	५३	२	४८	४३
१४	०	४४	३४	३४	१	४८	१४	५४	२	५१	५४
१५	०	४७	४५	३५	१	५१	२५	५५	२	५५	५
१६	०	५०	५६	३६	१	५४	३६	५६	२	५८	१६
१७	०	५४	७	३७	१	५७	४७	५७	३	१	२७
१८	०	५७	१८	३८	२	०	५८	५८	३	४	४८
१९	१	०	२९	३९	२	४	९	५९	३	७	४९
२०	१	३	४०	४०	२	७	२०	६०	३	११	०

दिन की गति = अंशादि में निकलेगी

घड़ी ,, ,, = कलादि ,, ,,

पल ,, ,, = विकलादि ,, ,,

विपल ,, ,, = प्रति विकलादि ,, ,,

उदाहरण—दिन घ० प० को गति निकालनी है :—

२–५९–५०

२ दिन = ०°–६′–२२″–०‴–०

५९ घड़ी = ३ – ७–४९

५० पल = २–३९–१०

योग = ०–९–३२–२८–१०

= ०°–९′–३२″ गति चालन

अध्याय ८

अयनांश साधन

सायन सूर्य बनाने के लिये अयनांश साधन करने की आवश्यकता पड़ती है। अयनांश साधन करने की सब से सरल युक्ति (ग्रहलाघव के अनुसार) पहिले बता चुके हैं। साधारण प्रकार से ज्योतिषी लोग उसे ही व्यवहार करते हैं। परन्तु भिन्न २ आचार्यों की पद्धति भिन्न २ हैं जिन को भी विद्यार्थी को जान लेना आवश्यक है। इस कारण इन को भी यहाँ बताया है।

(१) सन् ईस्वी से अयनांश निकालना

(सन ईस्वी–३९७) × ५०$\frac{१}{३}$″ = अयनांश विकला (इस के अंश बना लो) जैसे

(सन १९४३–३९७) × ५०$\frac{१}{३}$ = १५४६ × $\frac{१५१}{३}$

= $\frac{२३३४४६}{३}$ = ७७८१५″ = १२९६′–५५″ = २१°–३६′–५५″ अयनांश

```
  १५४६
 ×१५१
 -----
  १५४६
 ७७३०
१५४६
----------------
३ )२३३४४६( ७७८१५  विकला
   २१
   --
    २३
    २१
    --
     २४
     २४
     --
      ०४
       ३
      --
       १६
       १५
       --
        १
```

```
         विकला
६० ) ७७८१५ ( १२९६
     ६०          कला   कला
     ---
     १७८         ६० ) १२९६ ( २१
     १२०              १२०    अंश
     ---              ---
      ५८१              ९६
      ५४०              ६०
      ---              ---
       ४१५             ३६
       ३६०             कला
       ---
        ५५
      विकला
```

= अयनांश २१°–३६′–५५″

(२) ग्रह लाघव द्वारा अयनांश साधन

इस के हिसाव से अयनांश की वार्षिक गति ६० विकला आती है।

$$\frac{\text{शाका}-४४०}{६०} = \text{अयनांश} \quad (\text{धनात्मक})$$

जब इस प्रकार आया हुआ अयनांश २७° से अधिक हो तो ५४ में से घटा कर शेष लेना वह ऋणात्मक अयनांश होगा अर्थात् जब तक शून्य अन्तर नहीं होगा इसे (अयनांश के) जोड़ने की जगह घटाना पड़ेगा।

उदारहरण शाके १८६५

```
      -४४५
६० ) १४२१ ( २३°
     १२०
     ----
      २२१
      १८०
     ----
       ४१'
```

∴ अयनांश २३°–४१′ हुआ। यह वर्ष के आरंभ का अयनांश हुआ। यदि वर्ष के और किसी मास तक का अयनांश निकालना है तो तात्कालिक अयनांश निकाल कर जोड़ देना।

तात्कालिक अयनांश निकालना

$$(\text{उस मास की सूर्य राशि} \times ३) + \left(\frac{\text{उस मास की सूर्य राशि} \times ३}{२}\right) = \text{विकला}$$

जैसे कार्तिक का अयनांश निकालना है। कार्तिक में तुला का सूर्य होता है। तुला=७।

$$\left(\begin{matrix}\because\text{सूर्य राशि} \\ ७\times३\end{matrix}\right) + \left(\frac{७ \text{ सुर्य राशि} \times ३}{२}\right) = २१ + \frac{२१}{२} = २१ + १०\frac{१}{२} = ३१\frac{१''}{२}$$

विकला

= विकला–प्रति विकला

३१–३० तात्कालिक अयनांश हुआ। यहाँ ३० प्रति विकला छोड़ दिया।

वर्ष आरंभ का अयनांश = २३°–४१′–०″

× तात्कालिक अयनांश = ०– ० –३१

∴ स्पष्ट अयनांश = २३ –४१–३१

दूसरा उदाहरण (अन्य प्रकार से)

शाके १८११ फाल्गुन कृष्ण १३ का अयनांश साधन करना है।

शाके १८११
−४४४
६०)१३६७(२२°
१२०
१६७
१२०
४७′
= वर्ष आरम्भ का अयनांश
= २२°४७′ हुआ

चैत्रशुक्ल प्रतिपदा से माघ शुक्ल १ तक = १० मास और माघ शुक्ल के १५ दिन।
फाल्गुन कृष्ण १३ तक और १३ दिन = (१५ + १३) = २८ दिन। सब मास-दिन।
१०–२८

अयनांश की गति :—

१२ मास में = ६०″ है
१ मास में = ५″
१ दिन में = १०‴ प्रति विकला
= $\frac{१}{६}$″ विकला

१० मास = १० × ५″ = ५०″
२८ दिन = २८ × $\frac{१}{६}$″ = ४–४०‴
मा० दि०
∴ १०–२८ का = ५४–४० = ५५″ चलित

वर्ष आरम्भ का २२°–४७′–०″
चलित ५५
= २२–४७–५५
तात्कालिक अयनांश
∴ तात्कालिक अयनांश
२२°–४७′–५५″

या इस प्रकार निकालो।
मा० दि०
३६५ दिन ६०″ तो (१०–२८) = ३२८ दिन में कितने होंगे।

$$\frac{३२८ \times ६०}{३६५} = \frac{३९३६}{७३} = ५३″–५५‴$$
(६० व ३६५ को ५ से काटकर: १२, ७३)
= ५४″

यहाँ दिन के हिसाब से ३६५ दिन का वर्ष लेने पर केवल १″ का अन्तर आया। कोई विशेष अंतर नहीं है।
परन्तु उपरोक्त रीति से तात्कालिक अयनांश निकालना सरल है।

(३) केतकर मत से अयनांश साधन

$$(\text{शाका}–१८००) = \text{अंतर} \left(\frac{\text{अंतर}}{७०} \text{ अंश} – \frac{\text{अंतर}}{५०} \text{ कला} \right) + \text{क्षेपक} = \text{अयनांश।}$$
२२°–८′–३३″

जैसे शाका १८६५

$$\text{अंतर} = \frac{१८०० \text{ घटाया}}{६५} \left| \left(\frac{६५°}{७०} \right) – \left(\frac{६५′}{५०} \right) + \left(\text{क्षेपक } २२°–८′–३३″ \right) \right.$$

७०)६५(० अंश =(०°–५५′–४२″)–(०°–१′–१८″)+२२°–८′–३३″)
×६० =(०°–५४′–२४″)+(२२°–८′–३३″)

७०)३९००(५५′ ५०)६५(१′ = २३°–१′–५७″ अयनांश

३५० ५०

४०० १५×६०

३५० ५०)९००(१८″

५०×६० ५०

७०)३०००(४२″ ४००

२८० ४००

२०० ०

१४० ०°–५५′–४२″

६० –०–१–१८ घटाया

० –५४–२४

+२२ – ८ –३३

अयनांश = २३ – २ –५७

इसमें शाका १८०० का अयनांश निकाल लिया गया है जिसे क्षेपक कहते हैं। उसके आगे जितने कलादि अयनांश होता है शाका १८०० के अयनांश अर्थात् क्षेपक में जोड़ दिया जाता है जिससे इष्ट वर्ष का अयनांश निकल आता है।

यदि शाके १८०० के पहिले का अयनांश निकालना हो तो गणित से १८०० शाका और इष्ट शाका के अंतर के अनुसार जो अयनांश आवे उसे १८०० शाका के अयनांश (क्षेपक) में से घटा देने से इष्ट वर्ष का अयनांश निकल आयेगा।

(क्षेपक (२२°–८′–२३″)) – (अंतर/७० अंश – अंतर/५० कला) ७०)२०(०° ५०)२०(०′
×६० ×६०

जैसे शाका १७८० का अयनांश निकालना है। ७०)१२००(१७′ ५०)१२००(२४″

१८०० (क्षेपक (२२–८–३३)) – (२० अंतर°/७० – २०′/५०) ७० १००

–१७८० =(२२–८–३३)–[(०°–१७′–८″)– ५०० २००

(०°–०′–२४″)] ४९० २००

अंतर = २० वर्ष =(२२–८–३३)–(०°–१६′–४४″) १०×६० ०

=११°–५१′–४९″ अयनांश ७०)६००(८″

५६०

४०

इसके हिसाब से अयनांश की वार्षिक गति ५०″–२०‴ के लगभग होती है।

इस चैत्र पक्षीय अयनांश की सारिणी भी है।

अयनांश सारिणी

वर्ष	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	२०	३०	४०	५०	६०	७०	८०	९०	१००
कला	०	१	२	३	४	५	५	६	७	८	१६	२५	३३	४१	५०	५८	६६	७५	८३
विकला	५०	४०	३१	२१	११	१	५१	४२	२२	२०	४४	७	२९	५२	१४	३६	५९	२२	४३

शाका १८०० का अयनांश २२°–८′–३३″ है। इसके आगे जितने वर्ष हों उतने की कला विकला और जोड़ो तो इष्ट अयनांश प्राप्त होगा। यदि १८०० शाका के पहिले का जानना है तो उसे घटाकर अयनांश निकालना।

जैसे शाका १८६५ में ६५ अधिक है तो ६०=५०′–१४″=सारिणी से

५= ४ –११ ,,

+१८०० का=२२–८–३३

योग २३–२–५८ अयनांश

शाका १७८० में २० वर्ष कम है।

१८०० का=२२°–८′–३३″

–२० वर्ष का= १६–४४ घटाया

१७८०=शेष=२१–५१–४९

का अयनांश

(४) सिद्धांत सम्राट द्वारा साधित अयनांश

इसके हिसाब से अयनांश की वार्षिक गति ५१ विकला होती है।

$$\left(\frac{\text{शाका}-२७८}{७०}\right)=\text{अंशादि अयनांश}$$

=शाका

$$\frac{१८६५-२७८}{७०}=\frac{१५८७}{७०}=२२^\circ-४०'-१७''$$

अयनांश

∴ अयनांश २२°–४०′–१७″

जैसे १८६५ शाका

–२७८ घटाया

७०)१५८७(२२

१४० अंश

१८७

१४०

४७×६०

७०)२८२०(४०′

२८०

२०×६०

७०)१२००(१७″

७०

५००

४९०

१०

(५) मकरन्द द्वारा अयनांश साधन

(शाका−४२१) = अंतर (अंतर − $\frac{\text{अंतर}}{१०}$) ÷ ६० = अयनांश वर्ष आरम्भ का।

चलित अयनांश = $\frac{\text{तात्कालिक सुर्य अंशादि} \times ३}{२०}$ = विकला

(तात्कालिक अयनांश) = तत्कालिक सूर्य के अंश बना कर ३ का गुणा कर २० का भाग दो तो विकला गति होगी।

आरम्भ का अयनांश + चलित अयनांश = तात्कालिक अयनांश।

जैसे शाका १८६५
− ४२१ घटाया
अंतर = १४४४

$$\frac{(१४४४) - \left(\frac{१४४४}{१०}\right)}{६०} = \frac{१४४४ - (१४४ - २४)}{६०}$$

(ऊपर: अंतर अंतर)

$$= \frac{१२९९-३६}{६०} = २१^\circ - ३९' - ३६''$$ वर्ष आरम्भ का अयनांश

१०)१४४४(१४४
१०
४४
४०
४४
४०
४ × ६०
१०)२४०(२४
२०
४०
४०
०

१४४४−०
−१४४−२४ घटाया
६०)१२९९−३६(२१°
१२०
९९
६०
३९ × ६०
२३४०
+३६
६०)२३७६(३९′
१८०
५७६
५४०
३६

३६
× ६०
६०)२१६०(३६″
१८०
३६०
३६०
०

तात्कालिक अयनांश निकालना

दिनांक १७–७–१६४३ ई० आषाढ़ पूर्णिमा सम्वत् २००० शाके १८६० का निकालना है।

रा

उस दिन का प्रातः सूर्य ३–०°–१४′–२८″ है

इस के अंश बनाये ६०°–१४′–२८″

तात्कालिक सूर्य अंश

$$\frac{(६०°–१४′–२८″)\times ३}{२०} = \frac{२७०°–४३′–२४″}{२०}$$

= १३″–३२‴

= १४ चलित अयनांश

२०) २७०–४३–२४ (१३″
२०
७०
६०
१० × ६०
६०० + ४३
२०) ६४३ (३२‴
६०
४३
४०
३

वर्ष आरंभ का अयनांश = २१°–३६′–३६″

चलित ,, = ० –१२ –३२

= २१–३६–४६–३२

∴ तात्कालिक अयनांश = २१°–३६′–४६″

इस रीति के अनुसार अयन गति १ दिन में ६ प्रति विकला है। १ वर्ष में = (६ × ३६०) = ३२४०‴ प्रति विकला $= \frac{३२४०″}{६०}$ = ५४ विकला।

ऊपर जो रीति बताई है उसका स्पष्टीकरण नीचे दिया है।

(६०–६) = ५४ विकला $= \frac{६०–६}{६}$ कला $= \left(\frac{६०}{६०} - \frac{६}{६०}\right) = \left(१ - \frac{१}{१०}\right)$ कला। इसी सिद्धान्त पर अयनांश निकालना बताया है।

(इष्ट वर्ष–४२१) = गत वर्ष

$$\frac{(१-\frac{१}{१०})\times १० \text{ वर्ष}}{१ \text{ वर्ष}} = \left(\text{गतवर्ष} - \frac{\text{गतवर्ष}}{१०}\right) = \text{कला} = \text{कला} \div ६० = \text{अयनांश}$$

$$\frac{५४ \times \text{इष्टअंश सूर्य का}}{३६०} = \frac{\text{इष्ट अंश} \times ३}{२०} = \text{विकला।}$$

(६) सूर्य सिद्धांत द्वारा अयनांश साधन

पहले अहर्गण साधन करते हैं फिर अहर्गण से अयनांश बनाया जाता है।
१महायुग = (३० × २०) = ६००भगण अयनांश का

युग कुदिन = १५७७९१७८२८

$$\frac{\text{अहर्गण} \times \text{अयनांश भगण } ६००}{\text{युग कुदिन } १५७७९१७८२८} = \text{राश्यादि} \quad \frac{\text{इस का भुज} \times ३}{१०} = \text{इष्ट कालिक अयनांश}$$

$$\frac{\text{अहर्गण} \times ६००}{१०७७९१७८२८} = \text{लब्धि भगण} \quad \frac{\text{शेष} \times १२}{\text{युग कुदिन}} = \text{लब्धि राशि}$$

इसी प्रकार $\frac{\text{शेष} \times ३०}{\text{यु० कु० दिन}}$ = लब्धि अंश, $\frac{\text{शेष} \times ६०}{\text{यु०कु०दिन}}$ = लब्धि कला

$$\frac{\text{शेष} \times ६०}{\text{यु०कु०दिन}} = \text{लब्धि विकला ।}$$

इस प्रकार जो उत्तर भगण, राशि, अंश, कला, विकला आवे उस का भुज अंश बना लेना । इस में ३ का गुणा कर १० का भाग देना जो उत्तर आवे वह अयनांश होगा ।

इस रीति से अयनांश बनाने के लिये पहिले अहर्गण बनाना पड़ता है । अहर्गण पर से अयनांश निकाला जाता है; जिसके निकालने की रीति ऊपर बता चुके हैं । नीचे अहर्गण साधन करने की रीति दी है ।

यहाँ सूर्य सिद्धान्त के मत से अहर्गण साधन करना बतलाते हैं—वर्तमान शाका + ३१७९ = कलिगत वर्ष

(कलिगत वर्ष × १२) + गतमास (चैत्रादि) = अ

$$\text{अ} + \frac{\text{अ} + \frac{\text{अ}}{७०}}{३३} \times ३० + \text{गत तिथि} = \text{ब}$$

$$\text{ब} - \left(\frac{\text{ब} \times ११}{७०३}\right) = \text{शेष इष्ट युगादि (कलियुगादि) अहर्गण}$$

श्रावण शुक्ल १२ बुधवार सम्वत् १९७० शाका १८३५ का अहर्गण सूर्य सिद्धान्त की रीति से साधन करते हैं ।

$$\left(\begin{matrix}\text{शाका} & \text{कलियुगादि अहर्गण} \\ १८३५ + & ३१७९\end{matrix}\right) = \text{कलिगत वर्ष}$$

कलिगत वर्ष × १२ + गतमास (चैत्रादि) = अ

$$\text{अ} + \frac{\text{अ} + \frac{\text{अ}}{७०}}{३३} \times ३० + \text{गति...} = \text{ब}$$

$$\text{ब} - \left(\frac{\text{ब} \times ११}{७०३}\right) = \text{शेष इष्ट युगादि अहर्गण}$$

चैत्र शुक्ल से श्रावण शुक्ल तक गत मास=४ तिथि शुक्ल १२ है तो गत तिथि =११ हुई ।

शाका = १८३५
कलियु० अर्हगण + ३१७९
कलि गत वर्ष = ५०१४
× १२
६०१६८
गतमास + ४
६०१७२ = अ

७०)६०१७२(८५९
५६० लब्धि
४१७
३५०
६७२
६३०
४२ इसे छोड़ा

६०१७२
+ ८५९ लब्धि

३३)६१०३१(१८४९
३३ लब्धि
२८०
२६४
१६३
१३२
३११
२९७
१४ इसे छोड़ा

(अ) + ((अ) + (अ)/७०)/३३ × ३० + गततिथि

= ६०१७२ + (६०१७२ + ६०१७२/७०)/३३ × ३० + ११

= ६०१७२ + (६०१७२ + ८५९)/३३ × ३० + ११

= ६०१७२ + ६१०३१/३३ × ३० + ११

= (६०१७२ + १८४९) × ३० + ११

= (६२०६२ × ३०) + ११

= १८६०६३० + ११

= १८६०६४१ = ब

अहर्गण = ब

(ब) १८६०६४१ − (१८६०६४१ × ११)/७०३

,, = १८६०६४१ − २०४६७०५१/७०३

,, = १८६०६४१ − २९११४

,, = १८३१५२७ − १

,, = १८३१५२६ कलियुगादि अर्हगण

अहर्गण में ७ का भाग देने से इष्ट वार आना चाहिए। यहाँ ७ का भाग देने से शेष बचता है तो पाँचवा वार गुरुवार आया। जन्म बुधवार का है तो एक घटाने से इष्ट वार का इष्ट अहर्गण आ गया। सूर्य सिद्धान्त का अहर्गण इतवार से गिना जाता है। इष्ट अहर्गण १८३१५२६ में ७ का भाग दिया तो शेष ४ बचा। इतवार से चौथा वार जन्म वार बुधवार आ गया। इस अहर्गण से अयनांश साधन किया जाता है।

६०१७२
+१८४९
६२०२१
×३०
१८६०६३०
+११ गत तिथि
१८६०६४१ = ब

१८६०६४१ ब
×११

७०३)२०४६७०५१(२९११३
१४०६ शेष अधिक है तो १ माना = २९११४
६४०७
६३२७
८००
७०३
९७५
७०३
२७२१
२१०९
६१२

ब १८६०६४१
− २९११४
= १८३१५२७
− १
= १८३१५२६
कलियुगादि अहर्गण

७)१८३१५२६(२६१६४६
१४
४३
४२
११
७
४५
४२
३२
२८
४६
४२
४ शेष
= बुधवार

अयनांश साधन (सूर्य सिद्धान्त की रीति से)

पूर्व साधित कलियुगादि अहर्गण = १८३१५२६

अयनांश साधन की रीति

$$\frac{\text{अहर्गण} \times ६००}{१५७७९१७८२८} = \text{भगण} \quad \frac{\text{भगण शेष} \times १२}{\text{यु. कु. दिन}} = \text{लब्धि राशि आदि ।}$$

$$\frac{\text{राशि आदि का भुज} \times ३}{१०} = \text{इष्ट कालिक अयनांश}$$

अहर्गण

$$\frac{१८३१५२६ \times ६००}{१५७७९१७८२८} = \text{भगण राशि आदि भगण } \overset{\text{रा}}{८}–\overset{\text{अं}}{१०}°–४२'–५८''$$

इस का भुज बनाना पड़ेगा ।

अहर्गण १८३१५२६
×६००
१५७७९१७८२८) १०९८९१५६०० (० भगण
×१२
") १३१८६९८७२०० (८ राशि
१२६२३३४२६२४
५६३६४४५७६
×३०
") १६९०९३३७२८० (१० अंश
१५७७९१७८२८
११३०१५९०००
×६०
") ६७८०९५४०००० (४२ कला
६३११६७१३१२
४६९२८२६८८०
३१५५८३५६५६
१५३६९९१२२४
×६०
") ९२२१९४७३४४० (५८ विकला
७८८९५८९१४०
१३२६३५८२०४०
१२६२३३४२६२४
६४०२३९४१६

रा
८–१०°–४२'–५८''
–६
भुज = २–१०–४२–५८
×३
७–२–८–५४ ÷ १५
रा
= ०–२१°–१२'–५३'' अयनांश

∴ जन्म का तात्कालिक अयनांश = २१°–१२'–५३''

टिप्पणी—७–२°–८′–५४″ में १० का मुखाग्र भाग देने की सरल युक्ति

३० अंश की १ राशि होती है जिसमें १० का भाग देने से ३ आता है इस प्रकार ३० का गुणा और १० का भाग न देकर ७ × ३ किया इसमें आगे के अंश में १० का भाग देने से लब्धि शून्य आई वह जोड़ा शेष २ बचा। ७ × ३ + ० लब्धि = २१° हुआ। यदि अंश १० से अधिक होता तो १० का भाग देने पर जो लब्धि मिलती उसे जोड़ते। अंश में १० का भाग देने पर शेष २ बचा था इसमें ६ का गुणा किया क्योंकि उसमें ६० का गुणा कर १० का भाग देना था परन्तु ६० में १० का भाग ६ बार जाता है इस कारण केवल ६ का गुणा करने से काम चल जायगा, परन्तु इसमें ८ कला की लब्धि जोड़नी पड़ेगी। ८ में १० का भाग दिया तो लब्धि ० और शेष ८ रहा। अंश का शेष २ × ६ + ० = १२′ आया। अब शेष ८ कला में ६ का गुणा किया और ५४ विकला में १० का भाग देने से ५ लब्धि आई वह जोड़ दिया ८ × ६ + ५ लब्धि = ५३″ हुई। शेष विकला (१० का ५३ में भाग देने से) ३ रहो। अब इस की आवश्यकता नहीं। इस प्रकार मुखाग्र १० का भाग दिया तो २१°–१२′–५३″ प्राप्त हुई।

रा
७–२°–८′–५४″ ÷ १०

रा लब्धि शेष
७/१० = × ३ + २°/१० की लब्धि = ७ × ३ + ० = २१ अंश
शेष अंश ० ७ ०

२ × ६ + ८′/१० की लब्धि = २ × ६ + ० = १२ कला
शेष कला ०
८ × ६ + ५४″/१० की लब्धि = ८ × ६ + ५ = ५३ विकला
५

—: ० :—

अध्याय ९

लग्न साधन

लग्न कुंडली बनाने के लिए लग्न साधन करने की आवश्यकता होती है। किसी स्थान का लग्न निकालने के यह आवश्यक है कि वहाँ का स्वोदय (उस स्थान में राशियों के उदय काल का प्रमाण) अपने को ज्ञात हो। स्वोदय पलभा से या अक्षांश द्वारा निकाला जाता है जिस की रीति पहले बता चुके हैं।

लग्न साधन के लिये तात्कालिक सूर्य (इष्ट काल के समय का सूर्य) साधन करना पड़ता है। तात्कालिक निरयन सूर्य में अयनांश जोड़ कर तात्कालिक सायन सूर्य बनालेना चाहिए।

तात्कालिक सायन सूर्य का भुक्त और भोग्यांश जानने की आवश्यकता है। एक राशि में ३० अंश होते हैं। राशि में जो अंश आदि दिया रहता है वह भुक्तांश कहलाता है और जो भोगने को शेष रहा है वह भोग्यांश है।

इस भुक्त या भोग्यांश पर से लग्न साधन किया जाता है। लग्न निकालने के पहिले सायन सूर्य का भोग्य और भुक्त पल और भोग्य भुक्त पल के अंश बनाना जानना चाहिए।

सायन सूर्य के भोग्यांश और भुक्तांश का ज्ञान तथा उन के भोग्य-भुक्त पल निकालना

लग्न साधन में सायन सूर्य ही उपयोग होता है। निरयन सूर्य हो तो सायन सूर्य बना लेना चाहिए। इसी सायन सूर्य का भोग्यांश या भुक्तांश लिया जाता है

सूर्य के जितने अंश भुक्त हो चुके हैं भुक्तांश कहलाते हैं और जो भोगने को शेष अंश रहते हैं वो भोग्यांश कहलाते हैं।

रा

जैसे सूर्य ५–१०°–१५′–२०″ है। इस का अर्थ यह है कि सिंह राशि गत हो कर कन्या राशि के १०°–१५′–२०″ अंशादि गत हो चुके हैं। इन्ही गतांश को भुक्तांश कहते हैं। यहाँ कन्या के भुक्तांश १०°–१५′–२०″ हैं ऐसा कहेंगे।

अब कन्या के भोग्यांश कितने शेष हैं एक राशि के पूर्ण अंश ३० में से भुक्तांश घटा दो तो भोग्यांश निकल आयगा।

जैसे कन्या के भुक्तांश १०°–१५′–२०″ को ३० में से घटाया तो शेष

३०°–०′–०″ =१० –१५–२० घटाया शेष १९–४४–४० =भोग्यांश कन्या	कन्या के भोग्यांश १९°–४४′–४०″ बचे। अर्थात् कन्या राशि के १९°–४४′–४०″ अंशादि भोगने को शेष रहे हैं। इसी कारण इन को भोग्यांश कहते हैं।

भोग्यांश = (३०°–भुक्तांश) = जिस राशि के भुक्तांश होंगे उसी राशि के भोग्यांश निकलेंगे। यदि कहा जाय कि मेष के १९°–२०′–२५″ भुक्त हुए हैं अर्थात् गत हुए हैं तो समझना चाहिए कि मेष के प्रथम मीन राशि हुई वह पूर्ण भुक्त होकर मेष राशि के इतने अंश भुक्त हुए हैं = ०^रा–१९°–२०′–५०″। इसी प्रकार ०^रा–४°–०′

–६″ का अर्थ यह है कि मीन राशि गत होकर मेष राशि के भुक्तांश ४°–०′–६″ है और और भोग्यांश ३०°– (४°–०′–६″) = २५°–५९′ ५४″ होंगे। यदि सूर्य

रा

११–२०–५०′–०″ है तो कहा जायगा कि कुंभ राशि गत होकर मीन राशि के २०°–५०′–०″ पर सूर्य है। सूर्य का भुक्तांश २०°–५०′–०″ मीन हुआ और भोग्यांश ३०°–(२०°–५०′–०″) = ९°–१०′–०″ मीन है।

अब इन भुक्त और भोग्यांश पर से राशियों के उदय काल का भुक्त पल या भोग्य पल निकालेंगे।

पहिले प्रत्येक राशि का स्वस्थान का उदय काल (स्वोदय) निकाल लो। उदाहरण के लिये नरसिंहपुर का स्वोदय, (जो पहिले निकाल चुके हैं) यहाँ लेवेंगे, क्योंकि नरसिंहपुर का लग्न साधन करना है।

नरसिंहपुर का स्वोदय

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या
	मीन	कुंभ	मकर	धन	वृश्चिक	तुला
पल	२२८	२५८	३०६	३४०	३३९	३२९

इन राशियों का उदय काल पल में दिया रहता है। अनुपात से निकालना पड़ता है कि उतने पलों में से सूर्य के भुक्तांश में कितने पल व्यतीत हुए हैं और भोग्यांश में कितने पल व्यतीत होंगे। भोग्यांश से जो पल निकलता है उसे भोग्य काल = भोग्य पल कहते हैं और भुक्तांश से जो पल निकलता है उसे भुक्त काल = भुक्त पल कहते हैं।

भोग्य और भुक्त पल त्रैराशिक से निकाला जाता है। १ राशि में ३०° होते हैं। पूर्ण ३०° में उस राशि का पूरा उदय काल इतने पल है तो इतने भुक्तांश या भोग्यांश में कितने पल होंगे ?

$$\frac{\text{भुक्तांश} \times \text{स्वोदय पल}}{\text{३० अंश}} \quad \text{या} \quad \frac{\text{भोग्यांश} \times \text{स्वोदय पल}}{\text{३० अंश}}$$

सूर्य के भुक्तांश या भोग्यांश में जिस राशि के अंश हों उसी राशि के स्वोदय से गुणा कर ३० का भाग देने से सूर्य के भुक्त पल या भोग्य पल निकल आवेंगे अर्थात् भुक्तांशों से भुक्त पल और भोग्यांश से भोग्य पल निकलता है। भुक्त पल और भोग्य पल दोनों का योग स्वोदय के पूर्ण पल के बराबर होता है।

उदाहरण

रा

सायन सूर्य ५–१०°–१५′–२०″ है तो कन्या के भुक्तांश १०°–१५′–२०″ हुए। कन्या राशि का स्वोदय ३२९ पल है। पूरे ३०° में ३२९ पल कन्या राशि

का स्वोदय होता है तो भुक्तांश १०°–१५′–२०″ में कितने पल स्वोदय होंगे ? त्रैराशिक से निकालने को भुक्तांश १०°–१५′–२०″ में ३२९ का गुणा कर ३० का भाग देंगे तो कन्या राशि का भुक्त पल निकल आयगा।

भुक्तांश — स्वोदय कन्या

$$\frac{(१०°–१५′–२०″) \times ३२९}{३०}$$

$$= \frac{३३७४–४–४०}{३०}$$

∴ पल–विपल–अनु०
= ११२–२८ –९
सूर्य का भुक्तपल कन्या का या सूर्य का भुक्त काल

३०) ३३७४–४–४० (११२
३०
―――
३७
३०
―――
७४
६०
―――
१४–४–४०
×२
―――
२८–९–२०

पल — १०°–१५′–२०″
×३२९
―――
३२९० | १६४५ | ६५८०
| ३२९ |
―――
३२९० | ४९३५ | ६५८० ÷ ६०
+ ८४ | + १०९ | = ४०
―――
३३७४ | ५०४४ |
= ४

= ३३७४–४–४०

३० का भाग देने की सरल युक्ति

किसी संख्या में ६० का गुणा कर ३० का भाग देने से वही उत्तर आता है जो शेष को दुगुना कर देने से प्राप्त होता है। इस कारण ३० का भाग देने से जो कुछ भी बचता है केवल उसे दुगुना कर देने से ठीक उत्तर आ जाता है। जैसे ऊपर ३० का भाग देने से १४–४–४० बचा था (१४–४–४०) × २ = २८–९–२० उत्तर आया। यहाँ केवल २८ विपल और ९ अनुपल को लिया शेष छोड़ दिया।

जैसे, ३१५°–१०′–३७″ ÷ ३० = १० बार भाग गया शेष १५–१०–२७ × २ = ३०′–२१″–१४‴ हुआ। तो उत्तर १०°–३०′–२१″ आया १४ की आवश्यकता न होने से छोड़ दिया।

इसी प्रकार ३० का गुणा करने की सरल रीति

जिस अंक से गुणा करना है उस को आधा करके जो दो संख्या प्राप्त हो उसे लिख लो। दूसरी संख्या को आधा कर एक संख्या हटा कर वायें बाजू रख दो अंतिम संख्या का पूरा गुणन फल रख के जोड़ दो।

जैसे यहाँ ४ विकला का आधा २–० हुआ तो वाँई ओर कला के नीचे २ रख दिया और शून्य दाहिनी ओर रखा। आगे ५ कला है इस का आधा २–३० हुआ। २ को वाईं ओर रख कर ३० को २ कला के नीचे रखा फिर ३० × १० का गुणन फल ३०० आया उसे २ के नीचे रखा उपरांत सब को जोड़ दिया तो गुणन फल ३०२–३२–० आ गया। साधारण रीति से गुणा करने में अधिक खट पट होती।

१०°–५′–४″
×३०
२–०
२–३०
३००
३०२–३२–०

इस प्रकार ३० के गुणा और भाग की संक्षिप्त रीति को ध्यान में रख लेना चाहिए जिस का यहाँ काम पड़ता है।

सूर्य का भोग्य पल

रा

सायन सूर्य ५–१०°–१५′–२०″ का भुक्त पल निकाल चुके उसी प्रकार

पूर्णांश = ३०°–०′–०′
कन्या भुक्तांश = १०–१५–२०
,, भोग्यांश = १९–४४–४०

३२९ × (१९°–४४′–४०″) / ३०
= ६४९५–५५–२० / ३०
= पल वि॰ अनु॰
२१६–३१–५०
= सूर्य का भोग्य काल
= कन्या का भोग्य पल

कन्या के भोग्यांश १९°–४४′–४०″ का भोग्य पल निकालना है। कन्या का स्वोदय ३२९ है। पूर्ण ३०° में ३२९ पल स्वोदय होता है तो भोग्यांश १९°–४४′–४०″ में कितना होगा ?

१९°–४४′–४०″
×३२९

२९६१ | १३१६ | १३१६०
३२९ | १३१६
६२५१ | १४४७६ | १३१६० ÷ ६०
+२४४ | +२१९ | = २०
६४९५ | १४६९५ |
= ५५
= ६४९५–५५–२०

३०) ६४९५–५५–२० (२१६
६०
४९
३०
१९५
१८०
१५–५५–२०
×२
३१–५०–४०
= २१६–३१–५०–४०

	पल	वि॰	अनु॰	भोग्यपल
सूर्य का भुक्त पल	११२–	२८–	९	–२०
+ ,, भोग्यपल	२१६–	३१–	५०–	४०
कन्या का स्वोदय	=३२९–	०–	०–	०

सूर्य के भोग्य या भुक्त पल के भोग्यांश या भुक्तांश बनाना

उपरोक्त गणित के विरुद्ध क्रिया करने से भुक्त या भोग्य पल के भुक्तांश या भोग्यांश बन जायेंगे। जैसे उस राशि के पूर्ण स्वोदय के इतने पल में उस राशि के ३०° होते हैं तो इतने भुक्त या भोग्य पल में कितने अंश होंगे ?

$\frac{\text{भुक्त पल} \times ३०}{\text{स्वोदय पल}}$ या $\frac{\text{भोग्य पल} \times ३०}{\text{स्वोदय पल}}$

अर्थात् भुक्त या भोग्य पल में ३० का गुणा कर स्वोदय पल से भाग देने से सूर्य का भुक्त या भोग्यांश निकल आता है।

पल वि० अनु०

उदाहरण—कन्या का सूर्य है जिस के भुक्त पल ११२–२८–९ है इस के भुक्तांश निकालना है।

पल वि०

$\frac{(११२–२८–९) \times ३०}{३२९ \text{ पल}}$

$= \frac{३३७४–४–३०}{३२९}$

$= १०°–१५'–२०''$ कन्या

```
११२–२८–९
      ×३०
--------
      ४–३०
   १४–०
३३६०
----------
३२९ ) ३३७४–४–३० ( १०°
      ३२९
       ८४×६०
      ------
      ५०४०+४
३२९ ) ५०४४ ( १५'
       ३२९
       १७५४
       १६४५
      ------
        १०९×६०
        ------
        ६५४०
         +३०
३२९ ) ६५७० ( १९''
       ३२९
       ३२८०
       २९६१
        ३१९
```

भुक्त पल में ३० का गुणा कर जिस राशि का वह भुक्त पल है उसी राशि के स्वोदय से भाग देंगे। यहाँ कन्या राशि का भुक्त पल है तो कन्या राशि के स्वोदय ३२९ से भाग देवेंगे।

यहाँ ३० का गुणा सरल रीति से किया जो पहिले बता चुके हैं। ९ का आधा ४–३० हुआ। ३० वहीं रखा ४ को बायें ओर रखा। २८ का आधा १४–० हुआ तो ४ के नीचे ० और २८ बायें ओर रखा फिर ११२×३० का गुणन फल ३३६० आया उसे १४ के नीचे रख कर सब का योग कर दिया। इस में कन्या का उदय पल ३२९ का भाग दिया तो सूर्य का भुक्तांश १०°–१५'–२०'' आया।

शेष आधे से अधिक होने से १९″ को २० माना = १०°–१५′–२०″ कन्या का भुक्तांश

सूर्य के भोग्य पल से भोग्यांश बनाना

भोग्य पल २१६–३१–५० है। भोग्य पल में ३० का गुणा किया। सरल रीति से गुणा किया। ५० के आधे २५–० हुए। ० वहाँ रखा २५ बाईं ओर रखा। ३१ के आधे १५–३० है तो २५ के नीचे ३० रखा और १५ को बाईं ओर रखा। इस १५ के नीचे २१६ × ३० का गुणन फल ६४८० रखा। उपरांत सब को जोड़ दिया। फिर इस में कन्या के स्वोदय ३२९ का भाग दिया तो १९°–४४′–४०″ कन्या का भोग्यांश आया।

$$\frac{(२१६–३१–५०) \times ३०}{३२९ \text{ पल}}$$

$$= \frac{६४९५–५५–०}{३२९}$$

$$= १९°–४४′–४०″ \text{ भोग्यांश}$$

```
  २१६–३१–५०
        × ३०
  ----------
        २५–०
     १५–३०
   ६४८०

३२९ ) ६४९५–५५–० ( १९°
      ३२९
      ३२०५
      २९६१
      -----
       २४४ × ६०
      ---------
       १४६४० + ५५

३२९ ) १४६९५ ( ४४′
      १३१६
      ----
      १५३५
      १३१६
      ----
       २१९ × ६०

३२९ ) १३१४० ( ३९″
       ९८७
      ----
      ३२७०
      २९६१
      ----
       ३०९
```

शेष आधे से अधिक है तो ३९″ को ४०″ माना = कन्या का भोग्यांश १९°–४४′–४०″ आया।

भोग्यांश से लग्न साधन

सूर्य के भोग्यांश की राशि का पूर्ण उदय पल जान कर पहिले बताई हुई रीति से भोग्यांश से उस राशि का भोग्य पल बना लो। (भोग्यांश × राशि का स्वोदय) ÷ ३० = सूर्य की राशि का भोग्य पल। उपरांत इष्ट घड़ी पल के पल बना कर उस में से सूर्य की राशि का भोग्य पल घटा दो। जो शेष बचे उस में से सूर्य की राशि की प्रत्येक राशियों का स्वोदय क्रमानुसार जब तक घटता जावे, घटाते जाना। अर्थात् एक के बाद दूसरी राशि का स्वोदय क्रमानुसार इष्ट पल में से घटाते जाना। जिस राशि का स्वोदय न घटे उसे अशुद्ध राशि कहते हैं। जिस राशि का शोधन नहीं हो सकता यहाँ वही राशि अशुद्ध कहलाती है।

फिर गणित से निकालो कि उस अशुद्ध राशि का पूरा स्वोदय इतने पल ३०° में होता है तो शेष (इष्ट में से घटाने में जो पल बचता है) पल में कितने अंश होंगे ? अर्थात् शेष बचे उदय पल के अंश पहिले बताई हुई रीति के अनुसार बना लो। (शेषपल × ३०) ÷ अशुद्ध राशि का स्वोदय पल। = उस राशि का भोग्यांश अंश कलादि में।

पहिले जितनी राशियाँ घट गई हैं वह राशि इन अंशों के पहिले रखने से सायन लग्न की राशि अंश आदि निकल आती है और वही सायन लग्न होती है।

सायन लग्न में से अयनांश घटा देने से निरयन लग्न स्पष्ट हो जाता है।

१ **भोग्यांश से लग्न साधन करने का उदाहरण**

घ० प०

मान लो चैत्र कृष्ण १३ मंगलवार सम्वत् १९४६ शाके १८११ इष्ट १५–५१ वि०

–४२॥ का लग्न साधन करना है। स्थान नरसिंहपुर है

तात्कालिक सायन सूर्य बनाने के लिये पहिले सूर्य स्पष्ट करेंगे। उस दिन प्रातः रवि स्पष्ट ११–५°–२४′५९″ गति ५९–३९ है। इस पर से इष्टकालीन सूर्य साधन के लिये

घ० प० वि०

१५–४१–४२॥

×५९–३९

			२७	१८
		२३	९	+१९॥
	९			
		४५		
		४१	१८	
	५०	९	+२९,	३०
१४	४५			
१४	१०४	१२८	८३	६७॥
+१	+२	+१	+१	=७॥
१५	१०६	१२९	४४	
	=४६	=९		

= १५′–४६″–९ चालन+

रा

प्रात: रवि स्पष्ट ११–५°–२४′–५९″

\+ चालन १५–४६

∴ स्पष्ट सूर्य = ११–५–४०–४५

\+ अयनांश = २२–४७–५९

∴ सायन सुर्य = ११-२०–२८–४४

(मीन)

इष्ट में गति का गुणा गोमूत्रिका क्रम से किया। (यहाँ गुणा करने में गुणनफल चक्र का उपयोग किया है।) गुणा करने से चालन १५′–४६″+आया। इसे प्रातः रवि स्पष्ट में जोड़ा तो सूर्य स्पष्ट
रा
११–५°–४०′–४५″ हुआ।

अब इस का सायन सूर्य बनाने के लिये अयनांश निकालेंगे।

अयनांश साधन चैत्र शु० १ से फाल्गुन

शाके १८११ शु० १ तक = ११ मास

–४४४ चैत्र कृ० १३ तक

६०) १३६७ (२२° के (१५ + १२)=२७ दिन

१२० ११ मास × ५″=५५″

१६७ २७ दिन × १०‴=२२००‴

१२० = ४″–३०‴

४७′ ५५″ + ४″ = ५९″

वर्ष आरंभ का = २२°-४७′ चलित

\+ चलित ०–०–५९

तात्कालिक = २२–४७′–५९

अयनांश

पूर्णांश सायन सूर्य का भुक्तांश मीन २८°–२८′–४४″

३०–०′–०″ ,, भोग्यांश ,, १ –३१ –१६

२८–२८–४४ भुक्तांश मीन

शेष = १–३१–१६ = भोग्यांश मीन नरसिंहपुर मीन का स्वोदय २२८ पल ३०° में

मीन का पूर्ण उदय २२८ पल है तो भोग्यांश १°–३१′–१६″ में कितना ?

$\frac{(१°–३१′–१६″) \times २२८}{३०} = \frac{३३०–८–४८}{३०} =$ पल० वि० ११–०–१७–३६ मीन का भोग्य पल

= ११–०–१८ मीन भोग्य पल

१–३१–१६
×२२८

२२८	२२८ ६८४	१३६८ २२८
२२८ + ११८	७०६८ + ६०	३६४८ ÷ ६० = ४८
३४६	७१२८ = ४८	

= ३४६–४८–४८

३०)३४६–४८–४८(११
३०
४६
३०
१६–४८–४८
× २
३३–३७–३६
= ११–३३–३८
∴ मीन का भोग्य पल

घ० प० वि०
इष्ट १५–५१–४२॥
× ६०
९०० + ५१
= ९५१–४२॥
पल विपल
इष्ट काल

इष्ट पल-विपल
९५१–४२–३०
मीन भोग्य ११–३३–३८ घटाया
९४०– ८–५२
मेष स्वोदय = २२८
७१२– ८–५२
वृष ,, = २५८
४५४– ८–५२
मिथुन ,, = ३०६
१४८– ८–५२
कर्क ,, = ३४० अशुद्ध
कर्क अशुद्ध (पूरा नहीं घटता)
शेष इष्ट १४८-८-५२ कर्क का बचा है।

अब इष्ट काल में मीन का भोग्य पल घटाना है। इष्ट काल के पल बनाकर इसे घटाया। इसके घटाने पर भी इष्ट काल और शेष रहता है। मीन का भोग्य पल तो घट चुका अब देखना है कि आगे और कितनी राशियों का स्वोदय घटता है। घटाने में केवल नरसिंहपुर का स्वोदय उपयोग किया है। नरसिंहपुर का स्वोदय पहिले निकाल चुके हैं। घटाने में मेष वृष और मिथुन का स्वोदय तो घट चुका है परन्तु कर्क का नहीं घटता तो वह अशुद्ध राशि कहलाई। शेष कर्क के भोग्य पल १४८–८–५२ बचे। इसके अंश बनाने हैं।

कर्क के ३४० पल स्वोदय में ३०° भोगते हैं तो शेष १४८–८–५२ में कितने ?

$$\frac{(१४८–८–५२) \times ३०}{३४० \text{ पल}} = \frac{४४६१–२६–०}{३४०} = १३^\circ–४'–१८'' \text{ कर्क सायन लग्न}$$

रा

∴ सायन लग्न = ३–१३°–४′–१८″
– अयनांश – २२– ४७–५९ घटाया
∴ निरयन लग्न = २–२०– १६–१९
∴ लग्न स्पष्ट = २–२०– १६–१९ हुआ।

शेष इष्ट १४८–८–१२
× ३०
२६–०
४–०
४४४०
३४०)४४४४–२६–०(१३°
कर्क ३४०
१०४४
१०२०
२४ × ६०
१४४० + २६
३४०)१४६६(४′
१३६०
१०६ × ६०
३४०)६३६०(१८″
३४०
२९६०
२७२०
२४०

भुक्तांश से लग्न निकालना

तात्कालिक सायन सूर्य के भुक्तांश लेना अर्थात् राशि छोड़कर केवल अंशादि लेना। जिस राशि के सूर्य का वह भुक्तांश हो उसके उदय पल से गुणा कर ३० का भाग देना ठीक जैसा भोग्यांश में किया था उसी प्रकार गणित करने से सूर्य का भुक्त काल पल आयगा अंतर केवल यही है पहिले भोग्यांश लिया था यहाँ भुक्तांश लिया है।

फिर इष्ट घड़ी को ६० में से घटा कर पल बना लेना और इष्ट पल में से सूर्य का भुक्त काल घटा देना। जिस राशि का वह भुक्त काल घटाया है उसके विरुद्ध क्रम से (यदि इष्ट शेष रहा तो) राशियाँ घटाते जाना। जैसे सायन रवि मेष का है तो मेष के वाद विरुद्ध (उल्टे) क्रम से मीन आता है तो मीन का स्वोदय घटाना फिर कुंभ का, फिर मकर का इत्यादि उल्टे क्रम से एक के बाद दूसरी राशियाँ घटाते जाना। जिस राशि का उदय काल (स्वोदय) घटाने से न घटे उस राशि की अशुद्ध संज्ञा हुई।

फिर गणित से निकालो अशुद्ध राशि के इतने स्वोदय में ३०° होता है तो इष्ट के शेष बचे पल में कितना होगा ?

शेष इष्ट पल में ३० का गुणा कर अशुद्ध राशि के स्वोदय का भाग देंगे जिस प्रकार भोग्यांश साधन में किया था। जो उत्तर आवे वह अंश कलादि उस अशुद्ध राशि का भुक्तांश हुआ। इसे ३०° या १ राशि में घटा देने से जो शेष बचेगा वह उस राशि का

भुक्तांश आवेगा। अशुद्ध राशि के पहले जो राशि हो वह सायन लग्न की राशि होगी और उस के आगे ये भुक्तांश होंगे। सब मिल कर सायन लग्न होगा। या अशुद्ध राशि के अंक में से उपरोक्त भुक्तांश घटा दो तो सायन लग्न निकलेगा। इसमें से अयनांश घटा दो तो निरयन स्पष्ट लग्न हो जायगा।

भोग्य और भुक्त काल की एक सी क्रिया है केवल अंतर यही है कि भोग्य काल में सायन सूर्य का भोग्य काल लेकर गणित करने से जो भोग्य पल आता है उसे इष्ट काल के पल में से क्रमानुसार घटाया जाता है। परन्तु भुक्तांश में भुक्तांश से वही गणित कर सूर्य के भुक्त पल को विरुद्ध क्रम से, ६० घड़ी में से शोधित इष्ट काल के पल में से घटाते हैं। इस के उपरांत की क्रिया एक सी है। अंत में भुक्तांश क्रिया से जो अंश आते हैं उन को ३०° में घटाना होता है, परन्तु भोग्यांश में पहिले ही ३०° म घटा कर गणित आरंभ करते हैं।

(२) भुक्तांश द्वारा लग्न साधन करने का उदाहरण

रा

सायन सूर्य ११–२८°–२८′–४४″

भुक्तांश मीन २८°–२८′–४४″

घ० प० वि०

इष्ट १५–५१–४२॥

भुक्तांश मीन, मीन स्वोदय

$\frac{(२८°–२८′–४४″) \times २२८}{३०}$

$= \frac{६४९३–११–१२}{३०}$

पल

=२१६–२६–२२ मीन का भुक्त पल

घड़ी–पल–वि०

६०– ० –०

–इष्ट १५–५१–४२॥

शेष=४४–८–१७॥

×६० पल–वि०

२६४०+८=२६४८–१७॥

२८°–२८′–४४″

×२२८

१८२४	१८२४	९१२
४५६	४५६	९१२
६३८४	६३८४	१०३२÷६०
+१०९	+१६७	=१२
६४९३	६५५१ =११	

३०)६४९३–११–१२(२१६

६०   पल

४९

३०

१९३

१८०

१३–११–१२

+२

२६–२२–२४

=२१६–२६–२२

मीन भुक्त पल

इष्ट पल०–वि० अनु०
२६४८–१७–३०
मीन भुक्त –२१६–२६–२२ घटाया
२४३१–५१–८
कुम्भ स्वोदय–२५८
२१७३–५१–८
मकर –३०६
१८६७–५१–८
धन –३४०
१५२७–५१–८
वृश्चिक –३३९
११८८–५१–८
तुला –३२९
८५९–५१–८
कन्या –३२९
५३०–५१–८
सिंह –३३९
१९१–५१–८
कर्क –३४० अशुद्ध

कर्क नहीं घटा तो अशुद्ध हुआ

(शेष इष्ट पल) (१९१–५१–८) × ३० / ३४० स्वोदय अशुद्ध कर्क का = ५७५५–३४–० / ३४० = १६°–५५′–४१″ भुक्तांश कर्क

कर्क राशि ४है इस से कर्क भुक्तांश घटाया तो सायन लग्न हुई।

६० में से इष्ट घटा के उसके पल बनाये तो २६४८–१७॥ हुए। इसमें से मीन का भुक्त पल घटाया जो शेष बच रहा उस में उल्टे क्रम से अर्थात् मीन के बाद कुंभ मकर धन वृश्चिक, तुला, कन्या आदि घटाते जावेंगे जो नहीं घटेगा वह अशुद्ध हुआ। यहाँ घटाने में नरसिंहपुर का स्वोदय उपयोग किया है। घटाते २ अंत में कर्क नहीं घटा वह अशुद्ध हुआ। शेष इष्ट में ३० का गुणा कर अशुद्ध कर्क के स्वोदय से भाग दिया तो १६°–५५′–४१″ कर्क का भुक्तांश आया।

१९१–५१–८
× ३०
४– ०
२५–३०
५७३०

३४०) ५७५५–३४–० (१६°
३४०
२३५५
२०४०
३१५ × ६०
१८९००+३४
३४०) १८९–३४ (५५′
१७००
१९३४
१७००
२३४ × ६०
३४०) १४०४० (४१″
१३६०
४४०
३४०
१००

लग्न स्पष्ट हुई

अशुद्ध कर्क राशि—

४–०°–०′–०″

कर्क भुक्तांश ०–१६–५५–४१ घटाया

∴ सायन लग्न=३–१३–४ –१९

या ३०°–०–०

कर्क भुक्तांश १६–५५–४१

सायन लग्न = १३–४ –१९ कर्क

कर्क के पहिले ३ राशि होतीहै इससे ३ राशि पहिले रख दीं ता सायन लग्न ३–१३°–४′–१९″ हो गई

सायन लग्न से अयनांश घटाया तो निरयन

रा

सायन लग्न ३–१३°–४′–१९″

–अयनांश –२२ –४७–५९

∴ निरयन लग्न = २–२०–१६–२०

भोग्य रीति से या भुक्त रीति से किसी प्रकार लग्न निकालो एक ही उत्तर आता है। यदि दिन का इष्ट काल हो तो भुक्त रीति से लग्न निकालने में कितना अधिक घटाना पड़ता है, यह ऊपर के गणित से प्रगट होगा। इस से जब अर्द्ध रात्रि के उपरान्त का इष्ट काल हो तो भुक्त रीति से लग्न साधन करना सुलभ होता है। साधारण प्रकार भोग्यांश पर से हो लग्न साधन करना चाहिए।

भोग्य या भुक्तांश पर से लग्न साधन कब करना? नीचे बताया है।

---

(१) भोग्य रीति से—

जब दिन का इष्ट काल हो

(२) भुक्त रीति से

जब अर्द्ध रात्रि के पश्चात् अर्थात् १२ बजे रात के पश्चात् इष्ट काल हो तो इष्ट को ६० घड़ी में से घटा कर शेष रात्रि काल निकाल लो। शेष रात्रि को इष्ट काल मान कर भुक्त प्रकार से लग्न साधन करना। परन्तु सूर्य की राशि में ६ जोड़ने की आवश्यकता नहीं होती, क्यों कि गणित भुक्त प्रकार से करना है।

कई ज्योतिषी लोग नीचे लिखी रीति से भी लग्न साधन करते हैं।

भोग्य रीति से—

(१) जब रात्रि का इष्ट हो तो सुविधा के लिये इष्टकाल में से दिनमान घटा कर रात्रि गत इष्ट काल को इष्ट मान कर गणित करते हैं और ऐसा करते समय आरंभ में सायन सूर्य की राशि में ६ जोड़ देते हैं और भोग्य रीति से करते हैं।

टिप्पणी—इस रीति से गणित करने में यदि सूक्ष्म गणित किया जाय तो कला विकला में कुछ अंतर पड़ जाता है।

(२) अधिक रात्रि हो तो शेष रात्रि को ईष्ट काल मान कर सायन सूर्य में ६ जोड़ कर लग्न साधन करते हैं।

टिप्पणी—इस रीति से लग्न में कभी अंशों का अन्तर पड़ जाता है इस से अशुद्ध लग्नांश आने के कारण इस रीति का उपयोग नहीं करना।

इस कारण अन्त की इन दोनों रीतियों का त्याग कर देना।

भोग्य और भुक्त रीति से लग्न साधन करने का सिद्धान्त चित्र संख्या ४ देखने से प्रगट होगा। इस चित्र में राशि चक्र घूमता हुआ बताया गया है जिस में राशियों का नाम दिया हैं। उपरोक्त गणित से लग्न मिथुन राशि को आई है। यहां चित्र में लग्न में मिथुन



राशि बताई है। इष्ट काल में सूर्य मीन राशि का है तो चित्र में भी मीन राशि पर सूर्य बताया है। राशि चक्र किस ओर घूम रहा है और सूर्य किस ओर घूम रहा है तीर के चिन्ह से बताया है। जिन राशियों को सूर्य पार कर चुका है अर्थात् भुक्त राशियां

या सूर्य के भुक्त अंश मोटी लकीर से बतलाये गये हैं। सूर्य मीन राशि पर है इस से सूर्य धन, मकर, कुंभ आदि राशियों को पार करता हुआ मीन पर पहुँचा है। मीन के २८° पर सूर्य है अर्थात् मीन के २८° भुक्त हो चुके हैं। जितनी राशियां और अंश भोगने को शेष हैं दुहरी बिन्दुओं से बताये गये हैं। इस लिये सूर्य का भोग्य काल पलात्मक और उस के पश्चात् जो राशियाँ हैं उन का पलात्मक, उदय काल जिन में सूर्य भोगने को रह गया है इष्ट काल में से घटाने से लग्न विदित हो जायेगी यह भोग्य रीति से लग्न साधन हुआ।

सूर्य जिन राशियों में भोग चुका है उन का पलात्मक उदयकाल विरुद्ध क्रम से घटाने पर लग्न विदित होगी। मोटी लकीर के तीर के चिन्ह से विरुद्ध क्रम समझ में आ जायगा। दिन रात में ६० घड़ी होती हैं। इष्ट तक जो काल है उस में से भोग्य रीति से राशियाँ घटाई जाती हैं और (६०–इष्ट काल) शेष काल में भुक्त रीति से राशियों का उदय काल घटाया जाता है।

(३) दिन के इष्टकाल में भोग्य रीति से लग्न साधन कर चुके हैं।

अब रात्रि का इष्टकाल लेकर भुक्त रीति से लग्न साधन करते हैं।

भुक्त रीति से लग्न साधन

रा

मान लो सायन सूर्य ११–२८°–२८′–४०″ है। इष्ट ४४ घड़ी है।

घ०प०वि०		
६०–०–०	सूर्य का भुक्तांश	३०)६४९२–५६(२१६
–इष्ट ४४–०–०	२८°–२८′–४०″ मीन	६० पल
शेष १६–०–०	×२२८ मीन स्वोदय	४९
×६०	१८२४ | १८२४ | ९१२०	३०
९६० पल	४५६ | ४५६ |	१९२
(२८°–२८′–४०″)×२२८ / ३०	६३८४ | ६३८४ | ९१२० ÷ ६०	१८०
	+१०८ | +१५२ | =०	१२–५६
= ६४९२–५६ / ३०	६४९२ | ६५३६ = ५६ |	×२
		२५–५२
=२१६–२५–५२	=६४९२–५६–०	=२१६–२५–५२
भुक्त पल मीन		भुक्त पल मान

पल

इष्ट ६६०-०-०

मीन भुक्त-२१६-२५-५२ घटाया

७४३-३४-८

कुंभ -२५८

४८५-३४-८

मकर -३०६

१७६-३४-८

धन -३४०—अशुद्ध

शेष इष्ट

$$\frac{(१७६-३४-८)\times ३०^\circ}{३४० \text{ धन अशुद्ध का स्वोदय}}$$

$$= \frac{५३८७-४}{३४०}$$

= १५°-५०'-३६" धन भुक्तांश

अशुद्ध राशि धन है।

रा

६-०°-०'-०"

१५-५०-३६ घटाया

सायनलग्न = ८-१४-६-२१

रा

∴ सायन लग्न ८-१४°-६'-२१"

यहाँ भुक्त रीति से करना है इस कारण भुक्त पल घटाने के उपरांत शेष राशियों का स्वोदय विरुद्ध क्रम से घटाया तो अंत में धन नहीं घटा वह अशुद्ध राशि हुई।

३४०)५३८७-४(१५°

३४०

१९८७

१७००

२८७ × ६०

१७२२०

\+ ४

३४०)१७२२४(५०'

१७००

२२४ × ६०

३४०)१३४४०(३६"

१०२०

३२४०

३०६०

१८०

१७६-३४-८

× ३०

४-०

१७-०

५३७०

५३८७-४-०

(४) अब उपरोक्त लग्न भोग्य प्रकार से भोग्यांश द्वारा साधन करते हैं

रा

सायन सूर्य ११-२८°-२८'-४०"

भुक्तांश कन्या २८-२८-४०

भोग्यांश „ १-३१-२०

इष्ट ४४ घड़ी = २६४० पल

$$\frac{(१-३१-२०)\times २२८}{\frac{(\text{भोग्यांश कन्या})\text{स्वोदय कन्या}}{३०}}$$

$$= \frac{३४७-४}{३०} = ११-३४ \text{ भोग्य पल मीन}$$

१-३१-२०
×२२८

२२८ | २२८ | ४५६०
| ६८४ |

२२८ | ७०६८ | ४५६०
+११९ | +७६ | =०

३४७ | ७१४४
| =४

३०)३४७-४(११
३०   पल
४७
३०
१७-४
×२
३४-८

=१७-३४ भोग्यपल

शेष इष्ट १६०-२६
×३०
१३-०
४८००

३४०)४८१३-०(१४°
३४०
१४१३
१३६० =१४°-९'-२१"
५३ धन के

मेष	२२८
वृष	२५८
मिथुन	३०९
कर्क	३४०
सिंह	३३९
कन्या	३२९
योग	१८००

शेष ५३
×६०
३४०)३१८०(९'
३०६०
१२०×६०
३४०)७२००(२१"
६८०
४००
३४०
६०

पल
इष्ट २६४०-०
भोग्य मीन -११-३४
२६२८-२६
मेष से कन्या तक } -१८००-०
८२८-२६
तुला - ३२९
४९९-२६
वृश्चिक - ३३९
१६०-२६
धन - ३४० =अशुद्ध

शेष इष्ट
(१६०-२६)×३० / ३४० अशुद्ध धन = ४८१३ / ३४०

=१४°-९'-२१" धन के
=८-१४-९-२१ सायन लग्न
= इस रीति में अधिक घटाना पड़ा इसी से कहा है कि रात्रि का इष्ट काल हो तो भुक्त रीति से करना।

जब बहुत थोड़ा इष्ट हो तो उससे लग्न साधन की रीति नीचे बताई है—

(१) जब थोड़ा इष्टकाल हो और स्वोदय इष्ट से न घटे तो इष्ट के पल बना कर ३० का गुणा कर स्वोदय का भाग दो जो अंशादि आवें उसे तात्कालिक निरयन सूर्य स्पष्ट में जोड़ दो तो निरयन लग्न निकल आयगी।

(२) यदि भुक्तांश से किया है अर्थात् शेष रात्रि का इष्टकाल हो तो इन अंशादिकों को रवि स्पष्ट से घटा देना तो लग्न स्पष्ट हो जायगी।

(५) उदाहरण

घ. प.   रा.
मान लो इष्ट ०–१० है। सायन सूर्य ११–२८°–२८′–४०″ है। मीन भुक्तांश २८°–२८′–४०″ और भोग्यांश १°–३१′–२०″ है। मीन का उदय पल २२८ पल है।

दिन का इष्ट है थोड़ा इष्ट है तो नियम १ से करेंगे। २२८ पल में मीन ३०° भोगता है तो १० पल में कितने अंश भोगेंगे ?

$$\frac{१० \times ३०''}{२२८ \text{ पल}} = \frac{३००}{२२८} = १°–१८′–५६″$$

```
२२८ ) ३०० ( १°
      २२८
      ७२ × ६०
२२८ ) ४३२० ( १८′
      २२८
      २०४०
      १८२४
      २१६ × ६०
२२८ ) १२९६० ( ५६″
```

मीन भुक्तांश

इष्ट पल वि०
१०–०

भोग्यपल मीन ११–३४ देखो उदाहरण (४)

यहाँ इष्ट में से भोग्यपल नहीं घटता
इस कारण भोग्यपल का काम नहीं रहा

केवल इष्ट में ३० का गुणा कर मीन के स्वोदय २२८ से भाग दिया १°–१८′–५६″ आया इसे निरयन सूर्य स्पष्ट में जोड़ा तो निरयन लग्न स्पष्ट
रा
११–६°–५९′–४१″ हुई।

रा
तात्कालिक निरयन सूर्य ११–५°–४०′–४५″
+ मीन भुक्तांश + १–१८–५६
= निरयन लग्न = ११–६–५९–४१

इस उदाहरण में निरयन लग्न निकली है। सायन बनाना हो तो अयनांश जोड़ दो। सायन सूर्य में से अयनांश घटा देने से निरयन सूर्य स्पष्ट हो जाता है। उपरोक्त उदाहरण में

रा सायन सूर्य ११–२८°–२८′–४०″ – अयनांश २२–४७–५५ ∴ निरयन सूर्य=११–५–४०–४५	सायन सूर्य ११–२८–२८–४० है इस में से अयनांश घटाया तो रा शेष ११–५°–४०′–४५″ रहा यह

निरयन सूर्य हुआ।

(६) यदि इष्ट काल अल्प हो परन्तु सूर्य का उदय काल उस में से घट जावे तो साधारण प्रकार से भोग्यांश से लग्न निकालना।

रा
उदाहरण—मान लो सा० सूर्य ११–२८°–२८′–४०″ है। मीन भुक्तांश २८°–२८′–४०″

प० वि०

भोग्यांश १°–३१'–२०″ है। मीन का भोग्य पल ११–३४ और इष्ट ३० पल है।

पल

इष्ट ३०–०

मीन ११–३४

१८–३४

मेष २२८ अशुद्ध

(शेष इष्ट १८–३४) × ३०
―――――――――
२२८ मेष

= ५५३/२२८ = २°–२५'–३१″ मेष

रा

= ०–२°–२५'–३१″

सायन लग्न

शेष इष्ट १८–२६

× ३०

१३–०

५४०

२२८) ५५३ (२ अंश

४५६

९७ × ६०

२२८) ५८२० (२५'

४५६

१२६०

११४०

१२० × ६०

२२८) ७२०० (६१″

६८४

३६०

२२८

१३२

(७) रात्रि का इष्टकाल प्रातः काल के समीप का हो अर्थात शेष रात्रि अल्प हो और शेष इष्टकाल से सूर्य का भुक्त काल न घटे तो भुक्त रीति से इस प्रकार लग्न निकालना।

इष्ट पल × ३०
―――――――
स्वोदय पल

इष्ट काल के शेष में ३० का गुणा कर सूर्य के भुक्तांश की राशि का स्वोदय से भाग देना तो अंशादि आयगा उसे निरयन सूर्य स्पष्ट से घटा देने से लग्न स्पष्ट होगो। ऐसी स्थिति में भोग्य प्रकार से करने में जोड़ना और भुक्त प्रकार में निरयन सूर्य में घटाना पड़ता है तब निरयन लग्न स्पष्ट होती है।

घ. प. रा

मान लो इष्ट काल ५९–३० है सायन सूर्य मान लो ११–२८°–२८'–४०″ है। सूर्य मीन का भुक्तांश २८°–२८'–४०″ मीन का भुक्तपल २१६–२६ है (देखो

उदाहरण (३))

घ. प. वि. ६०-०-० इष्ट ५९-३०-० घटाया ०-३० पल (शेष रात्रि का इष्ट)	यहाँ शेष रात्रि के इष्ट में सूर्य मीन का भुक्त पल २१६-२६ नहीं घटता तो इस भुक्त पल का काम नहीं रहा। $\frac{\text{शेष इष्टपल} \times ३०}{\text{स्वोदय}} = \frac{३० \text{ पल} \times ३०}{२२८ \text{ मीन}} = \frac{९००}{२२८}$

रा = ३°-५६'-५०''

निरयन सूर्य स्पष्ट ११-५°-४०'-४५''

३-५६-५० घटाया

= निरयन लग्न = ११-१-४३-५५

रा

∴ निरयन लग्न स्पष्ट ११-१°-४३'-५५''

२२८) ९०० (३°
६८४
२१६ × ६०
२२८) १२९६० (५६'
११४०
१५६०
१३६८
१९२ × ६०
२२८) ११५२० (५०''
११४०
१२०

(८) अब इसी को भोग्यांश से करते हैं।

रा

सा० सू० ११-२८°-२८'-४०'' भोग्यांश मीन १°-३१'-२०'',

मीन भोग्य पल ११-३४ (देखो उदाहरण ४)

घ० प०
इष्ट ५९-३०
× ६० पल
३५४० + ३० = ३५७०

पल वि०
इष्ट पल ३५७०-०
- मीन ११-३४
३५५८-२६

मेष से कन्या } -१८००
६ राशि } १७५८-२६

तुला	३२९
वृश्चिक	३३९
धन	३४०
मकर	३०६
कुंभ	३५८
	१५७२

शेष इष्ट
१८६–२६
×३०
१३–०
५५८०
२२८) ५५९३ (२४°
४५६
१०३३
९१२
१२१×६०
२२८) ७२६० (३१′
६८४
४२०
२२८
१९२×६०
२२८) ११५२० (५०″
११४०
१२०

तुला से कुंभ } १५७२–०
५ राशि } १८६–२६
मीन २२८ अशुद्ध

शेष इष्ट
(१८६–२६)×३०
अशुद्ध मीन २२८
= ५५९३/२२८ = २४–३१–५० मीन

सायन लग्न
रा
= सायन लग्न ११–२४°–३१′–५०″
– अयनांश घटाया –२२–४७–५५
निरयन लग्न = ११–१–४३–५५

∴ निरयन रा
लग्न ११–१°–४३′–५५″

दोनों भोग्य और भुक्त रोति से एक ही उत्तर आता है। परन्तु ऐसी स्थिति में भुक्त रोति से लग्न साधन करना सरल है। यहाँ केवल समझाने के लिये दोनों रीतियाँ दो हैं।

अध्याय १०

लग्न से इष्टकाल निकालना

यदि लग्न विदित है परन्तु इष्ट काल खो गया है अर्थात् भूल गये हैं कि क्या इष्ट काल था तो लग्न से ही इष्ट काल जाना जा सकता है।

लग्न से इष्ट काल निकालने की रीति।

(१) $\frac{\text{सायन सूर्य भोग्यांश} \times \text{भोग्यांश राशि का स्वोदय}}{३०}$ = सूर्य भोग्य काल पल

(२) $\frac{\text{सा० सूर्य भुक्तांश} \times \text{भुक्तांश राशि का स्वोदय}}{३०}$ = सूर्य का भुक्त काल पल

(३) सायन सूर्य और सायन लग्न के बीच में जितनी राशियाँ हों उन प्रत्येक के स्वोदय का योग } = बीच के लग्नों का योग = लग्न योग पल

इष्टकाल = (सा० सूर्य का भोग्य काल पल) + (लग्न भुक्त काल पल) + (लग्न योग पल) ÷ ६०

(१) उदाहरण

रा

(१) सा० सूर्य ११–२८°–२८′–४०″
भोग्यांश मीन १–३१–२०

मीन स्वोदय = २२८ पल

$\frac{(\text{सूर्य भोग्यांश } १–३१–२०) \times \text{मीन स्वोदय पल } २२८}{३०}$ = वि० ११–३४ भोग्य पल मीन

रा

(देखो लग्न साधन का चौथा उदाहरण)

(२) सायन लग्न = ९–१७°–४१′–२२″
भुक्तांश मकर = १७–४१–२२

$\frac{(\text{लग्न भुक्तांश } १७–४१–२२) \times \text{मकर स्वोदय } ३०६}{३०}$

$= \frac{५४१२–५८–१२}{३०}$

= १८०–२६ भुक्त पल मकर

(३) लग्न के बीच की राशियों का उदय काल

	पल
मीन भोग्य	११–३४
मेष से कन्या ६ राशि	१८००–०
तुला	३२९–०
वृश्चिक	३३९–०
धन	३५०–०
मकर का भुक्त पल	१८०–२६
योग	३०००–०

पल
= ५० घड़ी इष्ट काल

```
   १७°–४१′–२२″
          × ३०६
२१४२ |  ३०६  | ६१२
३०६  | १२२४  | ६१२ ·
५२०२ | १२५४६ | ६७३२ ÷ ६०
+२१० | +११२  | = ११२
५४१२ | १२६५८
     | = ५८

३० ) ५४१२–५८–१२ ( १८०
     ३०
     २४१
     २४०
     १२–५८–१२
          × २
     २५–५६–२४
   = १८०–२५–५६
```

मकर का पल
= १८०–२६

यहाँ सायन सूर्य मीन का है तो मीन का भोग्य पल निकाल कर रखा और सायन लग्न मकर का होने से मकर का भुक्त पल निकाल कर रखा।

फिर देखा सायन सूर्य और सायन लग्न के बीच कितनी राशियाँ हैं उन सब राशियों का उदय काल जोड़ने से इष्ट निकल आया।

यहाँ सायन सूर्य मीन के भोग्य पल ११–३४ हैं। मीन के आगे मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, और धन

तक सब के उदय पल जोड़ा, क्योंकि लग्न मकर है धन तक जोड़ने के उपरान्त मकर के भुक्त पल भी जोड़ दिया। तो सब का योग जो कुछ आया वही इष्ट काल पल हुआ। इष्ट पल की घड़ी बनालो

(२) दूसरा उदाहरण

रा

(१) सा० सूर्य ११–२८°–२८′–४०″

मीन भोग्यांश १ –३१ –२०

मीन भोग्य पल ११–३४

रा

(२) सा० लग्न ०–२°–२५′–३१″

मेष भुक्तांश २ –२५ –३१

मेष भुक्त पल १८–२६

$$= \frac{२–२५–३१ \times २२८ \text{ मेष}}{३०}$$

$$= \frac{५५२–५७–४८}{३०}$$

= १८–२५–५५

= १८–२६ भुक्त पल मेष

मेष भुक्तांश २–२५–३१

मेष स्वोदय × २२८

४५६	११४०	२२८
	४५६	६८४
४५६	५७००	७०६८ ÷ ६०
+९६	+११७	= ४८
५५२	५८१७	
	= ५७	

= ५५२–५७–४८

३०)५५२–५७–४८(१८

३० पल

२५२

२४०

१२–५७–४८

× २

२५–५५–३६

= १८–२५–५५

= १८–२६ मेष भुक्त पल

प० वि०

(३) सा० सूर्य मीन का है मीन भोग्य पल ११–३४

मेष भुक्त पल १८–२६

= इष्ट ३०–०

यहाँ सायन सुर्य के उपरांत लग्न तक बीच में और कोई राशि नहीं है इसलिये केवल सूर्य भोग्य पल और लग्न भुक्त पल दोनों को जोड़ा = इष्ट पल।

(३) लग्न से इष्ट काल निकालने की दूसरी रीति।

जब सायन सूर्य और सायन लग्न एक ही हों या उनके बीच और राशियां नहीं और दोनों का उदय काल का प्रमाण एक ही हो तो सायन सूर्य और सायन लग्न का अंतर निकाल कर सायन सूर्य के उदय काल का गुणा कर ३० का भाग देने से इष्ट काल पल निकल आता है। फिर इष्ट पल में ६० का भाग देकर इष्ट घड़ी बनालो।

ऊपर के उदाहरण में सायन सूर्य मीन का है और सायन लग्न मेष है। दोनों का उदय काल एक हा है अंतर नहीं आया और बीच में कोई राशि नहीं है तो इस रीति से इष्ट निकालेंगे। जहाँ दोनों का उदय काल भिन्न हो तो इस रीति का उपयोग न करना, पहिले बताई रीति से इष्ट काल निकाल लेना।

	रा		
सायन लग्न	०– २°–२५′–३१″	मेष २२८	३–५६–५१
सायन सूर्य	११–२८ –२८ –४०	मीन २२८	× २२८
∴ अंतर	०– ३ –५६ –५१		

६८४	१३६८ / ११४०	२२८ / ११४०
६८४ / +२१६	१२७६८ / +१९३	११६२८ ÷ ६० / =४८
९००	१२९६१ / =१	

= ९००–१–४८

३०)९००–१–४८(३० पल

९०

०

(अंतर ३–५६–५१) × २२८ मीन स्वोदय / ३०

= ९००–१–४८ / ३०

= ३० पल इष्ट

(४) मान लो सायन सूर्य और सायन लग्न

को एक ही राशि है इसका इष्ट काल निकालना है।

	रा	
सायन लग्न	१–२९°–५५′–७″	वृष
,, सूर्य	१–१५ –३० –०	वृष
∴ अंतर=	०–१४–२५ –७	

१४–२५–७

× २५८

१०३२ / २५८	१२९० / ५१६	१८०६
३६१२ / +१०८	६४५० / +३०	१८०६ ÷ ६० / = ६
३७२०	६४८० / = ०	

अंतर १४८२५–७ × २५८ वृष स्वोदय / ३०

३७२०–०–६ / ३० = १२४ पल इष्ट

=घ० प० इष्ट

२–४

३०)३७२०–०–६(१२४ पल

३०

७२

६०

१२०

१२०

(५) मान लो सायन सूर्य और सायन लग्न के बीच कोई राशि नहीं है परन्तु इनका स्वोदय भिन्न है अर्थात् लग्न मिथुन है जिसका स्वोदय ३०६ और वृष का सूर्य है जिसका स्वोदय २५८ है तो प्रथम रीति से इष्ट काल निकालेंगे।

रा
(१) सायन सूर्य १–१५°–३०′–०″
भोग्यांश वृष १४°–३०′–०″

रा
(२) सायन लग्न २–२°–२८′–४९″
भुक्तांश मिथुन २°–२८′–४९″

(१) (सूर्य भोग्यांश) वृष स्वोदय

$$\frac{(१४° – ३०′) \times २५८}{३०}$$

३०)३७४१(१२४ पल
३०
७४
६०
१४१
१२०
२१
×२
४२
=१२४–४२

१४–३०
×२५८ वृष
१०३२ | ७७४०
२५८
३६१२ | ७७४० ÷ ६०
+१२९ | = ०
३७४१ |
=३७४१–०

$$\frac{३४७१ \text{ प० वि०}}{३०} = १२४–४२$$

सूर्य का भोग्य पल वृष

(२) (लग्न भुक्तांश) मिथुन

$$\frac{(२°–२८′–४९″) \times ३०६}{३०}$$

$$= \frac{७५८–५७–५४}{३०}$$

= २५–१७–५५

लग्न का=२५–१८ भुक्त पल वृष

२–२८–४९
×३०६
६१२ | २४४८ | २७५४
६१२ | १२२४
६१२ | ८५६८ | १४९९४
+१४६ | +२४९ | =५४
७५८ | ८८१७
=५७
=७५८–५७–५४

	पल वि०
सूर्य भोग्य काल वृष	१२४–४२
+ लग्न भुक्त ,, मिथुन	२५–१८
इष्ट =	१५०–०
इष्ट =	१५० पल
	घ० प०
=	२–३०

३०)७५८–५७–५४(२५
६०
१५८
१५०
८–५७–५४
× २
१७–५५–४८
= २५–१७–५५

लग्न का=२५–१८ भुक्त पल मिथुन

उपरोक्त सब उदाहरणों में उदय काल (स्वोदय) लिये गये हैं। वे नरसिंह पुर के हैं। जिस स्थान का लग्न साधन करना है वहाँ का स्वोदय पहिले बना लेना चाहिये। इसी प्रकार लग्न से इष्ट काल निकालने के लिये उसी स्थान का स्वोदय लेना चाहिये जहाँ की लग्न निकाली गई थी।

—:०:—

अध्याय ११

लग्न में संदेह हो तो उसका निर्णय

यदि अपना इष्टकाल अशुद्ध हो अर्थात् शंका हो कि यह इष्टकाल ठीक है या नहीं या अनुमान से इष्टकाल बनाया हो और उसपर से लग्न निकाली गई हो तो शंका हो जाती है कि लग्न शुद्ध है या नहीं, उसे कैसे शोधन करना ?

(१) पहिली रीति

$$\left(\frac{\text{जन्म घड़ी}}{२} + \text{जन्म काल का सूर्य नक्षत्र}\right) \div २७ = \text{शेष नक्षत्र}$$

शेष नक्षत्र अश्विनी से गिनो। अश्विनी को १ और ० शेष रहे तो रेवती जानना। यदि योग २७ से अधिक हो तो २७ का भाग देना, नहीं तो भाग देने की आवश्यकता नहीं है। शेष जो नक्षत्र हो उसी नक्षत्र की राशि के लग्न में जन्म समझो। इस नक्षत्र की जो राशि होगी वही लग्न होगी।

उदाहरण—इष्ट (घ. प.) $\frac{१५-५२}{२}$ + २६ उत्तर भाद्रपद (जन्म समय सूर्य उत्तर भाद्रपद में था)

= (७-५६) + २६ = (३३-५६) ÷ २७ = शेष ६-५६

यहाँ ६ नक्षत्र से आर्द्रा पूर्ण हो गया शेष से आगे का नक्षत्र पूर्ण नहीं हुआ इस कारण मिथुन लग्न में ही यह पुनर्वसु रहा। जन्म लग्न मिथुन है वह शुद्ध जान पड़ती है।

= शेष ६ = आर्द्रा = मिथुन लग्न होगी

मिथुन = { मृग ० अंत के २ चरण
आर्द्रा पूरे – ४ ,,
पुनर्वसु आरंभ के ३ ,,

९ चरण

(२) दूसरी रीति

(जन्म घटी × ६) + सौर मास की तिथि ÷ ३० = लब्धि राशियाँ। सूर्य जहाँ हो उस से क्रमानुसार लब्धि की संख्या तक राशियाँ गिनो तो जन्म लग्न होगी।

उदाहरण—जन्म घटी

(१५-५२) × ६ = ९५-१२ + ६ (सौर तिथि) = $\frac{१११-१२}{३०}$ = लब्धि ३

सूर्य मीन का था मीन के आगे ३ गिना (१ + ३) तो मिथुन आया इससे लग्न मिथुन हुई।

(३) तीसरी रीति

(१) जहाँ चंद्र हो उस राशि के स्वामी से पाँचवाँ या नवाँ घर बहुधा लग्न होती है।

(२) या वह राशि जिस में चंद्र हो कभी-कभी लग्न होती है।

(३) या चंद्र से पाँचवें या नवमें घर में लग्न होती है।

उदाहरण लग्न कुंडली



इस कुंडली में चंद्र से पाँचवाँ मिथुन लग्न है तो लग्न ठीक जँचती है।

उपरोक्त विधियों का उपयोग तभी करना जब लग्न में शंका हो। यदि शंका न हो तो इनका उपयोग नहीं करना।

लग्न शुद्ध करने की अन्य रीतियाँ

कई ज्योतिषी इष्ट काल को शुद्ध करने के लिये नीचे बताई हुई रीति भी उपयोग करते हैं।

(जन्म घटी × ४) ÷ ९ = शेष नक्षत्र, अश्विनी से या मघा से या मूल से उतनो संख्या (जो शेष बचे) गिनो तो जन्म नक्षत्र आ जायगा ।

जैसे किसी का जन्म का समय अनुमान से लिखा हो या ठीक विदित न हो तो उस दिन देखो कौन सा नक्षत्र है। इष्ट घड़ो को इस प्रकार रखो जिससे अपना नक्षत्र आ जावे। जिस घड़ी से गिनने पर जन्म नक्षत्र आयगा वह ठीक समझना।

जैसे किसी का जन्म दोपहर के लगभग हुआ। ११–१६ घड़ी इष्ट रहा होगा। उस दिन पुनर्बसु नक्षत्र था। १५ घड़ो में छटवाँ नक्षत्र आर्द्रा आता है। तो १५, घड़ी लिया तब पुनर्बसु आ जाता है। इष्ट १५, घड़ी रहा होगा।

१५। × ४ = ६१ ÷ ९ = शेष ७ पुनर्बसु नक्षत्र हुआ।
पाव घटी का = पहिला (१) नक्षत्र आगे का पड़ता है।
आधा „ „ = दूसरा आगे का नक्षत्र „ „
पौन „ „ = तीसरा „ „ „ „ „
१ घड़ी का = चौथा „ „ „ „ „

जन्म घड़ी में ४ का गुणा करने और ९ का भाग देने से इष्ट घड़ो में ४–४ शेष का अंतर पड़ता है। इस कारण १ शेष के लिये १५ पलका अंतर पड़ेगा। इसी अनुमान से समय और नक्षत्र मिलाना।

इष्ट घड़ी							शेष
१	१०	१९	२८	३७	४६	५५	४
२	११	२०	२९	३८	४७	५६	८
३	१२	२१	३०	३९	४८	५७	३
४	१३	२२	३१	४०	४९	५८	७
५	१४	२३	३२	४१	५०	५९	२
६	१५	२४	३३	४२	५१	....	६
७	१६	२५	३४	४३	५२	....	१
८	१७	२६	३५	४४	५३	....	५
९	१८	२७	३६	४५	५४	....	०

नक्षत्रों के गिनने का क्रम		
१ अश्वि०	१ मघा	१ मूल
२ भ०	२ पु०फा०	२ पू०षा०
३ कृति०	३ उ०फा०	३ उ०षा०
४ रोहि०	४ हस्त	४ श्रव०
५ मृग०	५ चित्रा	५ धनि०
६ आर्द्रा	६ स्वा०	६ शत०
७ पुनर्व०	७ विशा०	७ पू०भा०
८ पुष्य	८ अनु०	८ उ०भा०
९ आश्ले०	९ ज्ये०	९ रेवती

यहाँ इष्ट घड़ी के आगे कौन से क्रम का नक्षत्र आयगा चक्र में दिया है। चक्र में यदि उस इष्ट पर वह नक्षत्र न आवे तो १५ पल इष्ट में बढ़ाने से उसके आगे का एक नक्षत्र मिलेगा फिर भो न मिले तो ३० पल इष्ट में बढ़ाने से २ नक्षत्र आगे मिलेगा। यदि न मिले तो ४५ पल इष्ट में और बढ़ा देवे तो ३ नक्षत्र आगे मिलेगा। जहाँ अपना इष्ट नक्षत्र मिले उस इष्ट को ठीक समझना।

जैसे १५ इष्ट से देखा १५ के आगे ६ दिया है। नक्षत्र चक्र में ६ में आर्द्रा आता है अपने को पुनर्वसु नक्षत्र चाहिए। तो १५ पल और बढ़ा दिया तो १५। घड़ी इष्ट में एक नक्षत्र आगे पुनर्वसु नक्षत्र मिल गया। इससे १५। घड़ी को ही इष्ट मानना। अर्थात् यदि इष्ट शुद्ध है तो इस रीति का कोई उपयोग नहीं होगा। यह तो आनुमानिक इष्ट के शोधन के लिये है परन्तु केवल इस रीति से ही शोधन प्रामाणिक नहीं है और भी रीतियों का उपयोग करना जो आगे दी हैं।

लग्न को शुद्ध करने के लिये प्राणपद और गुलिक का उपयोग

प्राणपद

इस के साधन से यह विदित होता है कि गणित से निकाली हुई लग्न के अंश और प्राणपद के अंश यदि बराबर हुए तो इष्ट काल शुद्ध समझा जाता है।

यदि कुछ अंतर आवे तो इष्टकाल में कुछ संशोधन करना पड़ता है जिससे लग्न के अंश और प्राणपद के अंश बराबर हो जावें और दोनों के अंश में कोई अंतर न रहे। इसकारण लग्न के संशोधन के लिये प्राणपद के अंश भी जानना आवश्यक है।

प्राणपद साधन

मध्यम प्राणपद + सूर्य अंश = स्पष्ट प्राणपद अंश।

मध्यम प्राणपद बनाना और उस में सूर्य के अंश जोड़ने की रीति आगे बताई है।

प्राणपद बनाने की ३ रीतियाँ हैं

(१) पहिला प्रकार

प्राणपद के अंश १ पल में २ अंश होते हैं। ३ घड़ी में १२ राशि (एक भगण) पूर्ण भुक्त होती है, एक घड़ी में ४ राशि या १५ पल में एक राशि प्राणपद की सूर्योदय के उपरांत भुक्त होती हैं।

३६० अंश	=	१२ राशि	=	३ घड़ी			प्राणपद
१२० ,,	=	४ ,,	=	१ ,,			,,
६० ,,	=	२ ,,	=	३० पल			,,
३० ,,	=	१ ,,	=	१५ पल			,,
२ ,,	=	$\frac{१}{१५}$,,	=	१ पल			,,
१, ,,	=	$\frac{१}{३०}$,,	=	३० विपल			,,
२ कला	=	..	=	१ विपल			,,

इस कारण इष्ट घड़ी में ३ का भाग देने से १ भगण (१२ राशि) की भुक्ति निकल आयगी। शेष घड़ी पल के अनुपात से अंश बना लेना चाहिए जैसा यहाँ बनाया है।

(२) दूसरा प्रकार

इष्ट घड़ी के पल बनाओ। $\frac{\text{इष्ट पल}}{१५} = \text{लब्धि राशि}$, शेष × २ = अंश = मध्यम प्राणपद

मध्यम प्राणपद + सूर्य राशि अंश = स्पष्ट प्राणपद ।

(३) तीसरा प्रकार

$$\frac{(\text{इष्ट घड़ी} \times ४) + १५ \text{ पल}}{१२} = \left.\begin{array}{l}\text{शेष प्राणपद की राशि} \\ \text{शेष पल} \times २ = \text{अंश}\end{array}\right\} \text{मध्यम प्राणपद}$$

जब राशि १२ से अधिक आवे तब ही केवल राशि में १२ का भाग देना । मध्यम प्राणपद राशि अंश + सूर्य राशि अंश = स्पष्ट प्राणपद सूर्य की राशि

मध्यम प्राणपद में जो सूर्य की राशि जोड़ने को बताया है वह कौन सी सूर्य की राशि लेना इस का विचार:—

(१) सूर्य स्पष्ट चर राशि में हो तो = सूर्य स्पष्ट जोड़ना ।

„ „ स्थिर या द्विस्वभाव राशि में हो तो सूर्य से त्रिकोण में जो चर राशि हो उस में जोड़ना ।

राशियां =	चर	स्थिर	द्विस्वभाव
	१,४,७,१०	२–५–८–११	३–६–९–१२

उदाहरण—इष्ट २ घड़ी ४ पल है प्राणपद निकालना है ।

$$(१) \text{ रीति—} \left.\begin{array}{l}२ \text{ घड़ी} = ८ \text{ राशि} \\ ४ \text{ पल} = ८ \text{ अंश}\end{array}\right\} = \begin{array}{l}\text{रा० अंश मध्यम प्राणपद} \\ ८ - ८\end{array}$$

$$(२) \text{ रीति} = २ \text{ घ० } ४ \text{ पल} = १२४ \text{ पल} = \frac{१२४}{१५} = \frac{४}{१५} = \text{लब्धि } ८, \text{ शेष } ४ = ८ \text{ राशि } ४ \times २ = ८ \text{ अंश}$$

रा० अं०

= ८–८ मध्यम प्राणपद

$$(३) \text{ रीति} = \frac{\left(\begin{array}{c}\text{इष्ट घड़ी} \\ २ \times ४\end{array}\right) + \left(\frac{\text{इष्ट पल } ४}{१५}\right)}{१२} = \frac{\left(८ + \frac{४}{१५}\right)}{१२} = \begin{array}{cc}\text{राशि} & \text{अंश} \\ ८ - & (४ \times २)\end{array}$$

रा

= ८–८° मध्यम प्राणपद । यहाँ केवल राशि में १२ का भाग देना बताया है । जब राशि १२ से अधिक हो तब ही १२ का भाग देना । यहाँ राशि ८ है तो १२ के भाग देने की आवश्यकता नहीं रही । इष्ट पल में १५ का भाग देने से जो लब्धि आवे इष्ट घड़ी से प्राप्त राशि में जोड़ देना चाहिए । शेष पल को इस कारण दुगुना करना बताया है कि शेष में अंश बनाने को ३० से गुणा कर १५ का भाग देने से वही उत्तर आता है जो कि शेष को दुगना कर देने से प्राप्त होता है ।

इस मध्यम प्राणपद में सूर्य जोड़ना है इसका विचार करेंगे। मान लो सायन

रा
सूर्य १–११°–३०′–०″ है (देखो लग्न से इष्ट काल निकालने का चौथा उदाहरण)

रा	रा
सायन सूर्य १–१५°–३०′–०″	सायन लग्न १–२६°–[illegible]′–७″
–अयनांश–०–२२ –४७ –५५	– अयनांश ०–२२ –४७ –५५
निरयन सूर्य=०–२२ –४२ –५	निरयन लग्न= १– ७ – ७ –१२

रा
यहाँ पर निरयन सूर्य ०–१२° है अर्थात् मेष का सूर्य है। मेष चर राशि है। चर राशि होने से इसी सूर्य को मध्यम प्राणपद में जोड़ेंगे।

रा	
मध्यम प्राण पद ८–८°	यहाँ निरयन लग्न के ७° हैं और स्पष्ट प्राणपद में ० अंश है। दोनों में समानता नहीं है। ७° का अंतर पड़ जाता है। १ पल में २° प्राणपद बढ़ता
+ सूर्य ०–२२	
स्पष्ट प्राण पद=९–०	

है। जब अंतर ७° का है तो कितने पल इष्ट में बढ़ाना चाहिए ? = $\frac{७° \text{ अंतर}}{२}$ = ३॥ पल वृद्धि। अंतर अंश में २ का भाग देने से जो पल आयगा उस पल की वृद्धि (बढ़ती) होने से दोनों एक हो जायेंगे। अर्थात् इष्ट और प्राणपद के अंश बराबर हो जायँगे।

इस कारण ३॥ पल के प्राण पद के अंश बनाये। ३॥ पल × २=७° हुए। इसे

रा रा रा
स्पष्ट प्राणपद में जोड़ा। स्पष्ट प्राणपद ९–० था + ० – ७° = ९ – ७° स्पष्ट प्राणपद हुआ।

इष्ट २ घड़ी ४ पल था इसमें ३½ पल की वृद्धि करनी पड़ेगी। २ घ० ४ पल + ३॥ पल=२ घ० ७॥ प० यह परिवर्द्धित शुद्ध इष्ट काल हुआ। इस शुद्ध इष्ट काल २ घ० ७॥ प० पर से लग्न शोधन की जाये तो शुद्ध लग्न आयगी।

अब परिवर्द्धित शुद्ध इष्ट काल २ घ० ७॥ प० पर से लग्न साधन करते हैं।

रा	सूर्य भोग्यांश वृष
सा० सूर्य १–१५°–३०′–०″	$\frac{१४°–३०′ × २५८}{३०}$
सूर्य भोग्यांश १४–३०–० वृष	= $\frac{३७४१–०}{३०}$

वृष स्वोदय = २५८ पल

घ० प० पल० वि०

इष्ट २ – ७॥ = १२७–३०

= १२४–४२ वृष भोग्य पलः

इष्ट पल–वि०
१२७–३०
वृष भोग्य १२४–४२
शेष २–४८

मिथुन ३०६ अशुद्ध

३०)३७४१(१२४
३०
७४
६०
१४१
१२०
२१
×२
४२ पल

१४–३०–०
×२५८
१०३२ | ७७४०|०
२५८
३६१२| =०
+१२६|
३७४१|

शेष इष्ट

$$\frac{(२–४८) \times ३०}{३०६ \text{ मिथुन}} = \frac{८४–०}{३०६}$$

=०°–१६′–२८″
रा मिथुन

= भोग्य पल १२४–४२ वृष

३०६)८४–०(०
×६० अंश
३०६)५०४०(१६′
३०६
१९८०
१८३६
१४४×६०
३०६)८६४०(२८″
६१२
२५२०
२४४८
७२

=०°–१६′–२८″
मिथुन

२–३८
×३०
२४–०
६०
८४–०

∴ सायन लग्न २–०–१६–२८″
– अयनांश २२–४७–५५ घटाया
∴ निरयन लग्न=१–७–२८–३३

घ० प०
इष्ट २–७″ का प्राणपद निकालते हैं।

२ घड़ी=२×४=८ राशि

७॥ पल=७॥×२=१५ अंश
रा

=मध्यम प्राणपद ८–१५°
+ निरयन सूर्य ०–२२
स्पष्ट प्राण पद =९–७

यहाँ प्राणपद के भी ७° आ गये और लग्न के भी ७° आ गये इस कारण इष्ट घ० प० २–७॥ को शुद्ध समझना चाहिए। यदि मध्यम प्राणपद में सायन सूर्य जोड़ा जाता तो उससे बना स्पष्ट प्राणपद के अंश और सायन लग्न के अंश मिलने चाहिए।

(२) दूसरा उदाहरण

		ra
इष्ट काल	१५ घड़ी=१५ × ४=६० राशि ÷ १२	=०– ०–०′
घ० प० वि०	५१ पल=५१ × २=१०२ अंश ÷ ३०	=३–१२–०
१५–५१–४२॥	४२ विपल=४२ × २=८४ कला ÷ ६०	=०– १–२४
रा	½ विपल=½ × २=१ कला	=०– ०–१

निरयन सूर्य ११–५°–४०′–४५″ मध्यम प्राण पद=३–१३–२५

निरयन लग्न २–२०–१९–१६ (देखो लग्न साधन का पहिला उदाहरण)



यहां सूर्य मीन राशि का है। मीन द्विस्वभाव राशि है। सूर्य चर नहीं है इससे देखना पड़ेगा कि सूर्य के त्रिकोण में कौन-कौन राशियाँ हैं। उनमें जो चर राशि होगी उसी राशि का सूर्य मानना पड़ेगा। और वर्तमान में जो सूर्य के अंश हैं उसी सूर्य के अंशादि समझे जायेंगे। इस प्रकार जो सूर्य की राशि अंश निकले मध्यम प्राणपद में उसे जोड़ कर स्पष्ट प्राणपद के अंश बनाने होंगे।

यहां सूर्य मीन का है वह द्विस्वभाव है इससे त्रिकोण में पंचम कर्क चर राशि और नवम में वृश्चिक स्थिर राशि है। इन दोनों में कर्क चर राशि है उसे ही लिया।

रा

इस कारण अपना सूर्य इसी कर्क राशि का समझना। निरयन सूर्य ११–५°–३०′–४५″ है अर्थात् सूर्य के ५° हैं तो कर्क राशि के सूर्य के ५° समझे जावेंगे। कर्क के ५° अर्थात् रा०

३–५ सूर्य हुआ।

रा

मध्यम प्राणपद ३–१३°–२५′

सूर्य . . . + ३– ५

∴ स्पष्ट प्राणपद = ६–१८–२५ हुई

निरयन लग्न = २–२०–१९ है

यहाँ स्पष्ट प्राणपद के १८° हैं और लग्न के २०° हैं इस कारण २ अंश का अंतर पड़ता है

यदि एकाध अंश का अंतर पड़ता हो और मध्यम प्राणपद में अंश के अतिरिक्त कला भी हो और सूर्य की भी कला हो, तो जोड़ने में कला का भी विचार करने से

कलाओं का योग मिलकर १ अंश हो जाता है और अंश की पूर्ति हो जाती है परन्तु यहां २° का अंतर है २°÷२= ० पल का अंतर इष्ट में कर देने से प्राणपद और लग्न के अंश बराबर हो जायंगे।

घ० प० वि०
प्राणपद के लिये—इष्ट १५–५१–४२॥
१ पल बढ़ाया + १
= परिवर्तित इष्ट = १५–५२–४२॥

रा–०।
१५ घड़ी=१५ × ४=६०=०–०–०
५२ पल=५२ × २=१०४°=३–१४–०
४२॥ वि०=४२॥ × २=८५′=०–१–२५
∴ मध्यम प्राणपद = ३–१५–२५

रा
मध्यम प्राणपद = ३–१५°–२५′
+सूर्य ३– ५
= स्पष्ट प्राणपद = ६–२०–२५

यहां पर लग्न के अनुसार प्राणपद २०°
घ०प०वि०
हैं तो इष्ट १५–५२–४२॥ समझना

प्राणपद जिस राशि के जिस अंश पर है वह प्राणपद का स्पष्ट कहलाया। ग्रह स्पष्ट के साथ प्राणपद स्पष्ट भी लिख देना चाहिए। प्राणपद जिस राशि में हो लग्न कुंडली में उसी राशि पर ग्रह के सदृश कई लोग लिख देते हैं। इस उदारण में प्राणपद
रा
६–२०°–२५″ है तो तुला राशि में प्राणपद होने से लग्न कुंडली में तुला राशि में प्राणपद लिखा जायगा।

गुलिक

जिस प्रकार प्राणपद से इष्ट शुद्ध किया जाता है उसी प्रकार गुलिक से भी लग्न को शुद्धता जाँची जाती है।

गुलिक और प्राणपद का उपयोग।

गुलिक या प्राणपद के स्थान से १, ३, ५, ७ ९, ११ वे स्थान में लग्न होती हैं और उसी लग्न में मनुष्य का जन्म समझना।
लग्न शुद्ध है या नहीं यह ३ प्रकार से देखो जाती है।

(१) प्राणपद, (२) गुलिक और (३) जन्म काल के चंद्र पर से लग्न की शुद्धता देखना। यदि दो प्रकार से न मिले तो गुलिक से देखना। अधिकतर प्राणपद से देखना। चंद्र से लग्न का मिलान करना पहिले इसी अध्याय की तीसरी रीति में दे चुके हैं। गुलिक साधन करना आगे बताया है।

गुलिक साधन (मांद्य)

गुलिक का दूसरा नाम मांद्य भी है। प्रत्येक दिन वारेश से गिनने पर इस प्रकार गुलिक होता है।।

	वार	रविवार	चंद्रवार	मंगल	बुध	गुरु०	शुक्र०	शनि०
गुलिक	दिन में	७	६	५	४	३	२	१
ध्रुवांक	रात्रि में	३	२	१	७	६	५	४

वारेश से क्रमानुसार गणना करने पर शनि जिस खंड का स्वामी होगा वही खंड उस दिन का गुलिक होगा।

वारेश = जो वार हो उसका स्वामी ग्रह।

रविवार से शनिवार तक गुलिक इस प्रकार होता है

(१) दिन में = $\frac{\text{उस दिन का दिनमान}}{८}$ = दिनमान का ८ भाग करने पर ८ खंड होंगे तो

(१) प्रथम खंड का स्वामी वारेश होगा अर्थात् जो वार होगा उसी का स्वामी वारेश होगा।

(२) अष्टम खंड बिना स्वामी के होगा।

यही ऊपर चक्र में समझाया गया है। जैसे इतवार को सप्तम खंड दिन में गुलिक होगा। इसी प्रकार सोमवार को छठा, मंगल को पाँचवाँ, बुध को चतुर्थ खंड इत्यादि प्रकार से दिन में गुलिक होता है।

(२) रात्रि में = $\frac{\text{रात्रिमान}}{८}$

प्रथम खंड का स्वामी, वारेश से पंचम होगा वहाँ से गणना करने पर शनि जिस खंड में पड़ेगा रात्रि को वही गुलिक होगा।

जैसे रविवार की रात्रि को तीसरा खंड गुलिक होगा, सोमवार को रात्रि में दूसरा खंड, मंगल को रात्रि में पहिला खंड इत्यादि चक्र के प्रमाण से गुलिक होगा।

इन खंडों के नाम इस प्रकार भी हैं

शनि खंड	गुरु खंड	भौम खंड	सूर्यखंड	बुधखंड
गुलिक या मांद्य	यम घंट	मृत्यु	काल	अर्द्ध प्रहर

इन सब बातों को समझाने के लिये नीचे चक्र दिया है। दिनमान या रात्रिमान का समान भाग करने से १ भाग का १ खंड होता है। किस खंड का कौन स्वामी होता है क्रमानुसार नीचे चक्र में बताया है।

दिन खंड

दिनमान ÷ ८ = ८ खंड

दिन खंड	रविवार	सोम०	मंगल०	बुध०	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
१	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि*
२	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि*	रवि
३	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि*	रवि	चंद्र
४	बुध	गुरु	शुक्र	शनि*	रवि	चंद्र	मंगल
५	गुरु	शुक्र	शनि*	रवि	चंद्र	मंगल	बुध
६	शुक्र	शनि*	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु
७	शनि*	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र
८	×	×	×	×	×	×	×
वारेश १	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
रात्रि स्वामी वारेश से पंचम	गुरु	शुक्र	शनि*	रवि	चंद्र	मंगल	बुध

खंड स्वामी—दिन या रात्रि के ८–८ खंड होते हैं। दिन खंड और रात्रि खंड के पृथक २ चक्र दिये हैं जिनमें बताया है कि किस खंड का स्वामी कौन ग्रह होता है। जैसे दिन में प्रथम खंड का स्वामी रवि, दूसरे का स्वा० चंद्र, तीसरे का स्वामी मंगल इत्यादि चक्रानुसार होगा। इसी प्रकार और सब ग्रहों का दिन या रात्रि के चक्र के अनुसार खंड स्वामी समझना।

रात्रि खण्ड

रात्रिमान ÷ ८ = रात्रिखंड

रात्रि खंड	रवि वार	चंद्र वार	मंगल	बुध०	गुरु वार	शुक्रवार	शनिवार
१	गुरु	शुक्र	शनि*	रवि	चंद्र	मंगल	बुध
२	शुक्र	शनि*	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु
३	शनि*	रबि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र
४	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि*
५	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि*	रवि
६	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि*	रवि	चंद्र
७	बुध	गुरु	शुक्र	शनि*	रवि	चंद्र	मंगल
८	×	×	×	×	×	+	×

*बार का स्वामी = दिन में पहिले खंड का स्वामी जो ग्रह होगा वही वारेश कहलायेगा चाहे दिन हो चाहे रात हो।

गुलिक = दिन या रात्रि चक्रमें जहाँ-जहाँ शनि दिया है वही गुलिक है जहां तारा का चिन्ह बना दिया गया है। जैसे दिन रविवार को सप्तम खंड में, सोमवार को छठे, मंगल को पांचवें, बुध को चौथे, गुरु को तीसरे, शुक्र को दूसरे और शनि को पहिले खंड में गुलिक दिन को रहता है :

इसी प्रकार रात्रि को रवि को तीसरे खंड में, सोमवार को दूसरे खंड में इत्यादि रात्रि खंड चक्र के अनुसार समझ लेना।

निस्वामी = अष्टम खंड का कोई स्वामी नहीं होता।

रात्रि को देखना है तो देखो उस दिन के वारेश से पांचवाँ ग्रह कौन होता है, वही रात्रि के पहिले खंड का स्वामी होगा जैसे ऊपर चक्र में बना दिया गया है।

जैसे दिन में रविवार को वारेश रवि है, रवि से पांचवां गुरु होता है तो गुरु रात्रि के प्रथम खंड का स्वामी हुआ। सोमवार को वारेश चंद्र से पांचवां शुक्र होता है तो उस दिन (सोमवार को) रात्रि में प्रथम खंड का स्वामी शुक्र होगा इत्यादि चक्र के अनुसार समझ लेना। रात्रि में दिन के पंचम खंड को पहिला खंड गिनते हुए देखो शनि किस खंड में पड़ता है, जहां-जहाँ शनि पड़े वहाँ-वहाँ गुलिक खंड समझना।

दिन या रात्रि में गुलिक का समय जानने के लिये उस दिन के दिनमान या रात्रि मान में ८ का भाग देने से जो घड़ी पल प्राप्त होगी वही १ खंड का प्रमाण घड़ी पल में समझना। उपरांत देखना चाहिए कि किस घड़ी पल तक गुलिक (शनि खंड) पड़ता है।

जैसे शनि खंड को गुलिक कहते हैं उसी प्रकार गुरु खंड को यमघंट, भौम खंड को मृत्यु, सूर्य खंड को काल और बुध खंड को अर्द्ध प्रहर कहते हैं। दिन या रात्रि में इन में से जो ग्रह जिस खंड में पड़ता है उस खंड का नाम उसी ग्रह के अनुसार पड़ जाता है जैसे किसी खंड में मंगल पड़ा हो तो चाहे रात हो या दिन उस खंड को मृत्यु खंड कहेंगे।

गुलिक इष्ट साधन

$$\frac{\text{दिनमान}}{८} \times \text{ध्रुवांक} = \text{सूर्योदय से गुलिक इष्ट}$$

$$\frac{\text{रात्रिमान}}{८} \times \text{ध्रुवांक} + \text{दिनमान} = \text{गुलिक इष्ट}$$

गुलिक ध्रुवांक	वार	रविवार	सोमवार	मंगल	बुध	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
	दिन का	७	६	५	४	३	३	१
	रात का	३	२	१	७	६	५	५

दिन में दिन का रात्रि में रात्रि का ध्रुवांक लेना ।

उदाहरण—दिनमान २९–५३–२५ जन्म दिन मंगलवार इष्ट १५–५१–४२॥ जन्म दिन का है । गुलिक साधन करना है ।

मंगलवार को दिन का ध्रुवांक ५ है । अर्थात् मंगलवार के वारेश मंगल से पाँचवें खंड का स्वामी गुलिक (शनि) है जैसा ऊपर चक्र में दिया है ।

दिनमान

$$\frac{२९–५३–२५}{८} \times \frac{\text{ध्रुवांक}}{५} = \frac{२९–५३–२५}{८} \times \frac{५}{१} = \frac{१४९–२७–५}{८}$$

घ० प० वि०

= १८–४०–५३ = गुलिक इष्टः

२९–५३–२५
× ५
१४५ | २६५ | १२५
१४५ | २६५ | १२५ ÷ ६०
+ ४ | + २ | = ५
१४९ | २६७
= २७
= १४९–२७–५
घ० प० वि०

∴ गुलिक इष्ट १८–७०–५३
अर्थात् पांचवें खंड में
इतने इष्ट तक गुलिक खंड रहेगा ।

८) १४९–२७–५ (१८
८ घड़ी
६९
६४
५ × ६०
३०० + २७
८) ३२७ (४०
३२ पल.
७ × ६०
४२० + ५
८) ४२५ (५३
४० वि०.
२५
२४
१

अब इसको इस प्रकार समझेंगे कि:—

घ० प० वि०

$$\text{दिनमान } \frac{२९–५३–२५}{८} = ३–४४–१० \text{ तक प्रथम खंड हुआ}$$

मंगलवार को पाँचवां खंड गुलिक का है इस प्रथम खंड में पांच का गुणा किया तो वही गुलिक इष्ट आ जाता है ।

(२) अब मंगलवार के रात्रि का गुलिक साधन करते हैं।

मंगलवार को रात्रि का ध्रुवांक १ है।

शेष $\dfrac{\text{२९–५३–२५ दिनमान}}{\text{३०– ६–३५=रात्रिमान}}$ | $\left(\dfrac{\text{रात्रिमान (३०–६–३५}}{\text{८}} \times \dfrac{\text{ध्रुवांक)}}{\text{१)}}\right) + \dfrac{\text{दिनमान}}{\text{२९–५३–२५}}$

८)३०–६–३५(३ घड़ी
२४
६ × ६०
३६० + ६
८)३६६(४५ पल
३२
४६
४०
६ × ६०
३६० + ३५
८)३९५(४९ वि०
३२
७५
७२
३

$= \dfrac{\text{३०–६–३५}}{\text{८}}$ + २९–५३–३५

= (३–४५–४९) + (२९–५३–२५)

= ३३–३९–१४ रात्रि का गुलिक इष्ट

अर्थात् सूर्योदय से इष्ट ३३–३९–१४ तक रात्रि को गुलिक खंड रहेगा।

गुलिक लग्न साधन

दिन का इष्ट १५–५१–४२॥ है इस कारण दिन का गुलिक इष्ट उपयोगी होगा। गणित से दिन का गुलिक इष्ट १८–४०–५३ (घ. प. वि०) निकाल चुके हैं। इसी गुलिक इष्ट को इष्ट काल मान कर गुलिक इष्ट कालीन (गुलिक इष्ट काल तक का) सूर्य स्पष्ट कर लेना चाहिए, क्यों कि तात्कालिक सूर्य पर से गुलिक लग्न साधन होती है।

गुलिक इष्ट काल १८–४०–५३ का सूर्य स्पष्ट करना है। उस दिन प्रातः रवि (रा)
११–५°–२४′–५९″ और गति ५९–३९ हैं (देखो लग्न साधन करने का पहिला उदाहरण)

घ० प० वि०

इष्ट १८–४०–५३

× ५९–३९

			३४	२७
		२६	०	
	११	४२		
		५२	७	
	३९	२०		
१७	४२			
१७	९२	१४०	४१	२७
+१	+२	=२०	=४१	=२७
१८	९४			
	=३४			

= १८′–३४″ चालन +

गुणनफल चक्र द्वारा गुणा किया है।

भोग्यांश स्वोदय

$$\frac{१–२८–३२ \times २२८}{३१} = \frac{३३६–२५–३६}{३०}$$

प० वि०

= ११–१२–५१ भोग्य पल मीन

= ११–१३

भोग्यांश १–२८–३२

× २२८

२२८	१८२४	४५६
	४५६	६८४
२२८	६३८४	७२९६ ÷ ६०
+ १०८	+ १२१	= ३६
३३६	६५०५	
	= २५	

= ३३६–२५–३६

रा

प्रातः रवि स्पष्ट–११–५°–२४′–५९″

चालन + १८–३४

= सूर्य स्पष्ट = ११–५ –४३ –३३

+ अयनांश = २२–४७–५५

= सायन सूर्य = ११–२८–३१–२८

रा

तात्कालिक सा० सू०=११–२८°–३१′–२८″

∴ भोग्यांश मीन = १°–२८′–३२″

मीन स्वोदय = २२८

गुलिक इष्ट

१८–४०–५३

× ६०

१०८० + ४० पल

पल

= ११२०–५३

पल वि०

गुलिक इष्ट–११२०–५३

भोग्य मीन –११–१३

११०९–४०

मेष— २२८

८८१–४०

वृष— २५८

६२३–४०

मिथुन— ३०६

३१७–४०

कर्क— ३४० अशुद्ध

$$\therefore \frac{\left(\begin{array}{c}\text{शेष इष्ट}\\ ३१७–४०\end{array}\right)}{३४०\text{कर्क}} \times \frac{३०}{} = \frac{९५३०–०}{३४०}$$

= २८°–१′–४५″ कर्क

३०) ३३६–२५–३६ (११
 ३० पल
 ३६
 ३०
 ६–२५–३६
 ×२
 १२–५१–१२
 = ११–१२–५१
 = ११–१३ भोग्य पल मीन

 रा
सायन गुलिक लग्न ३–२८°–१′–४५″
– अयनांश ०–२२–४७–५५
निरयन गुलिक लग्न ३–५–१३–५०
∴ निरयन गुलिक लग्न स्पष्ट
 रा
 = ३–५°–१३′–५०″

 रा
 = ३–२८°–१′–४५″
 सायन लग्न
 ३१७–४०
 ×३०
 २०–०
 ९५१०
३४०) ९५३०–० (२८
 ६८०
 २७३०
 २७२०
 १०×६०
३४०) ६०० (१′
 ३४०
 २६०×६०
३४०) १५६०० (४५″
 १३६०
 २०००
 १७००
 ३००
 = २८°–१′–४५″ कर्क

यहाँ गुलिक लग्न कर्क ५°–१३′–५०″ आई है। यह लग्न सिंह नवांश में है। नवांश आगे वर्ग साधन प्रकरण में बताया गया है।

राशि के नवें भाग का एक नवांश होता है १, ५, ९ राशि का मेष से, २, ६, १० का मकर से, ३, ७, ११ का तुला से और ४, ८, १२ राशियों का कर्क से पहिला नवांश गिना जाता है। उसके आगे क्रमानुसार राशियों का नवांश प्रत्येक ३′–२०″ का होता है। यहाँ कर्क के दूसरे नवांश में सिंह राशि आती है। इस प्रकार कर्क गुलिक लग्न में सिंह का नवांश हुआ। प्राणपद ६–२०–२५ है। तुला के २०°–२५′ में मेष का नवांश आता है इस से प्राणपद तुला के नवांश में हुआ।



यहाँ गुलिक लग्न कर्क आई है। जन्म लग्न मिथुन है। गुलिक से जन्म लग्न बारहवीं है इस विचार से तो नहीं मिलता। क्योंकि पहिले बता चुके हैं कि गुलिक या प्राणपद स्थान से १, ३, ५, ७, ९, ११ वें भाव में या प्राणपद के नवांश से ५, ७, ९, वें भाव में लग्न होती है और उस लग्न में मनुष्यका जन्म होता है।

प्राणपद से देखा, प्राणपद से नवम, स्थान में लग्न है और चन्द्र के विचार से चंद्र से पांचवें लग्न है तो दोनों प्रकार से ठीक लग्न जंचती है।

जिस प्रकार दिन का गुलिक इष्ट से लग्न साधन किया है उसी प्रकार रात्रि के गुलिक इष्ट को इष्ट मान कर लग्न निकालने से रात्रि का गुलिक लग्न साधन होता है।

लग्न शोधन की अन्य रीति

लग्न में जब संदेह हो और दिन का जन्म हो तो एक और रीति है जिस से शंका निवारण हो सकती है।

विशेष समय की लग्न पुरुष है या स्त्री यह पुरुष घटी से पता चलता है। पुरुष घटी से प्राप्त लग्न को पुरुष और आगे की लग्न स्त्री मान कर इष्ट लग्न को देखो वह स्त्री या पुरुष आती है। पुरुष के जन्म में लग्न पुरुष आना चाहिए। स्त्री के जन्म में स्त्री लग्न होती है। इस से यह भी जान सकते हैं कुंडली पुरुष की है या स्त्री की है।

पुरुष घटी साधन

दिन	इतवार	सोम०	मंगल	बुध	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
पुरुष घटी	२ री	६ वीं	१० वीं	१४ वीं	१८ वीं	२२ वीं	२६ वीं

इन दिनों का जन्म हो तो सूर्योदय से इतनी घड़ी पुरुष लग्न मानी जाती है अर्थात् उस घड़ी पर जो लग्न आये उसे पुरुष लग्न मानना।

इस के लिये स्थानिक राशियों का स्वोदय लेना। और जन्म के दिन सूर्यमास की इष्ट तिथि और उस सूर्यमास के पूरे दिन लेना।

रीतिः—

(सूर्योदय पर जो सूर्य की राशि हो उसका स्वोदय) × (सूर्य मास की गत तिथि) ÷ (उस सूर्य मास के पूरे दिन) = सूर्य राशि की भुक्तिके घड़ी पल

(सूर्य राशि का स्वोदय घटी) — (सूर्य राशि की भुक्त घटी) = शेष सूर्य राशि की भोग्य घटी पल

जन्म दिन की पुरुष घटी में प्राप्त भोग्य घटी और उस के आगे की राशियों का स्वोदय घटाते जाना। जिसका स्वोदय नहीं घटे वह राशि पुरुष राशि मानी गई। उसके आगे की राशि स्त्री राशी होगी।

अब गणित से जो लग्न प्राप्त हुई है वह क्रम से विचार कर देखो पुरुष है या स्त्री। पुरुष के जन्म में वह पुरुष राशि आनी चाहिये।

उदाहरण—मान लो किसी का जन्म मंगलवार का है। इस दिन की पुरुष घटी निकालनी है। मान लो उस दिन मीन के सूर्य हैं। मीन संक्रांति के बाद ६ दिन गत हुए हैं तो सूर्य मास की तिथि ६ हुई। मीन संक्राति खतम होने तक दिन गिने तो मीन संक्रांति में ३० दिन निकले। तो वह सूर्य मास ३० दिन का हुआ।

स्वोदय नरसिंहपुर का		घ०-प०
मेष	मीन	३-४८
वृष	कुंभ	४-१८
मिथुन	मकर	५-६
कर्क	धन	५-४०
सिंह	वृश्चिक	५-३६
कन्या	तुला	५-२९

मीन स्वोदय ३-४८ (३-४८)×६ / ३० = २२-१८ / ३०

गत सू० ति० × ६

३०) २२-१८ (० = ०-४४-३६

पूर्ण तिथि × २ = ०-४५ घटी

४४-३६ मीन भुक्त

=भुक्त मीन ०-४४-३६ = ०-४५ घड़ी

मीन स्वोदय पूरा ३-४८

" भुक्त ०-४५

शेष भोग्य = ३-३

मंगलवार को घ० प०

षपुरु घटी — १०-०

मीन भोग्य — ३-३

६-५०

मेष — ३-४८

३-२

वृष — ४-१८ नहीं घटा तो

वृष पुरुष लग्न हुई

पुरुष-स्त्री

वृष-मिथुन

कर्क-सिंह

कन्या-तुला

इत्यादि। इस प्रकार इष्ट लग्न देखना क्या आई। मान लो किसी का जन्म लग्न कर्क आता है और वह पुरुष है यहाँ वृष पुरुष, मिथुन कन्या आई फिर कर्क लग्न पुरुष हुई तो समझना कि लग्न ठीक है।

जब शंका हो और दिन का जन्म हो तब ही इस रीति से विचार करना अन्यथा नहीं।

मांध इष्ट साधन

जन्म का वार	इतवार	सोमवार	मंगल	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
मांध ध्रुवांक	२६	२२	१८	१४	१०	६	२

मांद्यघटी = (दिनमान × ध्रुवांक) ÷ ३०

इससे लग्न स्पष्ट की रीति से मांद्य लग्न स्पष्ट करना।

उदाहरण—मान लो दिनमान २९–५३–२५ है। मंगल का जन्म है। मंगल का ध्रुवांक १८ है। दिनमान में १८ का गुणाकर ३० का भाग देने से मांद्यघटी निकलेगी।

दिनमान २९–५३–२५
× १८ मंगल

	७	३०
१५	५४	
५२२		
५३८	१	३०

३०) ५३८–१–३० (१७ घटी
३०
२३८ घ. प. वि.
२१० = १७–५६–३
२८–१–३० मांद्य घटी
× २ = मांद्य इष्ट
५६–३–०

मांद्य लग्न साधन

रा
मान लो जन्म का प्रातः रवि ११–५°–२४′–५९″
गति ५९′–३९″ है
मांद्य इष्टकाल का सूर्य स्पष्ट करना है।

मांद्य १७–५६–३
× ५९–३९

			१	५७
		३६	२४	
	११	३		
		२	५७	
	५५	४		
१६	४३			
१७	४९	४६	२२	५७

= १७′–४९″–४६
= १७′–५०″ चालन +

रा
सायन सूर्य ११–२८°–३०′–४४″
भोग्यांश मीन १–२९–१६
मीन स्वोदय २२८

भोग्यांश स्वोदय

$$\frac{१–२९–१६ \times २२८}{पल\ ३०} = \frac{३३९\text{-}१२\text{-}४८}{३०}$$

= ११–१८–२५ भोग्य मीन

१–२९–१६
× २२८

२२८	२०५२	१३६८
	४५६	२२८
२२८	६६१२	३६४८ ÷ ६०
+ १११	+ ६०	= ४८
३३९	६६७२	
	= १२	

३०) ३३९–१२–४८ (११ पल
३० पल वि.
३९ = ११–१८–२५–
३० भोग्य पल मीन ।
९–१२–४७
× २
१८–२५–३६
मांद्य इष्ट १७–५६–३
× ६०
१०२० + ५६
= १०७६–३ पल
इष्ट = १०७६–३
मीन भोग्य = ११–१८–२५
१०६४–४४–३५
– मेष –२२८
८३६
वृष – २५८
५७८
मिथुन – ३०६
२७२–४४–३५
कर्क – ३४० अशुद्ध
शेष इष्ट

$$\frac{२७२–४४–३५ \times ३०}{३४० \text{ कर्क}}$$

$$= \frac{८१८९–१७–३०}{३४०}$$

= २४°–५′–१०″ कर्क
सायन लग्न

रा
प्रातः सूर्य ११–५°–२४′–५९″
+ चालन १७–५०
∴ स्पष्ट सूर्य = ११–५–४२–४९
+ अयनांश २२–४७–५५
= सायन सूर्य ११–२८–३०–४४

३४०) ८१८२-१७-३० (२४°
६८०
१३८२
१३६०
२२ × ६०
१३२० + १७
३४०) १३३७ (३′
१०२०
३१७ × ६०
१९०२०
+ ३०
३४०) १९०५० (५६′
१७००
२०५०
२०४०
१०

२७२-४४-३५
× ३०
१७–३०
२२–०
८१६०
८१८२–१७–३०
= कर्क २४°-३′-५६″
रा
= ३-२४°-३′-५६″
सायन लग्न

सायन लग्न – ३–२४°–३′–५६″
– अयनांश – २२–४७–५५
३–१–१६–१
रा
∴ मांद्य लग्न स्पष्ट = ३–१°–१६′–१″

होरा लग्न साधन

(१) इष्ट घड़ी के पल बनालो

पलात्मक इष्ट घड़ी ÷ ५ = लब्धि अंशादि । इसके राशि आदि बनालो ।

जन्म लग्न विषम हो तो = जन्म का सूर्य + उपरोक्त लब्धि = होरा लग्न

,, ,, सम ,, ,, लग्न + ,, ,, = ,, ,,

घ० प० वि   प० वि०

उदाहरण—मान लो इष्ट १५–५१–४२॥ है

×६०

९००+५१

= ९५१–४२॥

$\frac{९५१–४२॥}{५} = १९०°–२०'–३०''$

रा

= ६–१०°–२०'–३०'' लब्धि

रा

लग्न २–१०°–११'–५३'' = लग्न विषम

सूर्य ११–५–४०–४५

+ लब्धि ६–१०–२०–३०

१७–१६–१–१५

= ५–१६–१–१५ होरा लग्न

५) ९५१–४२–३० (१९० अंश
५
४५
४५
१ × ६० + ४२
५) १०२ (२०'
१०
२ × ६०
१२० + ३०
५) १५० (३०
१५
०

(२) दूसरी रीति

इष्ट घटी × $\frac{२}{५}$ = लब्धि राशि अंशादि

जन्म लग्न विषम हो तो = सूर्य स्पष्ट + लब्धि = होरा लग्न

,, ,, सम ,, = जन्म लग्न + लब्धि = ,, ,,

उदाहरण   = लब्धि

रा–अं

६–१०–२०'–३०''

लग्न विषम है तो इसे सूर्य में जोड़ा

रा

सूर्य–११–५°–४०–४५''

+ लब्धि– ६–१०–२०–३०

= १७–१६– १–१५

= ५–१६– १–१५ होरा लग्न

घ० प० वि०
इष्ट १५–५१–४२॥
×२
५) ३१–४३–२५ (६ राशि
३०
१–४३–२५
×३०
१२–३०
२१–३०
३०
५) ५१–४२–३० (१० अंश
५
१×६०
६०+४२
५) १०२ (२०′
१०
२×६०
१२०+३०
५) १५० (३०″
१५

इस में ५ का भाग देने की विशेष रीति है। क्योंकि केवल ६० ही ६० का हिसाब होता तो साधारण प्रकार से भाग होता परन्तु यहाँ राशि के अंश बनाने को ३० का गुणा करना पड़ता है शेष पूरी संख्या घड़ी पल आदि में ३० का गुणा कर ५ का भाग देना चाहिए। इस के आगे ६० का हिसाब होने से साधारण प्रकार से गुणा भाग करना। इस दूसरी रीति में गणित क्रिया कुछ अड़चन की प्रतीत होती है। इस कारण पहिली ही रीति से होरा लग्न निकालना।

—:०:—

अध्याय १२

भाव साधन

ग्रहों की ठीक-ठीक स्थिति किस भाव में किस प्रकार है इसके स्पष्टीकरण के लिये भाव साधन की आवश्यकता होती है। जैसे लग्न साधन किया है उसी प्रकार भाव का भी साधन किया जाता है।

लग्न साधन करने के उपरांत दशम साधन करना पड़ता है। दशम भाव साधना

कर लेने से इतर शेष भाव सरलता से स्पष्ट हो जाते हैं। इस कारण दशम भाव साधन करना बड़ा महत्त्व का है।

बिना भाव स्पष्ट किये ग्रहों की ठीक स्थिति भाव में न जान सकने के कारण ग्रहों का प्रत्यक्ष फल प्रगट नहीं हो सकता। ग्रहों का किसी विशेष भाव में वह फल होगा या नहीं या कितना फल वह ग्रह देगा, बिना भाव स्पष्ट किये नहीं जाना जा सकता। इस कारण भाव स्पष्ट करना आवश्यक है।

दशम साधन

दशम भावसाधन को क्रिया को दशम साधन कहते हैं। दशम भाव साधन करना आगे बताया जायगा।

दशम साधन करने में सब क्रिया लग्नवत् (लग्न साधन सरीखी) करनी पड़ती है। लग्न साधन और दशम साधन की रीति में केवल इस प्रकार अंतर है —

(१) लग्न साधन में इष्ट काल पर से लग्न साधन करना पड़ता है परन्तु दशम साधन करने में नत काल बनाकर नत को ही इष्टकाल मान कर दशम साधन करते हैं।

(२) लग्न साधन करने में राशियों के स्थानिक उदयकाल (स्वोदय) के अनुसार इष्ट में से स्वोदय घटाना पड़ता है। परन्तु दशम साधन में स्वोदय का कोई उपयोग नहीं होता। स्वोदय के स्थान में लंकोदय का उपयोग होता है। इन्हीं लंकोदय के पल को नतकाल में से घटाकर दशम साधन करते हैं।

शेष क्रिया लग्न के समान है।

इस कारण दशम साधन करने के लिये पहिले नत साधन कर लेना चाहिए।

नत साधन

नत = मध्याह्न रेखा से इष्ट के अंतर को नत कहते हैं।
नत = meridian distance
मध्याह्न रेखा = दशमस्थान, सिर के ऊपर का स्थान, = दोपहर।
नत २ प्रकार का होता है।
(१) पूर्वनत = मध्याह्न के पहिले का नत।
(२) पश्चिम नत = मध्याह्न के पश्चात् का नत।

पूर्वनत = मध्याह्न रेखा के इसी पार अर्थात् अर्द्ध रात्रि से मध्याह्न तक का इष्ट हो तो पूर्व नत होता है।

पश्चिम नत = मध्याह्न के उस पार अर्द्ध रात्रि तक इष्ट हो तो पश्चिम नत होता है।

इन दोनों प्रकार के नतों को चित्र संख्या ५ में देखने से समझ में आ जायगा।



नत दर्शक
चित्र संख्या
५



उन्नत दर्शक
चित्र संख्या
६

इस चित्र में इकहरे लकीर वाले तीर पूर्व नत दर्शक हैं और दुहरी लकीर वाले तीर पश्चिम नतदर्शक हैं। ये मध्यान्ह से आरम्भ होकर अर्द्ध रात्रि के स्थान में अंत होते हैं।

मध्याह्न से अर्द्ध रात्रि के समय में सदा ३० घड़ी का अंतर रहता है क्योंकि पूरा दिन मान ६० घड़ी का होता है।

उन्नत अर्द्ध रात्रि के स्थान से मध्याह्न तक गिना जाता है। देखो चित्र संख्या ६।

पूर्व उन्नत = अर्द्ध रात्रि से मध्याह्न तक इष्ट हो तो पूर्व उन्नत होता है।

पश्चिम ,, = मध्याह्न से अर्द्ध रात्रि तक इष्ट हो तो अर्द्ध रात्रि से अस्त स्थान पर से होते हुए जो अंतर मध्याह्न तक नापा जाता है उसे पश्चिम उन्नत कहते हैं।

चित्र संख्या ६ में इकहरे लकीर के तीर द्वारा पूर्व उन्नत की गति बताई है और दुहरी लकीर के तीर द्वारा पश्चिम उन्नत की गति बताई गई है।

स्पष्ट रूप से समझने के लिये मध्याह्न से अर्द्ध रात्रि स्थान तक एक रेखा खींच लो। ठीक सिर के ऊपर मध्याह्न होता है उसे दशम स्थान भी कहते हैं। अपने पैर के नीचे अर्द्ध रात्रि का स्थान होता है जिसे चतुर्थ स्थान कहते हैं। इस प्रकार रेखा खींचने से २ विभाग हो जाते हैं। वह विभाग जो लग्न (पूर्व) की ओर पड़ता है पूर्व नत है और जो विभाग अस्त (पश्चिम) की ओर पड़ता है वह पश्चिम नत है।

दिन और रात्रि के कारण प्रत्येक के २ विभाग हो जाते हैं।

(१) दिन में (१) दिवा पूर्व नत = सूर्योदय से मध्याह्न तक।

(२) दिवा पश्चिम नत = मध्याह्न से सूर्यास्त तक।

(२) रात्रि में (१) रात्रि पश्चिम नत = सूर्योदय के उपरांत अर्द्ध रात्रि तक।

(२) रात्रि पूर्व नत = अर्द्ध रात्रि के उपरांत सूर्योदय तक

देखो नत दर्शक चित्र संख्या ५

नत साधन

(१) दिवा पूर्व नत = दिन में मध्याह्न के पूर्व इष्ट काल हो
= (दिनार्द्ध – दिन गत घटी अर्थात् इष्ट)

(२) दिवा पश्चिम नत = दिन में मध्याह्न के पश्चात् इष्ट हो
= (दिनार्द्ध – दिन शेष घटी) या (इष्ट-दिनार्द्ध)

(३) रात्रि पश्चिम नत = रात्रि में मध्य रात्रि के पूर्व का इष्टकाल हो
= (दिनार्द्ध + रात्रि गत घटी) या (इष्ट-दिनार्द्ध)

(४) रात्रि-पूर्व नत = अर्द्ध रात्रि के पश्चात् का इष्ट हो
= (दिनार्द्ध + रात्रि शेष घटी) या (दिनार्द्ध + ६० घड़ी-इष्ट)

सूर्योदय से सूर्य अस्त तक के समय को दिनमान कहते हैं।

दिनमान को आधा करने से दिनार्द्ध होता है। दिनार्द्ध का समय (मध्याह्न) दशम स्थान पर सूर्य आने पर होता है। सूर्योदय से इष्टकाल तक जितना समय होता है उसे इष्ट कहते हैं।

दिन गत घटो = दिन में जो इष्ट हो।

दिन शेष घटो = दिनमान में इष्ट घटाने पर दिनमान का जो समय बचता है।

दिनमान को ६० घड़ो में से घटाने से रात्रिमान होता है। रात्रिमान का आधा रात्रि अर्द्ध होता है।

रात्रि का इष्ट काल हो तो = (इष्ट–दिनमान) = रात्रिगत घटो।

अर्द्ध रात्रि के बाद का इष्ट हो = (६० घड़ीं–इष्ट) = रात्रि शेष घटी।

दशम साधन करने के लिये मध्याह्न से इष्टकाल तक अंतर नाप के उपरोक्त प्रकार से निकाला जाता है। चाहे यह दूरी (अंतर) मध्याह्न से पूर्व की ओर हो चाहे पश्चिम की ओर हो, मध्याह्न से अर्द्ध रात्रि तक जहाँ कहीं भी इसके भीतर इष्टकाल हो उस इष्टकाल तक नापा जाता है।

उदाहरण

(१) पूर्व दिवा नत = दिन में मध्याह्न से पहिले और सूर्योदय के उपरांत जो इष्ट हो वह दिवा पूर्व नत कहलाता है। इसे निकालने के लिये सूर्योदय के उपरांत जितना इष्ट हुआ हो दिनार्द्ध (मध्याह्न काल) में से घटाओ तो मध्याह्न की दूरी इष्टकाल से निकल आयगी। इसी दूरी को पूर्व नत कहते हैं।

घ. प.

मान लो दिनमान ३२–० है। दिनार्द्ध १६–० हुआ। रात्रिमान=(६० घड़ी– दिनमान ३२–०) = २८ घड़ी। रात्रि अर्द्ध १४–० हुई।

यदि अपना इष्ट १० घड़ी है यह इष्ट मध्याह्न (दिनार्द्ध) के पहिले का है तो =(दिनार्द्ध १६–०) – (इष्ट १०–०) = ६ घड़ी शेष रहा। यह ६ घड़ी दिवा पूर्व नत है। इसका अर्थ यह हुआ कि मध्याह्न होने में ६ घड़ी शेष है।

(२) दिवा पश्चिम नत = दिन में मध्याह्न के उपरांत का सूर्यास्त तक का इष्टकाल हो तो दिवा पश्चिम नत होता है। यहाँ देखना चाहिए मध्याह्न से इष्टकाल कितनी दूर है इसके लिये इष्टकाल में से दिनार्द्ध घटा दो तो मध्याह्न की दूरी निकल आयगी।

जैसे इष्ट २० घड़ी है। उपरोक्त दिनार्द्ध १६ घड़ी है तो इष्ट से दिनार्द्ध घटाया (इष्ट – दिनार्द्ध) = ४ घड़ी = यह दिवा पश्चिम नत हुआ अर्थात् मध्याह्न से
२०–०–१६–०
पश्चिम को ४ घड़ी इष्ट आगे चला गया है।

इसको इस प्रकार भी निकाल सकते हैं। इष्टकाल २० घड़ी, दिनमान ३२ घड़ी है तो (दिनमान – इष्ट) = १२ घड़ी दिन की शेष घटी हुई। दिन की शेष घटी
३२–० २०–०
को दिनार्द्ध में से घटा देना (दिनार्द्ध – दिन शेष घटी) = ४ घड़ी। यही पश्चिम नत
१६–० १२–०
हुआ। जिस का अर्थ यह है कि मध्याह्न से इष्टकाल ४ घड़ी आगे दूरी पर चला गया है।

(३) रात्रि पश्चिम नत = सूर्यास्त होने के उपरान्त और अर्द्ध रात्रि के बीच का इष्टकाल हो तो दिनार्द्ध में रात्रि गत घटी जोड़ दो तो पश्चिम की ओर मध्याह्न से इष्टकाल की दूरी निकल आयगी।

जैसे रात्रि का इष्ट काल ४० घड़ी है दिनमान ३२ घड़ी है तो गत रात्रि घटी (इष्ट – दिनमान) घ, प.

४०–०–३२–० = ८–० = रात्रि गत घटी हुई। अर्थात् सूर्यास्त के उपरान्त ८ घड़ी और जाने पर इष्ट मिलता है।

(गत रात्रि घटी + दिनार्द्ध) = २४ घड़ी होता है। यहाँ २४ घड़ी पश्चिम
८–० + १६–०
नत हुआ। इससे प्रगट हुआ कि पश्चिम की ओर मध्याह्न से २४ घड़ी और इष्ट काल गया है अर्थात् मध्याह्न से इष्ट काल की दूरी २४ घड़ी है।

इसे इस प्रकार भी निकाल सकते हैं कि इष्ट में से दिनार्द्ध घटा दो तो रात्रि का पश्चिम नत निकल आयगा।

(इष्ट — दिनार्द्ध)

जैसे ४०–०–१६–० = २४ घटी हुई। यही रात्रि का पश्चिम नत हुआ।

वास्तव में दिवा पश्चिम नत और रात्रि पश्चिम नत निकालने की एक ही रीति है। चाहे दिन का इष्ट हो या रात का इष्ट हो वह पश्चिम नत ही कहलायगा। दोनों एक ही हैं यहाँ केवल समझाने के लिये दिन और रात्रि का भेद करके उदाहरण देकर समझाया है।

(४) रात्रि पूर्वनत = अर्द्ध रात्रि के उपरान्त सूर्योदय तक का इष्ट काल हो तो रात्रि पूर्व नत होता है। दिनार्द्ध में रात्रि की शेष घटी जोड़ दो तो मध्याह्न से पूर्व को ओर इष्ट काल की दूरी निकल आयगी।

जैसे इष्ट ५० घड़ी है। अब रात्रि की शेष घटी निकालनी है अर्थात् रात्रि कितने घटी और बची है यह जानने को ६० घड़ी में से इष्ट घटाने से रात्रि की शेष घड़ी निकल आती हैं (६० घड़ी – इष्ट ५० घड़ी) = १० घड़ी रात्रि शेष रही।

इसे दिनार्द्ध में जोड़ा (१६ दिनार्द्ध + १० रात्रि शेष घड़ा=२६ घटी) यह रात्रि का पूर्व नत हुआ। अर्थात् इष्ट से मध्याह्न २६ घड़ी की दूरी पर है।

अर्द्ध रात्रि के उपरान्त मध्याह्न तक कहीं भी इष्ट हो तो पूर्व नत ही कहलाता है। अपना इष्ट अर्द्ध रात्रि के उपरान्त है इससे पूर्व नत कहलाया।

या (दिनार्द्ध + ६० घड़ी)–इष्ट=पूर्व नत। दिनार्द्ध अल्प होने से $\frac{\text{इष्ट नहीं}}{\text{दिनार्द्ध–इष्ट}}$

घटता इससे ६० जोड़कर इष्टकाल घटाना पड़ता है। जैसे १६–० ५०–०=(१६ + ६०) –५० =(७६–५०)=२६ घटी पूर्व नत हुआ।

नत के मुख्य २ ही भेद हैं पूर्व नत और पश्चिम नत, जिनका काम पड़ता है और मुख्य २ ही रीति नत निकालने की है।

(१) पूर्व नत=(दिनार्द्ध–इष्ट) इष्ट न घटे तो दिनार्द्ध में ६० जोड़ कर घटाना

(२) पश्चिम नत=(इष्ट–दिनार्द्ध)

नत समझाने के लिये ही ऊपर ४ भेद करके समझायें हैं।

दशम साधन करने के लिये इसी नतकाल की आवश्यकता पड़ती है। पूर्वनत हो तो भुक्त प्रकार से, पश्चिम नत हो तो भोग्य प्रकार से नत को इष्ट मानकर लंकोदय पर से लग्नवत् क्रिया करने से दशम भाव स्पष्ट होता हैं।

उन्नत—

दशम भाव साधन करने के लिये कभी उन्नत को भी आवश्यकता पड़ जाती है। उन्नत क्या है इसे चित्र संख्या ६ देखकर अच्छी प्रकार समझ लेना चाहिए।

उन्नत=(३० घड़ी–नत)

३० घड़ी में से नत घटा देने से उन्नत होता है। मध्याह्न और अर्द्धरात्रि में सदा ३० घड़ी का अंतर रहता है जैसा नीचे बताये उदाहरण से प्रगट होगा।

दिन मान	रात्रि मान	दोनों का योग	मध्याह्न (दिनार्द्ध)	अर्द्ध रात्रि (रात्रि-अर्द्ध)	दोनों का योग	मध्याह्न इष्ट (दिनार्द्ध)	संध्या इष्ट दिन मान दिन का अंत	अर्द्ध रात्रि का इष्ट दिन मान + रात्रिअर्द्ध	मध्याह्न और रात्रि अर्द्ध के इष्ट में अंतर
३१	२९	६०	१५॥	१४॥	३०	१५॥	३१	३१ + १४॥=४५॥	३०
३२	२८	६०	१६	१४	३०	१६	३२	३२ + १४ =४६	३०
३३	२७	६०	१६॥	१३॥	३०	१६॥	३३	३३ + १३॥=४६॥	३०

मध्याह्न में दशम भाव का स्थान है वहीं दिनार्द्ध होता है और अर्द्धरात्रि में चतुर्थ भाव का स्थान है वहाँ रात्रि अर्द्ध होता है। ऊपर दिन मान के ३ उदाहरण देकर

बतलाये हैं। दिनमान ३१ घड़ी है तो रात्रि अर्द्ध का इष्ट ४५॥ होता है। इस अर्द्ध रात्रि के इष्ट में से दिनार्द्ध १५॥ घड़ी घटाया तो शेष ३० घडी ही रहती है। इस प्रकार मध्याह्न और अर्द्ध रात्रि के बीच सदा ३० घड़ी का अंतर रहता है।

मध्याह्न से इष्ट काल की दूरी को नत कहते हैं और अर्द्ध रात्रि से इष्ट की दूरी को उन्नत कहते हैं। जिस प्रकार नत मध्याह्न से अर्द्ध रात्रि तक नापा जाता हैं उसी



प्रकार उन्नत अर्द्ध रात्रि से मध्यांह्न तक का इष्ट का अंतर नापा जाता है। इसी कारण ३० घड़ी में से नत घड़ी पल घटा देने से उन्नत की घड़ी पल आ जाती है।

चित्र संख्या ७ में उपरोक्त चारों उदाहरण देकर नत और उन्नत बताया है। देखो चित्र संख्या ७। मध्यांह्न से जो लकीर वाला तीर इष्ट की ओर जाता है वह नत है और अर्द्ध रात्रि से जो बिन्दुवाला तीर मध्याह्न की ओर जाता है वह इष्ट का अन्तर उन्नत कहलाता है।

इष्ट	नत	उन्नत	नत उन्नत योग
१०	६ पूर्व	२४ पूर्व	३०
२०	४ पश्चिम	२६ पश्चिम	३०
४०	२४ ,,	६ ,,	३०
५०	२६ पूर्व	४ पूर्व	३०

इस प्रकार नत उन्नत को अच्छी प्रकार समझ लेने के उपरान्त दशम साधन करना चाहिए।

अध्याय १३

दशम साधन

दशम साधन करने के लिये इष्ट काल से नत और उन्नत बनाकर उनको घड़ियों के पल बनालो।

तात्कालिक सायन सूर्य के भोग्यांश या भुक्तांश लेकर जिस राशि का सूर्य हो उसी के लंकोदय के पल लो। भोग्यांश या भुक्तांश में लंकोदय से गुणा कर ३० का भाग दो तो भोग्यांश से करने पर भोग्य पल और भुक्तांश से करने पर भुक्त पल निकलेगा।

(१) भोग्यांश की रीति से दशम साधन करने में नत के पल में भोग्य पल घटा देना। उपरांत आगे की राशियों का लंकोदय घटाते जाना जो न घटे उसे अशुद्ध राशि समझना।

(२) भुक्तांश की रीति में नत पल में सूर्य के भुक्त पल घटाना और जिस राशि का भुक्त पल घटाया उसके विरुद्ध क्रम से राशियों का लंकोदय घटाते जाना जैसे भुक्त रीति से लग्न साधन करने में किया था। जो राशि न घटे वह अशुद्ध राशि हुई।

इस प्रकार अशुद्ध राशि आने पर नत से घटाने में जो शेष पल बचा उसमें ३० का गुणा कर अशुद्ध राशि के लंकोदय से भाग देने से अंश कला विकला में उत्तर आयगा।

(१) भोग्यांश रीति में यह उत्तर अशुद्ध राशि के अंश कलादि का होने से उसी अशुद्ध राशि के अंश कलादि दशम भाव के प्राप्त हुए।

(२) यदि भुक्तांश रीति से किया है तो अशुद्ध राशि का जो अंशादि हैं उनको अशुद्ध राशि के अंक से घटा दो तो सायन दशम भाव प्राप्त होगा।

सायन दशम भाव में से अयनांश घटा दो तो निरयन दशम भाव आयगा।

दशम भाव साधन में स्वोदय का कोई उपयोग नहीं होता। इसमें लंकोदय ही लिया जाता है :

लंकोदय

राशियाँ				लंकोदय पल	वेधोपलब्ध लंकोदय पल
१ मेष	६ कन्या	७ तुला	१२ मीन	२७८	२७९
२ वृष	५ सिंह	८ वृश्चिक	११ कुम्भ	२९९	२९९
३ मिथुन	४ कर्क	९ धन	१० मकर	३२३	३२२

पूर्व और पश्चिम २ प्रकार से नत भेद होने से किससे किस प्रकार दशम साधन करना चाहिए आगे बताया है। अर्थात् पूर्व नत हो तो किस प्रकार से और पश्चिम नत हो तो किस प्रकार से दशम साधन करना चाहिए उसकी शुद्ध रीति नीचे बताई है:—

(१) पूर्व नत हो तो

(१) साधारण प्रकार से सायन सूर्य के भुक्तांश निकाल कर भुक्त रीति से गणित करना। इसमें सायन सूर्य में ६ राशि जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। ६ राशि जोड़कर गणित करने से चतुर्थ भाव आयगा।

(२) (इष्ट – दिनार्द्ध) = दशम का इष्ट यदि दिनार्द्ध न घटे तो इष्ट में ६० घड़ी जोड़कर दिनार्द्ध घटाना। जो शेष रहे वह दशम का इष्ट होगा। इस रीति में नत उन्नत का कोई काम नहीं पड़ता।
इसमें सायन सूर्य के भोग्यांश लेकर भोग्य रीति से दशम के इष्ट पर से दशम साधन करना

(३) पूर्वनत से पूर्व उन्नत निकाल कर सायन सूर्य के भोग्यांश लेकर भोग्य रीति से करने में चतुर्थ भाव आता है। इस कारण सायन सूर्य में पहिले

(२) पश्चिम नत हो तो

(१) साधारण प्रकार से सायन सूर्य के भोग्यांश निकाल कर भोग्य रीति से गणित करना। इसमें भी सायन सूर्य में ६ राशि जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। ६ राशि जोड़ने से चतुर्थ भाव आ जाता है।

(२) (इष्ट – दिनार्द्ध) = दशम का इष्ट यदि इष्ट कम हो जिससे दिनार्द्ध न घट सके तो इष्ट में ६० घटी और जोड़कर उसमें से दिनार्द्ध घटाना जो शेष रहे वह दशम का इष्ट होगा। इस रीति में नत या उन्नत का कोई काम नहीं पड़ता।
सायन सूर्य के भोग्यांश लेकर भोग्य रीति से दशम के इष्ट पर से ही दशम भाव साधन करना।

(३) पश्चिमनत पर से पश्चिम उन्नत निकालकर सायन सूर्य के भुक्तांश लेकर भुक्त रीति से करने में चतुर्थ भाव आता है। इसमें ६ राशि जोड़

ही ६ राशि जोड़कर उपरोक्त प्रकार से दशम साधन करना या चतुर्थ भाव आनेपर ६ राशि जोड़ कर दशम भाव बना लेना।

दो तो दशम भाव आ जाता है। या पहिले ही सा० सूर्य की राशि में ६ जोड़कर इस सूर्य के भुक्तांश लेकर भुक्त रीति से पश्चिम उन्नत पर से गणित करने में दशम भाव आता है।

(४) सायन सूर्य के भुक्त पल निकाल कर पूर्वनत से घटाना, शेष बचे तो उसके वाद की और राशियाँ विरुद्ध क्रम से घटाते जाना जैसे सावारण प्रकार से भुक्त रीति से करते हैं। जो न घटे तो उस अशुद्ध राशि के अंश बना लेना फिर ये अशुद्ध राशि के अंशादि और सा० सूर्य के भुक्त अंशादि और जितनी राशियाँ घट चुकी हैं उन सबका योग करो। पूर्व नत होने से इस योग फल को सा० सूर्य में घटा दो तो दशम स्पष्ट होगा। इसे ऋण संज्ञक विधि कहते हैं।

(४) सा० सूर्य के भोग्यांश के भोग्य पल लेकर पश्चिम नत से घटाना। शेष बचे तो आगे की राशियाँ क्रमानुसार घटाते जाना जैसे भोग्य रीति में करते हैं। जो न घटे तो अशुद्ध रीशि के अंश बनाकर उस अंशादि में सा० सूर्य के भोग्यांश और जितनी राशियाँ घट चुकी हैं सबका योग कर इस योग फल को सायन सूर्य में पश्चिम नत होने के कारण जोड़ देवे तो दशम भाव स्पष्ट हो जायगा। इसे धन संज्ञक विधि कहते हैं।

उपरोक्त प्रकार से आया हुआ सायन दशम भाव होगा। उस में से अयनांश घटा देने से शुद्ध निरयन दशम भाव निकल आयगा।

उपरोक्त बताये चारों प्रकार से गणित करने में एक ही उत्तर आयगा केवल १ विकला मात्र का अंतर किसी-किसी में पड़ेगा क्योंकि विकला के आगे का शेष गणित में छोड़ देते हैं इस कारण यह अंतर पड़ सकता है। यदि सूक्ष्म रूप से गणित किया जाय तो यह अंतर भी नहीं रह जाता।

इन रीतियों से भिन्न गणित करने से ठीक उत्तर नहीं आता। इन चारों प्रकार से दशम साधन करने के लिये ४ उदाहरण लेकर उन का नत साधन करते हैं।

उदाहरण

भाद्रपद शुक्ल ७ सम्वत् २००० शाका १८६४ दिनमान

३१–०

दिनार्द्ध	रात्रिमान	रात्रि अर्द्ध	इष्ट कालोन सा० सूर्य मान लो
१६–३०	२९–०	१४–३०	५–१८°–०′–०″ है

(१) नत साधन

उदाहरण	इष्टघड़ी	नत	रीतिं	नत घड़ी-पल	नत पल
			दिनादर्ध–इष्ट		
(१)	१२–३०	पूर्व	१६–३० १२–३०=	४–०	२४०
(२)	२२–३०	पश्चिम	इष्ट–दिनादर्ध =	६–०	३६०
			२२॥ १६॥		
(३)	३६–३०	"	इष्ट–दिनादर्ध =	२०–०	१२००
			३६॥ १६॥		
(४)	५०–३०	पूर्व	शेष रात्रि =	२६–०	१५६०
			६०–५०॥=९॥		
			+ दिनार्ध = $\frac{१६॥}{२६}$		

(२) दशम का इष्ट साधन

उदाहरण	इष्ट घड़ी	रीति	दशम की इष्ट घड़ी	दशम का इष्ट पल
		इष्ट–दिनादर्ध		
(१)	१२॥	(१२॥ + ६०)–१६॥	५६	३३६०
(२)	२२॥	(२२॥–१६॥)	६	३६०
(३)	३६॥	(३६॥–१६॥)	२०	१२००
(४)	५०॥	(५०॥–१६॥)	३४	२०४०

दशम साधन के २ प्रकार हैं एक तो नत या उन्नत से और दूसरे विना नत उन्नत के ही केवल दशम के इष्ट पर से, दशम साधन किया जाता है।

केवल इष्ट में से दिनादर्ध घटाने से जो मिले वही दशम का इष्ट होता है। पश्चिम नत और दशम का इष्ट एक ही निकलता है जैसा ऊपर के उदाहरण से प्रगट होगा। केवल पूर्व नत और दशम के इष्ट में अंतर पड़ता है परन्तु उत्तर में कोई अंतर नहीं पड़ता।

दशम के इष्ट से यदि दशम साधन किया जाय तो भोग्य रीति से करना पड़ता है जैसा कि पश्चिम नत में होता है। परन्तु पूर्व नत भुक्त रीति से होने के कारण (६०–पूर्व नत) = दशम का इष्ट हो जाता है। जिस प्रकार लग्न साधन करने में भुक्त रीति से करने में ६० में से इष्ट घटा कर लग्न साधन करते हैं वही क्रिया यहाँ पूर्व नत के सम्बन्ध में समझना। इन दोनों प्रकार की रीतियों से दशम साधन करने में कोई अंतर नहीं पड़ता जैसा कि आगे उदाहरण से स्पष्ट होगा।

लग्न साधन करने के लिये इष्ट कालीन सूर्य में अयनांश मिलाकर जो तात्कालिक सायन सूर्य लिया था इस में उसी सायन सूर्य से ही दशम साधन किया जाता है। दशम भाव को दशम लग्न भी कहते हैं।

यहाँ केवल सायन दशम ही साधन करेंगे क्योंकि सायन में से अयनांश घटा कर निरयन दशम बनाया जा सकता है।

सुविधा के लिये एक ही सायन सूर्य लिया है जिससे बार-बार भोग्यांश के भोग्य पल और भुक्तांश के भुक्त पल न निकालना पड़े। इस कारण सायन सूर्य के भोग्य पल और भुक्त पल पहिले निकाल कर रख लेते हैं जिस की रीति लग्न साधन में उदाहरण देकर समझा चुके हैं।

सायन सूर्य का भुक्तांश और भोग्यांश बनाना

रा

सायन सूर्य ५–१८°–०′–०″

भुक्तांश कन्या १८– ० –०

भोग्यांश कन्या १२– ० –०

कन्या भोग्यांश लंकोदय कन्या

$$\frac{१२^\circ–०' \times २७८}{३०}$$

पल वि०

$$= \frac{३३३६}{३०} = १११–१२$$

भोग्य पल

कन्या

१२–०–०

×२७८

३०) ३३३६–०–० (१११ पल

३०

३३

३०

३६

३०

६ × २ = १२ वि०

= भोग्यपल १११–१२

भुक्तांश कन्या कन्या लंकोदय

$$\frac{१८–० \times २७८}{३०}$$

पल वि०

$$= \frac{५००४–०}{३०''} = १६६–४८$$

भुक्त पल कन्या

१८–०–०

×२७८

३०) ५००४–०–० (१६६ पल

३०

२००

१८०

२०४

१८०

२४ × २ = ४८ वि०

= भुक्त पल १६६–४८

प. वि.

भोग्य पल १११–१२ कन्या

भुक्त पल १६६–४८ ,,

योग २७८–० = कन्या लंकोदय

अयनांश साधन

भाद्र शुक्ल ७ सम्वत् २००० शाके १८६५ का अयनांश साधन करना है।

शाके १८६५ −४४४ = १४२१; ६०) १४२१ (२३°, १२०, २२१, १८०, ४१′

चैत्र शु० १ से भाद्र शु० १ तक = ५ मास = ५ × ५″ = २५″

भाद्र० शु० ७ तक = ७ दिन = ७ × १०‴ = ७०‴ = १–१०

∴ चलित अयनांश = २६″

वर्ष आरम्भ का = २३°–४१′–०

चलित + ० –० –२६″

∴ तात्कालिक अयनांश = २३ –४१–२६

दशम साधन का उदाहरण

(१) उदाहरण—नियम (१) के अनुसार। इष्ट घड़ी १२॥ पूर्वनत २४० पल।

मान लो सा० सूर्य ५–१८°–०–० (रा) है जिसका भुक्त पल १६६–४८ है। पूर्वनत होने से भुक्त रीति से साधन करेंगे। भुक्त रीति होने से सूर्य के भुक्तपल पूर्वनत से घटाकर विरुद्ध क्रम से राशियाँ घटाने के उपरांत अशुद्ध राशि से शेष के अंश पल बनाकर अशुद्ध राशि से घटा कर सायन दशम लग्न निकालेंगे।

पल वि०

पूर्वनत २४०–०

कन्या भुक्त १६६–४८

७३–१२

लंकोदय सिंह – २९९ अशुद्ध

∴ सायन दशम ४–२२°–३९′–२०″ (रा)

– अयनांश २३–४१–२६

३–२८–५७–५४

∴ निरयन दशम भाव

रा

३–२८°–५७′–५४″

शेष

(७३-१२) × ३० / सिंह २९९ अशुद्ध = २१९६ / २९९ = ७°-२०′-४०″ सिंह

७३–१२ × ३० = २१९० + ६–० = २१९६–०

२९९) २१९६ (७°
२०९३
१०३ × ६०
२९९) ६१८० (२०′
५९८
२०० × ६०
२९९) १२००० (४०″
११९६
४०

सिंह

५–०–०–०

०–७–२०–४०

४–२२–३९–२०

सायन दशम भाव

(२) अब इसी उदाहरण की दशम के इष्ट पर से साधन करते हैं। नियम (२) के अनुसार भोग्य रीति से करेंगे ।

इष्ट १२॥ घडी है दिनार्द्ध १६॥ घड़ी है। दिनार्द्ध ० न घटने से इष्ट में ६० घड़ी जोड़ा तो ७२॥ हुए। इस में से दिनार्द्ध १६॥ घटाया तो ५६ घड़ी = ३३६० पल हुए। सायन सूर्य मान लो वही ५–१८–०–० है जिसका कन्या भोग्य पल १११–१२ है।

	पल वि०
दशम का इष्ट	३३६०–०
कन्या भोग्य	१११–१२
	३२४८–४८
तुला से मीन तक ६ राशि	१८००–०
	१४४८–४८
मेष से मिथुन तक ३ राशि	–९००–०
	५४८–४८
कर्क	३२३
	२२५–४८
सिंह	२९९– अशुद्ध
	रा

∴ सायन दशम = ४–२२°–३९′–२०″

शेष इष्ट

$\frac{२२५–४८ \times ३०}{२९९ \text{ सिंह}} = \frac{६७७४}{२९९}$

२२५–४८ = २२–३९–२० सिंह

× ३० सायन दशम

२४–० = ४–२२°–३९′–२०″

६७५०

२९९) ६७७४–० (२२°
५९८
७९४
५९८
१९६ × ६०
२९९) ११७६० (३९′
८९७
२७९०
२६९१
९९ × ६०
२९९) ५९४० (१९″
२९९ = २०″
२९५० शेष आधे
२६९१ से अधिक है
२५९

(३) इसी उदाहरण को नियम ३ के अनुसार अर्थात् सायन सूर्य में ६ राशि जोड़कर भोग्यांश से उन्नत पल निकाल कर साधन करेंगे। पूर्व नत ४ घड़ी (३० घड़ी –४ घड़ी पूर्वनत) = २६ घड़ी उन्नत

= १५६० उन्नत पल

इस रीति से दशम सावन करने के पहिले यदि सायन सूर्य में ६ राशि न जोड़ा जाय तो चतुर्थ भाव निकलता है। चतुर्थ भाव में ६ राशि जोड़ने से दशम भाव होता है

सायन सूर्य ५–१८–०–०
+राशि ६
११–१८–०–०
मीन भुक्तांश १८°–०′–०″
,, भोग्यांश १२–०–०
लंकोदय मीन २७८

भोग्यांश मीन

$\frac{१२ \times २७८}{३०} = \frac{३३३६}{३०} = १११–१२$

उन्नत पल १५६०–० भोग्य पल
भोग्य मीन १११–१२ मीन
१४४८–४८
मेष से मिथुन तक ३ राशि ९००–०
५४८–४८
कर्क – ३२३
२२५–४८
सिंह – २९९ अशुद्ध

शेष इष्ट—

$\frac{२२५–४८ \times ३०}{२९९ \text{ सिंह}} = \frac{६७७४}{२९९} =$ सिंह २२°–३९′–२०″

रा
= ४–२२°–३९′–२०″ सायन दशम
(देखो दूसरे उदाहरण का गणित)

(४) इसी उदाहरण को ४ नियम के अनुसार करते हैं।

पूर्वनत को भुक्तांश से घटाने के उपरांत भुक्तांश और पूर्वनत की घटी हुई राशियों के अंशादि का योग, पूर्वनत होने के कारण सायन सूर्य में घटाकर दशम निकालेंगे।

सायन सूर्य ५–१८–०–०
भुक्तांश कन्या १८°–०′–०′
कन्या भुक्त पल १६६–४८
पूर्वनत २४० पल
सिंह अशुद्ध २९९
(देखो पहला उदाहरण)

पूर्वनत २४० पल
कन्या भुक्त – १६६–४८
शेष ७३–१२
शेषपल

$\frac{(७३–१२) \times ३०}{२९९ \text{ सिंह}} = \frac{२१९६}{२९९} = ७°–२०′–४०″$

सिंह

सूर्य भुक्तांश १८–०–०
+ सिंह ७–२०–४०
योग = २५–२०–४०

∴ सायन दशम   सायन सूर्य ५–१८°–०′–०″

रा

४–२२°–३९′–२०″   – योग   २५ –१०–४० घटाया

∴ सायन दशम ४–२२–३९–२०

यदि सिंह और कन्या के बीच और राशियाँ घटी होती तो उन राशियों की संख्या भी योग के साथ यहाँ पूर्वनत होने से घटा देते परन्तु और कोई राशियाँ बीच में नहीं हैं।

(५) अब दूसरा उदाहरण लेकर चारों रीतियों से दशम साधन करेंगे।

पहिले नियम से = दिवा पश्चिमनत ३६० पल। भोग्यरीति से करेंगे। सायन सूर्य मानलो वही ५–१८°–०′–०″ है भोग्य पल १११–१२
(रा)

प० वि०
पश्चिमनत ३६०–०
कन्या भोग्य १११–१२
२४८–४८
तुला २७८ अशुद्ध

(शेष २४८–४८) × ३० / २७८ तुला = ७४६४ / २७८ = २६°–५०′–५६″ तुला

२४८–४८
× ३०
२४–०
७४४०
७४६४–०

२७८)७४६४(२६°
५५६
१९०४
१६६८
२३६ × ६०
२७८)१४१६०(५०′
१३९०
२६० × ६०
२७८)१५६००(५६″
१३९०
१७००
१६६८
३२

∴ सायन दशम
रा
६–२६°–५०′–५६″

(६) नियम २ से भी दशम का इष्ट ३६० पल आता है यह गणित ऊपर हो चुका है इससे अब दूसरे उदाहरण को नियम ३ से करेंगे। पश्चिम उन्नत निकाल कर भुक्त रीति से करेंगे। सा० सूर्य में ६ राशि जोड़कर गणित करने से दशम आयगा। यदि ६ राशि न जोड़ा जाय तो चतुर्थ भाव आता है जिसमें ६ राशि

जोड़ने से दशम भाव आ जाता है। यहाँ चतुर्थ भाव निकाल कर बाद में ६ राशि जोड़कर दशम बनायेंगे।

मान लो सा० सा वही ५–१८–०–० है, जिसका भुक्त पल कन्या १६६–४८ है उन्नत पल १४४० है।

	पल	शेष इष्ट
पश्चिम उन्नत	१४४०–०	$\frac{\text{२९–१२} \times \text{३०}}{\text{२७८ मेष}} = \frac{\text{८७६}}{\text{२७८}}$ = मेष ३°–९′–३″
कन्या भुक्त	१६६–४८	
	१२७३–१२	२९–१२ २७८)८७६(३°
–सिंह	२९९	×३० ८३४
	९७४–१२	९–० ४२×६०
–कर्क	–३२३	८७० २७८)२५२०(९′
	३२८–१२	८७६–० २५०२
–वृष	२९९	१८×६०
	२९–१२	२७८)१०८०(३″
मेष	२७८ अशुद्ध	८३४
		२४६

मेष अशुद्ध

रा०–०′–″

–१–३–९–३

शेष ०–२६–५०–५७ = सायन चतुर्थ

सायन चतुर्थ ०–२६°–५०′–५७″

+ राशि ६– ०– ०– ०

∴ सायन दशम भाव = ६–२६–५०–५७

(७) अब इसी दूसरे उदाहरण को नियम ४ के अनुसार करेंगे।

सायन सूर्य ५–१८–०–०, सुर्य भोग्यांश १२°–०′–०″ कन्या

कन्या भोग्य पल १११–१२ पश्चिम नत ३६० पल।

पश्चिम नत ३६०–०	शेष $\frac{\text{२४८–४८} \times \text{३०}}{\text{२७८ तुला}} = \frac{\text{७४६३४}}{\text{२७८}}$ = २६°–५०′–५६″ तुला
कन्या भोग्य १११–१२	(देखो पाँचवाँ उदाहरण)
२४८–४८	
तुला २७८ अशुद्ध	

= सायन सूर्य भोग्यांश	१२°–०′–०″	सायन सूर्य	५–१८°–०′–०″
तुला भोग्य	२६–५०–५६	+ योग	१–८–५०–५६
	१–८–५०–५६	सायन दशम =	६–२६–५०–५६

रा पश्चिम नत होने से जोड़ाः

= सायन दशम ६–२६″–५०′–५६″

(८) अब तीसरा उदाहरण दिवा पश्चिमनत का नियम १ के अनुसार भोग्य रीतिः से करते हैं। दिवा पश्चिम नत १२०० पल है मान लो इष्ट कालीन सा० सूर्य ५–१८–०० है जिसका भोग्य पल १११–१२ है।

शेष

पश्चिम नत १२००–० $\frac{(१८८–४८) \times ३०}{३२३ \text{ मकर}} = \frac{५६६४}{३२३}$ = १७°–३२′–८″ मकर

भोग्य कन्या १११–१२

तुला से धन ३ राशि } १०८८–४८, ९००

१८८–४८

मकर ३२३ अशुद्ध

१८८–४८ × ३० = २४–० ; ५६४० ; ५६६४–०

= सायन दशम मकर १७–३२–८ रा

∴ सायन दशम ९–१७°–३२′–८″

रा

९–१७°–३२–८″

३२३)५६६४(१७°
३२३
२४३४
२२६१
१७३ × ६०

३२३)१०३८०(३२′
९६९
६९०
६४६
४४ × ६०

३२३)२६४०(८″
२५८४
५६

(९) इसी तीसरे उदाहरण को नियम ३ के अनुसार उन्नत निकाल कर भुक्त रीतिः से करते हैं इसमें चतुर्थ भाव आता है ६ राशि जोड़कर दशम बना लेंगे। दिवा पश्चिम नत २० घड़ी = उन्नत (३०–२०) = १० घड़ी = ६०० पलः उन्नत। सायन सुर्य मान लो वही ५–१८–०–० है जिसका भुक्त कालः १६६–४८ है।

पश्चिम उन्नत ६००–०
कन्या भुक्त १६६–४८
४३३–१२
सिंह – २९९–०
१३४–१२
कर्क – ३२३ अशुद्ध

शेषइष्ट

$\frac{१३४–१२ \times ३०}{३२३ \text{ लंकोदय कर्क}} = \frac{४०२६}{३२३}$ = १२°–२७′–५१″ भुक्तांश कर्क

१३४-१२ ३२३) ४०२६ (१२° =कर्क भुक्तांश १२°-२७'-५१"
×३० ३२३ अशुद्ध कर्क राशि ४-०°-०'-०"
६-० ७९६ ०-१२-२७-५१ घटाया
४०२० ६४६ सायन चतुर्थ = ३-१७-३८-९
४०२६-० १५० × ६० सायन चतुर्थ भाव ३-१७-३२-९
३२३) ९००० (२७' + ६-०-०-०
६४६ सायन दशम = ९-१७-३२-९
२५४० ∴ सायन दशम
२२६१ ९-१७-३२-९
२७९
× ६०
३२३) १६७४० (५१"
१६१५
५९०
३२३
२६७

(१०) इसी उदाहरण को नियम ४ के अनुसार भोग्य रीति से करते हैं
पश्चिम नत १२०० पल है ।
पश्चिम नत १२००-०
कन्या भोग्य १११-१२ सा० सूर्य का भोग्यांश ०-१२°-०'-०"
तुला से धन ३ राशि } १०८८-४८ / ९०० ३ राशि पूरी घटी ३-०-०-०
मकर के भोग्यांश ०-१७-३२-८
१८८-४८ योग ३-२९-३२-८
मकर ३२३ अशुद्ध सायन सूर्य ५-१८-०-०
शेष + योग ३-२९-३२-८ पश्चिम नत होने से जोड़ा

$$\frac{(१८८-४८) \times ३०}{३२३} = \frac{५६६४}{३२३}$$ =सायन दशम=९-१७-३२-८

= १७°-३२'-८"
भोग्यांश मकर

(११) अब चौथे उदाहरण को लेते हैं। रात्रि पूर्व नत २६ घड़ी = १५६० पल। भुक्त रीति से दशम साधन करते हैं। मान लो इष्ट काल पर वही सा० सूर्य ५-१८-०-० है जिसका भुक्त पल १६६-४८ है ।

शेष

पूर्व नत १५६०-०
कन्या भुक्त १६६-४८
१३९३-१२
सिंह - २९९
१०९४-१२
कर्क ३२३
७७१-१२
मिथुन ३२३
४४८-१२
वृष २९९
१४९-१२
मेष २७८ अशुद्ध

$$\frac{१४९-१२ \times ३०}{२७८ \text{ मेष}} = \frac{४४७६}{२७८} = १६^\circ-६'-२'' \text{ मुक्तांश}$$

१४९-१२
×३०
६-०
४४७०
४४७६-०

अशुद्ध मेष
१-०-०-०
मुक्तांश ०-१६-६-२ घटाया
०-१३-५३-५८
सायन दशम

२७८) ४४७६ (१६° मेष
२७८
१६९६
१६६८
२८ × ६०
२७८) १६८० (६'
१६६८
१२ × ६०
२७८) ७२० (२''
५५६
१६४

रा
= सायन दशम ०-१३°-५३'-५८''

(१२) इसी उदाहरण को दशम के इष्ट पर से भोग्य रीति से करते हैं। दशम का इष्ट २०४० पल है सा० सूर्य मान लो वही ५-१८-०-० है जिसका भोग्य काल १११-१२ पल (कन्या) है

दशम का इष्ट २०४०-०
कन्या भोग्य १११-१२
१९२८-४८
तुला से मीन } १८०
६ राशि } १२८-४८
मेष २७८ अशुद्ध

१२८-४८
×३०
२४-०
३८४०
३८६४-०

२७८) १५९६० (५७'
१३९०
२०६०
१९४६
११४

शेष

$$\frac{१२८-४८ \times ३०}{२७८ \text{ मेष}} = \frac{३८६४}{२७८} = १३^\circ-५३'-५७''$$

२७८) ३८६४ (१३° मेष भोग्यांश
२७८
१०८४
८३४
२५० × ६०
२७८) १५००० (५३'
१३९०
११००
८३४
२६६ × ६०
१५९६०

रा
= ०-१३°-५३'-५७''
सायन दशम

(१३) इसी उदाहरण को पूर्व उन्नत से नियम ३ के अनुसार करते हैं। पूर्व नत २६ घड़ी = उन्नत (३०–२६) = घड़ी पूर्व उन्नत = २४० पल

पूर्व उन्नत   २४०–०   शेष

कन्या भोग्य   १११–१२ / १२८–४८ $\frac{१२८–४८ \times ३०}{२७८ \text{ तुला}} = \frac{३८६४}{२७८} = १३^\circ–५३'–५७''$

भोग्यांश तुला

तुला   २७८ अशुद्ध (गणित उदाहरण १२ में देखो) ∴ सायन चतुर्थ

रा   ६–१३–५३–५७

सायन चतुर्थ   ६–१३°–५३′–५७″

+६ राशि   ६–०–०–०   ∴ सायन दशम

सायन दशम   =०–१३–५३–५७   ०–१३°–५३′–५७″

(१४) इसी उदाहरण को नियम ४ के अनुसार करते हैं।

पल			शेष
पूर्व नत १५६०–०	सिंह	२९९	$\frac{१४९–१२ \times ३०}{२७८ \text{ मेष}} = \frac{४४७६}{२७८}$
कन्या भुक्त १६६–४८	कर्क	३२३	=१६′–६′–२″ भुक्तांश मेष
१३९३–१२	मिथुन	३२३	(देखो उदाहरण ११)
सिंह से वृष ४ राशि } १२४४	वृष	२९९	
१४९–१२	योग=१२४४		

मेष   २७८ अशुद्ध   रा

सूर्य भुक्तांश   १८°–०′–०″   सायन सूर्य ५–१८°–०′–०″

मेष भुक्त   १६–६–२   योग   ५–४–६–२ पूर्व नत होने से घटाया

१–४–६–२   सायन दशम = ०–१३–५३–५८

४ राशियां जो घटी } +४   रा

योग = ५–४–६–२   ∴ सायम दशम=०–१३°–५३′–५८″

जब नत थोड़ा हो भोग्य या भुक्त पल न घटे

सूर्य के भोग्यांश या भुक्तांश पर से दशम साधन करने में नत में से जब भोग्य या भुक्त पल न घटे तो लग्न साधन के नियम के अनुसार पलात्मक नत में ३० अंश का गुणा कर लंकोदय का भाग देकर अंशादि बना लेना। जो उत्तर आवे उसे निरयन सूर्य में यदि पश्चिम नत हो तो जोड़ना पूर्व नत हो तो घटा देना तब निरयन दशम भाव

निकलेगा। यदि सायन दशम में यह उत्तर नत के अनुसार जोड़ा या घटाया जावे तो सायन दशम भाव आयगा।

(१५) उदाहरण—मान लो इष्ट १६–०, दिनार्द्ध १६–३० = पूर्वनत (दिनार्द्ध–इष्ट)

घ० पल १६॥–१६

= ०–३० है। मान लो इष्ट कालीन सायन सूर्य वही ५–१८–०–० है जिस का भुक्त पल १६६–१८ और भोग्य पल १११–१२ है।

पल

पूर्वनत ३०–०

कन्या भुक्त १६६–४८ नहीं घटता

इस से इस का कोई उपयोग नहीं रहा।

कन्या लंकोदय – २७८ पल

रा

सायन सूर्य ५–१८°–०′–०″

– कन्या भुक्तांश ३–१४–१४ पूर्वनत होने से

∴ सायन दशम=५–१४–४५–४६ घटाया

रा

∴ सायन दशम = ५–१४°–४५′–४६″

यदि निरयन सूर्य में उपरोक्त अंश कला घटा देते तो निरयन दशम भाव आ जाता।

शेष इष्ट नत

$\frac{\text{३०–० × ३०}}{\text{२७८ कन्या}} = \frac{\text{९००}}{\text{२७८}}$

= ३°–१४′–१४″ भुक्तांश कन्या

```
         ३० × ३०
२७८ ) ९०० ( ३°
      ८३४
       ६६ × ६०
२७८ ) ३९६० ( १४′
      २७८
      ११८०
      १११२
        ६८ × ६०
२७८ ) ४०८० ( १४″
      २७८
      १३००
      १११२
       १८८
```

(१६) अब इसी उदाहरण को नियम ३ के अनुसार उन्नत निकाल कर भोग्यांश से करते हैं। पूर्वनत ३० पल। पूर्व उन्नत = ३०–०

२२९–३० घड़ी = १७७० उन्नत पल। ०–३०

पूर्व उन्नत १७७०–० शेष इष्ट २९–३०

कन्या भोग्य–१११–१२

१६५८–४८

$\frac{\text{१३६–४८ × ३०}}{\text{२७८ मीन}} = \frac{\text{४१०४}}{\text{२७८}} = \text{१४°–४५′–४५″ मीन}$

१६५८–४८
तुला से धन ३ राशि } –९००
७५८–४८
मकर –३२३
४३५–४८
कुम्भ –२९९
१३६–४८
मीन –२७८ अशुद्ध

∴ सायन दशम
रा
५–१४°–४५′–४५″

१३६–४८
× ३२
२४–०
४०८०
२७८)४१०४–०(१४°
२७८
१३२४
१११२
२१२ × ६०
२७८)१२७२०(
१११२
१६००
१३९०
२१०

रा
चतुर्थ भाव = ११–१४°–४५′–४५″
+ ६ रा० = ६– ०– ०– ०
= ५–१४–४५–४५
सायन दशम

२१० × ६०
२७८)१२६००(४५″
१११२
१४८०
१३९०
९०

(१७) पश्चिम नत थोड़ा हो जिसमें से भोग्यांश न घटे तब गणित । मान लो दिनार्द्ध के समीप का इष्ट काल १७ घड़ी है जो दिनार्द्ध के बाद का है। मान लो सा० सूर्य वही ५–१८–०–० है दिनार्द्ध १६॥ घड़ी है। सूर्य भोग्य पल १११–१२ (कन्या) है। पश्चिम नत = (इष्ट १७–दिनार्द्ध १६॥) = ०–३० पल हुआ ।

पल
पश्चिम नत ३०–० शेष इष्ट
कन्या भोग्यांश १११–१२ नहीं घटा इससे इसका कोई काम नहीं रहा

$\frac{३० \times ३०}{२७८ \text{ कन्या}} = \frac{९००}{२७८} = ३^\circ–१४'–१४''$ कन्या भोग्य

(देखो उदाहरण १५)

कन्या लंकोदय
२७८ रा
सायन सूर्य ५–१८°–०′–०″
+ कन्या भोग्य ३–१४–१४ पश्चिम नत होने से जोड़ा
सायन दशम = ५–२१–१४–१४

(१८) अब उसी उदाहरण को पश्चिम नत होने से उन्नत निकाल कर भुक्तांश से करेंगे। पश्चिम नत ३० पल

= ३०–०

पश्चिम उन्नत २९–३० घड़ी = १७७० पल।

०–३०

२९–३० उन्नत

पश्चिम उन्नत १७७०–०

कन्या भुक्त १६६–४८ / १६०३–४८ शेष ८१–१२ × ३० / २७८ मीन = २४३६ / २७८ = ८°-४५′-४५″ भुक्तांश मीन

सिंह २९९ / १३०४–४८

८१–१२ × ३० = ६–० ; २४३० ; २४३६

२७८)२४३६(८°
२२२४
२१२ × ६०
२७८)१२७२०(४५′
१११२
१६००
१३९०
२१० × ६०
२७८)१२६००(४५″
१११२
१४८०
१३९०
९०

कर्क ३२३ / ९८१–१२

मिथुन से मेष –९००

३ राशि ८१–१२

मीन २७८ अशुद्ध

अशुद्ध मीन राशि

१२–०°–०′–०″

भुक्तांश मीन ८ –४५–४५

सायन चतुर्थ= ११–२१–१४–१५

+ राशि ६

सायन दशम=५–२१–१४–१५

∴ सायन दशम भाव रा ५–२१°–१४′–१५″

दशम भाव साधन करने में नीचे लिखी बातों पर ध्यान रखना।

(१) पूर्व नत हो तो भुक्तांश लेकर भुक्त रीति से करने में सायन सूर्य में ६ राशि जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। सायन सूर्य में ६ राशि जोड़ कर इस प्रकार गणित करने में चतुर्थ भाव आता है।

(२) पूर्व उन्नत लेकर भोग्यांश से तीसरे नियम के अनुसार करने में चतुर्थ भाव आता है। सायन सूर्य में ६ राशि जोड़ कर गणित करने से दशम भाव आयगा।

(३) पूर्व नत को भोग्यांश से करने में अशुद्ध उत्तर आता है।

(४) पश्चिम नत में नियम ४ के अनुसार करते समय यदि सायन सूर्य के भुक्त पल लेकर भुक्त रीति से अर्थात् विरुद्ध क्रम से राशि घटाने के उपरांत अशुद्ध राशि का भुक्तांश और सायन सूर्य का भुक्तांश जोड़ कर सायन सूर्य में जोड़ने या घटाने से भी उत्तर ठीक नहीं आता। अर्थात् पश्चिम नत में इस रीति से भोग्यांश ही लेना। भुक्तांश नहीं लेना। भुक्तांश लेने से अशुद्ध उत्तर आता है। क्यों कि पूर्व नत से गणित करने में इस नियम के अनुसार भुक्तांश का उपयोग होता है और पश्चिम नत में भोग्यांश का, तब शुद्ध उत्तर आता है।

(५) यदि इष्ट घड़ी पल दिनाद्‌र्ध के ठीक बराबर हो तो तात्कालीन स्पष्ट रवि ही दशम लग्न होगी। अर्थात् दिवा नत ० हो तो स्पष्ट सूर्य ही दशम भाव होता है।

(६) यदि रात्रि का इष्ट घड़ी पल रात्रि अद्‌र्ध के ठीक बराबर हो तो तात्कालीन स्पष्ट सूर्य ही चतुर्थ लग्न (चतुर्थ भाव) होता है। अर्थात् उन्नत ० होने पर स्पष्ट सूर्य ही चतुर्थ भाव होता है।

घ० प०

जैसे किसी का जन्म इष्ट १४–२४ है उस दिन का दिनमान २८–४८ है तो दिनमान का आधा १४–२४ हुआ। इतना ही अपना इष्ट है तो तात्कालिक निरयन

रा रा

सूर्य स्पष्ट मान लो १०–१५°–१६′–५०″ है तो दशम भाव १०–१५°–१६′–५०″ (सूर्य तुल्य) हुआ।

मान लो रात्रि इष्ट १३–२४ है। दिनमान ३३–१२ है। रात्रिमान २६–४८ है। रात्रि अद्‌र्ध १३–२४ है। इष्ट रात्रि अद्‌र्ध के बराबर है और उस समय

रा रा

सूर्य स्पष्ट मान लो १–१३°–४१′–२०″ है तो चतुर्थ भाव इतना १–१३°–४१′–२०″ (सूर्य तुल्य) हुआ। यहाँ रात्रि इष्ट का अर्थ है रात्रि आरम्भ होने के बाद का इष्ट = दिनमान ३३–१२ + १३–२४ रात्रि इष्ट = ४६–३६ इष्ट।

—: ० :—

अध्याय १४

सर्व भाव साधन

लग्न और दशम भाव के साधन करने की कई रीतियाँ उदाहरण देकर समझा चुके हैं। अब शेष भाव साधन करना यहाँ बतलाते हैं।

सप्तम भाव = लग्न + ६ राशि } लग्न में ६ राशि जोड़ने से सप्तम
चतुर्थ भाव = दशम + ६ राशि } और दशम में ६ राशि जोड़ने से चतुर्थ

भाव बन जाता है। इस प्रकार केन्द्र के ४ भाव साधन हो जाते हैं। अब शेष कोण के इतर भाव और प्रत्येक भाव की संधियाँ बनाना शेष रहा।

(१) (चतुर्थ भाव–लग्न) ÷ ६ = प्रथम क्षेपक = प्रथम षष्ठांश

(२) (सप्तम भाव– चतुर्थ) ÷ ६ = द्वितीय क्षेपक=द्वितीय ,,

इन दोनों क्षेपकों का योग १ राशि होता है। क्षेपक सूक्ष्म प्रतिविकला तक निकालना जिस से जोड़ में अंतर न पड़े।

दो भावों के बीच में जो संधि (जोड़) होती है उसे संधि कहते हैं। संधि से आगे के भाव का आरंभ होता है। जैसे लग्न के बाद जो संधि है उस संधि के उपरांत दूसरा भाव आरंभ होगा। तब वह संधि दूसरे भाव की आरंभ संधि कहलायगी। वही संधि पहिले भाव की विरामसंधि हुई। क्योंकि पहिले भाव का अंत उस संधि से हो जाता है। इसी प्रकार प्रत्येक संधियों के विषय में समझना। जिस भाव के आगे कोई संधि होती है वह उस भाव की विरामसंधि कहलाती है और जिस भाव के आगे संधि हो वह उस भाव की आरंभसंधि कहलाती है। इस प्रकार वही संधि एक के लिये विराम संधि है तो दूसरे के लिये आरंभ संधि हो जाती है।

भाव और संधि साधन की रीति

भाव या संधि	+ क्षेपक		भाव या संधि	+ ६ राशि		भाव या संधि
१ लग्न	+ प्रथम क्षे०	=	लग्न संधि	+ ६	=	सप्तम संधि
२ लग्न संधि	+ ,,	=	द्वितीय भाव	+ ६	=	अष्टम भाव
३ द्वितीय भाव	+ ,,	=	,, संधि	+ ६	=	,, संधि
४ ,, संधि	+ ,,	=	तृतीय भाव	+ ६	=	नवम भाव
५ तृतीय भाव	+ ,,	=	,, संधि	+ ६	=	,, संधि
६ ,, संधि	+ ,,	=	चतुर्थ भाव	+ ६	=	दशम भाव
१ चतुर्थ भाव	+ द्वितीय क्षे०	=	,, संधि	+ ६	=	,, संधि
२ ,, संधि	+ ,,	=	पंचम भाव	+ ६	=	एकादश भाव
३ पंचम भाव	+ ,,	=	,, संधि	+ ६	=	,, संधि
४ ,, संधि	+ ,,	=	षष्ठ भाव	+ ६	=	द्वादश भाव
५ षष्ठ भाव	+ ,,	=	,, संधि	+ ६	=	,, संधि
६ ,, संधि	+ ,,	=	सप्तम भाव	+ ६	=	लग्न

किस भाव में कौन सा क्षेपक जोड़ने से कौन भाव या संधि बनती है ऊपर बताया है। यहाँ जो संधि बनी है वह उस भाव की विराम संधि होगी। इन सब का उदाहरण आगे दिया है।

भाव साधन का उदाहरण

भाव साधन में नियरन भाव लेना। यदि सायन भाव हो तो प्रत्येक भाव में से अयनांश घटा कर निरयन भाव बना लेना चाहिए।

मान लो निरयन लग्न रा ११-०°-२८′-११″ और निरयन दशम भाव रा ८-२०°-५९′-५६″ है सब भाव और संधियां बनाने के लिये पहिले क्षेपक निकालेगें।

रा
लग्न ११-०°-२८′-११″
+६
सप्तम=५-० -२८ -११

पहिला क्षेपक

(चतुर्थ-लग्न) ÷ ६

रा
चतुर्थ = २-२°-५९′-५६″
—लग्न = ११-०-२८ -११ घटाया
शेष ३-२-३१-४५ ÷ ६

रा
= ०-१५°-२५′-१७″-३०‴

पहिला क्षेपक

६) ३-२-३१-४५ (० राशि
×३०
९०+२
६) ९२ (१५°
६
३२
३०
२×६०
१२०+३१
१५१

१×६०
६०+४५
६) १०५ (१७″
६
४५
४२
३×६०
१८०

रा
दशम ८-२°-५९′-५६″
+६
चतुर्थ =२-२-५९-५६

दूसरा क्षेपक

(सप्तम-चतुर्थ) ÷ ६

रा
सप्तम ५-०°-२८′-११″
—चतुर्थ २-२ -५९ -५६ घटाया
शेष २-२७-२८-१५ ÷ ६

रा
= ०-१४°-३४′-४२″-३०‴

दूसरा क्षेपक

रा
६) २-२७°-२८′-१५″ (० राशि
×३०
६०+२७
६) ८७ (१४°
६
२७
२४
३×६०
१८०+२८
२०८

४×६०
२४०+१५
६) २५५ (४२″
२४
१५
१२
३×६०
१८०

```
६ ) १५१ ( २५'     ६ ) १८० ( ३०'''     ६ ) २०८ ( ३४     ६ ) १८० ( ३०'''
    १२                 १८०                 १८                 १८०
    ---                ---                 ---                ---
    ३१                  ×                  २८                  ०
    ३०                                     २४
    ---                                    ---
     १                                      ४
```

१ (पहिला) क्षेपक ०–१५–२५–१७–३० } दोनों का योग ३०° या १ राशि
२ (दूसरा) ,, ०–१४–३४–४२–३० } होता है।

योग १– ०– ०– ०– ०

भाव साधन का उदाहरण

	भाव या संधि	+६ राशि	भाव या संधि	
१ लग्न	११–०–२८–११–०	+६ =	५–०–२८–११	सप्तम भाव
+१ क्षेपक	०–१५–२५–१७॥			
१ संधि =	११–१५–५३–२८॥	+६ =	५–१५–५३–२८॥	,, संधि
+१ क्षेपक	०–१५–२५–१७॥			
२ भाव =	०–१ –१८–४६	+६ =	६–१–१८–४६	अष्टम भाव
+१ क्षेपक	०–१५–२५–१७॥			
२ संधि =	०–१६–४४– ३॥	+६ =	६–१६–४४–३॥	,, संधि
+१ क्षेपक	०–१५–२५–१७॥			
३ भाव =	१–२ –९ –२१	+६ =	७–२ –९ –२१	नवम भाव
+१ क्षे०	०–१५–२५–१७॥			
३ संधि =	१–१७–३४–३८॥	+६ =	७–१७–३४–३८॥	,, संधि
+१ क्षे०	०–१५–२५–१७॥			
४ भाव =	२–२ –५९–५६	+६ =	८–२–५९–५६	दशम भाव
+२ क्षेपक	०–१४–३४–४२॥			
४ संधि =	२–१७–३४–३८॥	+६ =	८–१७–३४–३८॥	,, संधि
+२ क्षे०	०–१४–३४–४२॥			
५ भाव =	३–२ –९ –२१	+६ =	९–२ –९–२१	एकादश भाव
+२ क्षे०	०–१४–३४–४२॥			
५ संधि =	३–१६–४४– ३॥	+६ =	९–१६–४४–३॥	,, संधि

५ संधि ३–१६–४४–३॥	+६=९–१६–४४–३॥	एकादश संधि
+२ क्षे० ०–१४–३४–४२॥		
६ भाव= ४–१ –१८–४६	+६= १०–१–१८–४६	द्वादश भाव
+२ क्षे० ०–१४–३४–४२॥		
६ संधि= ४–१५–५३–२८॥	+६= १०–१५–५३–२८॥	,, संधि
+२क्षे ० ०–१४–३४–४२॥		
७ भाव= ५– ०–२८–११	+६= ११–०–२८–११	लग्न

यहाँ लग्न ११–०–२८–११ है इस में पहिला क्षेपक ०–१५–२५–१७॥ जोड़ा तो ११–१५–५३–२८॥ हो गया यह प्रथम भाव (लग्न) की संधि हुई फिर इस में १ क्षेपक जोड़ा तो दूसरा भाव ०–१–१८–४६ हुआ। इस में फिर १ क्षेपक जोड़ा तो दूसरे भाव की संधि हुई। इस में फिर १ क्षेपक जोड़ा तो तीसरा भाव हुआ। फिर तीसरे भाव में १ क्षेपक जोड़ा तो तीसरे की संधि हुई इस में फिर १ क्षेपक जोड़ा तो चतुर्थ भाव वही २–२–५९–५६ आ गया जो पहिले निकाला था।

इस के उपरांत दूसरा क्षेपक जोड़ना आरंभ होता है। ४ भाव में २ क्षेपक जोड़ा तो ४ भाव की संधि हुई फिर इस में २ क्षेपक जोड़ा तो पंचम भाव हुआ। इस में फिर २ क्षेपक जोड़ा तो ५ की संधि हुई। इस में फिर २ क्षेपक जोड़ा तो ६ भाव हुआ। इस में फिर २ क्षेपक जोड़ा तो ६ भाव की संधि हुई। इस में फिर २ क्षेपक जोड़ा तो वही सप्तम भाव ११–०–२८–११ आ गया।

उपरांत प्रत्येक भाव और संधियों में ६–६ राशि जोड़ दो तो आगे का सातवाँ भाव या संधि बन जायेगी। जैसे लग्न ११–०–२८–११ में ६ राशि जोड़ा तो उस से सातवाँ ५–०–२८–११ सप्तम भाव हुआ। लग्न संधि में ६ राशि जोड़ा तो सप्तम की संधि हुई। २ भाव में ६ राशि जोड़ा तो आठवाँ भाव हो गया इत्यादि ये सब बातें यहाँ चक्र देख कर समझ लेना।

(२) भाव और संधि साधन करने की अन्य रीति

	रा	रा
कोण (१)=(चतुर्थ–लग्न)=	३–२°–३१′–४५″	(१) चतुर्थ २-२°-५९′-५६″
		—लग्न ११-० -२८ -११
कोण (२)=(सप्तम–चतुर्थ)=	२–२७–२८–१५	= ३-२ -३१ -४५
कोण (३)=(दशम–सप्तम)=	३– २–३१–४५	(२) सप्तम ५-०-२८-११
कोण (४)=(लग्न-दशम)=	२–२७–२८–१५	चतुर्थ २-२-५९-५६
		=२-२७-२८-१५

रा

क्षेपक (१) = कोण $\frac{१}{३}$ = १–०°–५०′–३५′

,, (२) = (कोण२) ÷ ३ = ०–२९– ९ –२५

,, (३) = (कोण३) ÷ ३ = १–० –५० –३५

,, (४) = (कोण४) ÷ ३ = ०–२९–९ –२५

(३) दशम ८-२ -५९-५६

—सप्तम ५-० -२८-११

= ३-२ -३१-४५

(४) लग्न ११-०-२८-११

—दशम ८-२-५९-५६

= २-२७-२८-१५

रा

३) ३-२°–३१′–४५″ (१ रा०

३

३) ०२ (०°

×६०

१२० + ३१

३) १५१ (५०′

१५

१ × ६०

६० + ४५

३) १०५ (३५″

९

१५

१५

०

रा

३) २–२७°–२८′–१५″ (० रा०

×३०

६० + २७

३) ८७ (२९°

६

२७

२७

३) ०२८ (९′

२७

१ × ६०

६० + १५

३) ७५ (२५″

६

१५

१५

०

लग्न	=	११– ०–२८–११
+क्षे० (१)		१– ०–५०–३५
२ भाव	=	०– १–१८–४६
+क्षे० (१) =		१– ०–५०–३५
३ भाव	=	१– २– ९–२१
+क्षे० (१)		१– ०–५०–३५
४ भाव	=	२– २–५९–५६

७ भाव	=	५– ०–२८–११
+क्षे० (३)		१– ०–५०–३५
८ भाव	=	६– १–१८–४६
+क्षे० (३)		१– ०–५०–३५
९ भाव	=	७– २– ९–२१
+क्षे० (३)		१– ०–५०–३५
१० भाव	=	८– २–५९–५६

४ भाव	= २– २–५६–५६	१० भाव	८– २–५६–५६
+क्षे० (२)	०–२६– ६–२५	+क्षे० (४)	०–२६– ६–२५
५ भाव	= ३– २– ६–२१	११ भाव	= ६– २– ६–२१
+क्षे० (२)	०–२६– ६–२५	+क्षे० (४)	०–२६– ६–२५
६ भाव	= ४– १–१८–४६	१२ भाव	=१०– १–१८–४६
+क्षे० (२)	०–२६– ६–२५	+क्षे० (४)	०–२६– ६–२५
७ भाव	= ५– ०–२८–११	लग्न	=११– ०–२८–११

इस प्रकार इस रीति से केवल भाव बनते हैं इस कारण ३ का भाग देकर क्षेपक बनाया है। कोण (१) और (३) एक से हैं और इनका क्षेपक एक ही प्रकार का है। इसी प्रकार कोण (२) और (४) एक से हैं और उनका क्षेपक एक ही सा निकलता है। यहाँ क्षेपक पहिली रीति से निकाले हुए क्षेपक से दूना होता है क्योंकि पहिले में ६ का भाग दिया है और यहाँ ३ का भाग देकर क्षेपक निकालना है।

इसमें संधि निकालने के लिये २ पास २ के भाव को जोड़कर २ का भाग देते हैं तो संधि निकल आती है। जैसे :—

लग्न ११– ०–२८–११	दूसरा भाव०–१–१८–४६	तीसरा भाव १–२–६–२१
+ दूसरा भाव०–१–१८–४६	तीसरा १–२– ६–२१	चौथा ,, २–२–५६–५६
योग=२३–१–४६–५७ ÷ २	योग = १- ३–२८–७ ÷ २	योग = ३–५–६–१७ ÷ २
=११–१५–५३–२८॥	= ०–१६–४४–३॥	= १–७–३४–३८॥
लग्न को विराम संधि	दूसरे भाव को विराम संधि	तीसरे भाव को विराम संधि

इस प्रकार सब भाव की संधियाँ निकल आती हैं।

पहिली और दूसरी रीति से मिलान करने पर एक सा उत्तर आता है। दूसरी रीति में अधिक गणित करना पड़ता है। इस से पहिली रीति सुलभ है। इस कारण पहिली ही रीति से भाव साधन करना।

भाव और संधि निकालने का प्रयोजन

भाव और संधि निकालने से प्रकट होता है कि वह भाव किस राशि अंश से आरम्भ होता है। उसका मध्य (बीच) कहाँ है और उस भाव का अंत कहाँ पर (किस राशि अंश कला आदि पर) होता है? यह जानने का करण यह है कि भाव के आरंभ में ग्रह प्रबल होता है जब भाव मध्य में ग्रह आता है तो उसका प्रभाव अधिक

प्रबल हो जाता है। वहाँ से आगे बढ़ने पर जब ग्रह संधि की ओर जाता है तो धीरे-धीरे उसका प्रभाव क्षीण होने लगता है और भाव की संधि में पहुँचने पर उस ग्रह का प्रभाव शून्य हो जाता है। इस कारण पहिले समझ लेना चाहिए कि उस भाव का आरंभ, मध्य और अंत विन्दु कहाँ है।

रा

उपरोक्त उदाहरण में लग्न ११–०°–२७′–११″ है यह लग्न का मध्य है। लग्न के पहिले द्वादश भाव की विराम संधि १०–१५–५३–२८॥ है। यहाँ पर द्वादश भाव का अंत हो गया और यहीं से लग्न का आरम्भ हुआ है। यही लग्न का आरम्भ बिन्दु है। इसी को लग्न की आरम्भ संधि कहते हैं। लग्न के वाद की संधि ११–१५–५३–२८ है यही लग्न की विराम संधि और दूसरे भाव की आरम्भ सन्धि हुई। इस प्रकार प्रकट हुआ कि लग्न, आरम्भ संधि १०–१५–५३–२८ से आरंभ हुई। लग्न का मध्य ११–०–२८–११ में हुआ और अंत ११–१५–५३–२८ में हुआ।

रा

इसी प्रकार धन भाव (द्वितीय भाव) की आरम्भ संधि ११–१५°–५३′–२८ से द्वितीय भाव आरम्भ हुआ। ०–१–१८–४६ पर इसका मध्य हुआ और विराम संधि ०–१६–४४–३॥ पर इस भाव का अंत हो गया और वहीं से तीसरा भाव आरम्भ हुआ।

इसी प्रकार सम्पूर्ण भावों के विषय में विचार किया जाता है। इसी कारण संधि निकाली जाती है जिससे उस भाव का आरम्भ, मध्य और अंत प्रगट हो। संधि स्थान तो १ विन्दु है जहाँ से एक भाव का अंत होकर दूसरा भाव आरम्भ होता है। जिस भाव के आगे वह संधि है वह उस भाव की विराम संधि कहलाती है। वहां उस भाव का अंत होता है और वहाँ से आगे का दूसरा भाव आरम्भ होता हैं और उस भाव की वह आरम्भ सन्धि कहलाई। इस प्रकार वही संधि एक की विराम संधि होती है तो दूसरे की आरम्भ संधि कहलाती है। इस कारण ग्रह और भाव का ठीक-ठीक प्रभाव जानने के लिये इन संधियों का निकालना आवश्यक है।

भाव का पूर्व और उत्तर भाग

(१) भाव का पूर्व भाग = (भाव मध्य–भाव आरंभ सधि)

(२) ,, उत्तर ,, = (भाव विराम सन्धि—भाव मध्य)

(३) ,, पूर्णमाँन = (पूर्व भाग + उत्तर भाग)

उदाहरण

	पूर्व भाग		**उत्तर भाग**
(१) लग्न	रा		
भाव मध्य	११–०°–२८′–११″	विराम सन्धि	११–१५–५३–२८॥
—आरम्भ सन्धि	१०–१५–५३–२८॥	—भाव मध्य	११– ०–२८–११
	०–१४–३४–४२॥		०–१५–२५–१७॥

(२) धन भाव

भाव मध्य	०– १–१८–४६	विराम संधि	०–१६–४४– ३॥
आरंभ संधि	११–१५–५३–२८॥	—भाव मध्य	०– १–१८–४६
	०–१५–२५–१७॥		०–१५–२५–१७॥

(३) तृतीय भा		विराम संधि	१–१७–३४–३८॥
भाव मध्य	१–२–९–२१	— भाव मध्य	१–२–९–२१
आरंभ संधि	०–१६–४४–३॥		०–१५–२५–१७॥
	= ०–१५–२५–१७॥		

भाव का पूर्ण मान

(१) लग्न

पूर्व भाग = ०–१४–३४–४२॥

उत्तर भाग = ०–१५–२५–१७॥

योग १–०–०–०

(२) द्वितीय भाव

पूर्व भाग ०–१५–२५–१७॥

उत्तर ,, ०–१५–२५–१७॥

योग १–०–०–०

(३) तृतीय भाव

पूर्व भाग ०–१५–२५–१७॥

उत्तर भाग ०–१५–२५–१७॥

१–० – ० – ०

इसी प्रकार और भी सब भाव का पूर्व भाग, उत्तर भाग और सम्पूर्ण भाग निकाल सकते हैं जिससे प्रगट होता है कि भाव मध्य के पहिले वह भाग कितना है, बाद को कितना और सम्पूर्ण भाव कितना बड़ा है।

उपरोक्त ध्यान पूर्वक देखने से यही प्रकट होता है कि पहिली रीति से निकाले हुए जो दो क्षेपक हैं वही यहाँ निकलते हैं।

(१) लग्न और सप्तम भाव का पूर्ण भाव

पूर्व भाग = क्षेपक २ } दोनों का
उत्तर ,, = क्षेपक १ } योग

(२) द्वितीय और अष्टम भाव का

पूर्व भाग = क्षेपक १ }
उत्तर भाग = ,, १ }

(३) तृतीय और नवम भाव का

पूर्व भाग = क्षेपक १ }
उत्तर भाग = ,, १ } ,,

(४) चतुर्थ और दशम भाव का

पूर्व भाग = क्षेपक १ }
उत्तर भाग = क्षेपक २ } ,,

(५) पंचम और एकादश भाव का

पूर्व भाग = क्षेपक २ }
उत्तर भाग = क्षेपक २ } ,,

(६) षष्ठ और द्वादश भाव का

पूर्व भाग = क्षेपक २ }
उत्तर भाग = क्षेपक २ } ,,

भाव कुंडली

भाव और संधि के विचार से कुंडली में ग्रहों की ठीक-ठीक स्थिति बताने के लिये चलित भाव कुंडली बनाई जाती है। आरंभ संधि से ग्रह कम हो तो पूर्व भाव अर्थात् पिछले भाव का ही फल देता है। यदि ग्रह विराम संधि से अधिक हो तो आगे के भाव का फल देता है। इस कारण संधियों का विचार करते हुए ग्रह स्थापित किये जाते हैं। चलित भाव चक्र (कुंडली) बनाते समय जो ग्रह भाव की आरंभ संधि से कम हो तो पिछले भाव में चला जाता है और विराम संधि से अधिक ग्रह हो तो अगले भाव में रख दिया जाता है।

अब इसी को समझाने के लिये उदाहरण स्वरूप एक कुंडली बनाते है।

ग्रह स्पष्ट		गति
	रा	
रवि	३–२७°–२३′– ६″	५७′–३१″
चंद्र	८–२० –५५ –३५	७६३–१७
मंगल	१–१६ –२७ –५८	३७–५१
बुध	३–१३ – ० –३५	४२–१४
गुरु	८–१८ –४४ –५६	३–२६ वक्री
शुक्र	२–१७ –१४ –५६	६७–४४
शनि	१–२० –३० –१०	३– ७
राहु	११– २ –३८ –३१	३–११
केतु	५– २ –३८ –३१	३–११

जन्म दिनांक १३ अगस्त सन् १९१३ ई०। समय ८॥ बजे रात। स्थान नरसिंहपुर। श्रावण शुक्ल १२ सम्वत् १९७० शाके १८३५। इष्ट ३६-३४-३७॥ है।

कुंडली बनाने के लिये ग्रह स्पष्ट और भाव स्पष्ट की आवश्यकता होती है। इस कारण इष्ट काल के ग्रह स्पष्ट और भाव स्पष्ट निकाल कर यहाँ दिये हैं।

भाव स्पष्ट

भाव	स्पष्ट भाव	संधि	भाव	स्पष्ट भाव	संधि
	रा				
१ लग्न	११-०-°२८′-११″	११-१५-५३-२८॥	७ जाया	५-०-२८-११	५-१५-५३-२८॥
२ धन	०-१- १८ -४६	०-१६-४४- ३॥	८ मृत्यु	६-१-१८-४६	६-१६-४६- ३॥
३ सहज	१-२- ९ -२१	१-१७-३४-३८॥	९ धर्म	७-२- ९-२१	७-१७-३४-३८॥
४ सुहृद्	२-२- ५९ -५६	२-१७-३४-३८॥	१० कर्म	८-२-५९-५६	८-१७-३४-३८॥
५ सुत	३-२- ९ -२१	३-१६-४४-३॥	११ आय	९-२- ९-२१	९-१६-४४- ३॥
६ रिपु	४-१- १८ -४६	४-१५-५३-२८॥	१२ व्यय	१०-१-१८-४६	१०-१५-५३-२८॥

चलित कुण्डली = चलित भाव कुण्डली

चित्र संख्या ८ चलित भाव कुण्डली देखो। इस कुंडली में प्रत्येक भाव के आगे उसकी संधि भी बताई गई है। और जो ग्रह जहाँ पर होना चाहिए वहीं बताया है। चित्र के दाहिनी ओर साधारण कुंडली दी है उससे मिलान करो तब प्रगट होगा कि इनमें क्या अंतर है।

इन दोनों के मिलान करने से प्रगट होता है कि चलित कुंडली में ग्रहों के स्थान में बहुत अंतर पड़ गया है। राहु ११-२° है। लग्न की विराम संधि ११-१५° है तो यह राहु लग्न के भीतर ही रहा। मंगल १-१६° है यह वृष का होने से तीसरे भाव में पड़ा था परन्तु चलित में तीसरा भाव ०-१६° से १-१७° तक है तो मंगल तीसरे ही भाव में रहा। शनि १-२०° है वृष का होने से तीसरे भाव में पड़ा था परन्तु तीसरे भाव की विराम संधि १-१७° है इसके बाद चौथा भाव लग जाना है, इससे शनि चतुर्थ



चित्र संख्या ८ चलित भाव कुण्डली



लग्न कुण्डली



चित्र संख्या ९ चलित भाव कुण्डली के भिन्न-भिन्न आकार



चित्र संख्या १०
अन्य प्रकार
की चलित भाव
कुण्डली



चित्र संख्या ११
अन्य प्रकार
की चलित भाव
कुण्डली



चित्र संख्या १२
चलित भाव
कुण्डली का
अन्य आकार



चित्र संख्या १३
चलित भाव
कुण्डली का
एक प्रकार



चित्र संख्या १४
चलित भाव
कुण्डली अन्य
प्रकार से।

भाव में चला गया। चतुर्थ भाव १-१७° से २-१७°-३४′ तक है। शुक्र इसके भीतर ही है अर्थात् २-१७°-१४′ है तो शुक्र चतुर्थ भाव में ही रहेगा। चतुर्थ की विराम संधि के समीप ही यह शुक्र है। रवि ३-२७° है कर्क का होने से पंचम में था परन्तु पंचम भाव २-१६″-३४′ से ३-१६° तक है। रवि विराम संधि से अधिक है तो रवि इसके आगे षष्ठ भाव में चला गया। षष्ठ भाव ३-१६° से ४-१५° तक है। बुध ३-१३° (कर्क) का होने से पंचम में था चलित में पंचम भाव ३-१६° तक होने से बुध पंचम भाव में ही रहा। केतु ५-२° है। जाया भाव ५-१९° तक है इससे केतु जाया भाव में ही रहा। गुरु ८-१८° (धन) का है और चंद्र ८-२०° (धन) का होने से दशम भाव में था परन्तु दशम भाव ८-१७° तक ही है। इससे ये दोनों ग्रह आगे लाभ भाव में चले गये क्योंकि लाभ भाव ९-१६° तक है।

इस प्रकार चलित कुंडली में और साधारण कुंडली में बहुत अंतर पड़ सकता है। यहाँ साधारण कुण्डली के ग्रह शनि, रवि, चंद्र और गुरु चलित में आगे के भाव में चले गये हैं। इस कारण चलित कुण्डली के अनुसार ही ग्रह और भाव का फल विचार किया जाता है।

ज्योतिषी लोग कई प्रकार से भाव की चलित कुंडली बनाते हैं। कोई गोल कोई चौकोर आकार की चलित कुण्डली बनाते हैं। भिन्न-भिन्न आकार की कुछ चलित कुण्डलियाँ चित्र संख्या ९,१०,११, १२ और १३ में बनाकर बताई हैं। इनके अतिरिक्त और भी कई प्रकार की चलित कुण्डलियाँ बनाई जाती हैं। कई लोग चित्र संख्या १४ के अनुसार ही चलित कुण्डलो बना देते हैं जिसमें केवल भाव मध्य के अंश दिये रहते हैं। भाव की राशि दे देने से ग्रह के केवल अंश दिये रहते हैं। इसमें संधि नहीं दी रहती। महाराष्ट्र में इसी प्रकार की कुण्डली प्रचलित है।

साधारण :प्रकार से पंडित लोग इस प्रकार चलित कुण्डली वना देते हैं जिसमें ग्रह और भाव के अंश तो नहीं देते परन्तु जिस भाव में जो ग्रह चल कर आता है उसी स्थान में उसे रख देते हैं।

चलित भाव कुण्डली



लग्न कुण्डली से इसे मिलान करो। शनि तीसरे स्थान से चौथे में, रवि पंचम से छठे में और चंद्र गुरु दशम स्थान से लाभ स्थान में चले गये हैं। यही इस कुण्डली में बताया है।

—: ० :—

अध्याय १५

लग्न सारिणी बनाना

लग्न सारिणी २ प्रकार की वनाई जाती है एक तो निरयन लग्न सारिणी दूसरी सायन लग्न सारिणी।

सायन लग्न सारिणी प्रायः प्रत्येक पंचाग में दी रहती है परन्तु वह सारिणी किसी विशेष स्थान के स्वोदय पर से बनाई जाती है। यहाँ उदाहरण स्वरूप नर-

सिंहपुर की दोनों प्रकार की लग्न सारिणी बनाना बताया गया है। सायन लग्न सारिणी में अयनांश बदल जाने पर उस सारिणी में कुछ अंतर आ जाता है परन्तु निरयन सारिणी सदा उपयोग में आ सकती है।

निरयन सारिणी बनाना

निरयन लग्नसारिणी बनाने के लिये जिस स्थान की लग्नसारिणी बनानी हो वहाँ की पलभा निकाल कर स्वोदय बना लेना चाहिए। वह स्वोदय किसी भी राशि का हो ३० अंशों में बट जाता है क्योंकि एक राशि के ३० अंश होते हैं। इस प्रकार किसी राशि के स्वोदय में ३० का भाग देने से जो उत्तर आता है उसे ध्रुव कहते हैं। इसी ध्रुव के आधार पर सारिणी बनाई जाती है।

उदाहरण—नरसिंहपुर का अक्षांश २२°–५७′ पलभा ५–५ है और स्वोदय इस प्रकार हैं—

राशि		स्वोदय पल–विपल		ध्रुवांक (तीसवां भाग) घड़ी पल वि. अनु.
१ मेष	१२ मीन	२२७–१०	=	०–७–३४– २०
२ वृष	११ कुंभ	२५८–२०	=	०–८–३६– ४०
३ मिथुन	१० मकर	३०६– ४	=	०–१०–१२– ८
४ कर्क	९ धन	३३९–५६	=	०–११–१९–५२
५ सिंह	८ वृश्चिक	३३९–४०	=	०–११–१९–२०
६ कन्या	७ तुला	३२८–५०	=	०–१०–५७–४०

अब एक सारिणी का चक्र बना कर, जैसे पंचांग में लग्न सारिणी बनी रहती है उसी प्रकार कोठे बना लो। अर्थात् ऊपर ३० कोठे बना कर ० से २९ अंश तक लिख दो और बाईं ओर खड़े कोठे में मेष से मीन तक १२ राशियां लिख दो। मेष के नीचे ०, वृष के नीचे १ इत्यादि लिख दो। मीन के नीचे ११ लिखो। मेष के नीचे ० लिखने का तात्पर्य यह है कि जहाँ मेष लिखा होगा वहाँ मेष राशि के अंश ऊपर चक्र में मिलेंगे। और ० राशि अर्थात् मीन राशि पूर्ण होकर ये अंश मेष के कहलायेंगे।

इस चक्र के अंत में २९° के उपरांत ध्रुवांक (प्रत्येक राशि का) लिख दो जिससे जोड़ने में भूल न हो जावे।

स्वोदय में विपल छोड़ कर केवल पल ही लेते हैं परन्तु यहाँ ध्रुवांक बनाने
पल वि०
के लिये सूक्ष्म स्वोदय ही लिया है जैसे मेष मीन का स्वोदय २२७-१० है। इस में ३० का भाग देकर प्रत्येक राशि के स्वोदय का ध्रुव बना लिया है जैसे मेष का
घ०प०वि०अनु
ध्रुवांक ०-७-३४-२० आया है।

घ. प. वि. अ.

अब मेष के ० अंश के नीचे ०-०-०-० लिखो और इस में आगे प्रत्येक राशि का ध्रुवांक जोड़ते जाओ और आगे के अंश के नीचे रखते जाओ। जैसे ० में ध्रुवांक ०-७-३४-२० जोड़ा तो यही आया इसे १° के नीचे रखा इस में फिर इसी ध्रुवांकको जोड़ा तो ०-१५-८-४० आया। इसे २ अंश के नीचे रखा फिर इसी में उसी ध्रुवांक के जोड़ने से जो आया वह ३ अंश के नीचे रखा। इस प्रकार मेष का ध्रुवांक २९ अंश तक जोड़ते जाना और आगे के अंशों के नीचे रखते जाना। अंत में ध्रुवांक जोड़ने से ३-३९-३५-४० आया इसे २९ अंश के नीचे रखा। फिर इसी में मेष का ध्रुवांक और जोड़ा तो ३-५५-४६-४० आया इस को वृष के ० अंश के नीचे रखा।

फिर इस के आगे वृष का ध्रुवांक जोड़ना आरम्भ किया और २९ अंश तक रखने के उपरांत मिथुन के ० अंश तक इसी ध्रुवांक को २९ अंश के अंक में जोड़ कर रख दिया। जैसे २९ अंश के नीचे ७-५६-३३-२० आया था इस में वृष का वांक जोड़ा तो ८-१५-४२-८ हुए इसे मिथुन के ० अंश के नीचे रखा। इस के आगे मिथुन का ध्रुवांक जोड़ना आरम्भ किया। इसी प्रकार २९ अंश तक जोड़ने के उपरांत आगे की राशि कर्क के ० अंश तक वही ध्रुवांक जोड़ा जायगा। इस रीति को ध्यान में रखते हुए आगे की राशियों का ध्रुवांक जोड़ कर पूरी सारिणी बनालो।

यह सारिणी ठीक बनी है या नहीं इस की जाँच करने को सब राशियों के स्वोदय की घड़ी पल विपल आदि बना कर लिख लो। मेष का पूरा स्वोदय घड़ी पल जितना होगा वही अंक वृष राशि के ० अंश के नीचे मिलेगा।

राशियों का उदय काल लग्न — राशि स्वोदय

सारिखी का उदय काल — राशियों का योग

राशि	पल–वि० = घ० प० वि०	राशियों का योग	घ० प० वि०
१ मेष	२२७–१० = ३–४७–१०	१ मेष + ०	३–४७–१०
२ वृष	२५८–२० = ४–१८–२०	२ मेष + वृष	८– ५–३०
३ मिथुन	३०६– ४ = ५– ६– ४	३ मेष से मिथुन तक	१३–११–३४
४ कर्क	३३९–५६ = ५–३९–५६	४ ,, कर्क ,,	१८–५१–३०
५ सिंह	३३९–४० = ५–३९–४०	५ ,, सिंह ,,	२४–३१–१०
६ कन्या	३२८–५० = ५–२८–५०	६ ,, कन्या ,,	३०–० –०
७ तुला	३२८–५० = ५–२८–५०	७ ,, तुला ,,	३५–२८–५०
८ वृश्चिक	३३९–४० = ५–३९–४०	८ ,, वृश्चिक ,,	४१– ८–३०
९ धन	३३९–५६ = ५–३९–५६	९ ,, धन ,,	४६–४८–२६
१० म..र	३०६– ४ = ५– ६– ४	१० ,, मकर ,,	५१–५४–३०
११ कुंभ	२५८–२० = ४–१८–२०	११ ,, कुंभ ,,	५६ १२ ५०
१२ मीन	२२७–१० = ३–४७–१०	१२ ,, मीन ,,	६० ० ०
			=० ० ०

जैसे मेष का उदय काल ३–४७–१० है यही वृष के ० अंश के नीचे मिलेगा। इस स्वोदय में आगे की राशियों का स्वोदय घड़ी पल जोड़ते जाय तो उन के आगे को राशियों के शून्य अंश के नीचे वह जोड़ मिलेगा। जैसे मेष से तुला तक स्वोदय घड़ी पल का जोड़ ३०–०–० घड़ी होता है वह तुला के ० अंश के नीचे मिलेगा और मीन तक का जोड़ ६० घड़ी मेष के ० अंश के नीचे ०–० दिया है। ऊपर प्रत्येक राशियों तक का स्वोदय का जोड़ दिया है उसी के अनुसार देख लो सारिणी में आता है या नहीं। यदि नहीं आया तो समझना कहीं जोड़ में भूल हो गई है जिसे शुद्ध कर लेना।

सारिणी में दिये हुए अंक घड़ी पल विपल प्रति विपल हैं और यह निरयन सारिणी है इस का ध्यान रहे। इस सारिणी में जो कुछ योग आया है पूरे चारों अंक दे दिये हैं जिस से विद्यार्थी को अटपटा न जंचे कि वह अंक कहाँ से आया। सारिणी में बहुधा २ या ३ ही अंक दिये रहते हैं चौथा अंक प्रायः छोड़ दिया जाता है।

इस सारिणी से लग्न देखने के लिये सूर्य में अयनांश जोड़ कर सायन सूर्य पर से लग्न देखना पड़ता है और जो लग्न आती है वह सायन लग्न आती है। उस में से अयनांश घटा देने से निरयन लग्न आ जाती है।

निरयन सारिणी देखने की रीति

इष्ट काल का सायन सूर्य बना लो और उसपर से सारिणी देखो। सायन सूर्य की जो राशि होगी वह बाईं ओर खड़े कोठे में खोजो और जो सायन सूर्य के अंश हों सारिणी में ऊपर देखो। ये अंश आड़े कोठे में सब के ऊपर ० से २९ अंश तक दिये हैं। इन दोनों के सीध में जो अंक मिलें वे सारिणी अंक घड़ी पल आदि में होंगे। उस में इष्ट घड़ी पल आदि जोड़ दो। यदि जोड़ने से ६० घड़ी से अधिक योग आवे तो उस में ६० घटा देना। जो शेष बचे उसे लेना। उपरांत उस अंक को सारिणी में खोजो जहाँ वह मिले बाईं ओर लग्न की राशि और ऊपर उस राशि का अंश मिलेगा। इस प्रकार लग्न की राशि अंश केवल मिलेगी।

यदि सूक्ष्म रूप से लग्न की कला विकला भी निकालना है तो सायन सूर्य की कला विकला में सायन सूर्य की राशि का ध्रुवांक का गुणा करो जो गुणनफल आयगा वह पल आयगा पहिले इष्ट जोड़ने से आये हुए घड़ी पल आदि में इतने और जोड़ देना जो योग फल घटी पल आदि हो उसे सारिणी में खोजना। जिस राशि के अंश के नीचे उस से अल्प संख्या मिले लिख लो उस को अल्प कोष्टक का अंक कहेंगे क्योंकि वह अंक अपने इष्ट मिश्रित अंक से अल्प है। उसके आगे का उससे अधिक घड़ी पल के कोष्टक को ऐष्य कोष्टक कहेंगे।

अल्प कोष्ठक और ऐष्य कोष्ठक के अंकों का अंतर निकालो यह अंतर १° में हुआ। उपरांत अल्प कोष्ठक में मिला हुआ अंक और इष्ट मिश्रित सारिणी अंक का अंतर निकालो। जो अंतर मिले वह इष्ट का अंतर कहलायगा। उपरांत त्रैराशिक से निकालो कि इतने घड़ी पल एक कोष्ठक के अंतर में १ अंश (६० कला) का अंतर होता है तो इष्ट मिश्रित सारणी अंक के अंतर घड़ी पल में कितनी कला का अंतर पड़ेगा। जो उत्तर आवे उसे पूर्व प्राप्त लग्न की राशि अंश में जोड़ दो तो लग्न स्पष्ट हो जायगा।

परन्तु सारिणी अल्प समय में उत्तर प्राप्त करने के लिये बनाई जाती है जिस से लग्न की राशि अंश शीघ्र मिल जाता है। यदि कला विकला भी निकालने को उपरोक्त गणित सूक्ष्म रूप से किया जाय तो उस में समय लगेगा उतने ही समय में गणित द्वारा लग्न स्पष्ट हो सकती है। इस कारण ऊपर बनाये गणित को मोटे रूप से करेंगे।

उदाहरण

रा तात्कालिक सूर्य स्पष्ट ११–५°–४०′–४५″ + अयनांश ०–२२–४७–५६ = सायन सूर्य ११–२८–२८–४४ सूर्य ११–२८° का मिल गया अब २८′–४४″ का और निकालना है।	सारिणी देखा रा ११–२८° = ५६–४४–५१–२० + इष्ट = १५–५१–४२–३० इष्ट युक्त = १५–३६–३३–५० सारिणी अंक यहाँ जोड़ने में ६० से अधिक घड़ी होने से निकाल दिया।

पल

मीन का ध्रुवांक ७–३४–२० है। विपल ३० से अधिक है इससे मोटे हिसाब से इसे ८ पल मान लिया

२८–४४

$$\frac{२८'–४४'' \times ८}{६०} = \frac{२३०–५२}{६०} = ३–५०$$ (पल वि०)

×८

६०) २३०–५२ (३ पल
१८०
५० विपल

इष्ट युक्त सारिणी अंक १५–३६–३३–५० २८′–४४″ का + ३–५० = १५–४० –२३–५० ३-१३° का सारिणी अंक–१५–३८–५२–१६ अंतर ०–१–३१–३४	सारिणी में इष्ट युक्त सारिणी अंक के समीप का रा १५–३८–५२–१६ = ३–१३° मिला इससे लग्न कर्क १३° निकली

अब लग्न की कला विकला भी निकालनी है तो इष्ट युक्त सारिणी अंक से ३–१३° के सारिणी अंक का अंतर निकाला १–३१–३४ (पल) अंतर निकला। अब इस अंतर की कला निकालनी है। कर्क का ध्रुवांक ११–१६–५२ है यही कोष्टक अंतर होता है। ११–१६–५२ का ११–१६ ही लिया और अंतर १–३१–३४ का १–३१ ही लिया।

११–१६ में ६०′ तो १–३१ में कितना होगा?

= ६७९ विपल = ९१ विपल

$$\frac{९१ \times ६०}{६७९} = \frac{५४६०}{६७९} = ८'–२''$$

६७९) ५४६० (८'
५४३२
२८ × ६०
६७९) १६८० (२''
१३५८
३२२

लग्न पूर्व प्राप्त ३–१३°
+ ८'–२''
= ३–१३–८–२ सायन लग्न

इस में से अयनांश घटा देने से निरयन लग्न हो जायगी।

यहाँ जो कला विकला आई है गणित मोटे रूप से किया है इस से १' के लगभग इस में अंतर पड़ सकता है। यदि सूक्ष्म रूप से गणित किया जाय तो अंतर नहीं रहेगा। सारिणी से लग्न की राशि अंश तो निश्चित रूप से निकल आती हैं।

राशि अंश के अतिरिक्त कला विकला प्राप्त करने का जो गणित वताया है उस का सारांश :—

(१) इष्ट कालीन सायन सूर्य के राशि अंश के नीचे सारिणी अंक=सारिणी अंक।

(२) सायन सूर्य की राशि का ध्रुवांक × सा० सूर्य की केवल कला विकला ÷ ६० = अनुपातिक पल।

(३) इष्ट युक्त सारिणी अंक + अनुपातिक पल = इष्ट युक्त पूर्ण सारिणी अंक (सारिणी अंक और इष्ट का योग ६० से अधिक होने पर ६० घटा देना)।

(४) इस के सामने सारिणी में जो मिले वह लग्न की राशि अंश हुई और इस के समीप का कुछ कम जो सारिणी अंक मिला = अल्प कोष्टक।

(५) इष्ट युक्त पूर्ण सारिणी अंक-अल्प कोष्टक = इष्ट अंतर।

(६) कोष्टक अंतर = (ऐष्य कोष्टक—अल्प कोष्टक) = ध्रुवांक।

(७) (इष्ट अंतर × ६०) ÷ कोष्टक अंतर या ध्रुवांक = अनुपातिक इष्ट कलादि। अंतर पल आदि ∴ का पिंड बना कर गुणा भाग करना।

(८) पूर्व प्राप्त लग्न की राशि अंश (जो इष्ट युक्त सारिणी अंक से प्राप्त हुआ था) + उपरोक्त कलादि = सायन लग्न।

(९) (सायन लग्न–अयनांश) = निरयन लग्न।

अब उपरोक्त रीति से सारिणी के सहारे सूक्ष्म रूप से लग्न साधन करते हैं।

रा
सा. सूर्य ११–२८°–२८'–४४" मीन
सूर्य ११–२८°=५९–४४–५१–२० सारिणी अंक
+इष्ट १५–५१–४२–३०
७५–३६–३३–५०

इष्ट युक्त सारिणी अंक } =१५–३६–३३–५०

+ अनुपातिक पल } +३–३७–१४

इष्ट युक्त पूर्ण = १५–४०–११–४
सारिणी अंक इस के समीप का
अल्प कोष्ट = १५–३८–५२–१६ मिला
इस की राशि अंक कर्क १३° सायन लग्न

शेष कला सूर्य की मीन ध्रुवांक
(२८–४४) × (७–३४–२०) / ६०
७–३४–२०
× २८–४४

			१५	४०
		२४	५६	
	५	८		
		९	२०	
	१५	५२		
३	१६			
३	३७	१४	३०	४०

= ३–३७–१४
अनुपातिक पल

इष्ट युक्त पूर्ण सारिणी अंक १५–४०–११–४
—अल्प कोष्टक १५–३८–५२–१६
=इष्ट अंतर = ०– १–१८–४८
= ४७२८अनुपल

अल्प कोष्टक ध्रुवांक = ०–११–१९–५२
= ४०७९२ अनुपल

इष्ट अंतर कोष्टक अंतर

$\frac{४७२८ \times ६०}{४०७९२ \text{ कोष्टक अंतर}}$ $\frac{२८३६८०}{४०७९२}$ = ७'–१२"

अल्प कोष्टक से प्राप्त सायन लग्न = कर्क १३°

४०७९२) २८३६८० (७'
२८५५४४
८१३६
× ६०
४०७९२) ४८८१६० (११"
४०७९२
८०३४०
४०७९२
३९५४८
शेष आवे से अधिक है तो ११" को १२" माना।

+ अनुपातिक इष्ट कला ७'–१२"
= कर्क १३°–७'–१२"
= सायन लग्न = ३–१३°–७'–१२"
—अयनांश ०–२२–४७–५९
शेष = २–२०–१९–१३
निरयन लग्न

रा
∴ निरयन लग्न = २–२०°–१९'–१३"

निरयन लग्न सारिणी नरसिंहपुर की अक्षांश २२°—५७' पलभा ५-५

अंश

राशि	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	ध्रुव
मेष घं.	०	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	२	३	३	३	३	३	३	०
० प.	०	७	१५	२२	३०	३७	४५	५३	०	८	१५	२३	३०	३८	४६	५३	१	८	१६	२३	३१	३९	४६	५४	१	९	१६	२४	३२	३९	७
	०	३४	८	४३	१७	५१	२६	०	३४	९	४३	१७	५२	२६	०	३५	९	४३	१८	५२	२६	१	३५	९	४४	१८	५२	२७	१	३५	३५
	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	२०
वृष	३	३	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	६	७	७	७	७	७	७	७	०
१	४७	५५	४	१३	२१	३०	३८	४७	५६	४	१३	२१	३०	३९	४७	५६	४	१३	२२	३०	३९	४८	५६	५	१३	२२	३१	३९	४८	५६	८
	१०	४६	२३	०	३६	१३	५०	२६	३	४०	१६	५३	३०	६	४३	२०	५६	३३	१०	४६	२३	०	३६	१३	५०	२६	३	४०	१६	५३	३६
	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	४०
मिथुन	८	८	८	८	८	८	९	९	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१३	०
२	५	१५	२५	३६	४६	५६	६	१६	२७	३७	४७	५७	७	१८	२८	३८	४८	५८	९	१९	२९	३९	४९	०	०	२०	३०	४०	५०	१	१०
	३०	४२	५४	६	१८	३०	४२	५४	७	१९	३१	४३	५५	७	१९	३२	४४	५६	८	२०	३२	४४	५६	९	२१	३३	४५	५७	९	२१	१२
	०	८	१६	२४	३२	४०	४८	५६	४	१२	२०	२८	३६	४४	५२	०	७	१६	२४	३२	४०	४८	५६	४	१२	२०	२८	३६	४४	५२	८
कर्क	१३	१३	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	०
३	११	२२	३४	४५	५६	८	१९	३०	४२	५३	४	१६	२७	३८	५०	१	१२	२४	३५	४६	५८	९	२०	३२	४३	५४	६	१७	२८	४०	११
	३४	५३	१३	३३	५३	१३	३३	५३	१२	३२	५२	१२	३२	५२	१२	३२	५१	११	३१	५१	११	३१	५४	१०	३०	५०	१०	३०	५०	१०	१९
	०	५२	४४	३६	२८	२०	१२	४	५६	४८	४०	३२	२४	१६	८	०	५२	४४	३६	२८	२०	१२	४	५६	४८	४०	३२	२४	१६	८	५२
सिंह	१८	१९	१९	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२४	२४	०
४	५१	२	१४	२५	३६	४८	५९	१०	२२	३३	४४	५६	७	१८	३०	४१	५२	३	१५	२६	३७	४९	०	११	२३	३४	४५	५७	८	१९	११
	३०	४९	८	२८	४७	६	२६	४५	४	२४	४३	२	२२	४१	०	२०	३९	५८	१८	३७	५६	१६	३५	५४	१४	३३	५२	१२	३१	५०	१९
	०	२०	४०	९	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	२०
कन्या	२४	२४	२४	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२८	२८	२८	२८	२८	२९	२९	२९	२९	२९	०
५	३१	४२	५३	४	१५	२५	३६	४७	५८	९	२०	३१	४२	५३	४	१५	२६	३७	४८	५९	१०	२१	३२	४३	५४	५	१६	२७	३८	४८	१०
	१०	७	५	३	०	५८	५६	५३	५१	४५	४६	४४	४२	३९	३७	३५	३२	३०	२८	२५	२३	२१	१८	१६	१६	११	९	७	४	२	५७
	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	४०

तुला	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३	३३	३४	३४	३४	३४	३४	३४	३५	३५	०
६	०	१०	२१	३२	४३	५४	५	१६	२७	३८	४९	०	११	२२	२३	४४	५५	६	१७	२८	३९	५०	१	१२	२३	३४	४४	५५	६	१७	१०
	०	५७	५५	५३	५०	४८	४६	४३	४१	३९	३६	३४	३२	२९	२७	२५	२२	२०	१८	१५	१३	११	८	६	४	१	५९	५७	५४	५२	५७
	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	४०
वृश्चिक	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३७	३८	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	३९	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४०	०
७	२८	४०	५१	२	१४	२५	३६	४८	५९	१०	२२	३३	४४	५६	७	१८	२९	४१	५२	३	१५	२६	३७	४९	०	११	२३	३४	४५	५७	११
	५०	९	२८	४८	७	२६	४६	५	२४	४४	३	२२	४२	१	२०	४०	५९	१८	३८	५७	१६	३६	५५	१४	३४	५३	१२	३२	५१	१०	१९
	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	२०
धन	४१	४१	४१	४१	४१	४२	४२	४२	४२	४२	४३	४३	४३	४३	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	४५	३५	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	०
८	८	१९	३१	४२	५३	५	१६	२७	३६	५०	१	१३	२४	३५	४७	५८	९	२१	३२	४३	५५	६	१७	२९	४०	५१	३	१४	२५	३७	११
	३०	४९	९	२९	४९	९	२९	४९	८	२८	४८	८	२८	४८	८	२८	४७	७	२७	४७	७	२७	४७	६	२६	४६	६	२६	४६	६	१९
	०	५२	४४	३६	२८	२०	१२	४	५६	४८	४०	३२	२४	१६	८	०	५२	४४	३६	२८	२०	१२	४	५६	४८	४०	३२	२४	१६	८	५२
मकर	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८	४८	४९	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	५०	५०	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	०
९	४८	५८	८	१९	२९	३९	४९	५९	१०	२०	३०	४०	५०	१	११	२१	३१	४१	५२	२	१२	२२	३२	४३	५३	३	१३	२३	३४	४४	१०
	२६	३८	५०	२	१४	२६	३८	५०	३	१५	२७	३९	५१	३	१५	२८	४०	५२	४	१६	२८	४०	५२	५	१७	२९	४१	५३	५	१७	१२
	०	८	१६	२४	३२	४०	४८	५६	४	१२	२०	२८	३६	४४	५२	०	८	१६	२४	३२	४०	४८	५६	४	१२	२०	२८	३६	४४	५२	८
कुंभ	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५६	०
१०	५४	३	११	२०	२८	३७	४६	५४	३	१२	२०	२९	३७	४६	५५	३	१२	२०	२९	३८	४६	५५	३	१२	२१	२९	३८	४७	५५	६	८
	३०	६	४३	२०	५६	३३	१०	४६	२३	०	३६	१३	५०	२६	३	४०	१६	५३	३०	६	४३	२०	५६	३३	१०	४६	२३	०	३६	१३	३६
	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	४०
मीन	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९	०
११	१२	२०	२७	३५	४३	५०	५८	५	१३	२०	२८	३६	४३	५१	५८	६	१३	२१	२९	३६	४४	५१	५९	६	१४	२२	२९	३७	४४	५२	७
	५०	२४	५८	३३	७	४१	१६	५०	२४	५९	३३	७	४२	१६	५०	२५	५९	३३	८	४२	१६	५१	२५	५९	३४	८	४२	१७	५१	२५	३४
	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०

सायन लग्न सारिणी बनाना

प्राय: प्रत्येक पंचाग में यह सारिणी दी रहती है। पहिले बताई निरयन सारिणी और इस में बहुत थोड़ा अंतर है। जो अंक निरयन सारिणी में रखे गये हैं वे ही अंक इस में भी हैं। केवल अंतर यही है कि निरयन सारिणी में मेष के १ अंश के नीचे से ध्रुवांक जोड़ना आरंभ हुआ है और इस में अयनांश के अनुसार जो कोठा आता है उसी अंश के नीचे से ध्रुवांक जोड़ना आरंभ होता है।

यह सारिणी बनाने के लिये उसी प्रकार ३० कोठे बना कर ० से २९ अंश तक ऊपर लिख दो और अंत का ध्रुवांक अभी न लिखो। बाईं ओर खड़े कोठे में मेष ० से लेकर मीन ११ तक राशियां लिख दो।

स्थानिक पलभा से स्वोदय बना कर स्वोदय में ३० का भाग देकर प्रत्येक राशियों का ध्रुवांक बना लेना, जैसे निरयन सारिणी के बनाने के लिये किया था।

फिर वर्तमान सम्वत का अयनांश निकालो। जो अयनांश आवे उसे १२ राशि (१ भचक्र) में से घटा दो। जो राशि अंश शेष बचें उस राशि अंश के नीचे सारिणी में ० रखो। वहाँ से मेष का ध्रुवांक आगे जोड़ना आरम्भ करो और २९ अंश के आगे अंत में मेष का ध्रुवांक लिखदो। अर्थात् मीन के आगे मेष का ध्रुवांक, मेष के आगे वृष का, वृष के आगे मिथुन का ध्रुवांक, इसी प्रकार प्रत्येक राशियों का ध्रुवांक अंत में लिखदो।

रा–०–′–″
१२–०–०–०
 २३–४१–०
शेष ११–६–१९–०

जैसे शाका १८६५ का अयनांश २३°–४१′ है इसे १२ राशि में से घटाया तो ११–६°–१९′ शेष बचा। अर्थात् मीन के ६ अंश पूर्ण होकर सातवां अंश है तो सारिणी में मीन के ७ अंश के नीचे शून्य रखो और इस के आगे मेष का ध्रुवांक ०–७–३४–२० को मीन के ८° के नीचे रखो। आगे इसी ध्रुवांक को २९ अंश तक जोड़ते जाओ। इस के आगे मेष के ० से मेष के ६° तक यही मेष का ध्रुवांक जोड़ते जाना। मेष के ७° से वृष का ध्रुवांक जोड़ना आरंभ करो। अर्थात् प्रत्येक राशि ७° से उस राशि के आगे का ध्रुवांक जोड़ना आरंभ होता है और आगे की राशि के ६° तक वही ध्रुवांक जोड़ा जायगा। इस प्रकार पूरी सारिणी बना लो।

निरयन सारिणी में मेष के नीचे ० अंश के नीचे ० रख कर मेष का ध्रुवांक आगे जोड़ना आरंभ हुआ था और इस में मीन के ७° के नीचे ० रख कर आगे मेष का ध्रुवांक जोड़ना आरंभ हुआ है और कोई अंतर नहीं है। दोनो सारिणी के अंक उसी क्रमानुसार हैं। सारिणी शुद्ध है या नहीं यह देखने के लिये जैसे मेष के ० अंश के नीचे ध्रुवांक का जोड़ (स्वोदय बराबर) मिला था इसी प्रकार यहाँ मीन के ७° के नीचे से ध्रुवांक का योग मिलना आरंभ होगा। जैसे मीन तक का योग ६० घड़ी=० है यह मीन के ७° के नीचे आया। मेष के ७° के नीचे स्वोदय ३–४७–१० मिलेगा।

वृष के ७° के नीचे मेष और वृष के स्वोदय का योग ८–५–३० मिलेगा। इसी प्रकार आगे की राशि का स्वोदय जोड़ते जाओ तो जो योग होगा यहाँ ७° के नीचे मिले तो समझना सारिणी शुद्ध बनी हैं।

सारिणी देखना

इस सारिणी को देखने के लिये सायन सूर्य बनाने की आवश्यकता नहीं है। केवल इष्ट कालीन निरयन सूर्य लेना। सूर्य के अंश जिस राशि के भीतर हों उस राशि और अंश के नीचे सारिणी में जो अंक मिले इस में इष्टकाल जोड़ना तो वह इष्ट युक्त सारिणी अंक हुआ। इसे सारिणी में खोजो अपने अंक से मिलता जुलता समीप का अंक जिस राशि अंश के नीचे मिले वह राशि अंश लग्न की हुई। यह निरयन लग्न होगी। इस सारिणी से लग्न की कला विकला ठीक नहीं निकलती। कुछ अंतर पड़ जाता है। कारण यह है कि गणित में निरयन सूर्य को सायन बनाने के लिये जो अयनांश जोड़ा था वह सूक्ष्म रहता है और इस सारिणी में अयनांश के केवल अंश का उपयोग हुआ है। इस कारण इस सारिणी द्वारा यदि लग्न का सूक्ष्म कला विकला निकालना चाहो तो कला में अंतर पड़ेगा। यदि सारिणी से सूक्ष्म लग्न निकालना है तो निरयन सारिणी से लग्न निकालना।

सायन सारिणी देखने का उदाहरण

	रा
निरयन सूर्य	११–५°–४०′–४५″ है
रा	
सूर्य ११–५° =	५६–४४–५१–२० है
(मीन के ५°) + इष्ट	१५–५१–४२–३०
योग	७५–३६–३३–५०
इष्ट युक्त सारिणी अंक	=१५–३६–३३–५०

इष्ट युक्त सारिणी अंक को सारिणी में खोजा ६५–३८–५३–१६ मिला जो इस के समीप का है यह मिथुन के २०° के नीचे है तो निरयन लग्न मिथुन के २०° हुए।

इस सारिणी से दिनमान भी जान सकते हैं।

सूर्य के राशि अंश के नीचे जो सारिणी में अंक प्राप्त हो उसी के नीचे सातवें कोठे में सारिणी में दिये हुए घड़ी पल लेना। सातवें कोठे के अंक से पहिले का अंक घटाना तो शेष दिनमान प्राप्त होगा। जैसे :—

सूर्य रा० अं०	सारिणी अंक
२–२५	= घ. प. वि.
	= १६–३५–३१–३६
इस से सातवाँ नीचे का अंक	= ४६–५२– ४ –२४

	घ. प. वि.
	४६–५२–४–२४
	–१६–३५–३१–३६
शेष=	३३–१७–३२–४८
	= दिनमान

जिस कोठे में सारिणी अंक सूर्य की राशि अंश के सामने मिले उस को १ गिनते हुए उसके नीचे वाले सातवे कोठे में जो सारिणी अंक मिले उसे लेना और पूर्व प्राप्त अंक को इस सातवे कोठे के अंक से घटाना तो दिनमान निकल आयगा।

सायन लग्न सारिणी नरसिंहपुर अक्षांश २२°-५७′ पलभा ५-५ शाका १८६५

राशि	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	ध्रुवांक घड़ी पल वि.अ.
मेष	२	३	३	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	६	०
०	५४	१	९	१६	२४	३२	३९	४७	५५	४	१३	२१	३०	३८	४७	५६	४	१३	२१	३०	३९	४७	५६	४	१३	२२	३०	३९	४८	५६	८
	९	४४	१८	५२	२७	१	३५	१०	४६	२३	०	३६	१३	५०	२६	३	४०	१६	५३	३०	६	४३	२०	५६	३३	१०	४६	२३	०	३४	३६
	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	४०
वृष	७	७	७	७	७	७	७	८	८	८	८	८	८	९	९	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	०
१	५	१३	२२	३१	३९	४८	५३	५	१५	२५	३६	४६	५६	६	१६	२७	३७	४७	५७	७	१८	२८	३८	४८	५८	९	१९	२९	३९	४९	१०
	१३	५०	२६	३	४०	१६	५६	३०	४२	५४	६	१८	३०	४२	५४	७	१९	३१	५४	५५	७	१९	३२	४४	५६	८	२०	३२	४४	५६	१२
	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	८	१६	२४	३२	४०	४८	५६	४	१२	२०	२१	३६	४४	५२	०	८	१६	२४	३२	४०	४८	५६	८
मिथुन	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१७	१७	०
२	०	१०	२०	३०	४०	५०	१	११	२२	३४	४५	५६	८	१९	३०	४२	५३	४	१६	२७	३८	५०	१	१२	२४	३५	४६	५८	९	२०	११
	९	२१	३३	४५	५७	९	२१	३४	५३	१३	३३	५३	१३	३३	५३	१२	३२	५२	१२	३२	५२	१२	३२	५१	११	३१	५१	११	३१	५४	१९
	४	१२	२०	२८	३६	४४	५२	०	५२	४४	३६	२८	२०	१२	४	५६	४८	४०	३२	२४	१६	८	०	५२	४४	३६	२८	२०	१२	४	५२
कर्क	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	१८	१९	१९	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२३	०
३	३२	४३	५४	६	१७	२८	४०	५१	२	१४	२५	३६	४८	५९	१०	२२	३३	४४	५६	७	१८	३०	४१	५२	३	१५	२६	३७	४९	०	११
	१०	३०	५०	१०	३०	५०	१०	३०	५९	८	२८	४७	६	२६	४५	४	२४	४३	२	२२	४१	०	२०	३९	५८	१८	३७	५६	१६	३५	१९
	५६	४८	४०	३२	२४	१६	८	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	२०
सिंह	२३	२३	२३	२३	२३	२४	२४	२४	२४	२४	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२८	२८	२८	०
४	११	२२	३४	४५	५७	८	१९	३१	४२	५३	४	१५	२५	३६	४७	५८	९	२०	३१	४२	५३	४	१५	२६	३७	४८	५९	१०	२१	३२	१०
	५४	१४	३३	५२	१२	३१	५०	१०	७	५	३	०	५८	५६	५३	५१	४९	४६	४४	४२	३९	३७	३५	३२	३०	२८	२५	२३	२१	१८	५७
	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	४०
कन्या	२८	२८	२९	२९	२९	२९	२९	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३	३३	३४	०
५	४३	५४	५	१६	२७	३८	४९	०	१०	२१	३२	४३	५८	५	१६	२७	३८	४९	०	११	२२	३३	४४	५५	६	१७	२८	३९	५०	१	१०
	१६	१४	११	९	७	४	२	०	५७	५५	५३	५०	४८	४६	४३	४१	३९	३६	३४	३२	२९	२७	२५	२२	२०	१८	१५	१३	११	८	५७
	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	४०

तुला	३४	३४	३४	३४	३४	३५	३५	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३७	३८	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	३९	०
६	१२	२३	३४	४४	५५	६	१७	२८	४०	५१	०	१४	२५	३६	४८	५९	१०	२२	३३	४४	५६	७	१८	२९	४१	५२	३	१५	२६	३७	११
	६	४	१	५९	५७	५४	५२	५०	९	२८	४८	७	२६	४६	५	२४	४४	३	४२	४२	१	२०	४०	५९	१८	३८	५७	१६	३६	५५	१९
	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	२०
वृश्चिक	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४०	४१	४१	४१	४१	४१	४२	४२	४२	४२	४२	४३	४३	४३	४३	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	४५	४५	०
७	४९	०	११	२३	३४	४५	५७	८	१९	३१	४२	५३	५	१६	२७	३९	५०	१	१३	२४	३५	४७	५८	९	२१	३२	४३	५५	६	१७	११
	१४	३४	५३	१२	३२	५१	१०	३०	४९	९	२९	४९	९	१९	४९	८	२८	४८	८	२८	४८	८	२८	४७	७	२७	४७	७	२७	४७	१९
	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	५२	४४	३६	२८	२०	१२	४	५६	४८	४०	३२	२४	१६	८	०	५२	४४	३६	२८	२०	१२	४	५२
धन	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८	४८	४९	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	५०	५०	०
८	२९	४०	५१	३	१४	२५	३७	४८	५८	८	१९	२९	३९	४९	५९	१०	२०	३०	४०	५०	१	११	२१	३१	४१	५२	२	१२	२२	३२	१०
	६	२६	२६	६	२६	४६	६	२६	३८	५०	२	१४	२६	३८	५०	३	१५	२७	३९	५१	३	१५	२८	४०	५२	४	१६	२८	४०	५२	१२
	५६	४८	४०	३२	२४	१६	८	०	८	१६	२४	३२	४०	४८	५६	४	१२	२०	२८	३६	४४	५२	०	८	१६	२४	३२	४०	४८	५६	८
मकर	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५५	०
९	५३	५३	३	१३	२३	३४	४४	५४	३	११	२०	२८	३७	४६	५४	३	१२	२०	२९	३७	४६	५५	३	१२	२०	२९	३८	४६	५५	३	८
	५	१७	२९	४१	५३	५	१७	३०	६	४३	२०	५६	३३	१०	४६	२३	०	३६	१२	५०	२६	३	४०	१६	५३	३०	६	४३	२०	५६	३६
	४	१२	२०	२८	३६	४४	५२	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	४०
कुंभ	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	०
१०	१२	२१	२९	३८	४७	५५	४	१२	२०	२७	३५	४३	५०	५८	५	१३	२४	२८	३६	४३	५१	५८	६	१३	२१	२९	३६	४४	५१	५९	७
	३३	१०	४६	२३	०	३६	१३	५०	२४	५८	३३	७	४१	१६	५०	२४	५९	३३	७	४२	१६	५०	२५	५९	३३	८	४२	१६	५१	२५	३४
	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	२०
मीन	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९	०	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	०
११	६	१४	२२	२९	३७	४४	५२	०	७	१५	२२	३०	३७	४५	५३	०	८	१५	२३	३०	३८	४६	५३	१	८	१६	२३	३१	३९	४६	७
	५९	३४	८	४२	१७	५१	२५	०	३४	८	४३	१७	५१	२६	०	३४	९	४३	१७	५२	२६	०	३५	९	४३	१८	५२	२६	१	३५	३४
	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	२०

दशम सारिणी बनाना

यह सारिणी भी लग्न सारिणी के अनुसार बनती है। जैसे लग्न सारिणी दो प्रकार की बनती है उसी प्रकार यह दशम सारिणी भी सायन और निरयन बनती है।

लग्न सारिणी में स्वोदय का उपयोग होता है परन्तु दशम सारिणी में लंकोदय के पलों के आधार पर लग्न सारिणी बनाने के नियम के अनुसार ही बनाई जाती है।

प्रत्येक राशियों के लंकोदय पल में ३० का भाग देकर ध्रुवांक बना लेना चाहिए। इसी ध्रुवांक को लग्न सारिणी के अनुसार जोड़ते जाने से दशम सारिणी बन जाती है।

लंकोदय राशियाँ				लंकोदय पल	ध्रुवांक घड़ी–पल	घ. प. वि.
१ मेष	६ कन्या	७ तुला	१२ मीन	२७८	४–३८	०– ९–१६
२ वृष	५ सिंह	८ वृश्चिक	११ कुंभ	२९९	४–५९	०– ९–५८
३ मिथुन	४ कर्क	९ धन	१० मकर	३२३	५–२३	०–१०–४६
						=०–०

लंकोदय का योग

राशियां	योग घ. प. वि.	राशियां	योग घ. प.	राशियां	योग घ. प.
१ मेष केवल	४–३८–०	५ मेष से सिंह तक	२५–२२	९ मेष से धन तक	४५– ०
२ मेष + वृष	९–३७–०	६ ,, कन्या ,,	३०–६	१० ,, मकर ,,	५०–२३
३ मेष से मिथुन तक	१५–०–०	७ ,, तुला ,,	३४–३८	११ ,, कुंभ ,,	५५–२२
४ ,, कर्क ,,	२०–२३–०	८ ,, वृश्चिक ,,	३९–३७	१२ ,, मीन ,,	६०– ०

निरयन दशम सारिणी बनाना

जिस प्रकार निरयन लग्न सारिणी बनाई थी ठीक उसी प्रकार इसे बनाओ। इस में लंकोदय के ध्रुवांक का उपयोग करो। मेष के ० अंश के नीचे ० रखो। आगे मेष का ध्रुवांक २९° तक जोड़ते जाओ। २९° में भी वही मेष का ध्रुवांक जोड़कर वृष के ० अंश के नीचे रखो। इस के आगे वृष का ध्रुवांक जोड़ना आरंभ करो। इसी प्रकार पूरी सारिणी बनालो। और सारिणी के अंत में ये ही ध्रुवांक लिख दो।

जिस प्रकार निरयन लग्न सारिणी में सारिणी की शुद्धता की जाँच की थी उसी प्रकार यहाँ करो अर्थात् वृष के ० अंश के नीचे मेष लंकोदय ४–३८ मिलेगा। मिथुन के ० अंश के नीचे मेष से वृष तक लंकोदय का योग ९–३७ होता है वह मिलेगा। इसी प्रकार और भी आगे की राशियों के लंकोदय का योग मिलेगा। लंकोदय की राशियों का योग ऊपर बताया है उसी के अनुसार मिलान कर लेना।

निरयन दशम सारिणी नरसिंहपुर अक्षांश २२°–५७′ पलभा ५–५

अंश

राशि	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	ध्रुवांक
मेष	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	० घड़ी
०	०	९	१८	२७	३७	४६	५५	४	१४	२३	३२	४१	५१	०	९	१९	२८	३७	४६	५६	५	१४	२३	३३	४२	५१	०	१०	१९	२८	९ पल
	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	१६ वि०
वृष	४	४	४	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	७	७	७	७	७	७	८	८	८	८	८	८	९	९	९	०
१	३८	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	९
	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२	५८
मिथुन	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	०
२	३७	४७	५८	९	२०	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	४०	५०	१	२	२३	३३	४४	५५	६	१६	२७	३८	४९	१०
	२०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	४६
कर्क	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	१८	१८	१९	१९	१९	१४	१९	२०	२०	०
३	०	१०	२१	३२	४३	५३	४	१५	२६	३६	४७	५८	९	१९	३०	४१	५२	६	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	३९	५०	१	१२	१०
	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	२२	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	४६
सिंह	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२५	२५	०
४	२३	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	९
	०	५८	५६	४४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२	५८
कन्या	२५	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२८	२८	२८	२८	२८	२८	२९	२९	२९	२९	२९	२९	०
५	२२	३१	४०	४९	५९	८	१७	२६	३६	४५	५४	३	१३	२२	३१	४१	५०	५९	८	१८	२७	३६	४५	५५	४	१३	२२	३२	४१	५०	९
	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	१६
तुला	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३	३३	३३	३४	३४	३४	३४	०
६	०	९	१८	२७	३७	४६	५५	४	१४	२३	३२	४१	५१	०	९	१९	२८	३७	४६	५६	५	१४	२३	३३	४२	५१	०	१०	१९	२८	९
	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	३८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	२२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	१६
वृश्चिक	३४	३४	३४	३५	३५	३५	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३७	३७	३८	३८	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	०
७	३८	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	९
	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२	५८

धन	३९	३९	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४१	४१	४१	४१	४१	४१	४२	४२	४२	४२	४२	४३	४३	४३	४३	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	०
८	३७	४७	५८	९	२०	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	४०	५०	१	१२	२३	३३	४४	५५	६	१६	२७	३८	४९	१०
	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	४६
मकर	४५	४५	४५	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८	४८	४८	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	०
९	०	१०	२१	३२	४३	५३	४	१५	२६	३६	४७	५८	९	१९	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	३९	५०	१	१२	१०
	०	४६	३२	१०	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	२२	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	४६
कुंभ	५०	५०	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५५	५५	०
१०	२३	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	०	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	९
	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	४०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	४	५८
मीन	५५	५५	५५	५५	५५	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५७	५८	५८	५८	५९	५९	५९	५९	५९	५९	६०
११	२२	३१	४०	४९	५९	८	१७	२६	३८	४५	५४	३	१३	२२	३१	४१	५०	५९	८	१८	२७	३६	४५	५५	४	१३	२२	३२	४१	५०	९
	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	३४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	१६

निरयन दशम सारिणी देखना

जैसे निरयन दशम सारिणी देखी जाती है ठीक उसी प्रकार इष्ट कालीन सायन सूर्य पर से इसे भी देखते हैं। परन्तु लग्न सारिणी में इष्ट का उपयोग होता हैं इस में नत का उपयोग होता है। पूर्व नत हो तो नत को प्राप्त सारिणी अंक से घटा देना और पश्चिम नत हो तो जोड़ देने से इष्ट युक्त सारिणी अंक आता है। नत का उपयोग न करना हो तो इष्ट में से दिनार्द्ध घटाकर दशम का इष्ट बना लेना चाहिए। सारिणी अंक में इस दशम के इष्ट को जोड़ कर इष्ट युक्त सारिणी अंक बना लेना चाहिए और शेष क्रिया निरयन लग्न सारिणी के अनुसार करके दशम निकाल लेना। इसी को स्पष्ट रूप से समझाते हैं :—

(१) इष्ट कालीन समय सूर्य की राशि अंश के नीचे का अंक = सारिणी अंक।

(२) सा. सूर्य को केवल कला विकला × सायन सूर्य की राशि का ध्रुवांक ÷ ६० = अनुपातिक ध्रुवांक पल।

(३) सारिणी अंक + दशम का इष्ट या नत (पूर्व नत हो तो घटाना) = इष्ट युक्त सारिणी अंक (यदि ६० से अधिक हो तो ६० घटा देना)

(४) इष्ट युक्त सारिणी अंक + अनुपातिक ध्रुवांक पल = इष्ट युक्त पूर्ण सारिणी अंक।

(५) इष्ट युक्त सारिणी के समीप का उस से जो कम अंक सारिणी में मिले वह अल्प कोष्टक अंक हुआ और उस के सीध में राशि अंश तो मिले वह सायन दशम के राशि अंश हुए।

(६) इष्ट अंतर = (इष्ट युक्त पूर्ण सारिणी अंक—अल्प कोष्टक)

(७) कोष्टक अंतर = (ऐष्य कोष्टक – अल्प कोष्टक) = ध्रुवांक

(८) अनुपातिक इष्ट कलादि = $\frac{\text{इष्ट अंतर} \times ६०}{\text{कोष्टक अंतर}}$ = अंतर पल आदि पिंड (एक जाति) बनाकर गुणा भाग करो।

(९) पूर्व प्राप्त दशम की राशि अंश + अनुपातिक कलादि = सायन दशम भाव।

उदाहरण

सायन सूर्य (रा) ११–२८°–२८′–४०″

	घ. प. वि.
इष्ट	१५–५१–४२॥
दिनार्द्ध	१४–५६–४२॥
शेष =	०–५५–० दशम इष्ट
दिनमान	२९–५३–२५
∴ दिनार्द्ध	१४–५६–४२॥

	घ. प. वि.
सूर्य (रा) ११–२८° = सारिणी अंक	५९–४१–२८
+ दशम का इष्ट =	०–५३– ०
इष्ट युक्त सारिणी अंक =	०–३६–२८

६० से अधिक होने से ६० घटा दिया।

मीन ध्रुवांक ६–१६
× सूर्य कलादि २८–४०

		१०	४०
	६	.०	
	७	२८	
४	१२		
४	२५	३८	४०

= अनुपातिक पल
४–२५–३८

इष्ट युक्त सारिणी अंक = ०–३६–२८
+ अनुपातिक पल = ४–२५–३८

∴ इष्ट युक्तपूर्ण सारिणी अंक } = ०–४०–५३–३८
= ०–४०–५३–३८

—अल्प कोष्टक = ०–३७–४ = मेष ४० दशम

इष्ट अंतर = ०–३–४६
= २२६ विपल

कोष्टक अंतर = ०–६–१६ मेष ध्रुवांक
= ५५६ विपल

$$\frac{\text{इष्ट अंतर } २२६ \times ६०}{\text{कोष्टक अंतर } ५५६} = \frac{१३७४०}{५५६}$$

= २४′–४२″

पूर्व प्राप्त मा. दशम मेष ४°
+ अनुपातिक कला = २४′–४२″
= सायन लग्न मेष ४°–२४′–४२″

रा
= ०–४°–२४′–४२″

घ. प. वि. अ.

उपरोक्त गणित में इष्ट अंतर ०–३–४६–३८ था। वहाँ ३८ अनुपल छोड़ कर गणित किया था तो दशम = ०–४°–२४′–४२″ आया था। यदि सूक्ष्म प्रकार से ही दशम निकलना है तो इस ३८ अनुपल को भी मत छोड़ो।

(रा above ०)

अब इष्ट अंतर ०–३–४६–३८, कोष्टक अंतर ३–४६ से अनुपातिक कला निकालते हैं

$$\frac{(३–४६–३८) \times ६०}{६–१६} = \frac{१३७७८ \times ६०}{३३३६०} = \frac{१३७७८}{५५६} = २४′–४६″$$

(सब के अनुपल बना लिये) ५५६

अल्प कोष्टक से प्राप्त
दशम राशि अंश = मेष ४°
+ अनुपातिक कला २४′–४६″

रा
= ०–४′–२४′–४६″ सायन दशम

इस में अयनांश घटा दो तो निरयन दशम भाव हो जायगा।

यह सायन दशम शुद्ध है ऊपर ३८ अनुपल छोड़ दिया था इस से ४″ का अंतर आ गया था।

```
५५६ ) ११७७८ ( २४′
      १११२
      ----
       २६५८
       २२२४
       ----
       ४३४ × ६०
५५६ ) २६०४० ( ४६″
      २२२४
      ----
       ३८००
       ३३३६
       ----
        ४६४
```

सायन दशम सारिणी नरसिंहपुर अक्षांश २२°–५७' पलभा ५–५

अंश

राशि	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	ध्रुवांक घड़ी पल वि०
मेष	३	३	३	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	७	७	७	७	७	७	८	८	०
०	३३	४२	५१	०	१०	१९	२८	३८	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	९
	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३८	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	५८
वृष	८	८	८	८	९	९	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	०
१	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५८	९	२०	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	४०	५०	१	१२	२३	३३	१०
	१४	१२	१०	८	६	४	२	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	४६
मिथुन	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	१८	१८	०
२	४४	५५	६	१६	२७	३८	४९	०	१०	२१	३२	४३	५३	४	१५	२६	३६	४७	५८	९	१९	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	१०
	३८	३४	१०	५६	४२	२८	१४	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	४६
कर्क	१९	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२३	२३	२२	२३	२३	२३	२४	०
३	७	१८	२९	३९	५०	१	१२	२३	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	९
	३७	२४	१०	५६	४२	२८	१४	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	५३	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	१६	२४	२२	२०	१८	१६	५८
सिंह	२४	२४	२४	२४	२४	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२८	२८	२८	२८	२८	०
४	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३१	४०	४९	५९	८	१७	२६	३६	४५	५४	३	१३	२२	३१	४१	५०	५९	८	१८	२७	३९	४५	९
	१४	१२	१०	८	६	४	२	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	१६
कन्या	२८	२९	२९	२९	२९	२९	२९	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	०
५	५५	४	१३	२२	३२	४१	५०	०	९	१८	२७	३७	४६	५५	४	१४	२३	३२	४१	५१	०	९	१९	२८	३७	४६	५६	५	१४	२३	९
	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	१६
तुला	३३	३३	३३	३४	३४	३४	३४	३४	३४	३४	३५	३५	३५	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३७	३७	३८	३८	०
६	३३	४२	५१	०	१०	१९	२८	३८	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	९
	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	४२	२२	२०	१८	६	५८
वृश्चिक	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	३९	३९	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४१	४१	४१	४१	४१	४१	४२	४२	४२	४२	२४	४३	४३	४३	४३	०
७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	४८	९	२०	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	४०	५०	१	१२	२३	३३	१०
	१४	१२	१०	८	६	४	२	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	३६	२	४८	३४	२०	६	५२	४६

धन	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	४"	४५	४५	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८	४८	४८	०
८	४४	५५	६	१६	२७	३८	४९	०	१०	२१	३२	४३	५३	४	१५	२६	३६	४७	५८	९	१९	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	१०
	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	३४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	४६
मकर	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	५०	५०	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	०
९	७	१८	२९	३९	५०	१	१२	२३	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	९
	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	३८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	५८
कुंभ	५४	५४	५४	५४	५४	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५८	०
१०	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३१	४०	४९	५९	८	१७	२६	३६	४५	५४	३	१३	२२	३१	४१	५०	५९	८	१८	२७	३६	४५	९
	१४	१२	१०	८	६	४	०	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	४६	५२	१६
मीन	५८	५९	५९	५९	५९	५९	५९	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	३	३	३	०
११	५५	४	१३	२२	३२	४१	५०	०	९	१८	२७	३७	४६	५५	४	१४	२३	३२	४१	५१	०	९	१९	२८	३७	४६	५६	५	१४	२३	९
	८	२४	४०	५६	१२	२८	४२	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	१६

अयनांश युक्त सायन दशम सारिणी बनाना

इस प्रकार की सारिणी प्रायः प्रत्येक पंचांग में रहती है। जिस प्रकार का अंतर निरयन लग्न सारिणी और सायन लग्न सारिणी में है उसी प्रकार का अंतर यहाँ निरयन दशम सारिणी और सायन दशम सारिणी में है। अर्थात् दोनों में वे ही ध्रुवांक रहते हैं परन्तु निरयन में मेष के ० अंश के नीचे ० रख कर आगे ध्रुवांक जोड़ना आरंभ करते हैं। यहाँ सायन दशम सारिणी में अयनांश को १२ राशि में से घटाने से जो राशि अंश मिले उसके अनुसार ० रख कर आगे मेष का ध्रुवांक जोड़ना आरंभ करते हैं। जिस प्रकार निरयन दशम सारिणी की शुद्धता ० अंश के नीचे मिलान कर देखी थी वैसे इस में भी लंकोदय की घड़ी पल के योग के अनुसार ७ अंश के नीचे के अंक को मिलान कर सारिणी की शुद्धता जाँच कर लेनी चाहिए।

१२ राशि में से अयनांश २३–४१ घटाया तो ११–६°–१८′ हुआ अर्थात् मीन राशि का ६ अंश गत होकर सातवां अंश लग गया। इस से मीन के ७° के नीचे शून्य रखा और मीन के ८° के नीचे मेष का ध्रुवांक ०–९–१६ रखा और आगे वही ध्रुवांक २९° तक जोड़ते जाना। मेष के ६° तक वही मेष का ध्रुवांक जोड़ते जाना तो मेष के ७ अंश के नीचे मेष का लंकोदय ४–३८ घड़ा आ जायगा। आगे वृष का ध्रुवांक जोड़ना आरंभ होगा। इसी प्रकार आगे सब राशियों का ध्रुवांक जोड़ कर पूरी सारिणी बना लेना जिस प्रकार सायन लग्न सारिणी बनाई थी।

सायन दशम सारिणी देखने की रीति

इस सारिणी को देखने के लिये इष्ट कालीन निरयन सूर्य लिया जाता है। निरयन सूर्य के राशि अंश के नीचे जो सारिणी अंक मिले उस में दशम का इष्ट जोड़ दो। यदि नत हो तो पूर्व नत घटा दो या पश्चिम नत हो तो जोड़ दो तो इष्ट युक्त सारिणी अंक हो जायगा। इष्ट युक्त सारिणी अंक को सारिणी में खोजो अपने अंक से कुछ छोटा समीप का जो अंक मिले वह अल्प कोष्टक और उसके आगे का कोष्टक ऐष्य कोष्टक कहलाता है। अल्प कोष्टक के सामने निरयन दशम की राशि अंश प्राप्त होगी।

ऐष्य कोष्टक अंक और अल्प कोष्टक अंक का अंतर निकालो। यह अंतर वही अल्प कोष्टक का ध्रुवांक है जिसके जोड़ने से कोष्टक बना था = कोष्टक अंतर। इष्ट युक्त सारिणी अंक में से अल्प कोष्टक घटाना = इष्ट अंतर। फिर गणित से निकालो इतने कोष्टक अंतर में ६०′ (एक अंश) होता है तो इष्ट अंतर में कितना होगा ?

$\frac{\text{इष्ट अंतर} \times ६०}{\text{कोष्टक अंतर}}$ भाग देने के लिये दोनों के पल को एक पिंड (एक जात) बना लेना। जो उत्तर आयगा वह कला विकला होगा। अल्प कोष्टक से

प्राप्त राशि अंश में यह कला आदि जोड़ देना। उपरान्त निरयन सूर्य की जितनी कला विकला हो उसे और जोड़ देना तो निरयन दशम भाव स्पष्ट हो जायगा। इस में अयनांश का काम नहीं पड़ता। कई लोग गणित द्वारा भाव साधन न करके सारिणी से ही इसी रीति से भाव साधन करते हैं। इस रीति से दशम भाव का राशि अंश तो ठीक आ जाता है परन्तु कभी-कभी कला विकला में अंतर पड़ जाता है। इस कारण यदि सूक्ष्म दशम भाव साधन करना है तो निरयन दशम सारिणी से या गणित से दशम साधन करना चाहिए।

उदाहरण

घ. प. वि

इष्ट १५–५१–४२॥

दिनार्द्ध १४–५६–४२॥

= पश्चिम नत ०–५५–०

निरयन सूर्य ११–५°–४०′–४५″

रा घ. प. वि.

सूर्य ११–५° = ५९–५१–२८ सारिणी अंक

+ पश्चिम नत = ०–५५–०

इष्ट युक्त सारिणी अंक = ०–३६–२८

इसके समीप का अल्प कोष्टक = ०–२७–४८

इस से प्राप्त दशम की राशि अंश = मीन १०°

इष्ट युक्त सारिणी अंक = ०–३६–२८

– अल्प कोष्टक = ०–२७–४८ विकला

= इष्ट अंतर = ०–८–४० = ५२० विकला

अल्प कोष्टक का ध्रुवांक ०–९–१६ = ५५६ = कोष्टक अंतर

५५६) ३१२०० (५६′
२७८०
३४००
३३३६
६४ × ६०
५५६) ३८४० (६″
२७८०
६०

इष्ट अंतर

$$\frac{५२० \times ६०}{\text{कोष्टक अंतर } ५५६} = \frac{३१२००}{५५६} \text{ कला} = ५६'–६''$$

अनुपातिक इष्ट कला

अल्पकोष्टक का राशि अंश = मीन १०°

+ अनुपातिक इष्ट कला ५६′–६″

= मीन १०°–५६′–६″

= ११–१०°–५६′–६″

+ निरयन सूर्य की कला विकला	+ ४०–४५
	११–११–३६–५१

= निरयन दशम =

रा

∴ निरयन दशम भाव –११–११°–३६′–५१″

—: ० :—

अध्याय १६

नाक्षत्रकाल Side real time और दशम काविषु वांश

अंग्रेजी पद्धति से लग्न साधन की आवश्यकता होती है। यह समय नक्षत्रों की गति से सम्वन्ध रखता है। नाक्षत्र दिन २३ घंटा ५६ मिनट का होता है अर्थात् सूर्य काल से (सावन दिन से) प्रायः ४ मिनट कम होता है। स्थिर ध्रुव तारा के आस-पास तारों का एक बार परिक्रमा करने में २३ घं० ५६ मि० लगता है। इस कारण २४ घंटा में ४ मिनट या १ घंटा में १० सेकन्ड का अंतर पड़ता है।

लगभग सायन मेष संक्रांति (२३ मार्च) को नाक्षत्रकाल शून्य रहता है। उसके उपरान्त प्रतिदिन औसत ४ मिनट के हिसाब से नाक्षत्र काल बढ़ता है। परन्तु ध्यान रहे कि ठीक ४ मिनट का अन्तर नहीं पड़ता कभी चार मिनट से कुछ कम या कभी कुछ अधिक क्रमानुसार घटते बढ़ते रहता है। परन्तु सबका मध्यम मान (औसत) ४ मिनट का निकलता है इस कारण उपयोग के लिये ४ मिनट लिया है। ठीक नाक्षत्रकाल गणित से निकाला हुआ प्रत्येक वर्ष के ऐफेमरी में दिया रहता है। यदि इष्ट वर्ष की ऐफेमरी से न मिले तो किसी वर्ष के ऐफेमरी को देखो तो लगभग वही नाक्षत्रकाल उसमें मिलेगा। केवल २–४ मिनट का अंतर कभी पड़ जाता है।

ऐफेमरी (दैनिक ग्रह का अंग्रेजीपंचांग) में प्रतिदिन का मध्याह्न कालीन नाक्षत्रकाल दिया रहता है। उस नाक्षत्र काल पर से इष्ट काल का नाक्षत्रकाल बनाया जाता है और उसी पर से किसी भी स्थान के स्थानिक जन्म समय का नाक्षत्रकाल निकाल सकते हैं।

नाक्षत्र काल की गति

पृथ्वी २४ घंटा में एक बार अपने आस पास घूम लेती है, उतने सयय में सूर्य १° चलता है। जब सूर्य राशि के किसी विशेष स्थान में दशम बिन्दु पर एक बार आकर पुनः उस स्थान पर आ जाता है उतने समय में पृथ्वी ३६६ परिभ्रमण करती है। अर्थात् ३६५ दिन में १ दिन = २४ घंटा का अंतर पड़ जाता है।

स्थूल मान से गति
१२ मास में = २४ घंटा
१ मास ,, = २ घंटा
१ दिन ,, = ४ मिनट
१ घंटा ,, = $\frac{१}{६}$ मिनट = १० सेकन्ड

इसी को गणित से सूक्ष्म रूप से गति इस प्रकार निकालेंगे :—
३६५ दिन में = २४ घंटा
= २४×६० मिनट = १४४० मिनट
= १४४०×६० सेकन्ड = ८६४०० सेकन्ड हैं।

३६५ दिन में ८६४०० सेकन्ड, तो १ दिन में $\frac{८६४००}{३६५}$ = २३६·७१२ सेकन्ड
= ३-९४५ मिनट
= लगभग ४ मिनट

३६५) ८६४०० (२३६-७१२ सेकन्ड
७३०
———
१३४०
१०९५
———
२४५०
२१९०
———
२६००
२५५५
———
४५०
३६५
———
८५०
७३०
———
१२०

सेकन्ड
६०) २३६-७१२ (३-९४५ मिनट
१८०
———
५६७
५४०
———
२७१
२४०
———
२७१
२४०
———
३१०
३००
———
१०

= मिनट-सेकन्ड
३-५६·५६

१ दिन (२४ घंटा) में = २३६·७१२ सेकन्ड

तो १ घंटा में = $\frac{२३६·७१२}{२४}$ = ९·८६३ सेकन्ड

= लगभग १० से०

```
२४)२३६·७१२(९·८६३
   २१६          सेंकण्ड
   ---
    २०७
    १९२
    ---
     १५१
     १४४
     ---
       ७२
       ७२
       --
        ०
```

१ घंटा में = ९·८६३ सेकन्ड

तो १ मिनट = $\frac{९·८६३}{६०}$ = ·१६४ सेकन्ड

```
६०)९·८६३(·१६४
    ६०     सेकन्ड
    ---
    ३८६
    ३६०
    ---
     २६३
     २४०
     ---
      २३
```

नाक्षत्रकाल की सूक्ष्म गति इस प्रकार हुई:—

१ दिन में = २३६·७१२ सेकन्ड = ३·९४५ मि०

= ३ मिनट ५६·५६ सेकन्ड = लगभग ४ मिनट।

१ घंटा में = ९·८६३ सेकन्ड = लगभग १० से०।

१ मिनट में = ०·१६४ सेकन्ड = लगभग $\frac{१}{६}$ से०।

इष्टकाल का नाक्षत्र काल निकालना

अंग्रेजी पंचांगों मे नाक्षत्रकाल मध्याह्न के समय का घंटा मिनट में दिया रहता है और वह ० से २४ घंटा तक में बताया जाता है। इसी पर से इष्ट काल का नाक्षत्र काल बनाया जाता है।

इष्टकाल का नाक्षत्र काल निकालने की यह रीति है :—

१— इष्टकाल घंटा मिनट में लो। यह घंटा मिनट स्थानिक समय का होगा। अर्थात् स्टेन्डर्ड समय या ग्रीनविच समय हो तो उस समय को स्थानिक समय में परिवर्तन कर लेना चाहिए। उपरांत यह देखो कि वह समय मध्याह्न काल (१२ बजे) के पहिले का है या बाद का।

२ (अ) यदि मध्याह्न के पहिले का इष्ट काल हो तो मध्याह्न काल अर्थात् १२ बजे से वह समय घटा देना जो शेष बचे वह मध्याह्न का अन्तर हुआ।

(ब) इस मध्याह्न के अंतर का नाक्षत्र काल उपरोक्त रीति से निकाल कर मध्याह्न अंतर में जोड़ देना चाहिए।

(क) उस दिन मध्याह्न का जो नाक्षत्रकाल पंचांग में दिया हो उसमें से उपरोक्त नाक्षत्रकाल युक्त मध्याह्न अन्तर घटा देना चाहिए। यदि न घटे तो ऊपर की संख्या में २४ घंटा जोड़ कर घटा लेना। यदि घटाने या जोड़ने में २४ घंटा से अधिक नाक्षत्र काल आये तो उसमें से २४ घंटा घटाकर शेष नाक्षत्रकाल लेना। जैसे दिनांक १० अगस्त १९४४ ई० को ११$\frac{१}{२}$ बजे दिन का नाक्षत्र काल

घं० मि० से०

निकालना है। उस दिन पंचांग में मध्याह्न का नाक्षत्र काल ९–१०–३४ दिया है।

	घंटा० मि० से०
मध्याह्न	१२– ०–०
– इष्ट	– ११–३०–०
मध्याह्न अंतर	= ०–३०–०

इस मध्याह्न अंतर ३० मिनट का ना० काल चाहिए। १ घंटा में १० से० तो ३० मि० = $\frac{1}{2}$ घंटा में = ५ से० हुआ।

अंतर का ना० काल = + ५

ना० काल युक्त मध्याह्न अंतर } = ०–३०–५

घं० मि० से०

उस दिन के मध्याह्न का ना० काल = ९–१०–३४

ना० काल युक्त मध्याह्न अंतर = ०–३०– ५ घटाया

शेष = ८–४०–२९ (इष्ट मध्याह्न के पहिले का है)

नाक्षत्र काल

घं० मि० से०

∴ इष्ट काल का नाक्षत्र काल = ८–४०–२९

३— यदि जन्म मध्याह्न के उपरांत का हो तो मध्याह्न के उपरांत जितने घंटा अधिक हो उस समय का नाक्षत्र काल निकाल कर उन अधिक घंटों में जोड़कर इस ना० काल युक्त मध्याह्न अंतर को उस दिन के मध्याह्न के ना० काल में जोड़ देना। इष्टकाल का नाक्षत्र काल निकल आयगा।

(१) जैसे—दिनांक १८ सितम्बर १९४४ ई० को ५ बजे संध्या का नाक्षत्र काल

घ. मि. से.

निकालना है। उस दिन मध्याह्न का ना० काल ११–४८–१९ पंचांग में दिया।

जन्म ५ बजे संध्या=१७ बजे। १२ बजे मध्याह्न है। अंतर = (१७ – १२) = ५ घंटा

५ घंटा ना० काल की गति

१ घंटा में १० से० तो ५ घंटा में=५ × १०=५० से०

	घ. मि. से.
मध्याह्न अंतर	५–०–०
+ अंतर का ना०का०	=०–०–५०
योग	=५–०–५०
ना०का० युक्त अंतर	

घ. मि. से.

मध्याह्न का नाक्षत्र काल ११–४८–१९

+ ना० का० युक्त मध्याह्न अंतर=५–०–५० जोड़ा

योग=१६–४९–९=ना० का०

घ. मि. से.

∴ इष्टकाल का नाक्षत्र काल = १६–४९–९

(२) मान लो ८ मार्च १९४४ ई० को १०–४० बजे रात्रि का ना० काल निकालना है। उस दिन मध्याह्न ना० का० २३–३–२८ घ. मि. से. है मध्याह्न के बाद का इष्ट ११–४० है। मध्याह्न अंतर ११–४० हुआ।

अंतर का ना० का०

मि. से.

११ घंटा = ११ × १० = ११० से० = १–५०

४० मि० = $\frac{४० \times १}{६}$ = $\frac{२०}{३}$ = ६$\frac{२}{३}$ से० = ०–६$\frac{२}{३}$

योग – १–५६$\frac{२}{३}$

घ. मि. से.

मध्याह्न अंरर ११–४०–०

+ अंतर का ना०का० = ०–१–५६$\frac{२}{३}$

योग = ११–४२–५६$\frac{२}{३}$

मध्याह्न का ना० काल – = २३–३–२८

+ ना०का० युक्त मध्याह्न अंतर = ११–४१–५६$\frac{२}{३}$

योग = ३४–४५–२४$\frac{२}{३}$

२४ से अधिक होने से घटाया – २४

= १०–४५–२४$\frac{२}{३}$ ना० का०

घ. मि. से.

∴ इष्ट काल का ना०काल = १०–४५–२४$\frac{२}{३}$

४—इस में यह बात और ध्यान देने की है कि अंग्रेजी पंचांग में जो मध्याह्न का ना० का० दिया रहता है उस को अपने स्थान का बना लेना चाहिए। इस के लिये अपने स्थान और पंचांग के स्थान के देशान्तर का अंतर करना और उस अंतर का ना० का० निकाल लेना। अपना स्थान पूर्व में हो तो उस अंतर के ना० का० को मध्याह्न के ना० का० में जोड़ देना यदि पश्चिम हो तो घटा देना तब अपने स्थान का मध्याह्न का नाक्षत्र काल बन जाता है।

(१) उदाहरण

दिनांक १८ जुलाई १९२१ ई० स्थान नरसिंहपुर में जन्म ११ बजे दिन (स्थानिक समय) में हुआ। उस दिन ग्रीनविच की ऐफेमरी में मध्याह्न का ना० का०
घ. मि. से.
७–४३–० दिया है।

घ. मि. से.

नरसिंहपुर देशान्तर ७९°–११′ पूर्व = $\frac{७९–११}{१५}$ = + ५–१६–४४ ग्रीनविच से

पूर्व होने से +

मध्याह्न १२–०–०	अंतर का ना० का०	देशान्तर संस्कार
जन्म –११–०–०	१ घंटा = १० से०	घ. मि. से. घ. मि.
मध्याह्न अंतर =१–०–०		५–१६–४४ = ५–१७
+ अंतर का ना०का०=०–०–१०		५ घंटा=५ × १०=५०=५०से.
योग = १–०–१०		१७ मि०= $\frac{१७ \times १}{६}$ = $\frac{१७}{६}$=२$\frac{५}{६}$ से०
		=५२$\frac{५}{६}$ से०

घ. मि. से.

मध्याह्न का ना० काल = ७–४३–०

देशान्तर पूर्व होने से + = ०–०–५२$\frac{५}{६}$

योग = ७–४३–५२$\frac{५}{६}$

– ना०का० युक्त मध्याह्न अंतर = १–०–१० घटाया (मध्याह्न के पहिले का होने से)

शेष ६–४३–४२$\frac{५}{६}$ = ना० का०

घ. मि. से.

∴ इष्ट काल का ना०का० = ६–४३–४२$\frac{५}{६}$

(२) उदाहरण

दिनांक २२ जून १९४४ ई० नरसिंह पुर में १० बजे जन्म उज्जैन की ऐफेमरी में उस दिन मध्याह्न का ना० का० ६–१–१२ दिया है।

उज्जैन ७५°–४३′ पूर्व

नरसिंहपुर ७२–११ पूर्व

अंतर + ३–२८

उज्जैन से अधिक होने से नरसिंह पुर पूर्व में हुआ +

अंतर ३°–२८′

×४

१३–५२

मि० से०

अंतर = १३–५२ +

मि० से०

अंतर १३–५२ = १४ मिनट का ना० का०

१४ मि० = $\frac{१४ \times १}{६}$ = $\frac{७}{३}$ = २$\frac{१}{३}$ सेकंड +

मध्याह्न घं० मि० से०

१२–०–०

–इष्ट १०–०–०

मध्याह्न अंतर= २–०–०

म० अंतर का ना० का ०–०–२०

ना. का. युक्त म. अंतर } = २–०–२०

घं. मि. से.

मध्याह्न का ना० का० = ६–१–२२

+ देशान्तर का ना० का० = ०–०–२$\frac{१}{३}$ जोड़ा (पूर्व होने से)

योग = ६–१–२४$\frac{१}{३}$

$$६–१–२४\frac{१}{३}$$

— ना.का.युक्त मध्याह्न अन्तर=२–०–२० घटाया (मध्याह्न के पहिले का होने से)

शेष = ४–१–४$\frac{१}{३}$ = ना० का०

घं. मि. से.

∴ इष्ट काल का ना० का० = ४–१–४$\frac{१}{२}$

(३) दिनांक १३ अप्रैल १९१५ बम्बई जन्म २ बजे दिन (स्थानिक समय) उस दिन ग्रीनविच का ना० काल मध्याह्न का १–१७–३८ है। जन्म का ना० का० निकालना है।

मध्याह्न के उपरांत २ बजे जन्म है। मध्याह्न अंतर २ घंटा हुआ

२ घंटा का ना० का० = २ × १० = २० सेकंड हुआ

घं. मि. से.	
मध्याह्न अंतर	= २–०–०
अंतर का ना० का०	= ०–०–२०
ना. का. युक्त अंतर	= २–०–२०

मध्याह्न के बाद का होने से यह +

बम्बई देशान्तर ग्रीनविच से

	घं. मि. से.
मध्याह्न का ना० का०	१–१७–३८
+ देशान्तर का ना० का०	= ०– ०–४८$\frac{२}{३}$
योग	= १–१८–२६$\frac{२}{३}$
+ ना० का० युक्त म० अंतर	= २–०–२०
योग	= ३–१८–४६$\frac{२}{३}$

∴ इष्ट कालीन ना० का० · ३–१८–४६$\frac{२}{३}$

घं. मि. से.

७२°–५४′ पूर्व=$\frac{७२°–५४′}{१५}$ = ४–५१–३६

घं. मि. सें. घं. मि. =

४–५१–३६=४–५२ का ना० काल

४ घंटा = ४ × १० = ४० से०

५२ मि.= $\frac{५२ \times १}{६} = \frac{२६}{३}$ = ८$\frac{२}{३}$ से०

४८$\frac{२}{३}$ से. +

पूर्व होने से +

नाक्षत्र काल से दशम का विषुवांश बनाना

R. A. M. C. at Birth = Right ascossion of ask in meridian = R. A. of M. C = mean time of conjection in Right Ascession.

नाक्षत्रकाल × १५ दशम का विषुवांश = विषुव काल = नाक्षत्रकालांश। ना० का० जो घंटा में दिया रहता है उस के अंश बना लो तो दशम का विषुवांश हो जाता है। जिस प्रकार देशान्तर घंटे के अंश बनाये जाते हैं उसी प्रकार ना० का० घंटा मिनट के अंश बना लेना चाहिए। यही नक्षत्र कालांश या विषुवांश कहलाता है।

घंटा के अंश बनाना	घड़ी पल के अंश	अंश के घड़ी पल
१ घंटा = १५°	१ घड़ी = ६°	६° = १ घड़ी
४ मिनट = १°	१ पल = ६′	१° = १० पल
१ मिनट = १५′	१ विपल = ६″	१′ = १० विपल
१ सेकन्ड = १५″		६′ = १ पल
४ सेकन्ड = १′		१′ = $\frac{१}{६}$ विपल

उदाहरण

घ. मि. से.

(१) नाक्षत्र काल ६–४३–४२

६ घंटा = ६ × १५° = ९०° = ९०°–०′–०″

४३ मिनट = ४३ × १५′ = ६४५′ = १०–४५–०

४२ से० = ४२ × १५ = ६३० = १०–३०

योग = १००–५५–३०

∴ नाक्षत्र कालांश = १००°–५५′–३०″

घ. मि. से.

(२) ना० का० = ४–१–४

४ घंटा = ४ × १५° = ६०°–०′–०″

१ मि० = १ × १५′ = १५′ = ०–१५–०

४ से० = ४ × १५″ = ६०″ = ०–१–०

योग = ६०–१६–०

∴ नाक्षत्र कालांश = ६०°–१६′–०″

घ. मि. से.

(३) ना० का० = ३–१८–४६

३ घंटा = ३ × १५° = ४५° = ४५°–०′–०″

१८ मि० = १८ × १५ = २७०′ = ४–३०–०

४६ से० = ४६ × १५ = ६९० = ११–३०

योग = ४९–४१–३०

∴ नाक्षत्र कालांश = ४९°–४१′–३०″

नाक्षत्र काल से भाव साधन

नाक्षत्र काल का उपयोग अंग्रेजी पद्धति से भाव साधन में होता है। प्रत्येक अक्षांश के भाव साधन कोष्टक Table of Houses इंगलेंड आदि में बनाये गये हैं जिनकी एक प्रति पास रखने से भाव साधन सरलता से हो जाता है। ऐफेमरी वेचने वालों के पास ये भाव साधन कोष्टक मिलते हैं और कुछ अक्षांशों के चक्र तो ऐफेमरी में भी दिये रहते हैं।

गणित द्वारा पाश्चात्य पद्धति से भाव साधन करना बहुत क्लिष्ट है। नवीन विद्यार्थी को समझने में बहुत कठिनाई पड़ेगी इस कारण यहाँ नहीं दिया।

इस भाव साधन कोष्टक से जो भाव निकलते हैं वे सायन होते हैं। उन में से अयनांश घटा देने से निरयन भाव बन जाते हैं। यदि इच्छित अक्षांश का भाव साधन कोष्टक न मिल सके तो उस के समीप के अक्षांश के कोष्टक से भी काम चल सकता है।

इस भाव साधन कोष्टक में आरंभ में नाक्षत्र काल दिया रहता है। उपरांत १० भाव, ११ भाव, १२ भाव, लग्न, २ भाव और ३ भाव केवल दिये रहते हैं। इन में ६ राशि जोड़ देने से उन के सप्तम स्थान के भाव बन जाते हैं।

मि. से.

इस भाव साधन कोष्टक में ४–२० या किसी में ५ मिनट के लगभग अंतर के नाक्षत्र काल दिये रहते हैं। और उन के सामने उपरोक्त भाव की राशि अंश कला दी रहती है। इस सारिणी में परिवर्तन नहीं होता अर्थात् सदैव काल वही सारिणी उपयोगी होगी।

इस सारिणी से भाव साधन के लिये अपने ना० काल के समीप का ना० काल वहाँ खोजो और उस के आगे जो-जो भाव दियें हैं उन को लिख लो और उस पर से लग्न कुंडली बनालो। यदि और सूक्ष्म निकालना है तो आगे के ना० काल के सामने दिये भाव चक्र के अनुसार अंक लेकर उनका अंतर निकाल कर ना० काल के अंतर के अनुपात से अंशादि निकाल कर उसे पूर्व प्राप्त अंक में घटा बढ़ा दो।

जैसे तीसरा उदाहरण लो। जन्म स्थान बम्बई है जहाँ का अक्षांश १८°–५७′

घं. मि. से.

उत्तर है और इष्ट काल का ना० काल ३–१८–४६$\frac{२}{३}$ है। १८–५७ का भाव साधन कोष्टक उज्जैन के ऐफेमरी में मिल गया। उस में अपना ना० काल खोजा।

नाक्षत्र काल घंटा–मिनट	१० भाव	११	१२	लग्न	२	३
३–१५ =	वृष २१°-११′	मिथुन २२°	कर्क २२°	सिंह २१°-२५′	कन्या १९°	तुला १९°
३–२० =	,, २२–२५	,, २३°	,, २४°	,, २२–३४	,, २१°	,, २०
अंतर ०–५	१°–१४′	१′	२°	१°–९′	२°	१°

घं. मि. से.   घं. मि.

अपना ना० काल ३–१८–४६$\frac{२}{३}$ है। यहाँ समीप का ना० का० ३–२० है। इस कारण इस के सामने दिये भाव और उन की राशि अंश आदि ग्रहण करेंगे। यदि इस में भी बारीकी करना हैं तो २० में लगभग १ मिनट अपना ना० काल कम पड़ता है तो अंतर का पंचमांश अनुपात से निकाल कर और घटा देना।

लग्न कुण्डली



यहाँ लग्न सिंह है । कुंडली में सिंह लग्न स्थापित कर भाव कुंडली बना लेना । उपरांत इस में यथा स्थान में ग्रह भर दिये जाते हैं । पाश्चात्य पद्धति से इसी । प्रकार ना० काल पर से भाव निकाल कर लग्न कुंडली बना लेते हैं ।

सायन सूर्य पर से गणित द्वारा नाक्षत्र काल निकालना

इष्ट काल का सायन सूर्य बना लो । सायन सूर्य बनाने में यदि केतकर की रीति द्वारा अयनांश निकालो तो अच्छा है ।

मेष से आरंभ होकर सायन सूर्य की जितनी राशियाँ भुक्त हो चुकी हों उन सब के स्वोदय लेकर जोड़ डालो उपरांत सायन सूर्य के भुक्त पल निकाल कर और जोड़ देना । इस में अपना इष्ट काल भी जोड़ देना तो लग्न के भुक्त काल का नाक्षत्र काल (विषुव काल) निकल आयगा ।

इस में से ९०० पल घटा देने से दशम का ना० काल आ जाता है । जो दशम का ना० काल आता है वही मध्याह्न का स्थानिक नाक्षत्र काल है जो ऐफेमरी आदि में दिया रहता है । यदि ९०० पल घटाने से न घटे तो ऊपर की संख्या में ६० घड़ी के ३६०० पल जोड़ कर घटाना जो शेष रहे वही दशम का नाक्षत्र काल होगा । यदि शेष ३६०० पल से अधिक आवे तो ३६०० पल घटा कर शेष लेना ।

जो ना० काल पल में आता है उसके घंटा मिनट बना लो तो ना० काल घंटा मिनट में निकल आयगा । कहीं-कहीं बहुत सूक्ष्म अन्तर पड़ता है ।

भुक्त राशियों के स्वोदय जोड़ते समय ध्यान रहे कि केवल मेष से लेकर जिस राशि का सायन सूर्य हो उसी राशि के भुक्त काल तक जोड़ना । सारांश में : इष्ट काल तक जितना सूर्य होता है उसमें सम्पूर्ण राशियों के अंशों के भुक्त स्वोदय पल और इष्ट काल जोड़ने से जो योग होता है वह लग्न भुक्त काल का ना० काल होता है । इसमें से ९०० पल (१५ घड़ी या ६ घंटा) घटा देने से दशम का ना० काल होता है ।

(१) सायन सूर्य से ना० काल बनाने का उदाहरण

दिनांक १८ जुलाई १९२१ ई० नरसिंहपुर ११ बजे दिन का नाक्षत्र काल चाहिए । उस दिन ग्रीनविच ऐफेमरी में मध्याह्न का सूर्य कर्क २५°–१७′–१६″ गति ५७′–१४″ दिया है । इष्ट स्थल का बनाना है ।

घं० मि० से०

नरसिंहपुर का देशान्तर ५–१६–४४ है। जब ग्रीन विच में १२ बजे दिन था यहाँ १२ + ५–१६–४४ = १७–१६–४४ होता है। इष्ट ११ बजे दिन है। ५–१६–४४ घं० मि० से० को ११ घंटा में से घटाया तो ५–४३–१६ रहा।

अर्थात् जब यहाँ ११ बजा था तो ग्रीनविच में प्रातः ५–४३–१६ बजा होगा। मध्याह्न से इस समय का अंतर निकाल कर उस अंतर को गति निकाल कर सायन सूर्य में घटा देंगे तो इष्ट कालीन सूर्य बन जायगा।

	घं० मि० सें०
मध्याह्न	१२– ०–०
ग्रीनविच टाइम =	५–४३–१६
अंतर	६–१६–४४

घंटा मि० सें० = घ० पल० वि०
६–१६–४४ १५–४१–५०

घ० प० वि० घ० प०
१५–४१–५० = १५–४२ की गति लाग्रतमिक कोष्टक से निकालेंगे जो अध्याय ७ में दिया है।

गति ५७′–१४ = ०·०२०५०२२

घ० प०
चालन १५–४२ = ०·५८१७९०८

योग = ०·६०२२९३०

समीप का ०·६०२५४२८ = १४′–५९″ चालन ऋण

रा
सा० सूर्य = ३–२५°–१७′–१६″
चालन १४–५९
शेष = ३–२५ – २ –१७
इष्ट कालीन सायन सूर्य

कर्क भुक्तांश २५°–२′–१७″
३४० कर्क

८५०० | ६८० | ५७८०
+ १२ | + ९६ | = २०
८५१२ | ७७६
| = ५६

= ८५१२–५६–२०

जन्म ११ बजे दिन
सूर्य क्रांति उत्तर २१°-५′
२३° अक्षांश में २१° के
मि० से०
नीचे चर=३७-३० आया
६–०–०
–३७–३० उत्तर क्रांति
५–२२–३० होने से
सूर्योदय घटाया
इष्ट ११–०–०
–सुर्यादय ५–२२–३०
शेष = ५–३७–३०

मेष २२८ स्वोदय
वृष २५८ ,,
मिथुन ३०९ ,,
भुक्त कर्क २८३–४६
योग = १०७५–४६
+ इष्ट ८२८–४५
योग = १९०४–३१
– ९००
शेष १००४–३१

३०)८५१२–५६–२०(२८३
६०　कर्क भुक्त पल
२५१　२८३–४६
२४०
११२
९०
२२–५६–२०
×२
४५–५२–४०
=४६

५–३७–३०
–वेलान्तर　–६
शेष　५–३१–३०
इष्ट घं० मि० से०
५–३१–३०
घड़ी पल० वि०
=१३–४८–४५
पल – विपल
=८२८–४५ इष्ट

पल० वि०
१००४–३१
घ० प० वि०
=१६–४४–३१
घंटा मि० से०
=६–४१–४८
नाक्षत्र काल

दूसरा उदाहरण

दिनांक १३ अप्रैल १९१५ ई० १९° पर ९ बजे दिन को जन्म ।

इष्ट कालीन रवि ११–२८–३९–२४
+ अयनांश　०–१२–३९–३०
=सायन रवि=०–२१–१८–५४
मेष भुक्तांश २१°–१८′–५४″
×२३७ मेष स्वोदय

२३७	१८९६	९४८
४७४	२३७	११८५
४९७७	४२६६	१२७९८
+७४	+२१३	=१८
५०५१	४४७९	
	=३९	

=५०५१–३९–१८
३०) ५०५१–३९–१८ (१६८ पल
३०
२०५　मेष भुक्त पल
१८०　प. वि.
२५१　१६८–२३
२४०
११–३९–१८
×२
२३–१८–३६

जन्म　घ. मि. से.　प. वि.
९–०–० मेष भुक्त १६८–२३
सूर्योदय　५-४९-५० + इष्ट ४७५–०
इष्ट　३-११-०　योग=६४३२–३
वेलान्तर　–१　–९००
इष्ट घंटा= ३-१०-० यहाँ ९०० नहीं घटा
= घड़ी पल　तो ऊपर ३६०० पल
७–२५　जोड़कर घटाया
= ४७५ पल
३६००–०
+६२३–२३
योग　४२४३–२३
– ९००
शेष=३३४३–२३
प. वि.
३३४३–२३
=घड़ी प. वि.
५५–४३–२३
= घंटा मि. से.
२२–१७–२१
नाक्षत्र काल

अब इसी का ना० काल पूर्व बताई रीति से निकालते हैं।

मध्याह्न	१२–०–०	३ घंटे का ना० काल
– जन्म	६–०–०	३ घंटा = ३ × १० = ३० से०

मध्याह्न अंतर=३–०–०

+ अंतर का ना० का०–३०

भोग = ३–०–०

मध्याह्न का ना० काल		घ. मि. से.
(१३–४–१६१५ का)		१–१७–३८
ना० काल युक्त अंतर	–	३–०–३० घटाया
शेष		२२–१७–८
		घ. मि. से.

∴ इष्ट कालीन ना० का० २२–१७–८

नक्षत्र कालांश Right Assession या विषुवांश

नक्षत्र काल या विषुवकाल घंटे या पल में दिया हो तो उसके अंश बना लेना चाहिए।

१ पल या ४ मिनट का १ अंश होता है और १ घंटे में १५° होते हैं

१ घंटा = २॥ घड़ी = १५० पल = १५°
२४ घंटा = ६० घड़ी = ३६०० पल = ३६०°
} इस प्रकार विषुवकाल को १५ से गुणा करने पर विषुवांश हो जाता है।

विषुवांश को समझने के लिये चित्र संख्या १५ देखो।



चित्र संख्या १५। विषुवांश

सू. = सूर्य
उ. = आकाश का उत्तर ध्रुव
द. = „ „ दक्षिण „
वि. रे. = विषुवत रेखा
क्रां. वृ. = क्रांति वृत्त रेखा
सं. प. = संपात विन्दु जहाँ
क्रांतिवृत्त और विषुव वृत्त
२ जगह एक दूसरे को काटते हैं
ता' = तारा का
ता. उ. = ध्रुव अंतर
ता. श = तारा की उत्तर क्रांति
पा. श. = विषुवांश = नक्षत्र कालांश
सू. द. = सूर्य का दक्षिण ध्रुव अंतर
सू. अं = „ की दक्षिण क्रांति
पा. श. रे. सं. वि. अं = सूर्य का विषुवांश

मान लो आकाश में एक तारा है जो उत्तर ध्रुव की ओर है। अब एक मध्याह्न रेखा उत्तर ध्रुव पर से उस तारा पर से होती हुई खींचो जो विषुव वृत्त पर मिल जाय। वह रेखा वि. रे. (विषुव रेखा) पर लम्ब रूप से मिलेगी। अर्थात् विषुव रेखा पर ९० अंश का कोण बनाती हुए श. विन्दु पर मिलेगी। यहाँ उ. ता. श. रेखा यह मध्याह्न रेखा का एक भाग हुआ। यह रेखा पूरे वृत्त का चतुर्थांश ९०° हुआ।

मान लो यह तारा उत्तर ध्रुव से उस के चौथाई दूरी पर है तो ९०° का चौथाई १५° हुआ। इस से ता० (तारा) और उ० (उत्तर ध्रुव) का अंतर १५° हुआ। यह ध्रुव अंतर Polardistance कहलाया उस का शेष बचा वह (९०°–१५°) = ४५° उत्तर क्रांति कहलाई क्योंकि यह तारा विषुव रेखा से उतने अंतर पर है।

विषुव वृत्त को क्रांति वृत्त २ स्थान सं० पा० विन्दु पर काटता है ये संपात विन्दु हैं। सं० यह २१ सितम्बर का सम्पात विन्दु और पा० यह २१ मार्च का सम्पात विन्दु हैं। इसी को मेष संपात कहते हैं। इस पा० से श० तक का अंतर विषुव वृत में नापा जायगा और वही अंतर उस तारे का विषुवांश होगा। इसी पा० संपात विन्दु, मेष सम्पात से विषुव रेखा पर आगे की ओर किसी तारा का जो अंतर नापा जाता है वही विषुवांश होता है और यह अंतर अंशों में नापा जाता है।

जब सूर्य सम्पात विन्दु पर रहता है तो उस का नाक्षत्र काल शून्य होता है क्योंकि वह विषुव रेखा पर पा० बिन्दु पर है जहाँ उस की क्रांति शून्य होती है।

जब २१ जून को सूर्य वृ० स्थान पर चला जाता है तो वह विषुव वृत्त पर से बहुत दूर हो जाता है और उस का विषुवांश ९०° हो जाता है अर्थात् उस के मार्ग का चौथाई हो जाता है और सूर्य की क्रांति उस समय सब से अधिक अर्थात् २३°–२८' होती है।

जब सूर्य सितम्बर के सम्पात बिन्दु सं० पर आता है तो उसका पूरा आधा चक्कर हो जाता है अर्थात् १८०° पर पहुँच जाता है। उस समय फिर विषुव वृत्त पर सूर्य चला जाता है तब भी सूर्य की क्रांति शून्य और विषुवांश १८०° हो जाता है।

मध्य जड़काले में जब सूर्य दक्षिण गोल में चला जाता है (यहाँ चित्र संख्या १५ में सू० स्थान पर सूर्य बताया है) अब एक मध्याह्न रेखा दक्षिण ध्रुव से सू० (सूर्य) पर से होते हुए सीधी लम्ब रूप से विषुव रेखा पर गिराते हुए मिलाई जाय तो वह ग्रं० स्थान पर मिलेगी। सू० और द० का अंतर ध्रुव अंतर कहलाया। मान लो ध्रुव अंतर ६०° है तो शेष ३०° सू० से ग्रं० तक का अंतर सूर्य की क्रांति होगी। और वह दक्षिण क्रांति होगी। अब सूर्य का विषुवांश नापने के लिये मेष सम्पात पा० बिन्दु से नापना आरंभ करो वहाँ से श० रे० सं० वि० स्थान पर से नापते हुए ग्रं० स्थान तक आने पर जो अंतर पा० से अं० तक का (घेर कर आया हुआ) होगा वह सूर्य का विषुवांश होगा। सम्पात बिन्दु पा० से ग्रं० तक सीधा नाप कर ३६०° में घटाने से वह अंतर निकल आयगा।

इस प्रकार चंद्र आदि सब ग्रहों की क्रांति और विषुव कालांश (नक्षत्र कालांश) नापा जाता है। पाश्चात्य पद्धति से इस नक्षत्र काल और नक्षत्र कालांश पर से गणित करते हैं। इस कारण उपयोगी समझ कर यहाँ समझा दिया गया है।

ऐफेमरी में जो मध्याह्न काल का दैनिक नाक्षत्र काल दिया रहता है वह दशम का विषुवांश है अर्थात् उस दिन मध्याह्न को उतना विषुव काल था। दिन भर में इष्ट

घ. मि.

के अनुसार विषुवकाल भी बढ़ते २, अर्थात् २३–५६ में दूसरे दिन मध्याह्न को शेष बचा २४ घंटा – (२३–५६) = ४ मिनट अधिक हो जाता है। इस प्रकार लगभग ४ मिनट विषुव काल बढ़ता है।

इसी विषुव काल को १५ से गुणा करने से विषुवांश के अंश बन जाते हैं। मेष सम्पात बिन्दु पर (जब दिन रात बराबर होता है। विषुवांश शून्य होता है और वसंत सम्पात बिन्दु पर १८०° हो जाता है।

—०—

अध्याय १७

रूपात्मक:भावबल तथा विंशोपका बल साधन

ग्रह जिस भाव में है उस का कितने विश्वा फल देगा यह जानने को विंशोपका बल साधन करना पड़ता है।

उस भाव के अंशादि के समान जो ग्रह होता है वह ग्रह उस भाव का पूर्ण फल देता है। यदि भाव के आगे पीछे ग्रह हो तो उस का अनुपातिक बल निकालना होता है। यदि संधि के अंशादि के समान ग्रह हो तो उस भाव पर उस ग्रह के आने का जो फल होता वह निष्फल जाता है। संधि से ग्रह कम हो तो विराम संधि संज्ञक भाव का फल देता है। यदि संधि से ग्रह अधिक हो तो प्रारंभिक संधि संज्ञक भाव का फल देता है। अर्थात् ग्रह आरंभ संधि से अधिक हो तो उस के पहिले भाव का फल देगा। यदि विराम संधि से अधिक ग्रह हो तो उसके आगे के भाव का फल देगा।

उस भाव का कितना फल होगा ? फल की वृद्धि हो रही है या हानि हो रही है यह भी गणित से निकालते हैं। फल बढ़ती पर होता है तो चय और घटती पर होता है तो क्षय फल कहते हैं। यह फल विश्वा में नापा जाता है। पूरे फल को २० विश्वा फल मान कर अनुपात से उस ग्रह का फल निकालते हैं।

विश्वा का विचार इस प्रकार होता है कि जब आरंभ संधि में ग्रह होता है तब उस भाव का फल शून्य होता है। जब आरंभ संधि से उस भाव तक ग्रह चलता है तब क्रमशः १ से लगातार बढ़ते-बढ़ते उस का फल भाव मध्य में आने पर २० विश्वा फल हो जाता है, इस प्रकार फल बढ़ता है। इसके उपरान्त फल घटना आरंभ होता है। अर्थात् उस भाव के मध्य से उस भाव को विराम संधि की ओर जब ग्रह बढ़ता है तो उस का फल २० विश्वा से घटते-घटते विराम संधि स्थान पर शून्य रह जाता है अर्थात् कुछ फल नहीं रहता। इसी से उस भाव पर ग्रह का विश्वाबल गणित से निकालना पड़ता है। इसी कारण चय-क्षय फल निकालते हैं। आरंभ संधि से चय फल अर्थात् भुक्त फल और भाव से विराम संधि तक क्षय फल अर्थात् भोग्य फल जानना।

गणित से जो चय-क्षय फल प्राप्त होगा उस में यदि चय फल हैं तो समझना कि उतना फल तो ग्रह का भुक्त हो चुका और उसे २० में से घटाने पर जो शेष रहे वह

भोग्य विश्वा फल होगा अर्थात् उतने विश्वा और फल भोगने को रहा। यदि क्षय फल है तो वह फल भोग्य इस प्रकार होगा कि वह भोग को शेष रहा। अर्थात् उस फल को २० में से घटा देने से जो शेष रहे वह भुक्त हो चुका।

रूपात्मक (चय-क्षयात्मक) भाव फल

चय = अच्छा फल	आरंभ संधि = भाव के पहिले की संधि
क्षय = बुरा फल	विराम संधि = ,, आगे ,, ,,

पहिले देखो ग्रह किस भाव और संधि के बीच है। ग्रह जिनके बीच में हो उनमें से एक तो वह भाव होगा जिसमें ग्रह है और दूसरा उस भाव की या तो आरंभ संधि होगी या विराम संधि होगी। इन दोनों में से (जिनके बीच में ग्रह है) देखो कि ग्रह से भाव बड़ा है तो चय फल और संधि बड़ी है तो क्षय फल होगा। या ग्रह से संधि कम है तो चय, संधि बड़ी है तो क्षय फल होगा।

ग्रह और संधि का अंतर निकाल कर, भाव और संधि का अंतर करने से जो प्राप्त हो उसका भाग, ग्रह संधि अंतर में करने से रूपात्मक भाव फल होगा।

ग्रह संधि अंतर } = जिस भाव में ग्रह हो उससे ग्रह की राशि यदि अल्प हो तो आरंभ संधि से, अधिक हो तो विराम संधि से, ग्रह घटाने पर जो प्राप्त हो।

भाव संधि अंतर } = जिस भाव और संधि के बीच ग्रह है उन दोनों का अंतर।

ग्रह संधि अंतर ÷ भाव संधि अंतर = चयक्षयात्मक या रूपात्मक भाव फल।

अंतर में जो अंश कलादि प्राप्त हो सबके विकला बना कर भाग देने से सुविधा होती है। भाग देने से जो शेष बचे उसमें ६० का गुणाकर फिर भाग देना तो रूप विरूप आदि प्राप्त होगा।

चय = भाव से ग्रह कम हो और भाव को आरंभ संधि से अधिक हो।

= (ग्रह − आरंभ संधि) = अंतर

क्षय = भाव से ग्रह अधिक हो और उस भाव की विराम संधि से कम हो।

= (विराम संधि−ग्रह) = अंतर

रूपात्मक भाव फल =

$$\frac{(\text{ग्रह}-\text{आरंभ संधि})}{(\text{भाव}-\text{आरंभ संधि})} = \text{चय या } \frac{(\text{विराम संधि}-\text{ग्रह})}{(\text{विराम संधि}-\text{भाव})} = \text{क्षय}$$

संधि अंतर = भाव साधन करते समय, भाव संधि बनाने के लिये जो क्षेपक जोड़ा गया था वही है।

विंशोपका बल या विश्वाबल

रूपात्मक भावफल × २०=विश्वावल = विश्वा, प्रति विश्वा और तत्प्रतिविश्वा

उपरोक्त चय-क्षयात्मक भाव फल में २० का गुणा करने से विंशोपका बल या विश्वाबल होता है।

या $\frac{\text{ग्रह संधि अंतर} \times २०}{\text{भाव संधि अंतर}}$ = विश्वाबल

(अंतर की विकला बनाकर गुणा भाग करना)

इससे प्रगट होता है कि उस भाव में कितने विश्वा अच्छा या बुरा फल होगा।

उदाहरण

ग्रह इन संधि और भाव के बीच में हैं

सूर्य ३-२७-२३-६

पंचम विराम संधि ३-१६-४४-३॥ } चय
षष्ठम भाव··· ४- १-१८-४६ }

सूर्य पंचम की वि० संधि के आगे और षष्ठम भाव से कम है तो ६ की आ० संधि से अंतर निकालेंगे।

सूर्य	३-२७-२३-६
६ को आरंभ संधि	३-१६-४४-३॥
ग्रह अंतर	०-१०-३९-२॥

षष्ठम भाव	४-१-१८-४६
६ की आरंभ संधि	३-१६-४४-३॥
भाव अंतर	= ०-१४-३४-४२॥

ग्रह संधि अन्तर

$\frac{०-१०-३९-२॥}{०-१४-३४-४२॥} = \frac{३८२४२॥ \text{ विकला}}{५२४८२॥ \text{ विकला}} = \frac{०-४३-४२}{\text{रूपात्मक भाव फल}}$

भाव संधि अन्तर

(०-४३-४३) × २० = १४-३४-२० चय फल। विंशोपका बल हुआ।

५२४८२) ३८२४२ (०
×६०
२२९४५२० (४३
२०९९२८
१९५२४०
१५७४४६
३७७९४ × ६०
५२४८२) २२६७६४० (४३
२०९९२८
१६८३६०
१५७४४६
१०९१४
= ०-४३-४३ रूपात्मक भावबल

रूपात्मक भाव बल
०-४३-४३
× २०

	१४	२०
१४	२०	
०		
१४	३४	२०

विश्वा-प्र०-तत्०
= १४-३४-२०
चय फल
विंशोपका बल

यहाँ सूर्य से आरंभ संधि घटाई गयी थी। आरंभ संधि घट गई तो चय फल हुआ। या ग्रह से भाव बड़ा है तो चय फल हुआ।

६० तत्प्रति विश्वा = १ प्रति विश्वा

६० प्रति विश्वा = १ विश्वा विश्व प्रति० तत्०

= सूर्य का रूपात्मक भाव बल ०–४३–४३

,, विंशोपका बल १४–३४–२० चय फल

(२) चंद्र का रूपात्मक भाव बल और विंशोपका बल साधन।

चंद्र ८–२०–५०–३५ है। एकादश भाव ९–२–९–२१ से कम है। इस कारण एकादश भाव की आरंभ संधि ८–१७–३४–८॥ को चंद्र से घटाया तो चय फल हुआ।

ग्रह अंतर	रा	भाव संधि अंतर	
चंद्र	८–२०°–५५′–३५″	एकादश भाव	९–२–९–२१
११ की आ. संधि	८–१७–३४–३८	,, आ. संधि	८–१७–३४–३८॥
= ग्रह अंतर	०–३ –२०–५७	भाव अंतर =	०–१४–३४–४२॥
	= १२०५७″		= ५२४८२″

ग्रह अंतर १२०५७ / भाव अंतर ५२४८२ = ०–१३–४७२ चय फल = चंद्र का रूपात्मक भाव बल

०–१३–४७–२	५२४८२) १२०५७ (०
×२०	×६०
०–४०	५२४८२) ७२३४२० (१३
१५–४०	५२४८२
४–२०	१९८६००
०	१५७४४६
४–३५–४०–४०	४११५४ × ६०
विंशोपका बल	५२४८२) २४६९२४० (४७
विश्वा–प्र०–त०	२०९९२८
४-३५–४०चय	३६९९६०
यहाँ आरंभ संधि से ग्रह अधिक है	३६७३७४
अर्थात् ग्रह से ११ भाव की आरंभ संधि घट गई	२८६ × ६०
तो चय फल हुआ (संधि से भाव बड़ा होने	५२४८२) १५५१६० (२
चय फल हुआ।)	१०४९६४
	५०१९६

(४) मंगल का रूपात्मक भाव बल और विंशोपका बल

मंगल १–१६–२७–५८ है यह तीसरे भाव १–२–९–२१ और तीसरे भाव

की विराम संधि १–३७–३४–३८॥ के बीच है और तीसरे भाव की विराम संधि से कम है इस कारण तृतीय विराम संधि से ग्रह घटाना पड़ेगा और वह क्षय फल होगा।

ग्रह अंतर

रा
तृ० वि० संधि १–३७°–३४′–१८″
मंगल १–१६–२७–५८
ग्रह अंतर = ०– १ – ६–४०
= ४०००″

भाव अंतर

रा
तृ० वि० सं० १–१७°–३४′–३८″
तृ० भाव १– २ – ९ –२१
भाव अंतर = ०–१५–२५–१७॥
= ५५५१७″

ग्रह अंतर ४००० / भाव अंतर ५५५१७ = ०–४–१९–२२ क्षय रूपात्मक भाव फल

०–४–१९–२२
× २०
७–२०
६–२०
१–२०
०
१–२६–२७–२०

विंशोपका वल वि० प्र० तत्
= विंशोपकावल १–२६–२७

५५५१७)४०००(०
× ६०
५५५१७)२४००००(४
२२२०६८
१७९३२ × ६०
५५५१७)१०७५९२०(१९
५५५१७
५२०७५०
४९९६५३
२१०९६ × ६०
५५७१७)१२६५८२०(२२
१११०३४
१५५४८०
१११०३४
४४४४६

तृतीय भाव से ग्रह अधिक है इस कारण क्षय फल हुआ यः ग्रह की अपेक्षा संधि अधिक है या भाव से संधि अधिक है तो क्षय फल हुआ।

(४) बुध का रूपात्मक भाव फल और विंशोपका बल

बुध ३-१३-०-३५ है। यह पंचम भाव ३-२-९-११ और पंचम भाव की विराम संधि के बीच है। यहाँ ग्रह पंचम भाग से अधिक है और पंचम विराम संधि से कम है। अर्थात् भाव से संधि अधिक है तो क्षय फल हुआ। यहाँ संधि से ग्रह घटाना पड़ेगा।

रा
पंचम वि० संधि ३–१६°–४४′–३″
बुध ३–१३ – ० –३५
ग्रह अंतर = ०– ३ –४३ –२८
= १३४०८″

पंचम वि० संधि ३–१६°–४४′–३″
पंचम भाव ३– २ – ९ –२१
भाव अंतर = ०–१४ –३४ –४२
= ५२४८२

ग्रह संधि अंतर १३४०८ / भाव संधि अंतर ५२४८२ = ०--१५--१९--४३ क्षय

५२४८२)१३४०८(०
×६०

रूपात्मक भाव फल

५२४८२)८०४४८०(१५
५२४८२
२७९९६०
२६२४१०
१७२५० × ६०
५२४८२)१०३५०००(१९
५२४८२
५१०१८०
४७२३३८
३७८४१ × ६०
५२४८२)२२७०५२०(४३
२०९९२८
१७१२४०
१५७४४६
१३७९४

०--१५--१९--४३
× २०
१४--२०
६--२०
५--०
०
५--६--३४--२०

विंशोपका बल

वि० प्र० त०

विंशोपकाबल ५--६--३४

(६) गुरु का रूपात्मक भाव फल और विश्वाबल ।

गुरु ८--१८°--४४'--५६" है यह दशम विराम संधि ८--१७--३४--३८॥ और एकादश भाव ९--२--९--२१ के बीच है। यहाँ भाव से ग्रह कम है या संधि से ग्रह अधिक है या संधि से भाव अधिक है इस कारण चय फल हुआ। यहाँ एकादश भाव से ग्रह कम है और एकादश की आरंभ संधि से अधिक है इस कारण ग्रह संधि अंतर निकालने के लिये आरंभ को ग्रह से घटाना पड़ेगा।

गुरु	८--१८--४४--५६
ऐ० आ० संधि	८--१७--३४--३८॥
ग्रह संधि अंतर	= ०-- १--१०--१७॥
	= ४२१७"

एकादश भाव	९--२--९--२१
ऐ० आ० संधि	८--१७--३४--३८॥
	०--१४--३४--४२॥
भाव संधि अंतर	= ५२४८२"

$$\frac{\text{ग्रह अंतर ४२१७}}{\text{भाव अंतर ५२४८२}} = ०-४-४९-१५ \text{ चय रूपात्मक भाव फल}$$

```
५२४८२ ) ४२१७ ( ०
         ×६०
५२४८२ ) २५३०२० ( ४
        २०९९२८
        ४३०९२×६०
५२४८२ ) २५८५५२० ( ४९
        २०९९२८
        ४८६२४०
        ४७२३३८
        १३९०२×६०
५२४८२ ) ८३४१२० ( १५
        ५२४८२
        ३०९३००
        २६२४१०
        ४६८९०
```

```
०-४-४९-१५
       ×२०
      ५-०
  १६-२०
१-२०
०
१-३६-२५-०
```

विंशोपका बल
वि. प्र. तत्
= १-३६-२५

(६) शुक्र का रूपात्मक भाव फल और विंशोपका बल

शुक्र २-१७-१४-५९ है यह चतुर्थ भाव २-२-५९-५६ से अधिक और चतुर्थ विराम संधि २-१७-३४-३८॥ से कम है। इस कारण विराम संधि से ग्रह घटाना पड़ेगा और यह क्षय फल होगा।

रा	
चतुर्थ वि० संधि २-१७°-३४′-३८॥″	चतुर्थ वि० संधि २-१७-३४-३८॥
शुक्र ग्रह २-१७-१४-५९	चतुर्थ भाव २-२-५९-५६
ग्रह संधि अंतर = ०-०-१९-३९	= भाव संधि अंतर = ०-१४-३४-४२॥
= ११७९″	= ५२४८२″

$$\frac{\text{ग्रह अंतर ११७९}}{\text{भाव अंतर ५२४८२}} = ०-१-२०-५२ \text{ क्षय रूपात्मक भाव, फल}$$

```
५२४८२ ) ११७९ ( ०
         ×६०
५२४८२ ) ७०७४० ( १
        ५२४८२
        १८२५८×६०
५२४८२ ) १०९५४८० ( २०
        १०४९६४
        ४५८४०×६०
५२४८२ ) २७५०४०० ( ५२
        २६२४१०
        १२६३००
        १०४९६४
        २१३३६
```

```
०-१-२०-५२
       ×२०
     १७-२०
   ६-४०
०-२०
०
०-२६-५७-२०
```

विंशोपका बल
= ०-२६-५७

(७) शनि का रूपात्मक भाव फल और विंशोपका बल

शनि १–२०–३०–१० है। यह चतुर्थ भाव २–२–५९–५६ और चतुर्थ आरंभ संधि १–१७–३४–३८॥ से अधिक है। इस कारण ग्रह से संधि घटानी पड़ेगी और चय फल होगा।

	रा			
शनि	१–२०°–३०′–१०″	चतुर्थ		२–२–५९–५६
चतुर्थ आ० सं०	१–१७–३४–३८॥	चतुर्थ वि० सं०		१–१७–३४–३८॥
ग्रह संधि अंतर	= ०–२–५५–३१॥	भाव संधि अंतर	=	०–१५–२५–१७॥
	= १०५३१″			= ५५५१७″

ग्रह अंतर १०५३१ / भाव अंतर ५५५१७ = ०–११–२२–५२ चय रूपात्मक भाव फल

```
५५५१७ ) १०५३१ ( ०
        × ६०
५५५१७ ) ६३१८६० ( ११
        ५५५१७
        ७६६९०
        ५५५१७
        २११७३ × ६०
५५५१७ ) १२७०३८० ( २२
        १११०३४
        १६००४०
        १११०३४
        ४९००६ × ६०
५५५१७ ) २९४०३६० ( ५२
        २७७५८५
        १६४५१०
        १११०३४
        ५३४७६
```

```
०–११–२२–५२
        × २०
     १७–२०
    ७–२०
 ३–४०
 ०
= ३–४७–३७–२०
```

विंशोपका बल

= ३–४७–३७

(८) राहु का रूपात्मक भाव फल और विंशोपका बल।

राहु ११–२–३८–३१ है। लग्न की वि-संधि ११–१५–५३–२८॥ से कम है और लग्न ११–०–२८–११ से अधिक है इस से लग्न की वि. संधि से ग्रह घटाना होगा। विराम संधि से घटा है इस कारण क्षय फल होगा।

रा

लग्न वि. सं. ११–१५°–५३′–२८″

राहु ११– २ –३८ –३१

ग्रह संधि अंतर=०–१३–१४ –५७

= ४७६९७″

लग्न वि.सं.

११–१५–५३–२८॥

लग्न ११–० –२५–१७

भाव संधि अंतर=०–१५–२५–१७

= ५५५१७″

ग्रह अंतर ४७६९७ / भावअंतर ५५५१७ = ०–५१–३२–५४ क्षय

रूपात्मक भाव फल

०–५१–३२–५४

× २०

१८–०

१०–४०

१७–०

०

= १७–१०–५८–०

विंशोपका बल

= १७–१०–५८

५५५१७) ४७६९७ (०

× ६०

,,) २८६१८२० (५१

२७७५८५

८५९७०

५५५१७

३०४५३ × ६०

५५५१७) १८२७१८० (३२

१६६५५१

१६१६७०

१११०३४

५०६३६

× ६०

५५५१७) ३०३८१६० (५४

२७७५८५

२६२३१०

२२२०६८

४०२४२

(६) केतु का रूपात्मक भाव फल और विंशोपका बल।

यह राहु के समान ही होता है। यहाँ केतु ५–२–३८–११ है। सप्तम वि. सं. से कम है और ५–०–२८–११ से सप्तम भाव (५–१५–५३–२८॥) अधिक है। इस से सप्तम वि. सं. से यह ग्रह घटाना पड़ेगा। और क्षयफल होगा।

सप्तम वि. सं. ५–१५°–५३′–२८॥

केतु ५–२ – ३८–३१

ग्रह संधि अंतर=०–१३–१४–५७″

= ४७६९७″

रा

सप्तम वि. सं. ५–१५°–५३′–२८″

सप्तम भाव ५– ० –२८ –११

भाव सं. अंतर = ०–१५–२५ –१७

= ५५५१७″

$\frac{\text{ग्रह संधि अंतर ४७६९७}}{\text{भाव सं. अंतर ५५५१७}}$ = ०–५१–३२–५४ क्षय फल

(०–५१–३२–४५) × २० = १७–१०–५८ विंशोपका बल

रूपात्मक भाव फल और विंशोपका बल चक्र

ग्रह	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
भाव	षष्ठ	एकादश	तृतीय	पंचम	एकादश	चतुर्थ	चतुर्थ	लग्न	सप्तम
रूपात्मक भाव	०–४३–४३	०–१३–४७	०–४–१९	०–१५–१९	०–४–४९	०–१–२०	०–११–२२	०–५१–५३	०–५१–३२
फल	चय	चय	क्षय	क्षय	चय	क्षय	चय	क्षय	क्षय
विश्वा बल	१४-३४-३०	४–३५–४०	१–२६–२७	५–६–३४	१-३६-२५	०-२६-५७	३-४७-३७	१७-१०-५८	१७-१०-५८

उपरोक्त उदाहरण से ध्यान में :आ गया होगा कि जहाँ ग्रह में से भाव की संधि घटानी पड़ती है तो वहाँ चयफल (फल वृद्धि) है। यह भाव संधि में से ग्रह घटाना पड़ता है तो क्षय फल (फल हानि) होता है। जैसे रवि, चंद्र, गुरु, शनि, का उन भाव में जहाँ वे हैं चय फल हुआ, शेष का क्षय फल है। इसी कारण भाव संधि और ग्रह का अंतर निकाला जाता है। जहाँ संधि से ग्रह बड़ा होता है वहाँ चय फल और कम हो तो क्षय फल होता है।

भोग्य और भुक्त विश्वाबल

जो चय-क्षयात्मक फल निकाला गया है उसके विषय में क्षय को भोग्य और चय को भुक्त विश्वाबल जानना।

वि० प्र० तत०

जैसे रवि १४–३४–२० विश्वाचय है। तो इतना विश्वाबल २० विश्वाबल में

वि० प्र० त०

से भुक्त हो चुका। शेष विश्वाबल ५–२४–४० भोग्य अर्थात् भुगतने को रह गया है ऐसा समझना।

२०– ०– ०
१४–३४–२०
५–२४–४०

चंद्र ४–३५–४० चय फल है तो शेष १५–२४–२० भोग्य अर्थात् भुगतने को रहा

२०–०–०	
४–३५–४०	भुक्त
१५–२४–२०	भोग्य

मंगल क्षय फल १–२६–२७ है तो शेष फल इस का भुक्त हो चुका है। २० में से १–२६–२७ विश्वा फल केवल और भोग्य है (भुगतने को रह गया है)। इसी प्रकार सब ग्रहों के सम्बन्ध में विचारना।

—: ० :—

अध्याय १८

दृष्टि साधन

किसी ग्रह का किस-किस ग्रह पर दृष्टि है और कितनी दृष्टि है या किस-किस भाव पर उस की दृष्टि कितनी-कितनी है यह गणित से निकाला जाता है क्योंकि फल कहने के लिये ग्रह की दृष्टि किसी भाव या ग्रह पर कितनी और कैसी है इस का विचार किया जाता है।

दृष्टि ४ प्रकार की होती है। कोई ग्रह जो देखता है उसे द्रष्टा ग्रह कहते हैं। जिसे देखता है वह दृश्य कहलाता है।

साधारण दृष्टि इस प्रकार की है:—

द्रष्टा से दृश्य सातवें स्थान में (६ राशि अंतर पर) हो तो = पूर्ण दृष्टि

" " चौथे या आठवें में (३ या ७ राशि अंतर पर) हो तो = पौन दृष्टि

" " पांचवे या नवें में (४ या ८ " ") हो तो = अर्द्ध "

" " तीसरे या दशवे में (२ या ९ " ") " = पाव "

मंगल, गुरु और शनि की विशेष पूर्ण दृष्टि होती है

मंगल की = चौथे या आठवें स्थान (३ या ७ राशि अंतर) पर = पूर्ण दृष्टि
गुरु को = ५ या ९ स्थान (४ या ८ ,, ,,) ,, = ,,
शनि की = ३ या १० ,, (२ या ९ ,, ,,) ,, = ,,

पूर्ण दृष्टि १° या ६० कला को मानी जाती है। कला में दृष्टि बल की इस प्रकार गणना होती है:-

४ पूर्ण दृष्टि	३ (त्रिपाद पौने) दृष्टि	२ द्विपाद (अर्द्ध) दृष्टि	१ एक पाद (पाव) दृष्टि
कला = ६०′	४५′	३०′	१५′

दृष्टि साधन चक्र

(दृश्य–द्रष्टा) =

मेष राशि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
दृष्टि पाद (ध्रुवांक)	०	१	३	२	०	४	३	२	१	०	०	०
ग्रह विशेष दृष्टि	०	शनि ४	मंगल ४	गुरु ४	०	०	मंगल ४	गुरु ४	शनि ४	०	०	०

पूर्ण दृष्टि का ४ (४ पाद), पौने का ३, आधा का २ और पाव का एक ध्रुवांक है। दृश्य और द्रष्टा का अंतर निकालने पर शेष राशि से दृष्टि प्रकार जानना यहाँ बताया है। मंगल गुरु और शनि को विशेष दृष्टि भो इस में बताई गई है। बस इसी नियम के अनुसार दृष्टि साधन हो जाता है। जहाँ शेष राशि के नीचे ० दिया है उस का अर्थ यह है कि प्राप्त ध्रुवांक ० है तो कोई दृष्टि नहीं होगी। दृश्य ग्रह में से द्रष्टा ग्रह को घटाने से जो राशि अंश आदि रहें वह ग्रह अंतर हुआ। इस राशि के अंक के नीचे चक्र में दृष्टि के अंक दिये हैं उनको गणित के लिये ध्रुवांक कहते हैं।

प्राप्त ध्रुवांक = (दृश्य–द्रष्टा) अंतर में जो राशि का अंक है उस के नीचे जो ध्रुवांक दिया है।

ऐष्य ,, = प्राप्त ध्रुवांक के आगे का ध्रुवांक

ध्रुवांक अंतर = प्राप्त और ऐष्य ध्रुवांक का अंतर। यह अंतर ± होता है। ऐष्य से प्राप्त ध्रुवांक बड़ा हो तो–, कम हो तो+ होता है।

यदि द्रष्टा ग्रह मंगल गुरु या शनि में से कोई हो तो इन की विशेष दृष्टि होती है। उन का विशेष ध्रुवांक ४ नीचे दिया है। अर्थात् वह ग्रह इन में से कोई हो तो उस का ध्रुवांक ४ लेना। ऊपर लिखा हुआ ध्रुवांक न लेना। इन तीनों ग्रहों की विशेष दृष्टि का ध्रुवांक ४ है।

जैसे शनि द्रष्टा है और शेष राशि ३ है तो ३ के नीचे मंगल दिया है। यदि शनि लिखा होता तो ४ ध्रुवांक लेते। इस कारण साधारण ध्रुवांक ३ जो ऊपर लिखा है वही लेंगे।

यदि शेष ४ होता तो भी उस के नीचे शनि नहीं दिया इस से शनि का ४ ध्रुवांक न लेकर ऊपर का २ ही ध्रुवांक लेंगे।

इन तीनों की विशेष दृष्टि के ध्रुवांक के विषय में नीचे समझया है।

द्रष्टा शनि

शेष राशि २ = साधारण ध्रुवांक १ नहीं लेना ४ ध्रुवांक लेना। इस का ऐष्य (अग्रिम) ध्रुवांक ३ राशि का ३ दिया है वह लेना।

„ ७ = साधारण ४ प्राप्त ध्रुवांक, २ ऐष्य ध्रुवांक है।

„ ८ = „ २ „ „ ४ „ है। यहाँ साधारण ऐष्य ध्रुवांक १ होता है वह नहीं लेना, क्योंकि उस के नीचे शनि दिया है इस से ४ लेना।

„ ९ = प्राप्त ध्रुवांक १ न लेकर ४ लेना, अग्रिम ध्रुवांक ० लेना।

द्रष्टा मंगल

शेष राशि २ = प्राप्त ध्रुवांक १, ऐष्य ध्रुवांक साधारण न लेकर यहाँ ४ लेना।

„ ३ = „ ४, „ „ २ लेना।

„ ६ = साधारण प्राप्त ध्रुवांक ४, ऐष्य ध्रुवांक यहाँ ४ लेना।

„ ७ = विशेष प्राप्त ध्रुवांक ४, ऐष्य ध्रुवांक साधारण २ लेना।

द्रष्टा गुरु

शेष राशि ३ = साधारण प्राप्त ध्रुवांक ३, ऐष्य विशेष ध्रुवांक ४ लेना।

४ = विशेष „ „ ४, ऐष्य ध्रुवांक ० लेना।

७ = साधारण „ „ ३, ऐष्य विशेष ध्रुवांक ४ लेना।

८ = विशेष „ „ ४, ऐष्य साधारण ध्रुवांक १ लेना।

ये सब बातें ध्यान पूर्वक चक्र को देखने से ही समझ में आ जाती हैं परन्तु कहीं भ्रम न हो इसलिये यहाँ स्पष्ट रूप से समझा दिया है।

दृष्टि साधन की रीति

दृश्य (जिस पर दृष्टि साधन करना है) में से द्रष्टा ग्रह (देखने वाला ग्रह जिस की दृष्टि साधन करना है) घटाना। जो राशि अंश कलादि शेष रहे उस में राशि के नीचे का प्राप्त ध्रुवांक और आगे की राशि का ध्रुवांक (ऐष्य ध्रुवांक)

होगा। इन दोनों ध्रुवांक का अंतर निकालो (दो राशि के बीच अर्थात् १ राशि में ३०° अंतर होता है) फिर गणित से निकालो ३० अंश में इतने ध्रुव अंतर दृष्टि बल होता है तो अंतर की शेष अंश कलादि में कितना होगा ? जो कुछ उत्तर आवे यदि आगे का ध्रुवांक बड़ा है तो प्राप्त ध्रुवांक में जोड़ दो यदि ऐष्य ध्रुवांक प्राप्त ध्रुवांक से कम हो तो प्राप्त ध्रुवांक से वह उत्तर घटा देना। जो कुछ आवे उस में ४ का भाग देना तो कलात्मक दृष्टि होगी। ४ का भाग इस लिये देते हैं कि पूर्ण ४ पाद होते हैं।

इसी रीति को संक्षेप में समझाने के लिये दृष्टि साधन चक्र यहाँ फिर देते हैं।

दृष्टि साधन चक्र

शेष राशि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
साधारण ध्रुवांक	०	१	३	२	०	४	३	२	१	०	०	०
विशेष ध्रुवांक	०	शनि	मंगल	गुरु	०	०	मंगल	गुरु	शनि	०	०	०
		४	४	४			४	४	४			

(दृश्य-द्रष्टा) = शेष राशि अंश कला।

केवल राशि से प्राप्त ध्रुवांक और ऐष्य ध्रुवांक का अंतर = ध्रुवांक अंतर (शेष राशि की केवल अंश कला × ध्रुवांक अंतर) ÷ ३० = अनुपातिक कला (प्राप्त ध्रुवांक ± अनुपातिक कला) ÷ ४ = कलात्मक दृष्टि

(प्राप्त ध्रुवांक से ऐष्य अधिक हो तो + कम हो तो ऋण करना।)

उपरोक्त गणित को और सरल बनाने के लिये दूसरी रीति नीचे दी है जिस से दृष्टि साधन करना सरल है।

दृष्टि साधन करने की दूसरी रीति

शेष राशि	१	२	३	४	५	६	७	८	९
साधारण दृष्टि में	अंश/२	अंश + १५	४५ − अंश/२	३०-अंश	अंश × २	[(१०-शेष राश्यादि)= =सब के अंश × २]			
मंगल की विशेष दृष्टि में	०	(अंश × ३/२) + १५	६०−अंश	०	०	६०° दृष्टि	६०−अंश	०	०
गुरु की विशेष दृष्टि में	०	०	अंश/२ + ४५	६०−(अंश × २)	०	०	अंश/२ + ४५	६०−(अंश × ३/२)	०
शनि की विशेष दृष्टि में	अंश × २	६०−अंश/२	०	०	०	०	०	अंश + ३०	६०−(अंश × २)

स्पष्टीकरण

दृश्य द्रष्टा अंतर की राशि में साधारण प्रकार से १ राशि आवे तो राशि को छोड़ दो। केवल अंश में २ का भाग दो दृष्टि कला विकला होगी। यदि २ बचे तो केवल अंश में १५ जोड़ दो, ३ बचे तो केवल अंशादि को आधाकर ४५ से घटा दो।

इसी प्रकार यदि मंगल की दृष्टि साधन करते समय ३ राशि शेष हो तो ६० में से केवल अंश घटा देना या गुरु की दृष्टि साधन करने में ८ राशि बचे तो अंश को डेवढ़ा कर ६० में से घटा देना। इसी प्रकार और भी उपरोक्त चक्रानुसार समझना।

साधारण प्रकार से ६,७,८ या ९ बचे तो १० में से शेष राश्यादि घटाना, जो शेष बचे उन सब के अंश बनाकर २ का भाग दो तो जो उत्तर आवे वही दृष्टि होगी।

यहाँ शेष ९ तक दृष्टि दी है। ९ के आगे शेष आवे तो दृष्टि शून्य समझना।

जहाँ विशेष दृष्टि में कोई क्रिया नहीं दी अर्थात् ० दिया है वहाँ साधारण दृष्टि के अनुसार क्रिया करना। जैसे गुरु की दृष्टि साधन करते समय शेष २ बचे हैं तो, यहाँ गुरु में कोई विशेष क्रिया नहीं दी। इस से साधारण क्रिया (अंश × २) जो सब से ऊपर बताई है उसी रीति से दृष्टि साधन करना चाहिए।

यहाँ जो अंश में गुणा भाग आदि करना बताया है वहाँ राशि छोड़ केवल अंश कलादि लेना।

दृष्टि साधन करने के लिये पहिले कोई एक ग्रह की दृष्टि सब ग्रहों पर साधन कर लो। उपरांत दूसरे ग्रह की दृष्टि साधन करो जो कुछ उत्तर आवे उस का एक चक्र बना लो। आगे इन सब का उदाहरण देकर समझाया है।

दृष्टि साधन करने का उदाहरण

१ (१) पहिले रवि की दृष्टि सब ग्रहों पर साधन करते हैं। यहाँ द्रष्टा रवि हुआ और इतर ग्रह दृश्य हुए।

(अ) रीति १

	रा		
दृश्य चंद्र =	८–२०°–५५′–३५″	शेष राशि ४ है	
द्रष्टा रवि =	३–२७ –२३ – ६	प्राप्त ध्रुव =	२
शेष =	४–३ – ३२– २९	ऐष्य ,, =	०
		ध्रुवांतर =	२ ऋण

यहाँ शेष ४ राशि के नीचे २ है तो प्राप्त ध्रुव २ हुआ इस के आगे का

ध्रुव ० है। दोनों ध्रुव का अंतर किया २ आया। आगे का ध्रुव छोटा है इस से ऋण हुआ।

(अ) अंशादि ध्रुवांतर

$$\frac{३-३२-२९ \times २}{३०} = \frac{७^\circ-४'-५८''}{३०} = १४'-९'-५६'''$$ अंतर कला

प्राप्त ध्रुव २°–०′–०″–०

अंतर कला १४–९–५६

शेष = १–४५–५०–४ ÷ ४ = ०°–२६′–२७″–३१

= २६–२७–३१ दृष्टि

(ब) दूसरी रीति

शेष ४ राशि = ३०–०–०

(३०–अंश) ३–३२–२९–

२६–२७–३१ = २६–२७–३१ दृष्टि

१ (२) दृश्य मंगल १–१६–२७–५८

द्रष्टा रवि ३–२७–२३– ६

शेष ९–१९–४ –५२

(अ) शेष ९ राशि

प्राप्त ध्रुव १

ऐष्य ०

ध्रुव अंतर १ ऋण

शेष ९ राशि का ध्रुव १ हुआ। शेष ९ राशि के आगे १० होता है १० के नीचे ० है तो ऐष्य ध्रुव ० हुआ। प्राप्त से ऐष्य कम होने से ध्रुव अंतर ऋण हुआ।

अंशादि ध्रुवांतर

$$\frac{१९-४-५२ \times १}{३०} = \frac{१९-४-५२}{३०} = ०-३८-९-४४$$ अंतर कला ऋण

१– ०–०–०

–०–३८–९–४४

०–२१–५०–१६ ÷ ४

दृष्टि = ५′–२७″–३४‴

(ब) शेष ९ राशि = (१०–शेष राशि) = शेष के अंश ÷ २ = दृष्टि

१०– ०– ०– ०

९–१९– ४–५२

०–१०–५५–८ = १०°–५५′–८″ ÷ २ = ५′–२७″–३४‴ दृष्टि

दोनों रीति करने से प्रगट हुआ कि पहली से दूसरी रीति सरल है।

१ (३) बुध दृश्य ३–१३–० –३५

रवि द्रष्टा ३–२७–२३–६

शेष ११–१५–३७–२९

यहाँ शेष ११ राशि है तो कोई दृष्टि नहीं हुई।

दृष्टि = ०

१ (४) गुरु दृश्य ८–१८–४४–५६ (अ) प्राप्त ध्रुव २
रवि द्रष्टा ३–२७–२३–६ ऐष्य ,, ०
शेष ४–२१–२१–५० अंतर २ ऋण

२१–२१–५० × २

$$\frac{\text{अंशादि} \quad \text{ध्रुव}}{३०} = \frac{४२–४३–४०}{३०} = १–२५–२७–२० \text{ अंतर कला ऋण}$$

प्राप्त ध्रुव २– ०– ०– ०
– अंतर कला १–२५–२७–२०
०–३४–३२–४० ÷ ४ दृष्टि ८′–३८″–१०‴
= ०–८–३८–१०

(ब) शेष ४ राशि = ३० – अंश

३०– ०– ०

$$= \frac{२१–२१–५०}{८–३८–१०} = \text{दृष्टि } ८′–३८″–१०$$

१ (५) शुक्र दृश्य २–२७–१४–५६
रवि द्रष्टा ३–२७–२३– ६
शेष–१०

यहाँ शेष १० राशि होने से ० दृष्टि हुई।

१ (६) शनि दृश्य १–२०–३०–१०
रवि द्रष्टा ३–२७–२३– ६
शेष ६–२३– ७– ४

(अ) शेष ६
प्राप्त = १ ध्रुव
ऐष्य = ०
अंतर १ ऋण
(ऐष्य कम होने से)

$$\frac{\text{अंश} \quad \text{अंतर}}{} \qquad \frac{२३–७–४ \times १}{३०} = \frac{२३–७–४}{३०} = ४६–१४–८ \text{ ऋण}$$

प्राप्त १°–०′–०″–०
– ४६–१४–८ ऋण
०–१३–४५–५२ ÷ ४
= ०– ३–२६–२८

दृष्टि = ३′–२६″–२८‴

(ब) शेष ६ = (१०–शेष राशि) = सब के अंश ÷ २।

१०– ०– ०– ०
६–२३– ७– ४
०– ६–५२–५६

सबके अंश
६–५२–५६ ÷ २
= ३′–२६″–२८‴ दृष्टि।

१ (७) राहु दृश्य ११–२ –३८–३१
रवि द्रष्टा ३–२७–२३– ६
शेष ७– ५–१५–२५

(अ) शेष ७ प्राप्त = ३ ध्रु०
ऐष्य = २ ,,
अंतर १ ऋण

अंशादि अंतर
(ऐष्य कम होने से ऋण)

$\frac{५\text{-}१५\text{-}२५ \times १}{३०} = \frac{५\text{-}१५\text{-}२५}{३०}$ = १०′-३०″-५०‴ ऋण

प्राप्त ३°- ०′- ०″- ०
० -१० -३० -५०
२-४९-२९-१० ÷ ४
= ०-४२-२२-१७॥

दृष्टि ४२′-२२″-१७॥

(ब) शेष ७ = (१० - शेष राशि) = सबके अंश ÷ २

रा
१०- ०°- ०′- ०″
७- ५ -१५ -२५
२-२४ -४४ -३५

सबके अंश = ८४°-४४′-३५″ ÷ २
= ४२′-२२″-१७॥ दृष्टि

२ अब चंद्र की दृष्टि साधन करते हैं

(१) सूर्य दृश्य ३-२७-२३- ६
चंद्र द्रष्टा ८-२०-५५-३५
शेष = ७- ६-२७-३१

(अ) शेष ७ प्राप्त = ३ ध्रु०
ऐष्य = २ ,,
अंतर १ ऋण

अंशादि अंतर
(ऐष्य कम है तो ऋण)

$\frac{६\text{-}२७\text{-}३१ \times १}{३०} = \frac{६\text{-}२७\text{-}३१}{३०}$ = १२′-५५″-२ ऋण

प्राप्त ध्रुव ३- ०- ०- ०
– १२-५५- २
२-४७- ४-५८ ÷ ४
= ०-४१-४६-१४॥

∴ दृष्टि ४१-४६-१४॥

(ब) शेष ७ = (१०-शेष राशि) = सबके अंश ÷ २

१०- ०- ०- ०
७- ६-२७-३१
२-२३-३२-२९
= ८३°-३२′-२९″

८३-३२-२९ ÷ २
= ४१-४६-१४॥ दृष्टि

२ (२) मंगल दृश्य १-१६-२७-५८
चंद्र द्रष्टा ८-२०-५५-३५
शेष ४-२५-३२-२३

(अ) शेष ४ = प्राप्त = २
ऐष्य = ०
अंतर २ ऋण

अंशादि

$$\frac{\text{२५-३२-२३} \times \text{२}}{\text{३०}} = \frac{\text{५१-४-४६}}{\text{३०}} = \text{१}^{\circ}\text{-४२}'\text{-९}''\text{-३२ ऋण}$$

प्राप्त २- ०- ०- ०
- १-४२- ९-३२
०-१७-५०-२८ ÷ ४
= ०- ४-२७-३७

∴ दृष्टि ४′-२७″-३७

(ब) शेष ४ = (३०-अंश) ३०-०-०
२५-३२-२३
४-२७-३७ = ४-२७-३७ दृष्टि

२ (३) बुध दृश्य ३-१३- ०-३५
चंद्र द्रष्टा ८-२०-५५-३५
शेष ६-२२- ५- ०

(अ) शेष ६ = प्राप्त ४ अंशादि अंतर

ऐक्य ३ / अंतर १ ऋण $\quad \frac{\text{२२-५-०} \times \text{१}}{\text{३०}} = \frac{\text{२२-२५-०}}{\text{३०}} = \text{०}^{\circ}\text{-४४}'\text{-१० ऋण}$

दृष्टि ४८′-५७॥″

प्राप्त ४- ०- ०-०
०-४४-१०-०
३-१५-५० ÷ ४=०-४८-५७॥

(ब) शेष ६ = (१०– शेष राशि) = सबके अंश ÷ २

रा
१०-०°-०′-०″
६-२२- ५-०
३-७ -५५-०
= ९७°-५५′-०″

९७-५५-० ÷ २
= ४८′-५७″-३० दृष्टि

२ (४) गुरु दृश्य ८-१८-४४-५६ शेष ११ राशि
द्रष्टा चंद्र ८-२०-५५-३५ दृष्टि०
शेष ११-

२ (५) शुक्र दृश्य २-१७-१४-५९
चंद्र द्रष्टा ८-२०-५५-३५
शेष ५-२६-१९-२४

(अ) शेष ५
प्राप्त = ०
ऐक्य = ४
अंतर = ४ +
(ऐक्य अधिक है)

अंशादि   अंतर   प्राप्त-०-०-०-०

$$\frac{(२६\text{-}१९\text{-}२४ \times ५}{३०} = \frac{१०५^\circ\text{-}१७'\text{-}३६''}{३०} = ३^\circ\text{-}३०'\text{-}३५\text{-}१२ +$$

+ ३-३०-३५-१२
= ३-३०-३५-१२ ÷ ४

दृष्टि = ५२′–३८″–४८   = ०-५२-३८-४८

(ब) शेष ५ = अंश × २

अंश (२६–१९–२४) × २ = ५२′–३८″–४८ दृष्टि

२ (६) शनि दृश्य = १–२०–३०–१०
चंद्र द्रष्टा = ८–२०–५५–३५
शेष ४–२९–३४–३५

(अ) शेष ४
प्राप्त २
ऐष्य ०
अंतर २ ऋण

अंशादि   प्राप्त २-०-०-०

$$\frac{(२९\text{-}३४\text{-}३५) \times २}{३०} = \frac{५९\text{-}९\text{-}१०}{३०} = १^\circ\text{–}५८'\text{–}१८\text{-}२०$$
ऋण

१-५८-१८-२०
०-१-४१-४० ÷ ४

∴ दृष्टि ०′-२५″-२५   = ०-०′-२५″-२५

(ब) शेष ४ = (३०-अंश)   ३०-०-०
−२९-३४-३५ = दृष्टि ०′-२५-२५
०-२५-२५

२ (७) राहु दृश्य ११-२-३८-३१
चंद्र द्रष्टा ८-२०-५५-३५
शेष = २-११-४२-५६

(अ) शेष २
प्राप्त = १
ऐष्य = ३
अंतर २ +
(ऐष्य बड़ा है)   प्राप्त १-०-०-०

अंशादि   अंतर

$$\frac{११\text{-}४२\text{-}५६ \times २}{३०} = \frac{२३\text{-}२५\text{-}५२}{३०} = ०^\circ\text{-}४६'\text{-}५१\text{-}४४ +$$

+ ०-४६-५१-४४
=१-४६-५१-४४ ÷ ४
=०°-२६-४२″-५६

∴ दृष्टि २६′-४२″-५६

(ब) शेष २ = अंश + १५   अंश ११-४२-५६
+ १५
= २६-४२-५६ दृष्टि = २६′-४२″ ५६

३ (१) अब मंगल की दृष्टि साधन करते हैं

रा

दृश्य रवि ३–२७°–२६′–६″
द्रष्टा मंगल १– १६–२७–५८
शेष २–१०–५५– ८

(अ) इस की दृष्टि साधन करने में साधारण ध्रुवांक के नीचे यदि मंगल दिया है तो वहाँ विशेष ध्रुवांक ४ लेंगे।

(अ)

शेष ४ राशि

प्राप्त १ अंशादि अंतर

ऐष्य ४ विशेष $\frac{१०\text{-}५८\text{-}८ \times ३}{३०} = \frac{३२\text{-}४५\text{-}२४}{३०}$ = १°-५′-३०″-४८ +

अंतर ३ + प्राप्त १-०-०-०

(ऐष्य अधिक है) + १-५-३०-४८

= दृष्टि ३१′-२२″-४२ = २-५-३०-४८ ÷ ४

= ०°-३१′-२२″-४२

(ब) शेष २ = विशेष (अंश × ३/२) + १५

अंश १०-५५-८
+ ५-२७-३४ = ३/२
= १६-२२-४२
+ १५
३१-२२-४२
= ३१-२२-४२ दृष्टि

यहाँ × ३/२ करना अर्थात् डेवढ़ा अंश करने को अंश में आधा और जोड़ दिया तो डेवढ़ा हो गया।

३ (२) दृश्य चंद्र ८–२०–५५–३५
द्रष्टा मंगल १–१६–२७–५८
शेष ७– ४ –२७–३७

(अ) शेष ७
प्राप्त = ४ विशेष
ऐष्य २
अंतर २ ऋण

यहाँ ७ के नीचे मंगल लिखा है इस से विशेष ध्रुव ४ लिया।

अंशादि अंतर प्राप्त ४–०–०–०

$\frac{(४–२७–३७) \times २}{३०} = \frac{८–५५–१४}{३०}$ = ०°–१७′–५०″–२८ ऋण – ०–१७–५०–२८

३–४२–९–३२ ÷ ४

∴ दृष्टि =०°–५५′३२″२३

५५′–३२″–२३

अध्याय २१

अष्टक वर्ग का त्रिकोण और ऐकाधिपत्य शोधन

अष्टक वर्ग होरा आयु साधन के निमित्त त्रिकोण और एकाधिपत्य शोधन करना पड़ता है उसकी रीति नीचे दी है।

अष्टक वर्ग की शुभ रेखाओं को २ प्रकार से शोधन करना पड़ता है।

(१) त्रिकोण शोधन, (२) ऐकाधिपत्य शोधन।

त्रिकोण शोधन

प्रत्येक त्रिकोण में ३ राशियाँ होती हैं। पूरे राशि चक्र में ४ त्रिकोण होते हैं।

(१) त्रिकोण राशि १,५,९
(२) ,, ,, २,६,१०
(३) ,, ,, ३,७,११
(४) ,, ,, ४,८,१२

इस प्रकार ३—३राशियों के समुदाय का एक एक त्रिकोण होता है।

त्रिकोण शोधन की रीति

त्रिकोण की ३ राशियों में किसी एक अष्टक वर्ग चक्र में आये हुए शुभ योग के अंक लिखो। उन तीनों राशियों के अंक में से देखो सबसे छोटा अंक कौन है, जो सबसे छोटा अंक है वही संख्या तीनों में से घटा दो, जो शेष बचे उस संख्या को उन राशियों के नीचे लिख दो तो त्रिकोण शोधन हो गया।

जैसे मेष सिंह और धन का एक त्रिकोण है। अब रवि का अष्टक वर्ग शुभ रेखा पहिले लिया। इसमें मेष में ३, सिंह में ५, और धन में ५ शुभ रेखा हैं। इन तीनों अंकों में मेष का ३ अंक सब से छोटा है तो ३ सब में से घटा दिया तो मेष ०, सिंह में २, और धन में २ आया।

मेष	सिंह	धन
३	५	५
−३	−३	−३
०	२	२

यही त्रिकोण शोधन हो गया।

दूसरा उदाहरण—मान लो मेष-सिंह-धन है तो सबसे छोटा
० ५ ४
० है। शून्य सब में से घटाया तो वही रहेगा जो पहिले था। इस कारण जब त्रिकोण की ३ राशियों में से किसी में ० हो तो उसें ज्यों का त्यों रहने देना चाहिए। अर्थात् त्रिकोण शोधन होने पर भी वही रहेगा।

तीसरा उदाहरण मेष सिंह धन मान लो है। तीनों में बराबर अंक हैं तो वही ५ ५ ५ ५ सब में से घटाया तो सब में ० आ गया। इस प्रकार त्रिकोण शोधन से किसी एक में या दोनों में या तीनों राशियों में शून्य आ जायगा।

प्रत्येक अष्टक वर्ग का पृथक २ त्रिकोण शोधन करना होता है।

त्रिकोण शोधन का उदाहरण

त्रिकोण	त्रिकोण	त्रिकोण	त्रिकोण	त्रिकोण	त्रिकोण	त्रिकोण	त्रिकोण	त्रिकोण	त्रिकोण
	१	२	३	४		१	२	३	४
राशि	१५९	२६१०	३७११	४८१२	राशि	१५९	२६१०	३७११	४८१२
रवि अ. वर्ग	३५५	८२४	४३५	१४४	गुरु अ. वर्ग	६५४	३४४	४६४	६४६
	–३३३	२२२	३३३	१११		–४४४	३३३	४४४	४४३
त्रि. शो.	०२२	६०२	१०२	०३३	त्रि. शो.	२१०	०११	०२०	२०२
चंद्र अ वर्ग	३२५	४७४	३६५	४२४	शुक्र अ. वर्ग	५४३	३५५	३५४	६३६
	–२२२	४४४	३३३	२२२		–३३३	३३३	३३३	३३३
त्रि. शो.	१०३	०३०	०३०	२०२	त्रि. शो	२१०	०२२	०२१	३०३
मंगल अ. व.	२३५	८३३	१२३	०३६	शनि अ. व.	५२२	६२२	२५४	३२४
	–२२२	३३३	१११	०००		–२२२	२२२	२२२	२२२
त्रि. शो.	०१३	५००	०१२	०६३	त्रि. शो.	३००	४००	०३२	१०२
बुध अ. वर्ग	३४५	६३५	६४३	४५६	लग्न अ. ब.	४५४	७४३	३७५	४०३
	–३३३	३३३	३३३	४४४		–४४४	३३३	३३३	०००
त्रि. शो.	०१२	३०२	३१०	०१२		०१०	४१०	०४२	४०३

शुभ अष्टक चक्र जो अध्याय २० के आरंभ में निकाल कर प्रत्येक अष्टक वर्ग की शुभ रेखाओं का योग दिया है, उनके शुभ अंक लेकर यहाँ त्रिकोण के अनुसार उन्हीं राशियों में शुभ संख्या स्थापित की है और प्रत्येक त्रिकोण में उन में से जो सबसे छोटा अंक है उसे तीनों अंक में से घटाकर शेष रख दिया है, वही त्रिकोण शोधन अंक हो गया।

जैसे रवि अष्टक वर्ग में त्रिकोण १ में सबसे छोटा ३ है वह सब में घटाया तो मेष में ० सिंह में २ धन में २ रहा। त्रिकोण २ में ८-२-४ है। २ सबसे छोटा है इसे सब में से घटाया। त्रिकोण ३ में ३ सबसे छोटा है इसे सब में से घटाया त्रिकोण ४ में १ सबसे छोटा है इसे घटाने से जो आया वही त्रिकोण शोधित अंक हुआ।

इसी प्रकार सब में जानना। मंगल में त्रिकोण ४ में कर्क में ० है तो सब में से ०. घटाने से कोई परिवर्तन नहीं हुआ। इसी प्रकार सम्पूर्ण त्रिकोण का शोधन प्रत्येक, अष्टक वर्ग चक्र में दिये शुभ अंकों के योग में करना पड़ता है।

त्रिकोण शोधन के उपरांत ऐकाधिपत्य शोधन करना पड़ता है। ऐकाधिपत्य शोधन केवल उन्हीं राशियों में होता है जिन ग्रहों के स्वस्थान नें २ राशियाँ हैं। सूर्य और चंद्र का एक ही स्वस्थान है। सूर्य का सिंह और चंद्र को कर्क है। शेष ग्रहों की २-२ स्वराशियाँ हैं इस कारण शेष १० राशियों में ऐकाधिपत्य शोधन करना पड़ता है। मंगल का मेष वृश्चिक। बुध का मिथुन कन्या। गुरु का धन मीन।शुक्र का वृष तुला। शनि का मकर कुंभ स्वस्थान है। इन २ राशियों के युग्म का शोधन करना पड़ेगा। इस कारण राशि स्वामी के अनुसार राशियां स्थापित कर उनके नीचे त्रिकोण शोधन के अंक लिखकर ऐकाधिपत्य शोधन करेंगे।

ऐकाधिपत्य शोधन करने के नियम

(१) त्रिकोण शोधन के उपरांत ऐकाधिपत्य शोधन करना पड़ता है।

(२) जिन ग्रहों के स्वस्थान में २ राशियां होती हैं उन दोनों का ऐकाधिपत्य शोधन होता है। इसको ध्यान रखो कि इन राशियों में कोई ग्रह है या नहीं। प्रत्येक राशि के नीचे त्रिकोण शोधन के अंक लिखलो।

(३) जिन राशियों में ग्रह हो उनको सग्रह राशि, जिनमें ग्रह न हो उनको अग्रह राशि या ग्रह रहित राशि कहेंगे।

एक सग्रह राशि हो दूसरी ग्रह रहित, और सग्रह की शोधित संख्या छोटी और ग्रह रहित की बड़ी संख्या हो तो = (बड़ी संख्या – छोटी संख्या) = शेष ग्रह रहित राशि की संख्या होगी। सग्रह की संख्या पूर्ववत रहेगी। जैसे शनि की राशि मकर और कुंभ है। मान लो मकर में कोई ग्रह है तो वह ग्रह सहित (सग्रह राशि) हुई और दूसरी राशि कुंभ में कोई ग्रह नहीं है। अब सग्रह राशि का शोधित अंक मान लो २ है और कुंभ ग्रह रहित में ३ है तो ग्रह रहित राशि में बड़ी संख्या हुई। = (३–२) = १ बड़ी संख्या से छोटी संख्या घटाकर जो आवे वह शेष ग्रह रहित में (जहाँ बड़ा अंक है) रख देना। यहाँ ३ में से २ घटाने से १ बचा वह ग्रह रहित कुंभ के नीचे (३ के स्थान में) १ रख दिया। और ग्रह युक्त राशि में २ ही रहेगा।

(४) सग्रह में बड़ा अंक, ग्रह रहित में छोटा अंक हो तो ग्रह रहित का अंक लुप्त हो जायगा। अर्थात ग्रह रहित में छोटे अंक के स्थान में ० होता जायगा, सग्रह के अंक पूर्ववत् रहेंगे। जैसे गुरु की राशि धन और मीन है। धन में कोई ग्रह है और शोधित अंक ३ है। मीन में कोई ग्रह नहीं और शोधित अंक २ है.

तो ग्रह रहित में २ के स्थान में मीन के नीचे ० हो जायगा और धन के नीचे ३ ही रहेगा।

(५) दोनों राशियों में कोई ग्रह हो तो त्रिकोण शोधित अंक में कोई परिवर्तन नहीं होता। जैसे मंगल की राशि मेष और वृश्चिक में २ है तो दोनों सग्रह होने से इन में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

(६) दोनों ग्रह रहित हों एक की बड़ी संख्या हो तो = (बड़ी संख्या—छोटी संख्या) = शेष को बड़ी संख्या के स्थान में रख दो। छोटी में कोई परिवर्तन नहीं होगा। मान लो बुध की राशि मिथुन और कन्या इन दोनों राशियों में कोई ग्रह नहीं है परन्तु १ में बड़ी संख्या है। मिथुन में ४ कन्या में २ है तो दोनों संख्या के अंतर (४–२) = २ को बड़ी संख्या ४ के स्थान में लिख दिया। अर्थात् मिथुन में २ रहा परन्तु कन्या के २ अंक में कोई परिवर्तन नहीं होगा वहाँ भी २ रहेगा।

(७) दोनों ग्रह रहित हों और दोनों में समान अंक हो तो दोनों में शून्य हो जायगा। जैसे मिथुन में ३ और कन्या में ३ अर्थात् दोनों में समान अंक हो और दोनों ग्रह रहित हों तो दोनों में ० हो जायगा।

(८) यदि एक राशि में ग्रह हो और दूसरे में ग्रह न हो और दोनों में एक ही प्रकार के अर्थात् समान अंक हो तो ग्रह रहित राशि के नीचे ० हो जायगा। जैसे शुक्र के २ स्थान वृष और तुला हैं। वृष में कोई ग्रह हैं तुला में कोई ग्रह नहीं है परन्तु दोनों में २–२ या ३–३ एक समान अंक है तो तुला के नीचे २ के स्थान में ० हो जायगा क्योंकि वहाँ कोई ग्रह नहीं है। केवल वृष में २ अंक पूर्ववत् रहेगा।

(९) यदि दोनों राशियों में किसी में ० हो तो दोनों में शून्य हो जायगा। चाहे दोनों सग्रह हों या एक कोई सग्रह हो या दोनो ग्रह रहित हों, ग्रह का कोई विचार न कर दोनों के अंक के स्थान में शून्य हो जाता है। जैसे मेष में २; वृश्चिक में ० हो तो यहाँ किसी एक में ० आ जाने से दूसरे में भी ० हो जायगा अर्थात् दोनो में ० हो जायगा। इन नियमों के अनुसार ऐकाधिपत्य शोधन करते है।

ऐकाधिपत्य शोधन चक्र

	(मंगल)		(बुध)		(गुरु)		(शुक्र)		(शनि)	
राशि	१	८	३	६	९	१२	२	७	१०	११
ग्रह	०	०	शु.	०	चं. गु.	०	मं. श.	०	०	०
सूर्य	०	३	१	०	२	३	६	०	२	२
ऐका०=	०	०	०	०	२	१	०	०	०	०
चंद्र	३	०	०	३	३	२	०	३	०	२
ऐकाधि०=	०	०	०	०	३	०	०	०	०	०
मंगल	०	६	०	०	३	३	५	१	०	२
ऐकाधि०=	०	०	०	०	३	०	५	०	०	०
बुध	०	१	३	०	२	२	३	१	२	०
एका०=	०	०	०	०	२	०	३	०	०	०
गुरु०	२	०	०	१	०	२	०	२	१	०
ऐका०=	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
शुक्र	२	०	०	२	०	३	०	२	२	१
ऐका०=	०	०	०	०	०	०	०	०	१	१
शनि	३	०	०	०	०	२	४	३	०	२
ऐका०=	०	०	०	०	०	०	४	०	०	०
लग्न	०	०	०	१	०	३	४	४	०	२
ऐका०=	०	०	०	०	०	०	४	०	०	०

इसके भरने के लिये पहिले त्रिकोण शोधक से जो अंक आये हैं उसे अपनी राशि के नीचे रख दिया है। यहां जिन राशियों का एक स्वामी है उनको पास २ रखा है जिससे लिखने में भूल न हो जाय। उस राशि पर कोई ग्रह है या नहीं यह जानने को ग्रह के नाम भी लिख दिये हैं। इस चक्र में सूर्य चंद्र की राशि छोड़ कर और सब राशियां हैं।

इस प्रकार २-२ राशियों का युग्म स्थापित करने में किसी एक में ० देखा तो दोनों में ० रख दिया चाहे वहाँ कोई ग्रह हो या न हो।

अब शेष को शोधन करते हैं।

सूर्य = धन सग्रह, मीन ग्रह रहित, सग्रह छोटा है तो (३-२) = १ शेष ग्रह रहित में
२ ३
रखा धन में वही २ रहा।

मकर कुंभ दोनों समान अंक और ग्रह रहित हैं तो दोनों में ० रखा
२ २

चंद्र = धन सग्रह, मीन ग्रह रहित, सग्रह बड़ा है तो अग्रह का अंक लुप्त होकर ० हो गया
३ २

मंगल = धन सग्रह, मीन ग्रह रहित = एक सग्रह एक ग्रह रहित, दोनों समान अंक
३ ३
है तो अग्रह = ०। वृष सग्रह तुला अग्रह, सग्रह बड़ा = अग्रह में ० हो गया।
५ १

बुध = धन सग्रह, मीन अग्रह ! १ सग्रह, १ अग्रह = दोनों में समान अंक है।
२ २
अग्रह = ० । गुरु = वृष सग्रह, तुला अग्रह । सग्रह बड़ा = अग्रह का अंक ० हो गया ।
३ १

शुक्र = मकर, कुंभ दोनों अग्रह = (२–१) = शेष १ बड़ा अंक मकर के नीचे
२ १
१ हुआ और कुंभ में वही १ रहा ।

शनि = वृष सग्रह, तुला अग्रह । सग्रह बड़ा = अग्रह अंक = ० हो गया
४ ३

लग्न = वृष सग्रह तुला अग्रह । दोनों में समान अंक = अग्रह ० हो गया ।
४ ४

ऐकाधिपत्य शोधन के नियम संक्षेप में

(१) सग्रह छोटा, अग्रह बड़ा = (बड़ा—छोटा) = शेष ग्रह रहित में रहेगा, सग्रह पूर्ववत् रहेगा

(२) सग्रह बड़ा, अग्रह छोटा = अग्रह = ० । सग्रह पूर्ववत्

(३) एक सग्रह दूसरा अग्रह दोनों के समान अंक । = अग्रह = ० हो जायगा, सग्रह पूर्ववत् ।

(४) दोनों सग्रह = दोनों पूर्ववत्

(५) किसी एक में ० = चाहे कोई सग्रह या अग्रह एक या दोनों हों तो दोनो में = ० ।

(६) दोनों अग्रह । एक बड़ा एक छोटा = (बड़ा—छोटा) = शेष बड़े के नीचे रहेगा, छोटा पूर्ववत् ।

(७) दोनों अग्रह = समान अंक = दोनों में ० हो जायगा ।

ऐकाधिपत्य शोधन करते समय इनका ध्यान रखो तो भूल नहीं होगी ।

शोधन और ऐकाधिपत्य शोधन के उपरांत राशि गुणक और ग्रह गुणक के आधार पर राशि पिंड और ग्रह पिंड निकाल कर दोनों का योग पिंड निकालना पड़ता है जिसकी रीति आगे दी है ।

राशि गुणक और ग्रह गुणक

त्रिकोण शोधन और ऐकाधिपत्य शोधन के उपरांत राशि पिंड और ग्रह पिंड बनाने के लिये राशि गुणक और ग्रह गुणक की आवश्यकता होती है ।

(१) राशि गुणक = प्रत्येक राशियों को भिन्न-भिन्न बल प्राप्त होता है जिसे राशि गुणक कहते हैं ।

राशि गुणक चक्र

राशि	मेष	वृष	मि०	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि०	धन	मकर	कुंभ	मीन
गुणक	७	१०	८	४	१०	५	७	८	९	५	११	१२

किसी राशि के नीचे ऐकाधिपत्य शोधन करने के उपरांत जो अंक आवे उसे उस राशि के उपरोक्त गुणक से गुणा करना चाहिए। जैसे मेष के नीचे १ है तो (मेष का अंक) १ × ७ (मेष का गुणक = ७)। कर्क के नीचे २ है तो २ × ४ (कर्क का गुणक) = ८। कुंभ के नीचे ० है तो ० × ११ (कुंभ का गुणक) = ० इत्यादि प्रकार से गुणा करना फिर सब राशियों के गुणन फल को जोड़कर जो कुछ योग आवे उसे कोष्ठ के अंत में लिख देना। यह राशि पिंड कहलाता है।

(२) ग्रह गुणक = प्रत्येक ग्रहों को भी भिन्न-भिन्न बल प्राप्त है जिसे ग्रह गुणक कहते हैं।

ग्रह गुणक

ग्रह का	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
गुणक	५	५	८	५	१०	७	५

जिस राशि में ग्रह बैठा हो उस राशि के ऐकाधिपत्य शोधन फल में ग्रह गुणक का गुणा करना। जो कुछ गुणन फल आवे उस राशि के नीचे लिख देना।

यदि किसी राशि में एक से अधिक ग्रह हों तो उस राशि के ऐकाधिपत्य शोधन के उपरांत प्राप्त फल को प्रत्येक ग्रह के गुणक से पृथक-पृथक गुणा करना। उपरांत सबका योग करके उस राशि के नीचे कोष्ठ में रख देना। अंत में सब ग्रहों के गुणन फल का योग कर अंत में लिख देना इसे ग्रह पिंड कहते हैं।

इस प्रकार राशि पिंड और ग्रह पिंड के प्राप्त अंकों को जोड़ डालना। जो योग आवे वही योग पिंड कहलाता है।

इस प्रकार ऊपर बताई हुई राशि गुणक क्रिया से, राशि पिंड और ग्रह पिंड निकाल कर योग पिंड बनाना प्रत्येक अष्टक वर्ग में अर्थात् आठों अष्टक वर्ग चक्र में पृथक-पृथक करना पड़ता है।

अब पूर्व साधित ऐकाधिपत्य शोधन के उपरांत प्राप्त अंक में जो जो क्रियायें होती हैं यहाँ एक चक्र में राशियों को क्रमशः रख कर उनमें सब क्रियायें पृथक-पृथक बतलाते हैं। यहाँ जो राशि पिंड और ग्रह पिंड स्थापित किया है इन सबका स्पष्टीकरण अंत में दिया है जिससे रीति समझ में आ जायगी।

राशि गुणक, ग्रह गुणक, राशि पिंड, ग्रह पिंड, योग पिंड आदि का चक्र

राशि १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ योग योग पिंड
ग्रह . मं. शु. र. . . . . . चं. . . . लग्न
शु, बु. गु.

सूर्य शुभ रेखा ३ ८ ४ १ ५ २ ३ ४ ५ ४ ५ ४ ४८
अ.व. त्रिकोणशो. ० ६ १ ० २ ० ० ३ २ २ २ ३ २१
ऐकाधि. शो. ० ० ० ० २ ० ० ० २ ० ० १ ५
राशि गुणक ० ० ० ० २० . . . १८ . . १२ ५० ५० रा. पिंड } यो. पि. ८०
ग्रह गुणक . . . १० + २० = ३० } ३० ३० ग्रह पिंड

चंद्र शुभ रेखा ३ ४ ३ ४ २ ७ ६ २ ५ ४ ५ ४ ४९
अ.व. त्रिकोण शो. ३ ० ० २ ० ३ ३ ० ३ ० २ १ १८
ऐकाधि.शो. ० ० ० २ ० ० ० ० ३ ० ० ० ५
राशि गुणक ८ २७ ३५ ३५ राशि पिंड } यो.पिं. १००
ग्रह गुणक . . १० + १० = २० } १५ + ३० = ४५ } ६५ ६५ ग्रह पिंड

मंगल शुभ रेखा २ ८ १ ० ३ ३ २ ६ ५ ३ ३ ३ ३९
अ.व. त्रि. शो. ० ५ ० ० ३ ० १ ६ ३ ० २ ३ ३२
ऐका. शो. ० ५ ० ० १ ० ० १ ३ ० ० ० १०
राशि गुणक ५० १० ८ २७ ६५ ६५ रा० पि } यो. पि. २०५
ग्रह गुणक ४० + २४ = ६५ } १५ + ३० = ४५ } ११० ११० ग्र० पि.

बुध शुभ रेखा ३ ६ ६ ४ ४ ३ ४ ५ ५ ५ ३ ६ ५४
अ.व. त्रि. शो. ० ३ ३ ४ ४ ० १ १ २ २ ० २ २२
ऐ० शो० ० ३ ० ० १ ० ० ० २ ० ० ० ६
राशि गुणक ३० १० १८ ५८ ५८ रा. पिं. } यो. पिं. १२७
ग्रह गुणक २४ + १५ = ३९ १० ÷ २० = ३९ ६९ ६९ ग्र. पिं

राशि १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ योग

ग्रह मं. शु. र . . . . चं. . . . लग्न
श. बु गु.

गुरु शुभ रेखा ६ ३ ४ ६ ५ ४ ६ ४ ४ ४ ४ ६ ५६
अ. व. त्रि. शो. २ ० ० ६ ५ १ २ ० ० १ ० २ १९
ऐका० शो. ० ० ० २ १ ० ० ० ० ० ० ० ३
राशि गुणक ८ १० — १८ १८ रा. पिं } यो. पिं.
ग्रह गुणक १० } — २० २० ग्र० पिं. } ३८
१० }
+२०

शुक्र शुभ रेखा ५ ३ ३ ६ ४ ५ ५ ३ ३ ५ ४ ६ ५२
अ. व. त्रि. शो. २ ० ० ६ ४ २ २ ० ० २ १ ३ २२
ऐका. शो. ० ० ० ३ १ ० ० ० ० १ १ ० ६
राशि गुणक १२ १० ५ ११ — ३८ ३८ रा. पिं. } यो. पिं.
ग्रह गुणक १५ } — ३० ३० ग्र. पिं } ६८
+१५ }
३०

शनि शुभ रेखा ५ ६ २ ३ २ २ ५ २ २ २ ४ ४ ३९
अ. व. त्रि को. ३ ४ ० ३ २ ० ३ ० ० ० २ २ १९
ऐ.शो. ० ४ ० १ ० ० ० ० ० ० ० ० ५ — ४४ ४४ रा. पिं. } यो. पिं.
राशिगुणक ४० ४ — ६२ ६२ ग्र. पिं. } १०६
ग्रह ग्रणक ३२ } +५ }
+२० } १० }
५२

लग्न शुभ रेखा ४ ७ ३ ४ ५ ४ ७ ० ४ ३ ५ ३ ४९
अ. व. त्रि. शो. ० ४ ० ४ ५ १ ४ ० ० ० २ ३ २३
ऐ. शो. ० ४ ० ४ १ ० ० ० ० ० ० ० ९
राशि गुणक ४० १६ १० — ६६ ६६ रा. पिं. } यो. पिं.
ग्रह गुणक ३२ } २० } — ९२ ९२ ग्र. पिं } १५८
+२० } २० }
५२ + ४०

उपरोक्त चक्र में जो राशि पिंड ग्रह पिंड आदि निकाला है उसका स्पष्टीकरण

(१) सूर्य = ऐकाधिपत्य शोधन के उपरांत जिन राशियों के नीचे अंक बच रहे उस अंक से ऊपर दी हुई राशि के गुणक से गुणा किया है। यहाँ सिंह के नीचे २ है। सिंह का गुणक १० है = २ × १० = २० यह सिंह का राशि पिंड हुआ। धन के नीचे २ है। धन का गुणक ९ है = ९ × २ = १८ धन का राशि पिंड हुआ। मीन के नीचे १ है। मीन का गुणक १२ है = १२ × १ = १२ मीन का राशि पिंड हुआ। शेष राशियों में ० है उनका राशि गुणक ० ही आया। उपरांत सब राशि पिंड का योग किया। सिंह का २०, धन का १८ और मीन का १२ = सबका योग ५० हुआ। यह राशि पिंड योग हुआ जो अंत में दिया है।

उपरांत ग्रह गुणक लिया। २,३,४ राशि में ग्रह तो हैं परन्तु ऐकाधिपत्य का अंक ० है तो वहाँ ० ही रहेगा। धन राशि मे चंद्र और गुरु है। धन का ऐकाधिपत्य शोधन अंक २ है तो २ से दोनों ग्रह के गुणक का पृथक-पृथक गुणा कर योग किया। चंद्र का गुणक ५ है = २ × ५ = १० और गुरु का गुणक १० है = २ × १० = २०। दोनों को जोड़ा १० + २० = ३० हुआ। यही उस राशि के नीचे ग्रह पिंड स्थापित किया। इतर राशि के नीचे कोई ग्रह नहीं है तो सर्व ग्रह पिंड का योग ३० ही हुआ। उसे अंत में लिख दिया। ग्रह गुणक और राशि गुणक का चक्र पहिले दे चुके हैं।

राशि पिंड ५० और ग्रह पिंड ३० इन दोनों को जोड़ा तो सबका योग ८० योग पिंड हुआ इसे अंत में लिख दिया।

(२) चंद्र = राशि गुणक कर्क = ऐका ० २ धन = ऐका० ३ दोनों का योग

गुणक × ४ = ८   गुणक × ९ = २७ = ३५ राशि पिंड

ग्रह गुणक = ग्रह केवल कर्क और धन में है जिनमें ऐका० के अंक है शेष में ० है

कर्क = ऐका० २ × ५ रवि = १०   धन ऐका० ३ × ५ चंद्र = १५   २० + ४५ = ६५
५ × ५ बुध = २०   ३ × १० गुरु = ३०   ग्रहपिंड
= २०   = ४५

राशिपिंड ३५ + ग्रह पिंड ६५ = १०० योग पिंड

(३) मंगल = राशि गुणक वृष ऐका० ५ सिंह ऐ० १ वृश्चिक ऐ० १ धन ऐका० ३

गुणक × १० = ५०   गुणक × १० = १०   गुणक × ८ = ८   गुणक × ९ = २७

सब का योग ५० + १० + ८ + २७ = ९५ राशि पिंड

ग्रह गुणक = वृषऐका० ५ × ८ मंगल = ४० धन ऐका० ३ × ५ चंद्रगुणक = १५

५ × ५ शनि = + २५ ३ × १० गुरु गुणक = + ३०

= ६५ ४५

ग्रह पिंड ६५ + ४५ = ११०

राशिपिंड ९५ + ११० ग्रह पिंड = २०५ योग पिंड।

(:४) बुध = राशि = वृष ऐका० = ३ सिंह ऐका० १ धन ऐका० २ ३० + १० + १८

गुणक × १० गुणक × १० गुणक × ९ = ५८ राशिपिंड

= ३० = १० = १८

ग्रह = वृष ऐका० ३ × ८ मंगल = २४ धन ऐ० २ × ५ चंद्र = १० ३९ + ३०

३ × ५ शनि = + १५ २ × १० गुरु = २० = ६९

= ३९ ३० ग्रह पिंड

राशिपिंड ५८ + ६९ ग्रह पिंड = १२७ योग पिंड।

(:५) गुरु = राशि = कर्क ऐका० २ सिंह ऐका० १ ८ + १० = १८ राशि पिंड

गुणक × ४ गुणक × १०

= ८ = १०

ग्रह = कर्क ऐका० २ × ५ रवि गुणक = १० सबका योग

२ × ५ बुध = १० = २० ग्रह पिंड

= २०

राशि पिंड १८ + २० ग्रह पिंड = ३८ योग पिंड

(:६) शुक्र = राशि = कर्क ऐका० ३ सिंह ऐ० १ मकर ऐ० १ कुम्भ ऐका० १

गुणक × ४ गुणक × १० गुणक × ५ गुणक × ११

= १२ = १० = ५ = ११

सबका योग १२ + १० + ५ + ११ = ३८ राशि पिंड

ग्रह = कर्क ऐका० ३ × ५ रवि = १५ सबका योग = ३० ग्रह पिंड

३ × ५ बुध = १५

३०

राशि पिंड ३८ + ३० ग्रह पिंड = ६८ योग पिंड

(:७) शनि = राशि वृष ऐका० ४ कर्क ऐका० १ ४० + ४ = ४४

गुणक × १० गुणक × ४ राशि पिंड

= ४० = ४

ग्रह वृष ऐका० ४ × ८ मंगल गुणक = ३२ कर्क ऐका० १ × ५ रवि = ५
४ × ५ शनि = २०   १ × ५ बुध = ५
५२   १०

५२ + १० = ६२ ग्रह पिंड

राशि पिंड ४४ + ६२ ग्रह पिंड = १०६ योग

(८) लग्न = राशि वृष ऐका० ४ कर्क ऐका० = ४ सिंह ऐका० १
,, गुणक × १० ,, गुणक = × ४ ,, गुणक × १०
= ४०   = १६   १०

४० + १६ + १० = ६६ राशि पिंड

ग्रह वृष ऐका० ४ × ८ मंगल गुणक = ३२ कर्क एका० ४ × ५ रवि = २०
४ × ५ शनि ,, = २०   ४ × ५ बुध = २०
५२   ४०

५२ + ४० = ९२ ग्रह पिंड

राशि पिंड ६६ + ९२ ग्रह पिंड = १५८ योग पिंड

उपरोक्त त्रिकोण शोधन और ऐकाधिपत्य आदि वृहत् पाराशर के मत से किया है। शम्भु होरा प्रकाश में भी यही रीति बताई हैं। परन्तु होरारत्न और जातक पारिजात में कुछ भिन्नता आगई है।

होरारत्न में त्रिकोण शोधन के लिये बताया है कि त्रिकोण को राशियों में जो सबसे छोटे अंक वाली राशि हो, उसे शेष २ और राशियों में (सबसे छोटे अंक के बराबर (अंक) रख देना। जैसे मेष में १, सिंह मे ४ धन में ५ है तो मेष में सबसे छोटा अंक १ होने के कारण सिंह और धन में भी १ हो जायगा। परन्तु अनेक विद्वानों को यह मत मान्य नहीं है। इस कारण पाराशरी मत का ही उपयोग किया है।

ऐकाधिपत्य शोधन में भी जातक पारिजात आदि में कुछ अंतर है जो नीचे बताया है।

(१) सग्रह छोटा, अग्रह बड़ा हो तो छोटे के समान दोनों में अंक रहेगा। जैसे कुम्भ सग्रह में ३ और मकर अग्रह में ४ है। यहाँ सग्रह छोटा है इससे दोनों में छोटे के बराबर अंक ३ रहेंगे।

इसको पाराशर में बताया है (बड़ा–छोटा) = शेष ग्रह रहित में रहेगा और सग्रह में कोई परिवर्तन नहीं होगा !

(२) दोनों अग्रह, १ में बड़ा दूसरे में छोटा अंक हो तो छोटे के समान दोनों में करना। जैसे मेष में ३ वृश्चिक में ४ है तो दोनों में छोटा अंक ३—३ हो जायगा।

इसी को पाराशर मत से बताया है (बड़ा—छोटा) = शेष बड़े के नीचे रखना। इस रीति से मेष में ३ वृश्चिक में १ होगा।

(३) दोनों में से किसी में शून्य हो चाहे दोनों में से किसी में ग्रह हो या न हो या दोनों में हों या दोनो अग्रह हों तो कोई परिवर्तन नहीं होगा।

इसी को पाराशर मत से बताया है कि दोनों में से किसी में ० हो तो दूसरे में भी ० हो जायगा।

शेष रीति में कोई अंतर नहीं पड़ता अर्थात् सबको मान्य हैं। वे रीति ये हैं:—

(१) सग्रह बड़ा अग्रह छोटा। अग्रह = ०। सग्रह अपरिवर्तित।

(२) १ सग्रह १ अग्रह। दोनों में समान अंक। अग्रह=० हो जायगा सग्रह अपरिवर्तित।

(३) दोनों सग्रह = दोनों अपरिवर्तित

दोनों अग्रह = दोनों में समान अंक = दोनों में = ० हो जायगा।

शोधन के उपरांत जो राशि पिंड और ग्रह पिंड से योग पिंड बनता है उससे आयु साधन किया जाता है। यह विषय आयु साधन अध्याय २८ में आगे दिया जायगा।

अध्याय २२

ग्रहषड्बल साधन

ग्रह बल ६ प्रकार से साधन किया जाता है। बल केवल ७ ग्रह का साधन किया जाता है। राहु केतु का बल नहीं साधन करते।

१ स्थान बल = ५ प्रकार के बल मिलकर स्थान बल बनता है।

(१) उच्च बल, (२) सप्तवर्गीबल, (३) ओज बल (युग्मायुग्म बल) (४) केन्द्रादि गत बल (५) द्रेष्काण बल।

२ दिग्बल = यह अकेला ही है।

३ काल बल = यह ४ प्रकार के बल मिलकर बनता है।

(१) नतोन्नत वल (२) पक्ष बल (३) दिन रात्रि त्रिभाग बल (४) वर्ष आदि बल

४ चेष्टा बल

५ नैसर्गिक वल

६ दृग्वल

ज्ञान खण्ड में इस का दिग् दर्शन करा दिया गया है। यहाँ गणित द्वारा प्रत्येक ग्रह का सब प्रकार का वल साधन करेंगे। ग्रह बल के अनुसार फल देता है। इस कारण प्रत्येक ग्रह का बल जानना आवश्यक है। यदि ग्रह पूर्ण बली हो तो अपना फल पूरा देगा वह बल कम है तो फल भी कम हो जायगा।

१ स्थान बल

कौन २ स्थान में किस ग्रह का कितना बल है यह जानने के लिए स्थान बल साधन करना पड़ता है। पहिले बता चुके हैं कि पांच प्रकार का बल मिलकर स्थान बल होता है :

(१) उच्च बल (२) सप्तवर्गी वल (३) भांश (युग्मायुग्म बल) (४) केन्द्र बल और (५) द्रेष्काण बल।

इन प्रत्येक का बल निकालने की रीति आगे बताई है।

१ (१) उच्च बल

ग्रह के उच्च या नीच स्थान के अनुसार बल का विचार होता है। जो ग्रह उच्च में होता है वह पूर्ण बली होता है। जब नीच में होता है वह बल में शून्य हो जाता है। उच्च बल और नीच बल के बीच में ६ राशि का अन्तर होता है। अर्थात् ६ राशि अन्तर हो आने पर ग्रह उच्च बल से शून्य बल हो जाता है। जो ग्रह उच्च या नीच के किसी स्थान में हो उस का बल अनुपात से निकालना पड़ता है।

पहिले यह जानना चाहिए कि कोई ग्रह अपने नीच स्थान से कितने अन्तर पर है। उपरांत गणित से बल इस प्रकार जाना जा सकता है कि ६ राशि अंतर पर पूर्ण बल १° होता है तो इतने अंतर में कितना बल होगा ?

$$\frac{(\text{ग्रह}-\text{नीच}) \times १}{६} = \text{इष्ट उच्च बल}$$

ग्रह और उसके नीच स्थान के अन्तर में ६ का भाग देने से उच्च बल निकल

आता है। बल साधन करने के लिए पूर्ण बल सदा १ अंश का माना जाता है। एक अंश को एक रूप भी कहते हैं। ६० विरूप (कला) का १ अंश होता है।

बल साधन करने में यहाँ जो ६ का भाग देना बताया है इस की विशेष रीति है। उसको समझ लेना चाहिए क्योंकि उस का कई स्थान पर काम पड़ेगा। आगे उदाहरण दिया है जिससे रीति समझ में आ जायगी।

उच्चबल साधन करने की रीति

उच्चबल साधन करने के लिए उस ग्रह के स्पष्ट में से उस ग्रह का नीच घटा देना। नीच घटाने से यदि ६ राशि से अधिक अन्तर आवे तो उसे षड्भाल्प कर लेना अर्थात् उस अन्तर को १२ राशि से घटा देना। षड्भ्=६। अल्प=कम। षड्भाल्प=६ से कम करना। षड्भाल्प इसलिए करना पड़ता है कि उच्च नीच का अन्तर ६ राशि से अधिक नहीं होता। इस कारण नीच घटाने से जो शेष अन्तर आता है उसे १२ राशियों में से घटाना पड़ता हैं। घटाते समय ऊपर राशि का अंक कम होतो ऊपर १२ राशि और जोड़ कर घटाना।यदि शेष ६ से कम रहे तो १२ से नहीं घटाना। उपरांत इस शेष में ६ का भाग देना। जो उत्तर आयगा वह कला विकला में उच्चबल निकलेगा।

६ का भाग देने की बिशेष रीति

(१) राशि स्थान में जो अंक हो उसमें ६० का गुणा करना और शेष अंश आदि में २ का गुणाकर उसे ६० के गुणा करने से आई हुई संख्या में जोड़ देना। योग में ६ का भाग देना जो कुछ उत्तर आवे वह कला बिकला बल होगा। यह केशवाचार्य की रीति है।

(२) या राशि अंश कला विकला में २ का गुणा करना। फिर राशि के अंश बना लेना। जो कुछ अंश कला हो उसमें ६ का भाग देना। उत्तर कला विकला उच्च बल होगा।

(३) या राशि अंश कला विकला है। इस में राशि के अंश बना लेना और ३ का भाग देना। जो कुछ उत्तर आवे वह कला विकला उच्च बल होगा। यह पराशर की रीति है। यह रीति सुगम है।

(४) षड्भाल्प आदि के उपरांत जो प्राप्त हो उस के लिप्ता पिंड करे (कला बना लेवें) और ६ राशि की कला १०८०० से भाग देवे तो उच्च बल निकलेगा।

इन सब रीति से एक सा उत्तर आता है परन्तु तीसरी रीति सरल है। इनके उदाहरण आगे दिये हैं।

ग्रहों का उच्च और नीच

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
	रा० अं०	रा० अंश	रा० अं०	रा० अं०	रा० अं०	रा० अं०	रा० अं०
उच्च	०–१०	१–३	९–२८	५–१५	३–५	११–२७	६–२०
नीच	६–१०	७–३	३–२८	११–१५	९–५	५–२७	०–२०

(१) सूर्य उच्च बल साधन।

	रा	रा	रा
सूर्य	३–२७°–२३′–६″	१२– ०°– ०′– ०″	या उच्च ०–१०′– ०′– ०″
निच	६–१० – ० –०	शेष ९–१७ –२३ – ६	सूर्य ३–२७ –२३ – ६
शेष	९–१७ –२३ –६	शेष २–१२ –३६ –५४	शेष २–१२ –३६ –५४
	शेष ६ से अधिक है तो षड़भाल्प करना पड़ेगा।	यह षड़भाल्प हुआ इसमें ६ का योग देना है।	

जिन में षड़भाल्प करना पड़ता है उनमें यदि उच्च से ग्रह घटाया जावे तो वही उत्तर आता है जो षडभाल्प क्रिया से प्राप्त होता है। गह उच्च या नीच स्थान के भीतर रहता है। इससे या तो उच्च से ग्रह घटाओ या ग्रह से नीच घटाओ तो एक ही बात होगी। परन्तु इस प्रकार घटाने से यदि शेष ६ राशि से अधिक हो जावे तो १२ में से घटाना ही पड़ेगा। इस प्रकार १२ से घटाने में षड्भाल्प प्राप्त होता है।

रा
(१) शेष २–१२°–३६′–५४″
×६० ×२
१२० + २५–१३–४८
= १४५ – १३–४८ ÷ ६
= २४′–१२″ उच्चवल

दूसरी रीति
रा
शेष २–१२°–३६′–५४″
×२
४–२५–१३–४८
×३०
१२० + २५–१३–४८
= १४५–१३–४८ ÷ ६
= २४–१२″

६) १४५–१३–१८ (२४′
१२
२५
२४
१ × ६० + १३
६) ७३ (१२″
६
१३
१२

तीसरी रीति

रा
शेष २–१२°–३६′–५४″
× ३०
६० + १२ = ७२°–३६′–५४″
७२–३६–५४ ÷ ३
= २४′–१२″ उच्चबल

३) ७२–३६–५४ (२४′
६
१२
१२
०
३) ३६ (१२″
३
६
६
०

(२) चंद्र का उच्च बल साधन

रा
चंद्र ८–२०°–५५′–३५
नीच ७–३–०–०
शेष =१–१७–५५–३५
× २
२–३५–५१–१०
× ३०
६० + ३५
= ९५–५१–१० ÷ ६
= १५′–५८″ उच्चबल

६) ९५–५१–१० (१५
६
३५
३०
५ × ६० + ५१
६) ३५१ (५८
३०
५१
४८
३

तीसरी

रा
शेष १–१७°–५५′–३५″
× ३०
३० + १७
= ४७–५५–३५ ÷ ३
= १५′–५८″ उच्चबल

(३) मंगल का उच्च बल साधन

रा
मंगल १–१६°–२७′–५८″
– नीच ३–२८–०–०
शेष ९–१८–२७–५८

१२–०–०–०
९–१८–२७–५८
२–११–३२–२ षड्भाल्प ११
× ३०
६० + ११
= ७१–३२–२ ÷ ३
= २३′–५०″ उच्चबल

३) ७१–३२–२ (२३
६
११
९
२ × ६० + ३२
३) १५२ (५०
१५
२

सब प्रकार से एक सा उत्तर आता है इस कारण यहाँ तीसरी रीति से किया है जो सरल है।

(४) बुध का उच्च बल साधन

	रा	
बुध	३–१२°–०′–३५″	३) ११८–०–३५ (३९′
–नीच	११–१५–०–०	९
शेष=	३–२८–०–३५	२८
	×३०	२७
	९०+२८	१×६०
	=११८–०–३५÷३	३) ६० (२०″
	=३९′–२०″ उच्चबल	६
		०

(५) गुरु का उच्चबल साधन

गुरु	८–१८–४४–५६	१२–०–०–०
– नीच	९–५–०–०	११–१३–४४–५६
शेष	११–१३–४४–५६	=०–१६–१५–४ षड्भाल्प
		=१६°–१५′–४″÷३
		=५′–२५″ उच्चबल

(६) शुक्र का उच्च बल साधन

शुक्र	२–१७–१४–५९	१२–०–०–०
– नीच	५–२७–०–०	८–२०–१४–५९
शेष	८–२०–१४–५९	=३–९–४५–१
		×३०

९०+९=९९°–४५′–१″÷३=३३′–१५″ उच्चबल

(७) शनि का उच्चबल साधन

	रा	
शनि	१–२०°–३०′–१०″	
– नीच	०–२०–०–०	
	१–०–३०–१०	

×३० / ३० = ३०°–३०′–१०′÷३ = १०′–१०″ उच्चबल।

यहाँ ३ का भाग मुखाग्र दिया गया है। ३ का मुखाग्र भाग देने की रीतिः—

= ६०/३ = २० आरंभ में ३ का मुखाग्र भाग देने से जो शेष बचे इसमें २० का गुणा करना। फिर कला में ३ का भाग देने से जो लब्धि आवे उसे गुणन फल में जोड़ देना। जैसे १६–१५–४ + ३ यहाँ १६ में ३ का ५′ बार भाग गया वह कला हुई। शेष १ बचा × २० = २० + आगे की संख्या १५ में ३ का भाग दिया ५ बार गया इसे पूर्व प्राप्त २० में जोड़ा + २० + ५ = २५″। उत्तर ५′–२५″

उच्च बल चक्र

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
उच्च बल	२४′-१२″	१५′-५८″	२३′-५०″	३६′-२०″	५′-२५″	३३′-१५″	१०′-१०″

उच्च बल साधन करने की चौथी रीति और है

ग्रह से नीच घटाना। यदि ६ से अधिक शेष रहे तो षड्भाल्प करना जैसे ऊपर किया है। फिर सबके अंश बना कर सबकी कला बना लेना अर्थात् शेष की कला बना कर ६ राशि की कला (६ × ३० = १८० × ६० = १०८००′) = १०८००′ से भाग देना। इस रीति से भी पूर्ववत उत्तर आता है। यह श्रीधर की रीति है आगे उदाहरण दिया है जिससे समझ में आ जावेगा कि ६ का भाग भिन्न २ रीति से देने पर भी उत्तर एक सा आता है।

उदाहरण

(१) सूर्य से नीच घटाने पर और षड्भाल्प करने पर शेष रा २–१२°–३६′–५४″ था इसके कला बनाये ४३७४′ हुए इसमें ६ राशि की कला १०८०० का भाग दिया।

रा

शेष २–१२°–३६′–५४″
×३०
६० + १२ = ७२
×६०
४३२० + ३६
= ४३५६′

१०८००) ४३५६ (० अंश
×६०
१०८००) २६१३६० (२४ कला
२१६००
४५३६०
४३२००
२१६० × ६०
१२९६००

= २४′–१२″ उच्च बल   १०८००) १२९६०० (१२ वि०

१०८००

२१६००

२१६००

०

रा

(२) चंद्र शेष १–१७°–५५′–३५″   १०८००) २८७५ (०

×३०   ×६०

३०+१७=४७–५५   १०८००) १७२५०० (१५′

×६०   १०८००

२८२०+५५   ६४५००

=२८७५′   ५४०००

१५′–५८″ उच्च   १०५००×६०

१०८००) ६३०००० (५८″

५४०००

९००००

८६४००

३६००

उच्च बल साधन करने की एक सारिणी भी होती है जिससे और भी सरलता से उच्च बल निकल आता है।

उच्च बल साधन सारिणी

ग्रह में से उसका नीच घटाने पर और यदि शेष ६ राशि से अधिक हो तो षड्भाल्प करने के उपरांत जो शेष प्राप्त हो उसके राशि अंश कला के सहारे इस सारिणी से उच्चबल निकल आता है।

उच्चबल सारिणी

राशिफल चक्र

शेष राशि	०	१	२	३	४	५	६
फल (उत्तर)	०°–०′–०″	०°–१०′–०″	०°–२०′–०″	०°–३०′–०″	०°–४०′–०″	०°–५०′–०″	१°–०′–०″

अंश फल चक्र

अंश	१°	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०°
फल																														
क०	०	०	१	१	१	२	२	२	३	३	३	४	४	४	५	५	५	६	६	६	७	७	७	८	८	८	९	९	९	१०′
वि०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०″

कला फल चक्र

कला	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
फल																														
वि०	०	०	१	१	१	२	२	२	३	३	३	४	४	४	५	५	५	६	६	६	७	७	७	८	८	८	९	९	९	१०″
प्रति०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०‴

कला	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
फल																														
वि०	१०	१०	११	११	११	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१९	१९	१९	२०′
प्रति०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०″

उच्च बल सारिणी देखने की रीति

शेष राशि अंश कला से प्रत्येक का फल लेकर जोड़ डालना। राशि के नीचे अंश कला विकला के अंक दिये हैं। अंश के नीचे कला विकला के अंक और कला के नीचे विकला प्रति विकला में अंक दिये हैं, उन सबको जोड़ने से कला विकला में उच्च-बल प्राप्त होगा। इससे वही उत्तर आता है जो विशेष रीति से ६ का भाग देने से आया था।

उदाहरण

रा
(१) शनि का शेष १–०°–३०′–२०″ है······ १ राशि=०°–१०′–०″
=उच्च बल १०′–१०″ ३०′ १०″–०
=०–१०–१०–०

(२) शुक्र का शेष ३–९–४५–१······ ३ राशि=०°–३०′–०″
=उच्च बल ३३′–१५″ ९ अंश = ३–०
३५ कला= १५
=०–३३–१५

रा
(३) गुरु का शेष ०–१६°–१५′–४″······ १६°=५′–२०″
=उच्च बल ५′–२५″ १५′= ५–०
=५– २५ ०

रा
(४) मंगल का शेष, २–११°–३२′–२″······ २ राशि=०°–२०
=उच्च बल २३′–५०″–४० ११° = ३–४०
३२′ = १०–४०
= ०–२३–५०–४०

इसी प्रकार और भी निकाल लो।

मेष का सप्त वर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	२०	०
गृह	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	५
होरा	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४
द्रेष्काण	१	१	१	१	१	१	१	१	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	९	९	९	९	९	९	९	९
सप्तमांश	१	१	१	२	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४	४	५	५	५	५	६	६	६	६	७	७	७
नवमांश	१	१	२	२	२	३	३	३	४	४	४	४	५	५	६	६	६	६	७	७	७	८	८	८	९	९
द्वादशांश	१	२	२	२	३	३	४	४	५	५	६	६	६	७	७	७	८	८	९	९	१०	१०	११	११	११	१२
त्रिशांश	१	१	१	१	११	११	११	११	९	९	९	९	९	९	९	९	९	३	३	३	३	३	७	७	७	७

वृष का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३३	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
गृह	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२
होरा	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५
द्रेष्काण	२	२	२	२	२	२	२	२	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०
सप्त०	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१	१	१	१	२	२	२
नव०	१०	१०	११	११	११	१२	१२	१२	१	१	१	१	२	२	३	३	३	३	४	४	४	५	५	५	६	६
द्वाद०	२	३	३	३	४	४	५	५	६	६	७	७	७	८	८	८	९	९	१०	१०	११	११	१२	१२	१२	१
त्रिशांश	२	२	२	२	६	६	६	६	६	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१०	१०	१०	१०	८	८	८	८

मिथुन का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
ग्रह	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३
होरा	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४
द्रेष्काण	३	३	३	३	३	३	३	३	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	११	११	११	११	११	११	११	११
सप्त०	३	३	३	४	४	४	४	५	५	५	५	६	६	६	६	७	७	७	७	८	८	८	८	९	९	९
नव०	७	७	८	८	८	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	१२	१२	१२	१२	१	१	१	२	२	२	३	३
द्वाद०	३	४	४	४	५	५	६	६	७	७	८	८	८	९	९	९	१०	१०	११	११	११	१२	१	१	१	२
त्रिंशांश	१	१	१	१	११	११	११	११	९	९	९	९	९	९	९	९	९	३	३	३	३	३	७	७	७	७

कर्क का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
ग्रह	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४
होरा	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५
द्रेष्काण	४	४	४	४	४	४	४	४	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२
सप्तमांश	१०	१०	१०	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१	१	१	१	२	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४
नवमांश	४	४	५	५	५	६	६	६	७	७	७	७	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	११	११	११	१२	१२
द्वाद०	४	५	५	५	६	६	७	७	८	८	९	९	९	१०	१०	१०	११	११	१२	१२	१	१	२	२	२	३
त्रिंशांश	२	२	२	२	६	६	६	६	६	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१०	१०	१०	१०	८	८	८	८

सिंह का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
गृह	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५
होरा	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४
द्रेष्काण	५	५	५	५	५	५	५	५	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	१	१	१	१	१	१	१	१
सप्तमांश	५	५	५	६	६	६	६	७	७	७	७	८	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	११
नवमांश	१	१	२	२	२	३	३	३	४	४	४	४	५	५	६	६	६	६	७	७	७	८	८	८	९	९
द्वादशांश	५	६	६	६	७	७	८	८	९	९	१०	१०	१०	११	११	११	१२	१२	१	१	२	२	३	३	३	४
त्रिशांश	१	१	१	१	११	११	११	११	९	९	९	९	९	९	९	९	९	३	३	३	३	३	७	७	७	७

कन्या का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
ग्रह	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६
होरा	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५
द्रेष्काण	६	६	६	६	६	६	६	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	२	२	२	२	२	२	२	२	२
सप्तमांश	१२	१२	१२	१	१	१	१	२	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४	४	५	५	५	५	६	६	६
नवमांश	१०	१०	११	११	११	१२	१२	१२	१	१	१	१	२	२	३	३	३	३	४	४	४	५	५	५	६	६
द्वादशांश	६	७	७	७	८	८	९	९	१०	१०	११	११	११	१२	१२	१२	१	१	२	२	३	३	४	४	४	५
त्रिशांश	२	२	२	२	६	६	६	६	६	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१०	१०	१०	१०	८	८	८	८

तुला का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
गृह	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७
होरा	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४
द्रेष्काण	७	७	७	७	७	७	७	७	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	३	३	३	३	३	३	३	३
सप्तमांश	७	७	७	८	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१	१	१
नवमांश	७	७	८	८	८	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	१२	१२	१२	१२	१	१	१	२	२	२	३	३
द्वादशांश	७	८	८	८	९	९	१०	१०	११	११	१२	१२	१२	१	१	१	२	२	३	३	४	४	५	५	५	६
त्रिंशांश	१	१	१	१	११	११	११	११	९	९	९	९	९	९	९	९	९	३	३	३	३	३	७	७	७	७

वृश्चिक का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
गृह	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८
होरा	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५
द्रेष्काण	८	८	८	८	८	८	८	८	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	४	४	४	४	४	४	४	४
सप्तमांश	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४	४	५	५	५	५	६	६	६	६	७	७	७	७	८	८	८
नवमांश	४	४	५	५	५	६	६	६	७	७	७	७	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	११	११	११	१२	१२
द्वादशांश	८	९	९	९	१०	१०	११	११	१२	१२	१	१	१	२	२	२	३	३	४	४	५	५	६	६	६	७
त्रिंशांश	२	२	२	२	६	६	६	६	६	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१०	१०	१०	१०	८	८	८	८

धन का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
गृह	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९
होरा	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४
द्रेष्काण	९	९	९	९	९	९	९	९	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	५	५	५	५	५	५	५	५
सप्तमांश	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१	१	१	१	२	२	२	२	३	३	३
नवमांश	१	१	२	२	२	३	३	३	४	४	४	४	५	५	६	६	६	६	७	७	७	८	८	८	९	९
द्वादशांश	९	१०	१०	१०	११	११	१२	१२	१	१	२	२	२	३	३	३	४	४	५	५	६	६	७	७	७	८
त्रिंशांश	१	१	१	१	११	११	११	११	९	९	९	९	९	९	९	९	९	३	३	३	३	३	७	७	७	७

मकर का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
गृह	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०
होरा	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५
द्रेष्काण	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	६	६	६	६	६	६	६	६
सप्तमांश	४	४	४	५	५	५	५	६	६	६	६	७	७	७	७	८	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०
नवमांश	१०	१०	११	११	११	१२	१२	१२	१	१	१	१	२	२	३	३	३	३	४	४	४	५	५	५	६	६
द्वादशांश	१०	११	११	११	१२	१२	१	१	२	२	३	३	३	४	४	४	५	५	६	६	७	७	८	८	८	९
त्रिंशांश	२	२	२	२	६	६	६	६	६	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१०	१०	१०	१०	८	८	८	८

कुंभ का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
गृह	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११
होरा	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४
द्रेष्काण	११	११	११	११	११	११	११	११	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	७	७	७	७	७	७	७	७
सप्तमांश	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१	१	१	१	२	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४	४	५	५	५
नवमांश	७	७	८	८	८	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	१२	१२	१२	१२	१	१	१	२	२	२	३	३
द्वादशांश	११	१२	१२	१२	१	१	२	२	३	३	४	४	४	५	५	५	६	६	७	७	८	८	९	९	९	१०
त्रिंशांश	१	१	१	१	११	११	११	११	९	९	९	९	९	९	९	९	९	३	३	३	३	३	७	७	७	७

मीन का सप्तवर्गी चक्र

अंश	२	३	४	५	६	७	८	१०	१२	१२	१२	१३	१५	१६	१७	१७	१८	२०	२१	२२	२३	२५	२५	२६	२७	३०
कला	३०	२०	१७	०	४०	३०	३४	०	०	३०	५१	२०	०	४०	८	३०	०	०	२५	३०	२०	०	४२	४०	३०	०
गृह	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२
होरा	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५
द्रेष्काण	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	८	८	८	८	८	८	८	८
सप्तमांश	६	६	६	७	७	७	७	८	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	१२	१२	१२
नवमांश	४	४	५	५	५	६	६	६	७	७	७	७	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	११	११	११	१२	१२
द्वादशांश	१२	१	१	१	२	२	३	३	४	४	५	५	५	६	६	६	७	७	८	८	९	९	१०	१०	१०	११
त्रिंशांश	२	२	२	२	६	६	६	६	६	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१०	१०	१०	१०	८	८	८	८

१ (२) सप्तवर्गी बल—यह स्थान बल के अंतर्गत दूसरा बल है।

वर्ग साधन करना पहिले बता चुके हैं। इसमें केवल ७ ही वर्ग साधन करना पड़ता है। यहाँ ग्रह अपने वर्ग में पंचधा मैत्री के अनुसार मित्र शत्रु आदि के स्थान में से किसके स्थान में पड़ा है उसके अनुसार इसके बल का विचार होता है।

सप्तवर्गी बल में केवल इन वर्गों का विचार होता है :—

(१) ग्रह (लग्न कुंडली के अनुसार ग्रह का स्थान = ग्रह) (२) होरा कुण्डली के अनुसार (३) द्रेष्काण (४) सप्तमांश (५) नवमांश (६) द्वादशांश, और (७) त्रिशांश कुण्डली के अनुसार ग्रहों का स्थान।

यद्यपि प्रत्येक ग्रह का वर्ग साधन करना पहिले बता चुके हैं परन्तु सुविधा के लिये राशि के अनुसार सप्तवर्गीचक्र पृथक बना लिया गया है जो यहाँ दिया है जिसमें एक ही चक्र में सब वर्ग एकत्र मिल जाते हैं। इनका उपयोग करना चाहिए।

यद्यपि १० वर्ग साधन कर एक चक्र बना चुके हैं अब यहाँ केवल ७ वर्ग लेकर वर्ग साधन कर नीचे एक चक्र बना दिया है। इसमें केवल विशेषता इतनी ही है कि राशियों के नीचे उसके स्वामी ग्रह का नाम भी लिख दिया गया है। स्पष्ट रूप से दिखाने के लिये दूसरा सप्तवर्गी चक्र भी बना दिया गया है जिसमें केवल राशि स्वामी ग्रह का ही नाम लिखा है।

इसी चक्र के अनुसार विचार होगा कि कौन ग्रह अपने वर्ग में किस ग्रह के घर में है और उससे कैसी मैत्री है। इसी का विचार कर ग्रह का बल निकाला जाता है।

सप्तवर्गीचक्र

वर्ग	सूर्य	चंद्र	मं०	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
१ लग्न	४चं.	९गु.	२शु.	४चं.	९गु.	३बु.	२शु.
२ होरा	५र.	४चं.	५र.	४चं.	४चं.	४चं.	५र.
३ द्रेष्काण	१२गु.	५र.	६बु.	८मं.	१मं.	७शु.	१०श.
४ सप्तमांश	४चं.	१मं.	११श.	१मं.	१मं.	७शु.	१२गु.
५ नवमांश	१२गु.	७शु.	२शु.	७शु.	६बु.	१२गु.	४चं.
६ द्वादशांश	२शु.	५र.	८मं.	९गु.	४चं.	९गु.	१०श.
७ त्रिशांश	८मं.	३ बु.	१२गु.	१२गु.	३बु.	९गु.	१०श.

सप्तवर्ग स्वामीचक्र

वर्ग	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
१लग्न	चं.	गु.	शु.	चं.	गु.	बु.	शु.
२होरा	र.	चं.	र.	चं.	चं.	चं.	र.
३द्रे०	गु.	र.	बु.	मं.	मं.	शु.	श.
४सप्त.	चं.	मं.	श.	मं.	मं.	शु.	गु.
५नव०	गु.	शु.	शु.	शु.	बु.	गु.	चं.
६द्वा०	शु.	र.	मं.	गु.	चं.	गु.	श.
७त्रि०	मं.	बु.	गु.	गु.	बु.	गु.	श.

ग्रह मैत्री जानने के लिये पंचधा मैत्री निकालनी पड़ती है। तात्कालिक मैत्री और नैसर्गिक मैत्री मिलकर पंचधा मैत्री होती है। इसके लिये लग्न कुण्डली पर से पंचधा मैत्री निकालते हैं।

लग्न कुण्डली



मित्र + मित्र = अधि मित्र

शत्रु + शत्रु = अधि शत्रु

मित्र + शत्रु = सम

मित्र + सम = मित्र

शत्रु + सम = शत्रु

मैत्री चक्र

	मैत्री	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
तात्कालिक मैत्री	मित्र	मं. शु. श.	०	शु. र. बु.	मं. श. शु.	०	र. बु. मं. श.	शु. र. बु.
	शत्रु	चं. गु. बु.	गु. मं. श. शु. र. बु.	श. चं. गु.	र. चं. गु.	मं. श. शु. र. बु. चं.	चं. गु.	मं. चं. गु.
नैसर्गिक मैत्री	मित्र	चं. मं. गु.	र. बु.	र. चं. गु.	र. शु.	र. चं. मं.	बु. श.	बु. शु.
	शत्रु	शु. श.	०	बु.	चं.	बु. शु.	र. चं.	र.चं.मं.
	सम	बु.	मं. गु. शु. श.	शु. श.	मं. गु. श.	श.	मं. गु.	गु.

पंचधा मैत्री चक्र

मैत्री	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
अधिमित्र	मं.	.	र.	शु.	.	बु.श.	शु.बु.
मित्र	.	.	शु.	मं.श.	.	मं.	.
सम	श.गु. शु.चं.	र.बु.	बु.चं. गु.	र.	मं.र. चं.	र.	र.
शत्रु	बु.	गु.मं. शु.श.	श.	गु.	श.	गु.	गु.
अधिशत्रु	.	.	.	चं.	बु.शु.	चं.	मं.चं.

ग्रह बल

ग्रह	बल
उच्च में	६०′–०″
मूल त्रिकोण में	४५–०
स्वगृह में	३०–०
अधिमित्र में	२२–३०
मित्र में	१५– ०
सम में	७–३०
शत्रु में	३–४५
अधिशत्रु में	१–५२
नीच में	०

यहाँ पंचधा मैत्री और ग्रह बल दिया है, उसके अनुसार ग्रह बल निकाला जाता है। कोई ग्रह लग्न होरा द्रेष्काण आदि वर्ग में पंचधा मैत्री के अनुसार अपने स्वस्थान या शत्रु मित्र आदि के स्थान के विचार से जिस के स्थान में पड़ा हो उसके अनुसार बल का विचार होता है। जैसे कोई ग्रह द्रेष्काण में अपने शत्रु स्थान में हो तो शत्रु स्थान का बल ३′–४५″ उपरोक्त चक्र के अनुसार होगा। इसी प्रकार प्रत्येक ग्रह का प्रत्येक वर्ग में पंचधा मैत्री के विचार से उसके बल का विचार करना पड़ेगा। आगे इस का उदाहरण देकर स्पष्टीकरण किया है। बल चक्र देखने से प्रकट होगा कि ग्रह अपने उच्च में अधिक बलवान होता है। तब उसका पूर्ण बल होता है। मूल त्रिकोण में उस से कम फिर स्वगृह में उससे कम्म बल होता है। बल का क्रम ऊपर बताया है।

सप्तवर्गी बल चक्र

वर्ग	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
१ गृह (लग्न)	चं. सम ७′–३०″	गु. शत्रु ३′–४५″	शु. मित्र १५′–०″	चं. अधिश. १′–५२″	गु. स्व. ३०′–०″	बु. अ.मित्र २२′–३०″	शु. अ.मि. २२′–३०″
२ होरा	र. स्व. ३०′–०″	चं. स्व. ३०′–०″	र. अ.मि. २२′–३०″	चं. अ.श. १′–५२″	चं. सम ७′–३०″	चं. अ.श. १′–५२	र. सम ७′–३०″
३ द्रेष्काण	गु. सम ७′–३०″	र. सम ७′–३०″	बु. सम ७′–३०″	मं. मित्र १५′–०″	मं. सम ७′–३०″	शु. स्व. ३०′–०″	श. स्व. ३०′–०″
४ सप्तमांश	चं. सम ७′–३०″	मं. शत्रु ३′–४५″	श. शत्रु ३′–४५″	मं. मित्र १५′–०″	मं. सम ७′–३०″	शु. स्व. ३०′–०″	ग. शत्रु ३′–४५″
५ नवमांश	गु. सम ७′–३०″	शु. शत्रु ३′–४५″	शु. मित्र १५′–०″	शु. अ.मि. २२′–३०″	बु. अ.श. १′–५२′	गु. शत्रु ३′–४५″	चं. अ.श. १′–५२″
६ द्वादशांश	शु. सम ७′–३०″	र. सम ७′–३०″	मं. स्व. ३०′–०″	गु. शत्रु ३′–४५″	चं. सम ७′–३०″	गु. शत्रु ३′–४५″	श. स्व. ३०′–०″
७ त्रिंशांश	मं. अ.मि. २२′–३०″	बु. सम ७′–३०″	गु. सम ७′–३०″	गु. शत्रु ३′–४५″	बु. अ.श. १′–५२″	गु. शत्रु ३′–४५″	श. स्व. ३०′–०″
बल योग	१°–२८′–०″	१°–३′–४५″	१°-४१′-१५″	१°-३′-४४″	१°-३′-४४″	१°-३५′-३७″	२°-५′-३७″

उपरोक्त सप्तवर्गी बल चक्र का स्पष्टीकरण नीचे दिया है।

सूर्य गृह में अर्थात् लग्न कुण्डली में चंद्र के स्थान में है, वह चंद्र पंचधा मैत्री के अनुसार सूर्य का सम है, सम का बल ७′–३०″ होता है वही यहाँ चक्र में दिया है। रवि होरा कुण्डली में रवि के होरा में है वह उसका स्वस्थान है। स्वस्थान का बल ३०′–०″ होता है। सूर्य गुरु के द्रेष्काण में है जो सम है बल ७′–३०″ हुआ। रवि, चंद्र के सप्तमांश में है। चंद्र सूर्य का सम है। बल ७′–३० हुआ। रवि गुरु के नवमांश में है। गुरु रवि का सम है, बल ७′–३०″ हुआ। रवि, शुक्र के द्वादशांश में है। शुक्र रवि का सम है। बल ७′–३० हुआ। रवि में मंगल का त्रिंशांश है। रवि का मंगल अधिमित्र है जिसका बल २२′–३० होता है।

चंद्र यह गुरु के स्थान (ग्रह) में है। गुरु चंद्र का शत्रु है। बल ३′–४५ हुआ। चंद्र स्वहोरा में है बल ३०′–०″ हुआ। चंद्र, रवि के द्रेष्काण में है। रवि चंद्र का सम है बल ७′–३०″ हुआ। चंद्र के सप्तमांश में मंगल है जो चंद्र का शत्रु है बल ३′–४५″ हुआ। नवमांश में शुक्र है जो चंद्र का शत्रु है बल ३′–४५″। द्वादशांश में रवि है जो चंद्र का सम है बल ७′–३०″ हुआ। त्रिंशांश में बुध है जो चंद्र का सम है बल ७′–३० हुआ।

इसी प्रकार प्रत्येक ग्रह के वर्ग स्वामी का विचार कर जिस प्रकार की मैत्री हो उसके अनुसार उपरोक्त चक्र में बल रख दिया है।

प्रत्येक ग्रह के ७ वर्ग हैं। प्रत्येक वर्ग में जो राशि है उसका स्वामी ग्रह, वर्गेश्वर या वर्ग स्वामी कहलाता है। जैसे लग्न कुण्डली में सूर्य कर्क का है अर्थात् चंद्र के स्थान में हैं तो उसका स्वामी या वर्गेश्वर चंद्र हुआ। लग्न कुण्डली के अनुसार जो स्थान होता है उसे स्थान या गृह कहते हैं। इस कारण पहिला वर्ग स्थान या गृह का होता हैं। वहां का जो स्वामी हो वह गृहेश, कहलाता है। होरा में जो, कोई स्थान का स्वामी हो वह होरेश, द्रेष्काण में किसी स्थान का स्वामी ग्रह द्रेष्काणेश, सप्तमांश में सप्तमांशेश, नवमांश में नवमांशेश, द्वादशांश में द्वादशांशेश और त्रिंशांश में त्रिंशांशेश कहलाता है।

इस प्रकार किसी ग्रह की वर्ग स्वामी से पंचधा मैत्री के ही अनुसार मैत्री विचार कर उसका बल, उपरोक्त बल चक्र के अनुसार लिखकर अंत में सातों वर्ग के बल का योग कर देते हैं वह प्रत्येक ग्रह का वर्ग बल होता है।

जैसे सूर्य का स्थान बल ७′–३०″, होरा ३०′–०″ द्रेष्काण ७′–३०″ सप्तमांश ७′–३०″, नवमांश ७′–३०″, द्वादशांश ७′–३०″ और त्रिंशांश बल २२′–३० है। इन सब का योग किया तो १°–२८′–०″ हुआ। यही सूर्य का सप्तवर्गी बल हुआ। इसी प्रकार प्रत्येक ग्रह के बल का योग कर प्रत्येक ग्रह का सप्तवर्गी बल नीचे दिया है।

१ (२) सप्तवर्गी बल चक्र

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
बल	१°-२८-०	१°-३'-४५''	१°-४१'-१५''	१°-३'-४४''	१°-३'-४४''	१°-३५'-३७''	२°-५'-३७''

उपरोक्त बल केशवाचार्य के मत से दिया है। परन्तु पाराशर को रीति में मैत्री विचार के सम्बन्ध से कुछ भिन्नता है। इस कारण उसे भी यहाँ बतला देते हैं।

पाराशर होरा शास्त्र के मत से सप्तवर्गी बल

वर्ग	रवि	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
१ ग्रह	चं. गुरु शत्रु	गु.	शु.	चं.	गु.	बु.	श.
	३-४५	३०-०	२२-३०	३-४५	३०-०	१-५२	२२-३०
२ होरा	र. चंद्र सम	चं	र.	चं	चं	चं.	र.
	७-३०	३-४५	७-३०	३-४५	३-४५	३-४५	७-३०
३ द्रेष्काण	गु. (स्व.)	र.	बु.	मं.	मं.	शु.	शु.
	३०-०	७-३०	१-५२	१५-०	१५-०	२२-३०	२२-३०
४ सप्तमांश	चं. गुरु शत्रु	मं.	श. शु. अ. मि.	मं.	मं.	शु.	गु.
	३-४५	१५-०	२२-३०	१५-०	१५-०	२२-३०	३०-०
५ नवमांश	ग, गु. स्व.	शु.	शु.	शु.	बु.	गु.	चं
	३०-०	२२-३०	२२-३०	२२-३०	१-५२	३०-०	३-४५
६ द्वादशांश	शु. बु. अ. मि.	र.	मं.	गु.	चं.	गु.	श.
	२२-३०	७-३०	१५-०	३०-०	३-४५	३०-०	२२-३०
७ त्रिंशांश	मं. शुक्र मित्र	बु. चं. अ. श.	गु.	गु.	बु.	गु.	श.
	१५-०	१-५२	३०-०	३०-०	१-५२	३०-०	२२-३०
योग	१°-५२'-३०''	१°-२८'-७''	२°-१'-५२''	२°-०'-०''	१°-११'-१४''	२°-२०'-३७''	२°-११'-१५''

इसमें और पहिले बताये सप्तवर्ग साधन में कोई अंतर नहीं है। पिछले ही चक्र के अनुसार यह चक्र है। उसी चक्र के अनुसार यहाँ वर्गेश्वर की भी स्थापना की है। इसमें भी मैत्री पंचधा मैत्री के अनुसार ही विचार की जाती है। परन्तु मैत्री सम्बन्ध विचारने की रीति में केवल अंतर है। जैसे :—

रवि

(१) गृहेश चंद्र है यह चंद्र गृह में (लग्न कुण्डली में) गुरु के स्थान में है। गुरु चंद्र का पंचधा मैत्री में शत्रु है। शत्रु बल = ३′–४५″।

(२) होरेश रवि है। लग्न कुण्डली में रवि चंद्र के स्थान में है। रवि का चंद्र सम है। बल ७′–३०″।

(३) द्रेष्काणेश गुरु है। गुरु लग्न कुण्डली में स्वस्थान में है। स्वस्थान बल=३० ′-३०″।

(४) सप्तमांशेश चंद्र है। लग्न कुण्डली में चंद्र गुरु के घर में है। गुरु चंद्र का शत्रु है। शत्रु बल = ३′–४५।

(५) नवमांश में गुरु है। गुरु लग्न कुण्डली में स्वस्थान में है। स्वस्थान बल=३०–०″।

(६) द्वादशांश में शुक्र है। यह शुक्र लग्न कुण्डली में बुध के घर में हैं। शुक्र का बुध अधि मित्र है अधि मित्र का बल = २२′–३०।

(७) त्रिंशांश में मंगल है। वह मंगल लग्न कुण्डली में शुक्र के घर में है। मंगल का शुक्र मित्र है। मित्र बल १५′–०″।

इस प्रकार यहां सब ग्रहों का मैत्री सम्बन्ध लग्न कुंडली की ग्रह स्थिति के अनुसार ही विचारना पड़ता है।

लग्न कुंडली



इस में वर्गेश्वर का गृह में (लग्न कुंडली में) सम्बन्ध जैसा एक स्थान में है वैसा ही प्रत्येक स्थान में होगा। इस कारण यदि वर्ग में आये हुए ७ ग्रहों का सम्बन्ध एक बार विचार लिया जाय तो वही सम्बन्ध प्रत्येक स्थान में रहेगा। जैसे जहाँ२ वर्ग में चंद्र आयगा उस का बल ३.४५ होगा क्योंकि चंद्र गुरु के स्थान में है जो उस का शत्रु है।

ऊपर रवि, चंद्र, मंगल, गुरु, और शुक्र का विचार हो चुका है केवल बुध और

शनि का और विचारना है। चंद्र के त्रिशांश में बुध है लग्न कुंडली में बुध चंद्र के स्थान में है। बुध का चंद्र अधिशत्रु है बल १'–५२" हुआ। मंगल के सप्तमांश में शनि है। लग्न कुंडली में शनि यह शुक्र के घर में है जो उस का अधिमित्र है। अधिमित्र का बल २२'–३०" हुआ।

लग्न कुंडली की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वर्गेश्वर का बल यहाँ इस प्रकार निकलता है।

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मैत्री	सम गृही	शत्रु गृही	मित्र गृही	अधि शत्रु	स्वगृही	अ. मित्र	अ.मि. गृही
बल	७'–३०"	३'–४५"	१५'–०"	१'–५२"	३०'–०"	२२'–३०"	२२'–३०"

उपरोक्त सप्तवर्गी चक्र के वर्ग में जहाँ २ ये ग्रह आये हैं यहाँ बताये अनुसार बल रख दिया है और अंत में सब का योग कर दिया है।

पाराशरी मत से सप्तवर्गी बल इस प्रकार हुआ

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
बल	१०-५२'-३०"	१०-२८'-७"	२०-१'-५२"	२०-०'-०"	१०-११'-१४"	२०-२०'-३७"	२०-११'-१५"

पाराशरी के अनुसार सप्तवर्गी बल में वर्गेश्वर का सम्बन्ध, लग्न कुंडली से विचार कर बल दिया है। परन्तु केशव ने ग्रह से वर्गेश का सम्बन्ध विचार कर बल निकाला है। केशव का मत कइयों को मान्य है। इस कारण केशव मत से ही पहिले सप्तवर्गी बल साधन किया है।

१ (३) युग्मायुग्म या भांश बल

स्थान बल के अन्तर्गत तीसरा बल युग्मायुग्म बल है जिसे भांश बल या सुगमा-युगमा बल भी कहते हैं।

स्त्री संज्ञक ग्रह चंद्र और शुक्र हैं। शेष ग्रह: पुरुष हैं। यहां नपुंसक ग्रह भी पुरुष ग्रह में सम्मिलित हैं।

सम राशि स्त्री संज्ञक होती है। बिषम राशि पुरुष संज्ञक हैं।

स्त्री ग्रह स्त्री राशि में बलवान होता है। पुरुष ग्रह पुरुष राशि में बलवान होता है।

इस प्रकार लग्न कुंडली की राशि और नवमांश कुंडली में ग्रह और राशि का स्त्री पुरुष सम्बन्ध विचारने से जो बल होता है वह युग्मायुग्म बल कहलाता है।

युग्मायुग्म बल में यह देखना पड़ता है कि कोई ग्रह स्त्री है या पुरुष और वह सम राशि या नवांश में है या विषम राशि या नवांश में है या सम या विषम राशि में है और उसी प्रकार के नवांश में भी है। यदि राशि और नवांश दोनों में हो तो आधा बल ०°-३०′-०″, यदि किसी एक में हो तो पाव बल०°-१५′-०″ होता है।

केशव मत से

स्त्रीग्रह–	शुक्र या	और	चंद्र	पुरुष-ग्रह	सूर्य, मंगल, या	बुध, गुरु	शनि
सम राशि में (स्त्री)	सम नवांश में (स्त्री)	सम राशि और सम नवांश दोनों में हो तो	इन में से किसी में न हो तो	विषम राशि में (पुरुष)	विषम नवांश में	विषम राशि और विषम नवांश दोनों में हो तो	इन में से किसी में न हो तो
बल १५′	१५′	३०′	०	१५′	१५′	३०′	०′

युग्मायुग्म बल साधन

ग्रह	सूर्य (पुरुष)	चंद्र स्त्री	मंगल (पुरुष)	बुध (पुरुष)	गुरु (पुरुष)	शुक्र (स्त्री)	शनि (पुरुष)
राशि	४	९	२	४	९	३	२
(लग्न कुंडली में)	सम	विषम	सम	सम	विषम	विषम	सम
नवांश में	१२	७	२	७	६	१२	४
	सम	विषम	सम	विषम	सम	सम	सम
बल	०	०	०	१५′	१५′	१५′	०

इस में सप्तवर्गी चक्र के अनुसार ग्रह की राशि और नवांश की राशि प्रत्येक ग्रह को लेकर इस चक्र में लिख दिया है और नीचे बता दिया है कि वह राशि सम है या विषम।

यहाँ सूर्य पुरुष ग्रह सम राशि या सम नवांश में है इससे सूर्य का ० बल हुआ। यदि राशि या नवांश में से कोई भी विषम होता तो १५′ बल मिल जाता। यदि दोनों विषम होते तो ३०′ बल मिल जाता। परन्तु यहाँ दोनों सम हैं इस कारण बल

० हुआ। यदि दोनों सम होते तो ३०′ बल हो जाता। मंगल पुरुष ग्रह की राशि और नवांश दोनों सम है इससे ० बल हुआ। बुध पुरुष ग्रह नवांश में विषम है तो १५′ बल हुआ।

यदि राशि भी विषम होती तो बल ३०′ हो जाता। इसी प्रकार गुरु पुरुष ग्रह विषम राशि में होने से बल १५′ पाया। नवांश में सम होने से नवांश का बल नहीं रहा। शुक्र स्त्री ग्रह है। नवांश में सम होने से १५′ बल हुआ। राशि विषम होने से राशि का बल नहीं रहा। शनि पुरुष ग्रह है सम राशि में और सम नवांश में होने से किसी का बल नहीं रहा अर्थात् शून्य बल हुआ।

युग्मायुग्म बल चक्र

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
बल	०	०	०	१५′	१५′	१५′	०

कई लोगों ने इस रीति को माना है परन्तु पाराशरी में कुछ भिन्न प्रकार दिया है।

पाराशर मत—राशि और नवांश दोनों में हो तब १५′ बल मिलता है अन्यथा बल ० हो जाता है। अर्थात् पुरुष ग्रह यदि राशि या नवांश में से किसी एक में विषम हो तो शून्य बल हो जाता है। यदि राशि और नवांश दोनो में विषम हो तब १५′ बल मिलता है इसी प्रकार स्त्री ग्रह राशि या नवांश में से किसी एक में सम हो तो ० बल होगा। यदि राशि और नवांश दोनों में सम हो तब १५′ बल मिलेगा।

१ (४) केन्द्रादि बल

स्थान बल के अंतर्गत चौथा केन्द्रादि बल है। ग्रह केन्द्र में पूर्ण बली होता है। पणफर में आधा बल और आपोक्लिम में चौथाई बल होता है। इस कारण ग्रह का बल निकाला जाता है।

लग्न कुण्डली



	केन्द्र में	पणफर	आपोक्लिम
(भाव)	१,४,७,१०	२,५,८,११	३,६,९,१२
बल	६०′	३०′	१५′

केन्द्रादि बल चक्र

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
बल	३०′	६०′	१५′	३०′	३०′	६०′	१५′

यहाँ शुक्र चतुर्थ भाव में और चंद्र ग्रह दशम भाव में हैं इस कारण शुक्र चंद्र गुरु केन्द्र में हुए बल ६०'। तीसरे भाव आपोक्लिम में मंगल और शनि हैं बल १५'। पंचम भाव पणफर में रवि बुध होने से इनका ३०' बल हुआ।

इसमें पाराशर और केशव का एक मत है।

१ (५) द्रेष्काण बल

स्थान बल के अंतर्गत यह पाँचवाँ बल है।

सप्त वर्ग साधन में द्रेष्काण निकाल चुके हैं, उसी के अनुसार ग्रहों के बल का विचार होता है। प्रत्येक राशि के ३ द्रेष्काण होते हैं। पहिले द्रेष्काण में पुरुष ग्रह का प्रभाव (अधिकार) रहता है। तीसरे द्रेष्काण में स्त्री ग्रह का और बीच के द्रेष्काण में नपुंसक गह का प्रभाव रहता है। इसी के अनुसार बल का विचार होता है।

यदि ग्रह के अधिकार में वह द्रेष्काण होता है तो ¼ (१५') बल होता है नहीं तो बल हीन समझा जाता है।

कोई ग्रह १०° तक पहिले, २०° तक दूसरे और ३०° तक तीसरे द्रेष्काण में समझा जाता है। इस प्रकार ३ भेद हैं।

क्रम	ग्रह लिंग	ग्रह	द्रेष्काण	बल	यदि अन्यथा हो तो बल
१	पुरुष ग्रह	सूर्य, मंगल, गुरु	पहिला = १०° तक	१५'	०
२	नपुंसक ,,	बुध, शनि	दूसरा = २०° ,,	१५'	०
